# भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद

# Physical Research Laboratory, Ahmedabad



























## वार्षिक प्रतिवेदन

## Annual Report

## 2019-2020



**मुख्य कवर पेज:**

**शीर्ष दायां पैनल:** सुप्रा थर्मल एवं एनर्जेटिक पार्टिकल स्पेक्ट्रोमीटर (STEPS) - ASPEX पेलोड मॉडल की उपप्रणाली

**शीर्ष बायां पैनल:** वर्तमान से पूर्व 9,000 से 4,500 साल के दौरान उत्तर पश्चिमी भारत के हड़प्पा भूखंड में सरस्वती नदी बारहमासी रूप से बहती थी

**मध्य दायाँ पैनल:** PAH माह की छवि: बेंजीन खगोल रासायनिक बर्फीले एनालॉग्स के VUV विकिरण से बने सुगंधित अवशेषों में प्रेक्षित ज्यामितीय संरचनाएं, लीडेन वेधशाला द्वारा प्रकाशित AstroPAH पत्रिका का मुख्यपृष्ठ, लीडेन विश्वविद्यालय, नेदरलैंड्स

**मध्य बायां पैनल:** आइसोप्रीन का समुद्र-वायु विनिमय समुद्र उत्पादकता और मौसम संबंधी परिस्थितियों से नियंत्रित होता है

**केंद्र मध्य दायाँ पैनल:** GSM समन्वय प्रणाली में MP (Rmp) और BS (Rbs) की गतिरोध दूरी का एक योजनाबद्ध आरेख। बिंदीदार लाल घेरा 6.6 पृथ्वी त्रिज्या (RE) पर भूस्थैतिक कक्षा है। Rmp की गतिरोध दूरी का बदलाव 1976 से 2020 के दौरान 9-11 RE तक पाया गया।

**केंद्र मध्य बायां पैनल:** चंद्रयान-2 सौर एक्स-रे मॉनिटर द्वारा सूर्य का एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोपी, प्रकाश वक्र

**निचला बायां पैनल:** पूर्व-प्रज्वाल प्रक्रियाओं की पहचान और सक्रिय क्षेत्र NOAA 12371 में जटिल M– वर्ग प्रज्वाल के साथ बड़े पैमाने पर प्रवाह रस्सी विस्फोट चालन में उनकी संभावित भूमिका

**निचला दायाँ पैनल:** फेम्टोसेकंड लेज़र प्रयोगशाला, परमाणु, आणविक और प्रकाशिक भौतिकी प्रभाग, पी.आर.एल.

**बैक कवर पेज के अंदर:** पी.आर.एल.में गतिविधियां

**बैक कवर पेज:** डॉ. विक्रम साराभाई जन्म शताब्दी प्रतीक-चिह्न

**संकलन एवं विन्यास:**
डीन कार्यालय, पी.आर.एल.

**हिंदी अनुवाद:**
हिंदी अनुभाग, पी.आर.एल.

**प्रकाशन:**
भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद

**संपर्क:**
भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला
नवरंगपुरा
अहमदाबाद - 380 009, भारत
फोन: +91-79-2631 4000 / 4855
फैक्स: +91-79-2631 4900
ई-मेल: info@prl.res.in
वेबसाइट: https://www.prl.res.in/
यूट्यूब : https://www.youtube.com/c/PRLAhmedabad_webinars
फेसबुक : https://www.facebook.com/PhysicalResearchLaboratory
ट्विटर : https://twitter.com/PRLAhmedabad

संपर्क

वेबसाइट

# वार्षिक प्रतिवेदन

2019 - 2020

पीआरएल के
अनुसंधान क्षेत्र में समाविष्ट हैं
पृथ्वी एवं सूर्य
जो निमीलित हैं
चुंबकीय क्षेत्र एवं विकिरण में
अनंत से अनंत तक
जिन्हें प्रकट कर सकती है
मानव की जिज्ञासा एवं
विचार शक्ति

# पी.आर.एल. प्रबंधन परिषद

**भारत सरकार से तीन नामांकन**

| | |
|---|---|
| श्री ए.एस. किरण कुमार,<br>अंतरिक्ष भवन, न्यू बी.ई.एल. रोड<br>बेंगलुरु-560231 | अध्यक्ष |
| डॉ. के. शिवन, सचिव, अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार<br>अध्यक्ष, इसरो<br>बेंगलुरु-560231 | सदस्य |
| श्री अनुप श्रीवास्तव, सयुंक्त सचिव एवं वितीय सलाहकार, अंतरिक्ष विभाग<br>अंतरिक्ष भवन, न्यू बी.ई.एल. रोड<br>बेंगलुरु-560231 | सदस्य |

**कर्मक्षेत्र शिक्षा संस्था के मनोनीत**

| | |
|---|---|
| श्री कार्तिकेय वी. साराभाई,<br>निदेशक, पर्यावरण शिक्षण केंद्र<br>अहमदाबाद-380054 | सदस्य |

**अहमदाबाद शिक्षा समाज के मनोनीत**

| | |
|---|---|
| श्री संजय एस. लालभाई<br>कुलपति एवं अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, अहमदाबाद विश्वविद्यालय<br>अहमदाबाद-380009 | सदस्य |

**गुजरात सरकार के मनोनीत, गांधीनगर**

| | |
|---|---|
| श्रीमती अंजु शर्मा, आई.ए.एस., सचिव,<br>प्रधान सचिव<br>उच्चतर एवं तकनीकी शिक्षा<br>गुजरात सरकार, गांधीनगर-382010 | सदस्य |

**निदेशक, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला**

| | |
|---|---|
| डॉ. अनिल भारद्वाज | सदस्य (पदेन) |

**रजिस्ट्रार, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला**

| | |
|---|---|
| श्री सी.वी.आर.जी. दीक्षितुलु | सदस्य (पदेन) |

# वैज्ञानिक अनुसंधान एवं गतिविधियों के क्षेत्र



# विषय सूची


**पी.आर.एल. प्रबंधन परिषद** ..... i
**निदेशक की कलम से** ..... 1
**ख़बरों में पी.आर.एल.** ..... 4
**उल्लेखनीय वैज्ञानिक परिणाम** ..... 5
**पुरस्कार और सम्मान** ..... 10
**मान्यताएं, सर्वश्रेष्ठ पेपर एवं थीसिस पुरस्कार** ..... 12
**मानव संसाधन विकास** ..... 16
**शोध प्रबंध प्रस्तुति** ..... 23
**अतिथियों द्वारा संभाषण/व्याख्यान** ..... 24
**पी.आर.एल. मे आयोजित सम्मेलन/संगोष्ठियाँ/कार्यशालाएं** ..... 25
**सम्मेलन/संगोष्ठियों/कार्यशालाओं में आमंत्रित वार्ताएं** ..... 26
**विश्वविद्यालय/संस्थानों में व्याख्यान** ..... 33
**पीआरएल के वैज्ञानिकों द्वारा दिया गया विज्ञान आउटरीच व्याख्यान** ..... 36
**अभ्यागतों द्वारा क्षेत्र संगोष्ठी** ..... 38
**हिंदी में दिए गए तकनीकी एवं वैज्ञानिक व्याखान** ..... 41
**छात्र प्रशिक्षण** ..... 44
**प्रभाग अभ्यागतों का विवरण** ..... 47
**पी.आर.एल. में विज्ञान** ..... 49
- खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी ..... 49
- सौर भौतिकी ..... 66
- ग्रहीय विज्ञान ..... 71
- अंतरिक्ष और वायुमंडलीय विज्ञान ..... 98
- भूविज्ञान ..... 109
- सैद्धांतिक भौतिकी ..... 119
- परमाणु, आणविक और प्रकाशिक भौतिकी ..... 128

**प्रकाशन** ..... 135
- जर्नल ..... 135
- सम्मेलन/कार्यशाला/संगोष्ठियों की लेख पुस्तिकाओं में प्रकाशन ..... 147
- पुस्तकें संपादित/लेख समीक्षा/अन्य प्रकाशन ..... 149

**राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुत किए गए पेपर** ..... 150
**पी.आर.एल. में विभिन्न कार्यक्रम और आउटरीच गतिविधियां** ..... 156
**क्षमता निर्माण कार्यक्रम** ..... 168
**पी.आर.एल. में राजभाषा का प्रचार** ..... 172
**सुविधाएं एवं सेवाएं** ..... 174
**मानद फेलो एवं संकाय** ..... 181
**पी.आर.एल. संकाय** ..... 182



# निदेशक की कलम से

वर्ष 2019-2020 पीआरएल के संस्थापक और भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम ए. साराभाई का जन्म शताब्दी वर्ष है। डॉ. साराभाई की दूरदृष्टि के अनुरूप, इस वर्ष ऐसी कई गतिविधियां आयोजित की गयी, जिनसे नवप्रवर्तन की भावना को बढ़ावा मिले और युवा मन में जिज्ञासा का सृजन हो। इस वर्ष के दौरान हमारे अनुसंधान कार्यों का योगदान भी उनकी जिज्ञासु भावना के अनुरूप था। पीआरएल में विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए अनुसंधान कार्यों से कई संभाव्य परिणाम सामने आए। शताब्दी वर्ष का समारोह पीआरएल में 12 अगस्त 2019 को डॉ. साराभाई की 100वीं जयंती पर प्रारंभ हुआ जिसमें कई गणमान्य, प्रख्यात व्यक्ति, इसरो, अंतरिक्ष विभाग एवं पीआरएल के सहयोगी और विशेष आमंत्रित अतिथिगण शामिल हुए।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने 30 दिसंबर, 2019 को पीआरएल का दौरा किया। माननीय संसद सदस्यों और विशेष रूप से संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष ने हमारे शोध कार्यों में गहरी रुचि दिखाई, विभिन्न प्रयोगशालाओं का दौरा किया, वैज्ञानिकों के साथ चर्चा की, और ब्रह्मांड से लेकर गहरे समुद्र तक प्रसारित विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे अत्याधुनिक अनुसंधान कार्यों की सराहना की।

इस वर्ष 214 विशेषज्ञ समीक्षित वैज्ञानिक शोध पत्र प्रकाशित हुए और 11 शोधकर्ताओं को पी.एचडी. की उपाधि प्रदान की गयी। विविध अनुसंधान फेलो और पोस्ट-डॉक्टरल फेलो के शिक्षण के साथ-साथ उत्तम कोटि के स्तर पर किए जा रहे वैज्ञानिक कार्य हमारे यूनिट में अनुसंधान की पहचान बनाए हुए हैं। इस वर्ष प्रतिष्ठित पुरस्कारों और मान्यताओं की सूची में अकादेमी पुरस्कारों से लेकर अंतर्राष्ट्रीय युवा वैज्ञानिक/प्रारंभिक कैरियर पुरस्कार शामिल हैं। यह अत्यंत गौरव की बात है कि प्रतिष्ठित नेचर जर्नल में प्रकाशित पांच अंतरराष्ट्रीय युवा वैज्ञानिकों के लेख "ये युवा वैज्ञानिक अगले 50 वर्षों के चंद्रमा अनुसंधान को आकार देंगे" के लेखकों में पीआरएल की एक महिला वैज्ञानिक भी शामिल थीं। अन्य कई सहकर्मियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ-समीक्षित पत्रिकाओं के संपादकीय बोर्ड के सदस्य, विश्वविद्यालयों में शिक्षा बोर्ड, विज्ञान सलाहकार समितियों और संस्थानों के शासी परिषद के सदस्यों के रूप में आमंत्रण प्राप्त हुए। पीआरएल संकाय सदस्यों द्वारा विभिन्न सम्मेलनों या संगोष्ठियों, विश्वविद्यालयों और संस्थानों में पूर्ण या आमंत्रित व्याख्यान के लिए 150 से अधिक आमंत्रण प्राप्त हुए, यह पीआरएल के वैज्ञानिकों द्वारा वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर संबंधित अनुसंधान के क्षेत्र में उनके अग्रणी भूमिका को दर्शाता है।

पीआरएल के तीन विज्ञान प्रयोगों, ऑर्बिटर पर सोलर एक्स-रे मॉनिटर (XSM), रोवर पर अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (APXS) और लैंडर पर चंद्राज थर्मोफिजिकल एक्सपेरिमेंट (ChaSTE) को चंद्रयान-2 मिशन के अंतर्गत, चांद पर भेजा गया था। चंद्रयान-2 ऑर्बिटर मिशन में एक्सएसएम अत्युत्तम निष्पादन कर रहा है और यहां तक कि उससे उप A-क्लास सौर प्रज्वालों जैसे अति संवेदनशील आंकड़े प्राप्त हुए हैं, जो कि संपूर्ण विश्व में समरूप अंतरिक्ष-आधारित प्रयोगों की तुलना में अच्छे हैं। आदित्य-L1 सौर मिशन के लिए ASPEX उपकरण का फ्लाइट मॉडल पूरा होने के उन्नत चरण में है। इसरो के भावी ग्रहीय और अंतरिक्ष मिशनों के लिए विभिन्न पेलोड के डिजाइन की दृष्टि से और इंजीनियरिंग मॉडल तैयार करने के संबंध में भी कार्य काफी अच्छी प्रगति कर रहे हैं।

नए उपकरणों को इन-हाउस विकसित किया गया है और विभिन्न सामरिक अवलोकन संबंधी स्थानों पर स्थापित किया गया है। अल्ट्राफास्ट परमाणु प्रक्रियाओं के अध्ययन के लिए उन्नत

फेमटो-सेकंड लेजर लैब की स्थापना की गई है। माउंट आबू में नए 2.5 मीटर दूरबीन सुविधा और बैक-एंड उपकरणों के निर्माण की प्रगति उत्साहजनक हैं। नव निर्मित MFOSC-P उपकरण को माउंट आबू में पीआरएल के 1.2 मीटर दूरबीन पर सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है, और इस उपकरण से M-बौनों पर पहला विज्ञान परिणाम प्राप्त हुआ है।

यद्यपि, सैद्धांतिक रूप से अभिवृद्धि डिस्क की तुलना में कृष्ण विवर (ब्लैक होल) में धनात्मक या ऋणात्मक घूर्णन हो सकता है, लेकिन अवलोकन की दृष्टि से लगभग सभी ब्लैक होल धनात्मक घूर्णन दिखाते हैं। एक विस्तृत एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोपीय विश्लेषण का उपयोग करते हुए, यह पहली बार दिखाया गया है कि एक्स-रे बाइनरी प्रणाली MAXI J1659−152 के ब्लैक होल में एक ऋणात्मक घूर्णन है। माउंट आबू के 1.2 मीटर दूरबीन में PARAS के उपयोग द्वारा व्यापक मापन से एक भूरे रंग के बौने की खोज की गई है, ये ऐसे खगोलीय पिंड हैं जो न तो ग्रह हैं और न ही तारे। आज तक केवल 25 से कम ऐसे स्रोत ज्ञात हैं। खगोलीय वातावरण में अणुओं के निर्माण का अध्ययन करने के लिए रसोवशोषण (केमिसोर्पशन) की अवधारणा का उपयोग किया गया है, जो प्रोटोप्लेनेटरी डिस्क, कार्बन तारे, ग्रहीय वायुमंडल जैसे 200K के ऊपर धूल तापमान युक्त आणविक वातावरण में आणविक प्रचुरता में सुधार करेगा।

सौर चक्र 23 और 24 में प्रेक्षित ग्रहीय किरीट द्रव्यमान उत्सर्जन का एक तुलनात्मक अध्ययन दर्शाता है कि यद्यपि पिछले चक्र की तुलना में सौर चक्र 24 में उत्सर्जनों की संख्या कम थी, फिर भी चुंबकीय बादलों का अंश बहुत अधिक था। छह अलग-अलग तरंग दैर्ध्य में पूर्ण डिस्क AIA/SDO सौर छवियों के आधार पर की गई तापमान की तुलना में सौर किरीट परतों के घूर्णन अवधि की परिवर्तनशीलता के विश्लेषण से पता चलता है कि बढ़ते तापमान के साथ भिन्न किरीट परतों की नाक्षत्रिक घूर्णी अवधि घट जाती है।

जब दो क्रमागत अन्तर्ग्रहीय किरीट द्रव्यमान निष्कासन, पार्थिव चुंबक मंडल से टकराए, तो भूमध्य-अक्षांश आयनमंडल में असामान्य विशाल विद्युत क्षेत्र प्रक्षोभ देखे गए जिसके परिणामस्वरूप 6-8 सितंबर 2017 के दौरान तीव्र भू-चुंबकीय तूफान उत्पन्न हुआ। इन असामान्य विशाल विद्युत क्षेत्र प्रक्षोभों के कारण निम्न-अक्षांश आयनमंडल में आयनमंडलीय विद्युत धारा और ऊर्ध्वाधर बहाव के साथ-साथ प्लाज्मा फव्वारे में भी महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए।

मंगल ग्रह के वायुमंडल के लिए रासायनिक तंत्र की मितस्थायी और स्थानिक परिवर्तनशीलता का अध्ययन किया गया है। यह पाया गया है कि ओजोन  30 किमी (एपहेलियन) और 45 किमी (पेरीहेलियन) तक प्रकाश रासायनिक संतुलन में है, जिसके लिए ओजोन मौसमी परिवर्तनशीलता के लिए चिह्नक के रूप में आर्द्रसीमा (हाइग्रोपॉज़) को प्रस्तावित किया गया है। सूक्ष्मउल्कापिंड प्रघात के कारण रेगोलिथ और जल बर्फ (वाष्पशील) द्रव्यमान पलायन दरों के अध्ययन के लिए नए मॉडल को चंद्रमा के पास धूल के गैलीलियो अवलोकनों का उपयोग करके विकसित किया गया है। इसकी प्रासंगिकता यह है कि चंद्रमा सूक्ष्मउल्कापिंड प्रघात के कारण प्रति वर्ष लगभग 6.3 किलोग्राम की दर से जल बर्फ को खो देता है।

समुद्री वायु में आइसोप्रिन और हल्के एल्कीन जैसे महत्वपूर्ण महासागरीय जैवजनित वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों के स्तरों और अरब सागर के सतही समुद्री जल के भौतिक और जैविक मापदंडों के बीच संबंध स्थापित किया गया है। इन जैव-रासायनिक वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों के समुद्रजल और नौपरिवहन गतिविधियों से NOx के उच्च स्तरीय उत्सर्जन को ध्यान में रखते हुए, मितपोषणी जल से ऐसे वाष्पशील यौगिकों का बड़ा उत्सर्जन, क्षेत्रीय वायुमंडलीय रसायनिकी पर अरब सागर 'विरोधाभास' के तात्पर्य को उजागर करता है।

उत्तर-पश्चिमी भारत में प्राचीन घग्गर नदी द्वारा निक्षेपित अवसाद के स्रोतों का निर्धारण करते हुए, यह ज्ञात हुआ है कि 80-20 ka और 9-4.5 ka के दौरान यह नदी हिमाच्छादित उच्च हिमालय से अवसाद प्राप्त कर रही थी, जिससे यह बारहमासी नदी बनी हुई थी। इस अध्ययन से यह भी पता चलता है कि नदी के उत्तरार्द्ध के सक्रिय चरण के दौरान आदिम हड़प्पा वासियों ने इसके किनारे अपनी बस्तियों का निर्माण किया था। प्रकाशिक कालनिर्धारण तकनीकों से यह अनुमान लगाया गया है कि मध्य-अक्षांश के पच्छमी हवा, न कि भारतीय ग्रीष्मकालीन मानसून, उत्तर-पश्चिमी हिमालय के हिमनदों के लिए अतीत और वर्तमान में नमी के प्रमुख स्रोत हैं। इस अध्ययन का तात्पर्य वैश्विक तापन परिदृश्य के तहत हिमनद द्रव्यमान संतुलन के आगामी पूर्वानुमान के मॉडलिंग से है।

क्वार्क ग्लुऑन प्लाज्मा के विकास पर भंवरता के प्रभाव का अध्ययन किया गया है। यह दिखाया गया था कि भंवरता की उपस्थिति में स्पिन ध्रुवीकरण को शामिल करने से क्वार्क ग्लूऑन प्लाज्मा तेजी से ठंडा होता है और साथ ही इससे डाइलेप्टन उत्पादन बाधित होता है। बेंजीन बर्फ के 9 eV फोटॉन विकिरण द्वारा छोड़े गए सुगंधित अवशेषों की भौतिक प्रकृति में विभिन्न आकृति के माइक्रोन-आकार कण पाए गए हैं। यह कार्य दर्शाता है कि ज्यामितीय आकार की धूल अंतरतारकीय माध्यम का एक महत्वपूर्ण घटक हो सकता है। क्वांटम विज्ञान के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाला अनुसंधान कार्य जारी है। सुरक्षित क्वांटम संचार के लिए आवश्यक उच्च आयामी उलझाव के उत्पादन के लिए प्रकाश की कक्षीय कोणीय गति को नियंत्रित करने के लिए एक सरल तकनीक का प्रदर्शन किया गया है।

पीआरएल ने विभिन्न स्तरों और मंचों पर विज्ञान के प्रसार और लोकप्रियकरण की दिशा में अपनी गतिविधियों को उत्साहपूर्वक जारी रखा। डॉ.  विक्रम साराभाई की जन्म शताब्दी के शुभावसर पर पीआरएल द्वारा एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसका नाम है विक्रम साराभाई नवप्रवर्तन प्रतियोगिता (विज़न 2019), इस प्रतियोगिता में बी.एससी., एम.एससी.  और बी.टेक.  के छात्रों/छात्राओं से 120 से अधिक अभिनव विज्ञान प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। छात्रों/छात्राओं ने स्वयं अपने प्रस्तावों की प्रस्तुति दी एवं उनके उचित मूल्यांकन के बाद, उनमें से छह प्रस्तावों को परियोजना अनुदान के लिए चयनित किया गया था। स्कूल के बच्चों के लिए एक अन्य अखिल भारतीय कार्यक्रम वॉइस (विक्रम साराभाई कम्पीटिशन फॉर कॉन्सेप्ट) निबंध लेखन में भारत के 24 राज्यों से लगभग 1000 निबंध प्राप्त हुए, जिनमें आधे से अधिक प्रतिभागी छात्राएं थीं। विभिन्न आयु वर्गों के लगभग 50 छात्रों को उनके निबंध की अवधारणा को समझाने के लिए पीआरएल में आमंत्रित किया गया था और प्रत्येक आयु-वर्ग में श्रेष्ठ तीन प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए थे।

पीआरएल का बहत्तरवां स्थापना दिवस 11 नवंबर 2019 को, एक अत्यंत प्रेरणादायक पुरस्कार समारोह के आयोजन द्वारा मनाया गया जिसमें श्री हरिओम आश्रम प्रेरित वरिष्ठ वैज्ञानिक पुरस्कार, अंतरिक्ष विज्ञान, अंतरिक्ष अनुप्रयोगों और इलेक्ट्रॉनिक्स इंफॉर्मेटिक्स, टेलीमैटिक्स एंड ऑटोमेशन के क्षेत्र में श्री हरिओम आश्रम प्रेरित डॉ. विक्रम साराभाई अनुसंधान पुरस्कार, पीआरएल पुरस्कार और बूटी

फाउंडेशन पुरस्कार प्रदान किए गए। आठ प्रख्यात वैज्ञानिकों को उनके उत्कृष्ट वैज्ञानिक योगदान के लिए इन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस दिन, पीआरएल के थलतेज परिसर में डॉ. विक्रम साराभाई की आवक्ष मूर्ति का अनावरण किया गया। इस अवसर पर पीआरएल की हिंदी पत्रिका विक्रम के एक विशेषांक का विमोचन किया गया। यह अंक विक्रम साराभाई की जन्मशताब्दी विशेषांक था जिसमें डॉ. साराभाई से संबंधित कई लेख एवं विशिष्ट छवियां शामिल की गई, जो उनके शानदार निजी और व्यवसायिक जीवन से संबंधित हैं।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह में गुजरात राज्य के करीब 1200 छात्रों/छात्राओं की व्यापक भागीदारी देखी गई, जिनमें से 137 को 29 फरवरी 2020 को पीआरएल में कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चुना गया था। पांच प्रतिभाशाली छात्रों/छात्राओं को अरुणा लाल फेलोशिप प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, सौ से अधिक छात्राओं को पीआरएल में आमंत्रित करके बालिकाओं में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए विशेष प्रयास किए गए। इसके साथ-साथ, पूरे वर्ष विविध गतिविधियाँ की गईं, जिसमें उदयपुर सौर वेधशाला (यूएसओ) में 50 मेधावी छात्राओं के लिए एक दिन का कार्यक्रम और कई स्कूल और कॉलेज के छात्रों/छात्राओं द्वारा पीआरएल के यूएसओ और माउंट आबू वेधशाला का वैज्ञानिक दर्शन शामिल है। पीआरएल ने गुजरात और राजस्थान के गांवों में विभिन्न स्कूलों में जाने के अपने विज्ञान एक्सप्रेस संचलन को जारी रखा, जिसमें 4600 से अधिक स्कूल के छात्रों/छात्राओं के लिए 20 से अधिक विभिन्न प्रकार के प्रत्यक्ष प्रयोगों का प्रदर्शन किया गया, जिससे उनमें विज्ञान पढ़ने के रोमांच का संचार हुआ।

क्षमता निर्माण की दिशा में हमारे निर्बाध और सतत प्रयास इस साल भी अधिक जोश के साथ जारी रहे। भारतीय विज्ञान अकादेमियों के लगभग 50 छात्रों, शिक्षकों और ग्रीष्मकालीन छात्रों ने 2019 की गर्मियों के दौरान हमारे संकाय सदस्यों के साथ दो महीने बिताए, जिसके दौरान उनको मूलभूत अनुसंधान और अत्याधुनिक भू-आधारित और अंतरिक्ष-वाहित प्रयोगों के विषय में ज्ञान प्राप्त हुआ। सबसे पहले, मई-जून 2019 के दौरान 25 छात्रों के लिए ग्रहीय विज्ञान में 2 महीने का ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण स्कूल आयोजित किया गया। अन्य प्रमुख बैठकों और कार्यक्रमों में, प्रकाशिकी और फोटोनिक्स छात्र सम्मेलन (स्कोप), इसरो-संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रम (एसटीपी), युविका कार्यक्रम, पीआरएल एलुमनी मीट, दूसरा पीआरएल-आईएपीटी डॉ. विक्रम साराभाई व्याख्यान, और पहला भारतीय ग्रहीय विज्ञान सम्मेलन (IPSC-2020) शामिल हैं। अंतरिक्ष और वायुमंडलीय विज्ञान पर ग्यारहवां संयुक्त राष्ट्र CSSTEAP पाठ्यक्रम अप्रैल 2019 में पूरा हुआ, जिसमें 5 एशिया प्रशांत क्षेत्र के देशों के 13 छात्रों/छात्राओं ने भाग लिया। अंतरिक्ष मौसम पर दो सप्ताह का CSSTEAP लघु पाठ्यक्रम नवंबर 2019 में एशिया प्रशांत क्षेत्र के प्रतिभागियों के लिए पीआरएल में आयोजित किया गया था, जिसमें 12 देशों से 27 सदस्यों ने भाग लिया। पीआरएल के कुल 64 वैज्ञानिक, तकनीकी और प्रशासनिक कर्मचारियों को भारत में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जो कि शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालयों और सरकार द्वारा उनके कार्यों में उन्हें सशक्त बनाने के लिए आयोजित किए जाते हैं। पूरे देश में कई विश्वविद्यालयों और संस्थानों के साथ पीआरएल के सुदृढ़ शैक्षणिक और क्षमता निर्माण संबंधी संपर्क जारी है, और साथ ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बैठकों के आयोजन में भी प्रतिभागिता जारी है।

पीआरएल में प्रशासन और आधिकारिक संचार के सभी क्षेत्रों में हिंदी के उपयोग को सुनिश्चित किया जाता है। सभी प्रशासनिक आदेशों में द्विभाषी संचार को प्रोत्साहित किया जाता है। पीआरएल की वेबसाइट द्विभाषी है। हिंदी पखवाड़ा समारोह में प्रतिभागिता उत्तरोत्तर बढ़ रही है। इस वर्ष के समारोहों में डॉ. साराभाई के साथ काम करने वाले व्यक्तियों के साथ संस्मरण सत्र का आयोजन किया गया था, और साथ ही, डॉ. विक्रम साराभाई के जीवन पर आधारित पुस्तक "इंडियाज़ स्पेस पायोनियर" का विमोचन भी इस समारोह में किया गया था।

डॉ. विक्रम साराभाई के जन्म शताब्दी वर्ष में हम मूलभूत विज्ञान और अंतरिक्ष अन्वेषण में पीआरएल की विचारधारा और भावना के अनुरूप बने रहने के लिए स्वयं को प्रतिबद्ध करते हैं जिससे प्रकृति की बेहतर समझ प्राप्त हो। इस प्रयास में हमें श्री ए.एस. किरण कुमार, अध्यक्ष, पीआरएल प्रबंध परिषद, डॉ. के शिवन, सचिव, अंतरिक्ष विभाग, एवं पीआरएल प्रबंध परिषद के सभी सदस्यों का निरंतर प्रोत्साहन प्राप्त होता है। मैं उनके दक्ष परामर्श एवं मार्गदर्शन और पीआरएल पर अटूट विश्वास के लिए उनका हार्दिक धन्यवाद करता हूं।

**अनिल भारद्वाज**
**निदेशक**

# ख़बरों में पी.आर.एल.

1. "बेंजीन बर्फ के निर्वात पराबैंगनी विकिरण के अवशेष: खगोलीय धूल की भौतिक संरचना में अंतर्दृष्टि" स्पेक्ट्रोकेमिका एक्टा पार्ट ए में प्रकाशित, लीडेन वेधशाला, लीडेन विश्वविद्यालय, नीदरलैंड द्वारा प्रकाशित एस्ट्रोप न्यूज़लेटर के कवर पेज के लिए चुना गया था। http://t.ly/7Tos
2. 29 फ़रवरी 2020, टाइम्स ऑफ़ इंडिया, गुजरात एडिशन,"मुकुंदपुरा उल्कापिंड संघट्ट क्रेटर से अतिसह्य जीवाणु की जीवनक्षमता" जो पिछले वर्ष (2019) में प्रकाशित हुई थी। https://t.ly/ilZ6.
3. सरस्वती नदी के अस्तित्व के साक्ष्य मिले?, द हिंदू, 07 दिसंबर, 2019, https://t.ly/Z6KJ
4. "शोधकर्ताओं का कहना है कि सरस्वती जैसी नदी के सूखने से हड़प्पा शहर का क्षय हुआ था", हिंदुस्तान टाइम्स, 04 जनवरी, 2020, https://t.ly/c4R7
5. " यह हिमालयी हिमनद पश्चगामी नहीं, बल्कि अग्रसर हो रहा है", नेचर इंडिया, https://t.ly/jH2K, 03 जनवरी, 2020.
6. " ये युवा वैज्ञानिक अगले 50 वर्षों के चंद्रमा अनुसंधान को रूपरेखा प्रदान करेंगे", नेचर न्यूज़ फीचर, https://t.ly/6E54.

# उल्लेखनीय वैज्ञानिक परिणाम

## खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी

- पीआरएल में डिजाइन और विकसित किया गया सौर एक्स-रे मॉनिटर (XSM), सफलतापूर्वक चंद्रयान -2 पर संचालनरत है। XSM को उच्च ऊर्जा विभेदन (180 eV @ 5.9 keV से बेहतर) और एक सेकंड के उच्चतम समय तालिकाओं के साथ 1 - 15 keV की ऊर्जा रेंज में सौर एक्स-रे स्पेक्ट्रम को मापने के लिए डिज़ाइन किया गया है। वर्तमान सौर मिनिमा के कारण बहुत कम सौर गतिविधि के बावजूद, XSM सौर एक्स-रे स्पेक्ट्रा के बहुत संवेदनशील माप प्रदान कर रहा है और कई उप A क्लास प्रज्वालों का पता लगाया है जो दुनिया में कोई अन्य उपकरण वर्तमान में नहीं पता लगा सकता है।

- रेडियो डेटा का उपयोग करके हमने पार्थिव चुंबकत्व मंडल सीमा और बोशॉक की उप-सौर स्टैंड-ऑफ दूरी, और संख्यात्मक और साथ ही अनुभवजन्य मॉडल का उपयोग करके चुंबकत्व मंडल सीमा के आकार का अनुमान लगाया है। सौर चुम्बकीय क्षेत्र और सौर पवन सूक्ष्म प्रक्षोभ के स्तरों में देखी गई स्थिर गिरावट के अनुरूप, 1990 के दशक के आसपास के बाद से गणना किए गए चुंबकत्व मंडल सीमा और बो शॉक स्टैंड-ऑफ की दूरी लगातार बढ़ती पाई गई है। इसी तरह, हम 1996 से चुंबकत्व मंडल सीमा के आकार में विस्तार पाते हैं। महत्वपूर्ण रूप से, हम 1968 और 1991 के बीच दो घटनाओं को भी पाते हैं, जब चुंबकत्व मंडल सीमा स्टैंड ऑफ की दूरी 6.6 पृथ्वी त्रिज्या, भू-स्थिर कक्षा के करीब कम हो गई, जिसकी अवधि 9-11 घंटे थी और 2005 में एक घटना, 1995 के बाद जब प्रकाशिकी क्षेत्रों में गिरावट शुरू हुई। यह एक बहुत महत्वपूर्ण खोज है क्योंकि यह एक बड़े सीएमई प्रभाव की स्थिति में हमारे उपग्रह प्रणालियों के लिए एक स्पष्ट और वर्तमान खतरे को दर्शाता है, विशेष रूप से इस तथ्य को देखते हुए कि बहुत बड़े सीएमई कमजोर सौर चक्रों में घटित होते जाना जाता है।

- हमने PARAS से स्पेक्ट्रोस्कोपिक डेटा का उपयोग करके इसके द्रव्यमान को मापकर एक भूरे ड्वार्फ की खोज की है, जिसे नासा के ट्रांसिटिंग एक्सोप्लेनेट सर्वे सैटेलाइट (TESS) मिशन से संभावित उम्मीदवार स्रोत TOI-503b के रूप में माना था। 06 अप्रैल से 11 अप्रैल, 2019 के दौरान माउंट आबू के पीआरएल वेधशाला में 1.2 मीटर दूरबीन से जुड़े PARAS स्पेक्ट्रोग्राफ से प्राप्त 9 उच्च-विभेदन स्पेक्ट्रा ने भूरे ड्वार्फ के द्रव्यमान मापन में बड़ा योगदान दिया। भूरे ड्वार्फ्स खगोल भौतिक पिंड हैं जो न तो ग्रह हैं और न ही तारे। उनका द्रव्यमान 13 बृहस्पति द्रव्यमान से 80 बृहस्पति द्रव्यमान के बीच है और ब्रह्मांड में अत्यंत दुर्लभ हैं (लगभग 25 से कम ऐसे स्रोत जो अभी तक ज्ञात हैं)। PARAS द्वारा मापा गया भूरे ड्वार्फ का द्रव्यमान लगभग 55 बृहस्पति द्रव्यमान पाया गया और इसकी खोज महत्वपूर्ण है।

- तारे आणविक बादलों में बनते हैं जो हमारी आकाशगंगा में व्यापक रूप से मौजूद हैं। अंतरिक्ष आधारित अवरक्त और जमीन आधारित उप-मिलीमीटर (उप-मिमी) डेटा ने आणविक बादलों में कई तंतु जैसी विशेषताओं का अनावरण किया है, जहां तारा गठन गतिविधियों के प्रचिह्न देखे गए हैं। विखंडन के भौतिक तंत्र और घने विशाल तारा गठन समूहों और युवा तारकीय समूहों के गठन में तंतुओं की भूमिका पर अभी भी बहस जारी है। इस संदर्भ में, कुछ मौजूदा मॉडल लंबे समय तक, लेकिन परिमित आकार के, तंतु यह अनुमान लगाते हैं कि विखंडन और पतन तंतु (यानी, अंतिम छोर प्रभावी पतन) के अंतिम छोर में हो सकता है, जहां गैस का त्वरण बढ़ा हुआ होता है। हालाँकि, साहित्य में इस तरह के मौजूदा संख्यात्मक अनुरूपण का अवलोकनात्मक आकलन बहुत सीमित है। इस संबंध में, एक विशाल तारा गठन क्षेत्र में एक अंतःस्थापित तंतु संरचना, LBN 182.30 + 00.07 या Sh 2-242 (इसके बाद S242) का अध्ययन किया गया है। घने आणविक केंद्र के साथ-साथ बड़ी संख्या में युवा तारकीय पिंडों को मुख्य रूप से तंतु के अंतिम छोर की ओर देखा गया है। वेग में एक दोलक पैटर्न भी तंतु की ओर प्रेक्षित किया गया है, जो इसके विखंडन को दर्शाता है। हमारे प्रेक्षित परिणामों को ध्यान में रखते हुए, S242 तंतु नए तारों के गठन के लिए अंत-प्रभावी पतन का एक बहुत अच्छा उदाहरण है।

- हमने एक काले पिंड उत्सर्जन क्षेत्र के त्रिज्या को मापा। स्विफ्ट और नुस्टार अंतरिक्ष आधारित वेधशालाओं के डेटा का उपयोग करके अभिवृद्धि प्रेरित Be/एक्स-रे द्वितारा पल्सर 2S 1417-624 का ब्रॉड-बैंड टाइमिंग और वर्णक्रमीय अध्ययन किया गया था। 2018 में एक विशाल प्रस्पोट के चरम पर ये अवलोकन किए गए थे। 79 keV तक के प्रकाश वक्रों में 17.475 सेकेंड पर एक्स-रे स्पंदनों का पता चला। ऊर्जा के साथ स्पंद प्रोफाइल का विकास जटिल पाया गया - कम ऊर्जा पर एक चार-शिखर वाली प्रोफ़ाइल धीरे-धीरे उच्च ऊर्जा पर एक दुगनी-चरम संरचना में विकसित हुई। पल्सर के ब्रॉड-बैंड स्पेक्ट्रम को एक समग्र मॉडल द्वारा वर्णित किया गया है जिसमें अंतरतारकीय अवशोषण, एक तापीय काले पिंड (ब्लैकबॉडी) घटक और 6.4 keV लौह उत्सर्जन लाइन के लिए गॉऊसी फलन के साथ संशोधित कट-ऑफ शक्ति-सिद्धांत मॉडल शामिल है। काले पिंड (ब्लैकबॉडी) उत्सर्जक क्षेत्र की त्रिज्या  2 किमी होने का अनुमान लगाया गया था, जो यह

सुझाव देता है कि इसकी उत्पत्ति का सबसे संभावित स्थल न्यूट्रॉन तारा का तारकीय सतह है।

- खगोलीय कृष्ण विवर (ब्लैक होल) की विशेषता दो मापदंडों, द्रव्यमान (एम) और कोणीय गति (एक आयाम रहित स्पिन पैरामीटर द्वारा निरूपित) द्वारा है। सैद्धांतिक रूप से ब्लैक होल में या तो धनात्मक या ऋणात्मक घुमाव हो सकता है (यानी अभिवृद्धि डिस्क के समान या विपरीत दिशा में घूमना), हालांकि, लगभग सभी ब्लैक होल धनात्मक घुमाव दिखाते हैं। हमने पहली बार एक विस्तृत एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोपिक विश्लेषण का उपयोग करके दिखाया है, कि एक्स-रे द्विआधारी प्रणाली MAXI J1659-152 में ब्लैक होल में एक ऋणात्मक घुमाव है।

## सौर भौतिकी

- प्रेक्षण, सौर सक्रिय क्षेत्रों में क्रमिक प्रज्वाल के बीच और प्रत्येक प्रज्वाल के दौरान नीचे की दिशा में शुद्ध लॉरेंज बल के विशिष्ट पुनर्निर्माण का सबूत प्रदान करते हैं। शुद्ध लॉरेंज बल का यह विकासीय स्वरूप चुंबकीय ऊर्जा के निर्माण और निर्गमन के लिए जिम्मेदार है, उसका एक ही सक्रिय क्षेत्र से आवर्ती बड़े विस्फोटक प्रज्वाल के पूर्वानुमान के लिए महत्वपूर्ण योगदान है और इसलिए यह संबंधित सीएमई के बीच अन्योन्यक्रिया की संभावना को भी व्यक्त करता है।

- पूर्ण डिस्क $H\alpha$ छवियों पर सौर तंतुओं के लिए स्वचालित डिटेक्शन एल्गोरिथ्म को लागू करके, तंतुओं के विस्फोट के प्रारंभ होने के समय का अनुमान लगाया जा सकता है। इन समयों की तुलना जब ईयूवी में देखी गई संबंधित प्रज्वाल के साथ होती है, तो प्रज्वाल और सीएमई के पूर्ववर्ती के रूप में विस्फोट तंतुओं के सामयिक सम्बन्ध को स्थापित करने में मदद प्रदान करते हैं और इसलिए यह अंतरिक्ष मौसम के आकलन के लिए उपयोगी है।

- मितस्थायी फ्लक्स रोप की अस्थिरता में परिणामित होने वाले छोटे पैमाने के पूर्ववर्ती गतिविधियों के प्रेक्षण से पता चलता है कि पूर्व-प्रज्वाल उत्सर्जन एक दूसरे के समीप विपरीत दिशा में प्रवाहित होने वाली प्रबल प्रकाशमंडलीय करंट के स्थानों से शुरू हो सकता है और आगे भी इस तरह के छोटे पैमाने की गतिविधियों की श्रृंखला से अंततः फ्लक्स रोप के विस्फोट की शुरुआत हो सकती है।

- सौर चक्र (SC) 23 और 24 में देखे गए अंतर्ग्रहीय किरिटीय द्रव्यमान उत्सर्जनों (ICME) का एक तुलनात्मक अध्ययन बताता है कि हालांकि SC24 में ICME की घटनाओं की संख्या पिछले चक्र की तुलना में कम थी, लेकिन चुंबकीय बादलों का अंश SC23 (60% से 41%) से SC24 के दौरान बहुत अधिक था। एक ही चक्र में देखे गए चुंबकीय बादलों और उत्सर्जनों का विश्लेषण, इस परिकल्पना का समर्थन करता है कि सभी सीएमई फ्लक्स रोप संरचना का हिस्सा हैं और सीएमई के प्रक्षेप-पथ अनिवार्य रूप से 1 AU में देखी जाने वाली आईसीएमई संरचना निर्धारित करते हैं।

- छह अलग-अलग तरंग दैर्ध्य में पूर्ण डिस्क एआईए / एसडीओ सौर छवियों का उपयोग करके तापमान के सन्दर्भ में सौर किरीटीय परतों के घूर्णन अवधि की परिवर्तनशीलता के विश्लेषण से पता चलता है कि बढ़ते तापमान (या ऊंचाई) के साथ विभिन्न किरीटीय परतों की नाक्षत्र घूर्णन अवधि कम हो जाती है।

## ग्रहीय विज्ञान

- अंतरिक्ष अपक्षय प्रभाव के संबंध में एक नयी कलन विधि, चंद्रयान -1 $M^3$ डेटा का उपयोग करते हुए 140 मीटर तक के लोहे, कैल्शियम और मैग्नीशियम के वैश्विक मानचित्र प्राप्त करने के लिए विकसित किया गया है। नए तात्विक मानचित्र अपरिपक्व क्षेत्रों में पुरावशेषों से काफी हद तक मुक्त हैं। हमारे अनुमानित तात्विक बहुतायत अपोलो और लूनर मिशन के परिणामों के अनुरूप हैं और नक्शे मात्रात्मक भू-रासायनिक जानकारी के लिए दिलचस्प हो सकते हैं।

- 1800 किमी$^2$ की एक असामान्य रूप से उज्ज्वल संरचना ड्यूफे क्रेटर के पास चंद्र, विषुवतीय दूरी के पास पाई गई है, जिसमें मजबूत 3-$\mu$m अवशोषण विशेषता है। यह विशेषता स्थानीय मध्याह्न के आसपास की तुलना में 30 % अधिक मजबूत है और यह अपनी तरह का अद्वितीय है। संरचना उच्च OH/$H_2O$ युक्त उल्का/धूमकेतु सामग्री की हालिया पतन के कारण बनी एक पतली परत के कारण हो सकती है, जिसे सुस्पष्ट 3-$\mu$m अवशोषण बैंड द्वारा पहचाना जा सकता है।.

- राजस्थान में रामगढ़ संरचना की पहचान, भारत में (लोनार और ढाला के बाद) तीसरे क्षुद्रग्रह संघात क्रेटर के रूप में की गई है। इस अवशेष की जटिल संरचना को कार्बोनेट (विंध्य सुपरग्रुप) से युक्त अवसादी लक्ष्य चट्टानों में देखी गई थी।

- एमआरओ (मार्स रिकॉनेसेंस ऑर्बिटर; नासा) और मार्स ओडिसी (नासा) के डेटा सुदूर संवेदन का उपयोग करते हुए मंगल (20°40'31.9" N, 126°23'56.2" E) के हेब्रस वेलेस क्षेत्र में पांच नए स्काइलाइट (1, 3, 5, 7) खोजे गए हैं। ये उपसतह में गुफाओं की उपस्थिति के संकेत हैं, जो कि उनके खगोल जीववैज्ञानिक महत्व के कारण लाल ग्रह के भविष्य के अन्वेषण के लिए वैज्ञानिक महत्व के स्थल हैं।

- मंगल ग्रह के वायुमंडल के लिए रासायनिक तंत्र की अस्थायी और स्थानिक परिवर्तनशीलता का अध्ययन किया गया है। यह देखा गया है कि Ox $\sim$30 km (एफेलियन) और 45 किमी (पेरीहेलियन) तक प्रकाशरासायनिक संतुलन में है, जिसके लिए ओजोन मौसमी परिवर्तनशीलता के लिए चिह्नक के रूप में हाइग्रोपॉज़ प्रस्तावित है।

- कुल स्तंभी ओजोन और धूल दो मार्शियन वर्षों के लिए मार्स एक्सप्रेस स्पेक्ट्रल डेटा से पुनर्प्राप्त किए जाते हैं। दक्षिणी उष्णकटिबंधीय अक्षांशों में, MY28 वैश्विक धूल तूफान के दौरान स्तंभी $O_3$ बढ़ा है, जो $O_3$ पर धूल के विकिरण प्रभाव को दर्शाता है। GCM / SPICAM प्रेक्षणों से, दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में सर्दियों के दौरान $O_3$ पर वायुमंडलीय गतिशीलता का अधिक प्रभाव पाया गया है।

- धूमकेतु C/2016 R2 में निषिद्ध परमाणु कार्बन, नाइट्रोजन और ऑक्सीजन प्रकाशिक उत्सर्जन लाइनों का अध्ययन करने के लिए एक प्रकाशरासायनिक मॉडल विकसित किया गया है। $\sim$1 % C($^1$S) उत्पादन करने वाला CO की प्रकाशविखंडन प्राप्ति औसत और जो प्रयोगशाला में मापना मुश्किल है, मॉडल और प्रेक्षणों का उपयोग करके बाधित किया गया है। इस पानी रिक्त धूमकेतु में, $CO_2$ परमाणु ऑक्सीजन का एक महत्वपूर्ण उत्पादन स्रोत हो सकता है। पहली बार प्रेक्षित उत्सर्जन और मॉडलिंग कार्य कोमा में N($^2$D) के लिए त्रिज्यातीय परिवहन को प्रमुख हानि तंत्र होने का सुझाव देते हैं।

- धूमकेतु 67P में पराबैंगनी परमाणु रेखा उत्सर्जन की प्रकाशरासायनिक प्रक्रियाओं का अध्ययन करने के लिए एक मॉडल विकसित किया गया है। इलेक्ट्रॉन प्रभाव को केवल उत्तेजना तंत्र मानकर, रोसेटा एलिस स्पेक्ट्रोमीटर अवलोकनों का उपयोग इलेक्ट्रॉन घनत्व को प्राप्त करने के लिए किया जाता है। हमारे मॉडलिंग परिणाम बताते हैं कि HI, OI और CI उत्सर्जन लाइनों को इलेक्ट्रॉन प्रभाव उत्तेजना के बजाय न्यूट्रल की प्रकाशविखंडन द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है, जैसा कि पहले सोचा गया था, जब धूमकेतु की गैस उत्पादन दर $10^{27}$ $s^{-1}$ या अधिक है।

- गैलिलियो धूल प्रेक्षणों का उपयोग करते हुए, सूक्ष्मउल्कापिंड प्रभाव के कारण रेगोलिथ और वॉटर आइस (वाष्पशील) द्रव्यमान से बचने की दर के नए मॉडल पहली बार विकसित किए गए हैं। $10^{-21}$ से $10^{-1}$ kg रेंज में सूक्ष्मउल्कापिंड के लिए रेगोलिथ और पानी की बर्फ का द्रव्यमान पलायन दर की ऊपरी सीमा क्रमशः $\sim$2.218 $\times$ $10^{-4}$ kg/s और $\sim$1.988 $\times$ $10^{-7}$ kg/s है। चंद्रमा सूक्ष्मउल्कापिंड प्रभाव के कारण $\sim$6.271 किग्रा/वर्ष की दर से अपनी पानी की बर्फ (वाष्पशील) खो देता है।

- 250 किलोमीटर की ऊँचाई पर व्हिसलर मोड तरंगों के वीनस एक्सप्रेस के अवलोकन का विश्लेषण किया गया। परिणामों ने आयनमंडल के नीचे आकाशीय विद्युत के स्रोत की उपस्थिति को दर्शाया है।

- यह पहली बार है जब केमिसोर्पशन की अवधारणा का उपयोग खगोल भौतिकी पर्यावरण में अणुओं के गठन का अध्ययन करने के लिए किया गया है। केमिसोर्पशन साइट के विभव कूप की गहराई के आधार पर, यह 800 K या उससे अधिक तक अणु बना सकता है। इस काम के होने तक, खगोलरासायनिक मॉडल ने कण सतह के रसायन विज्ञान को केवल फिसियोर्पशन द्वारा उपचारित करता था जो केवल कम तापमान ($<$ 200 K) पर कुशल है। इस प्रकार केमिसोर्पशन के उपयोग से 200 K से ऊपर के धूल के तापमान वाले प्रोटोप्लेनेटरी डिस्क, कार्बन तारा, ग्रहीय वायुमंडल, अन्य जैसे खगोल भौतिकी पर्यावरण में आणविक बहुतायत में सुधार होगा।

- ChaSTE पेलोड एसपीएल/वीएसएससी के सहयोग से वास्तवायित किया गया और चंद्रयान -2 लैंडर पर प्रक्षेपित किया गया। क्रूज़ चरण के दौरान स्वास्थ्य जांच परीक्षणों के एक हिस्से के रूप में पेलोड को कई बार स्विच किया गया था। ChaSTE जांच के साथ प्राप्त तापमान माप का विश्लेषण किया गया और निष्पादन को अच्छा पाया गया।

### अंतरिक्ष और वायुमंडलीय विज्ञान

- एक ही क्षेत्र में अलग-अलग पर्यावरण(स्थानों) में प्राप्त एरोसोल-प्रेरित वायुमंडलीय ताप दर में भिन्नता जो अस्थायी (मौसम), स्थानिक (शहरी बनाम उच्च ऊंचाई सुदूर) और ऊर्ध्वाधर (सतह बनाम स्तंभ) स्केल पर एरोसोल (एकल प्रकीर्णी एल्बिडो) की रासायनिक संरचना में अंतर के कारण उत्पन्न होती है, वे एरोसोल विकिर्णी प्रभाव के लिए क्षेत्रीय सीमाएं प्रदान करते हैं, और क्षेत्रीय जलवायु प्रभाव मूल्यांकन के लिए महत्वपूर्ण होंगे।

- परिणाम दर्शाते हैं कि दुर्गलनीय ब्लैक कार्बन एरोसोल की मिश्रण विशेषताएं विभिन्न आकार के कणों के लिए भिन्न होते हैं जिसके परिणामस्वरूप एरोसोल के भौतिक रासायनिक गुणों (यानी, आर्द्रताग्राही और प्रकाशिक गुणों) में बड़ी भिन्नता होगी। उष्णकटिबंध में एक शहरी स्थान से ये प्रथम और अद्वितीय खोज, बादल संघनन नाभिक सक्रियण प्रक्रिया पर ब्लैक कार्बन एरोसोल के प्रभाव को निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं, और एरोसोल-बादल -विकिरण अन्योन्यक्रिया अध्ययन के लिए जलवायु मॉडल में इनपुट के रूप में काम कर सकते हैं।

- जैवजनित वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों (BVOCs) के समुद्र-वायु प्रवाह और वायुमंडल में परिवर्तन से ओजोन और कार्बनिक एरोसोल का उत्पादन होता है। अरब सागर के ऊपर हमारे हाल के अध्ययनों में, समुद्री हवा में आइसोप्रिन और हल्के ऐल्कीन जैसे महत्वपूर्ण महासागरीय BVOCs के स्तर और अरब सागर के सतह समुद्री जल के भौतिक और जैविक मापदंडों के बीच संबंध स्थापित किए गए थे। इस अंतःविषयक अध्ययन में, अरब सागर के अत्यधिक उत्पादक और ऑक्सीजन की कमी वाले क्षेत्र में वायुमंडल में आइसोप्रीन के वितरण की व्याख्या करने के लिए समुद्री जल मापदंडों का उपयोग किया गया है। इस अध्ययन के निष्कर्षों से उत्तरी हिंद महासागर में विशेष रूप से अरब सागर के ऊपर मानवजनित उत्सर्जन के साथ समुद्री व्युत्पन्न VOCs के दृढ़ अन्योन्यक्रिया का सुझाव मिलता है। अल्पपोषी पानी से BVOC का प्रचुर उत्सर्जन, समुद्री जल से BVOC और शिपिंग गतिविधियों से NOx के भारी उत्सर्जन के मद्देनजर क्षेत्रीय वायुमंडलीय रसायनिकी पर अरब सागर 'विरोधाभास' के निहितार्थ को उजागर करता है।

- एक उपोष्णकटिबंधीय स्टेशन पर मध्यमंडल और निचले तापमंडल में प्रभावशाली वायुमंडलीय ज्वार के सौर चक्र पर निर्भरता के संकेत प्रेक्षित किए गए हैं। दैनिक और अर्धदैनिक ज्वार दोनों शरद ऋतु में उच्च सहसंबंध और गर्मियों में न्यूनतम सहसंबंध दिखाते हैं। सामान्य तौर पर, ज्वार और सौर प्रवाह के बीच ऐसा संबंध सौर मैक्सिमा में सबसे प्रमुख पाया जाता है। आगे, अर्ध-दो-दिवसीय तरंग के आयाम और अवधि सौर प्रवाह, सौर अधिकतम की तुलना में सौर न्यूनतम में उच्चतर मूल्यों के साथ संबंध प्रदर्शित करते हैं।

- दो क्रमागत अन्तर्ग्रहीय किरीटीय द्रव्यमान उत्क्षेपण (ICME) के पार्थिव चुंबकमंडल से टकराने पर नति-विषुवतीय आयनमंडल में भारी विद्युत क्षेत्र प्रक्षोभ प्रेक्षित किए जाते हैं जिसके परिणामस्वरूप 6-8 सितंबर 2017 के दौरान एक प्रबल भू-चुंबकीय तूफान आया। इन असामान्य रूप से बड़े विद्युत

क्षेत्र प्रक्षोभ के कारण ई क्षेत्र विद्युत और एफ क्षेत्र ऊर्ध्वाधर बहाव के साथ-साथ निम्न अक्षांशों पर प्लाज्मा फव्वारा में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि विषुवतीय आयनमंडल में बड़े विद्युत क्षेत्र के प्रक्षोभों के परिमाणों को केवल सुबह-शाम के अन्तर्ग्रहीय विद्युत क्षेत्र (IEFy) के भेदन द्वारा समझाया नहीं जा सकता है। यह दर्शाया गया है कि विषुवतीय आयनमंडल पर असंगत रूप से अत्यधिक उच्च प्रभाव उत्पन्न करने के लिए उपतूफान, तूफान-समय विद्युत क्षेत्र प्रक्षोभ के साथ मिलकर काम कर सकते हैं। इस कार्य का तात्पर्य निम्न अक्षांशों पर तूफान समय प्लाज्मा वितरण के मूल्यांकन से है।

- एक बहिर्उष्णकटिबंधीय स्टेशन से सौर चक्र के साथ वायुमंडलीय ज्वार और अर्ध-दो-दिवसीय तरंग (QTDW) का न्यूनतम अनवेषित संबंध की जांच की गई है। यद्यपि इस तरह के संबंध प्रकृति में बहुत कमजोर पाए जाते हैं, ज्वार और क्यूटीडब्ल्यू के मामले में, सौर मैक्सिमा और मिनीमा में उच्च गतिविधि पाई जाती है, जो क्रमशः सौर लंबी अवधि की परिवर्तनशीलता के लिए विभिन्न वायुमंडलीय तरंगों की असमान प्रतिक्रिया का इंगित देता है। चूंकि इस तरह के अजीब व्यवहार के लिए विस्तृत अंतर्निहित भौतिक प्रक्रियाएं वर्तमान में अज्ञात हैं, इसलिए इस दिशा में आगे समन्वित अध्ययन का प्रयास किया जा रहा है।

## भूविज्ञान

- उत्तर पश्चिमी भारत में प्राचीन घग्गर नदी द्वारा जमा अवसाद के स्रोतों का निर्धारण करते हुए, भूविज्ञान प्रभाग के वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि 80-20 और 9-4.5 ka के दौरान नदी हिमनदीय उच्च हिमालय से अवसाद प्राप्त कर रही थी, जो इसे बारहमासी बना रही थी। अध्ययन से यह भी पता चलता है कि नदी के उत्तरार्द्ध के सक्रिय चरण के दौरान प्राचीन हड़प्पावासियों ने इसके किनारे पर अपनी बस्तियाँ बनाईं। इसलिए यह संभावना है कि 9-4.5 ka का प्राचीन घग्गर ऋग्वेद और अन्य प्राचीन भारतीय ग्रंथों की सरस्वती नदी है। इस खोज से सरस्वती नदी के अस्तित्व पर सबसे लंबे समय तक चलने वाले विवादों को थम जाना चाहिए।

- भारतीय ग्रीष्मकालीन मानसून (ISM) के दूसरे भाग में (जून-जूलाई में औसत $\delta^{18}$O: -2.5‰; अगस्त-सितंबर में -5.2‰); समस्थानिक ह्रास का एक प्रमुख और व्यवस्थित वार्षिक पैटर्न की पहचान अहमदाबाद से दीर्घावधि (2005-2016) दैनिक वर्षा समस्थानिक डेटा ($\delta^{18}$O, $\delta$D और d-अतिरिक्त) के आधार पर की गई है। इसका कारण यह बताया गया है: (1) पार्थिव पुनर्नवीनीकृत वाष्प के योगदान में वृद्धि; (2) समुद्र-सतह, सतह-वायु और बादल आधारित तापमान में अंतर-मौसमी परिवर्तन; (3) समुद्री वाष्प पार्सल से वर्षण अंश में वृद्धि; और (4) संवहन वर्षा के सापेक्ष अनुपात में वृद्धि।

- भारतीय हिमालयी पर्वतन के पास बड़ी संख्या में ब्रहमांडजनित रेडियो न्यूक्लाइड (CRN) तकनीक के आधार पर, पहले के अध्ययनों में यह सुझाव दिया गया था कि अतीत में हिमालय के हिमनदों का पोषण भारतीय ग्रीष्मकालीन मानसून द्वारा होता था। हालांकि, पीआरएल द्वारा संदप्ति डेटिंग तकनीक द्वारा हाल के एक अध्ययन के परिणाम ने न केवल पहले की जलवायु व्याख्या के साथ भिन्न हैं, बल्कि कुछ विशिष्ट भूवैज्ञानिक संदर्भों में CRN युग की सीमाओं को भी प्रकट करता है। लद्दाख हिमालयन रेंज में किए गए इस अध्ययन में दिखाया गया है कि, CRN युग डेटिंग में इस्तेमाल होने वाले रेडियोन्यूक्लाइड्स के भूवैज्ञानिक वंशानुक्रम बुरी तरह से प्रभावित होते हैं, जिनका अगर हिसाब नहीं किया जाता है, तो वे हिमनद अग्रसरण के वास्तविक युगों की तुलना में काफी पुराने पाए जाएंगे। इस अध्ययन में यह भी अनुमान लगाया गया है कि आईएसएम नहीं बल्कि मध्य-अक्षांश के पच्छमी हवा, वर्तमान की तरह अतीत में भी उ.प. हिमालय में हिमनदों के लिए नमी के प्रमुख स्रोत थे। वैश्विक तापन परिदृश्य के तहत हिमनद भार संतुलन की भविष्य के पूर्वानुमान मॉडलिंग में अध्ययन के लिए उपयोगी है।

- $^{15}$N समस्थानिक विलयन प्रयोगों का उपयोग करके नमक भूमि, चारागाह, आर्द्रभूमि और कृषि क्षेत्र जैसे विभिन्न प्रकार के अर्ध-शुष्क उष्णकटिबंधीय मिट्टी में नाइट्रोजन परिवर्तन दर के संदर्भ में नाइट्रोजन के उत्पादन और खपत पर नियंत्रण अध्ययन किया गया था। बिना वनस्पति, उच्च लवणता और उच्च नमी (नमक के फ्लैट) वाली मिट्टी में वनस्पति, कम लवणता और कम नमी (चारागाह, आर्द्रभूमि और कृषि) के साथ मिट्टी की तुलना में नाइट्रोजन के सकल उत्पादन में महत्वपूर्ण कमी देखी गई। नाइट्रोजन परिवर्तन दरों को नियंत्रित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक लवणता पाया गया। जलवायु परिवर्तन के कारण लगातार समुद्री जल के संपर्क में रहने या अत्यधिक वाष्पीकरण से गुजरने वाले तटीय शुष्क क्षेत्रों में मिट्टी, कम पोषक तत्वों के उत्पादन के लिए अग्रणी होने के कारण नाइट्रोजन चक्रण में धीमेपन का अनुभव कर सकती है।

## सैद्धांतिक भौतिकी

- क्वार्क ग्लूऑन प्लाज्मा के विकास पर भंवरता के प्रभाव का अध्ययन किया गया है। यह दिखाया गया था कि भंवरता की उपस्थिति में स्पिन ध्रुवीकरण को शामिल करने से क्वार्क ग्लूऑन प्लाज्मा तेजी से ठंडा होता है और साथ ही क्यूजीपी से डाइलेपटन उत्पादन का दमन होता है।

- चिपचिपाहट के प्रभाव सहित एक गैर तुच्छ पोल्याकोव लूप प्लाज्मा की पृष्ठभूमि में भारी क्वार्क के कर्षण और विसरण गुणांकों का अनुमान लगाने के लिए एक अक्षोभात्मक प्रयास किया गया था। यह देखा गया कि पॉल्याकोव लूप ड्रैग गुणांक को कम करता है और क्षोभात्मक क्यूसीडी अनुमानों की तुलना में गति प्रसार गुणांक को बढ़ाता है।

- स्वीडन में प्रस्तावित वायुमंडलीय न्यूट्रिनो प्रयोग INO और लंबे बेसलाइन प्रयोग ESS$\nu$SB के बीच तालमेल की खोज की। बाद के प्रयोग को उच्च संवेदनशीलता के साथ लेप्टन सेक्टर में सीपी उल्लंघन का पता लगाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। हमने दिखाया है कि कैसे ESS$\nu$SB की पदानुक्रम संवेदनशीलता को INO और चल रहे प्रयोगों T2K

और NOVA से डेटा जोड़कर बढ़ाया जा सकता है।

- न्यूट्रिनो दोलन डेटा, विद्युतक्षीण सटीक डेटा, विद्युतक्षीण निर्वात स्थिरता, अदीप्त पदार्थ और कोलाइडर बाधाओं के साथ संगत सामान्य U(1) विस्तारित व्युत्क्रम सीसॉ मॉडल पर व्यापक अवरोध प्राप्त किए गए थे। गैर-मानक अन्योन्यक्रिया की उपस्थिति में न्यूट्रिनो हीन डबल बीटा क्षय के निहितार्थों के कारण सौर मिश्रण कोण $\pi/4$ से अधिक होने की अनुमति दी गई और भविष्य के प्रयोगों के लिए नए पूर्वानुमान लगाए गए।

- स्थिर परमाणुओं और अणुओं का अस्तित्व प्रोटॉन की स्थिरता के कारण है जो प्रकृति के कुछ मूलभूत समरूपताओं का परिणाम है। परिकल्पित सिद्धांत जो मजबूत, कमजोर और विद्युत चुम्बकीय बलों को एकजुट करते हैं, जिन्हें ग्रैंड एकीकृत सिद्धांतों (GUTs) के रूप में जाना जाता है, ऐसे समरूपता के उल्लंघन की भविष्यवाणी करते हैं और इसलिए प्रोटॉन क्षय होता है। हम इस नीति का उपयोग छह-आयामी स्पेसटाइम में निर्मित GUTs के एक विशेष वर्ग की व्यवहार्यता की जांच करने के लिए करते हैं। हमारे अध्ययन का तात्पर्य है कि GUTs का यह वर्ग प्रोटॉन क्षय दर की भविष्यवाणी करता है जो कि चल रहे प्रयोगों में काफी देखी जा सकती है। इसके अलावा, प्रोटॉन क्षय संकेत चार स्पेसटाइम में GUTs द्वारा अनुमानित उन लोगों से बहुत अलग हैं।

- हमारे हाल के सैद्धांतिक काम में हमने प्रकाशिक लैटिस में बोसॉन की अव्यवस्थित प्रणाली में बोस ग्लास चरण के गुणों को निर्धारित किया है। हम दिखाते हैं कि इन प्रणालियों में बोस ग्लास चरण मजबूत है और सिंथेटिक चुंबकीय क्षेत्र की उपस्थिति में बढ़ जाता है। हमारे काम में पहचाना गया पैरामीटर डोमेन प्रकाशिक लैटिस में बोस ग्लास चरण के प्रायोगिक वास्तवायन के लिए मूल्यवान हो सकता है।

- हम सैद्धांतिक रूप से शक्तिशाली मेमोरी फ़ंक्शन दृष्टिकोण का उपयोग करके कांडो-जाली मॉडल में डी.सी. प्रतिरोधकता का विश्लेषण करते हैं। प्रतिरोधकता के पूर्ण तापमान विकास की जांच मेमोरी फ़ंक्शन के वुल्फले-गॉटेज़ विस्तार का उपयोग करके की जाती है। इस मॉडल में प्रतिरोधकता अर्ध-स्थानीयकृत d या f इलेक्ट्रॉन स्पिनों से प्रवाहकत्व s-इलेक्ट्रॉनों के स्पिन-फ्लिप चुंबकीय बिखराव के कारण उत्पन्न होती है। हम कम तापमान क्षेत्र में प्रसिद्ध प्रतिरोधकता चढ़ाव को पाते हैं, और उच्च तापमान क्षेत्र में हम पाते हैं कि T 3/2 तक पहुंचता है तो प्रतिरोध बढ़ता है। इस सिद्धांत को मात्रात्मक रूप से प्रायोगिक डेटा से तुलना किया गया है और यथोचित मेल पाया गया है।

## परमाणु, आणविक और प्रकाशिक भौतिकी

- समय-विभेदित LIBS माप का उपयोग करने वाली एक विधि स्टार्क विस्तारण के मूल्य को प्राप्त करने के लिए विकसित किया गया है, जो किसी दिए गए नमूने के मौलिक अपघटन के लिए एक महत्वपूर्ण पैरामीटर है।

- विभिन्न कक्षीय कोणीय गति वाले घुमावदार एकल फोटॉनों के फोटॉन आँकड़ों के साथ तीव्रता सहसंबंध गुणों का अध्ययन किया गया जो क्वांटम संचार के लिए इन संरचनाओं का उपयोग करते समय महत्व रखते हैं।

- एक साधारण सेटअप का उपयोग करके प्रकाश के गैर-पारंपरिक या क्वांटम स्रोतों की प्रकृति का अध्ययन करने के लिए एक तकनीक का प्रदर्शन किया गया था, जिसे एक पूर्व स्नातक स्तरीय प्रयोगशाला में वास्तवायित किया जा सकता है। यह युवा छात्रों का ध्यान क्वांटम सूचना प्रसंस्करण के क्षेत्र में लाने के लिए बहुत उपयोगी हो सकता है।

- एल्यूमीनियम नैनोकणों के कारण तटस्थ और आयनिक उत्सर्जन लाइनों में वृद्धि की जांच की गई और यह पाया गया कि उत्सर्जन की तीव्रता नैनोकणों की बढ़ती सांद्रता और लेजर ऊर्जा के साथ बढ़ती है।

- बेंजीन बर्फ के 9 eV फोटॉन विकिरण द्वारा छोड़े गए सुगंधित अवशेषों की भौतिक प्रकृति में विभिन्न आकृति के माइक्रोन आकार के कण पाए गए। यह काम दर्शाता है कि ज्यामितीय आकार की धूल ISM का एक महत्वपूर्ण घटक हो सकता है।

- माप के साथ हमारे उच्च-सटीक गणनाओं को मिलाकर एक इलेक्ट्रॉन के पैरामीटर का उल्लंघन करने वाले एक स्थानीय लोरेंत्ज़ निश्चरता पर एक सटीक सीमा प्राप्त की गई है। यह कण भौतिकी के मानक मॉडल से परे भौतिकी के प्रचिह्न प्रदान करता है।

- फेल्डस्पार में बहु वर्णक्रमीय चमक का अध्ययन फेल्डस्पार के मंद संकेत जैसे मुद्दों को दूर करने के लिए किया गया था।

- क्वार्ट्ज के एकल कण से अंश के अनुमानों पर S/N अनुपात के प्रभाव की जांच की। अंश के वितरण पर S/N अनुपात का महत्वपूर्ण प्रभाव था।

- हमने सुरक्षित क्वांटम संचार के लिए आवश्यक उच्च आयामी उलझाव के उत्पादन के लिए प्रकाश की कक्षीय कोणीय गति को नियंत्रित करने के लिए एक सरल तकनीक का प्रदर्शन किया है।

- हमने सीधे प्रकाशिक पैरामीट्रिक दोलक से सदिश भंवर बीम के उत्पादन को प्रदर्शित किया है। इस तरह के प्रदर्शन ने स्रोत से लाभों के साथ ही स्रोत से संरचना प्रकाशिक बीम के उत्पादन की संभावना को खोल दिया है।

- हालाँकि, अरैखिक आवृत्ति रूपांतरण एक ध्रुवीकरण निर्भरशील प्रक्रिया है, हमने सदिश भंवर बीम के अरैखिक आवृत्ति रूपांतरण की संभावना का प्रदर्शन किया है जिसमें अलग-अलग ध्रुवीकरण अवस्थाएँ हैं।

- एक विश्लेषणात्मक ऊर्जा व्युत्पन्न दृष्टिकोण को सापेक्ष क्षेत्र में क्लस्टर सिद्धांत ढांचे में विकसित गया है ताकि परमाणु क्षेत्र की शिफ्ट और द्रव्यमान शिफ्ट कारकों को बहुत विश्वासपूर्वक निर्धारित किया जा सके। अवधारणा के प्रमाण के रूप में, इस सिद्धांत को द्रव्यमान-शिफ्ट और क्षेत्र -शिफ्ट स्थिरांक को निर्धारित करने के लिए और ईनडियम परमाणु में समस्थानिक शिफ्ट के माप के साथ संयोजित करके, जमीन के नाभिकीय प्रभार त्रिज्या और $^{104-127}$In समस्थानिकों के सदृश अवस्थाओं का अनुमान लगाया गया है।

# पुरस्कार और सम्मान

## संकाय

### ए.एस. किरण कुमार

1. इसरो आजीवन उपलब्धि सम्मान 2019, भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम में आजीवन योगदान के लिए।

### अनिल भारद्वाज

2. DST-SERB, 2019 द्वारा जे.सी. बोस नेशनल फेलोशिप से सम्मानित।
3. निर्वाचित फेलो, गुजरात साइंस एकेडमी, 2019

### अशोक के. सिंघवी

4. कार्तिक खिल्लर मेमोरियल व्याख्यान, पंडित दिन द्याल पेट्रोलियम युनिर्वसिटी, रायसेन, गांधीनगर अक्तुबर 21, 2019
5. स्थापना दिवस व्याख्यान, भूकंपीय अनुसंधान संस्थान, रायसेन, गांधीनगर, 18 मई, 2019
6. 7-11 दिसंबर, 2019 के दौरान NGRI, हैदराबाद में आयोजित "संदीप्ति डेटिंग: कार्यप्रणाली और अनुप्रयोग" पर 5-दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में एक संसाधन व्यक्ति के रूप में आमंत्रित किया गया।

### एस.ए. हैदर

7. 2019-2022 की अवधि के लिए "INSA वरिष्ठ वैज्ञानिक पद" से सम्मानित किया गया।
8. DST के तहत "पृथ्वी और वायुमंडलीय विज्ञान और इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड (SERB) पर कार्यक्रम सलाहकार समिति (PAC)" के मनोनीत कोर-सदस्य 2019-2022 की अवधि के लिए।

### पी. जनार्दन

9. भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादेमी (INSA) के फेलो चुने गए, 2019

### श्रुबबती गोस्वामी

10. लीवर ह्यूम ट्रस्ट विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में इंपीरियल कॉलेज लंदन का दौरा किया 1 मई से 31 जुलाई 2019 तक

### दुग्गिराला पल्लमराजू

11. पिलर-2 के लिए सह-नेता के रूप में आमंत्रित: अंतरिक्ष मौसम और पृथ्वी का वायुमंडल SCOSTEP का (सौर स्थलीय भौतिकी पर वैज्ञानिक समिति) नया कार्यक्रम, PRESTO (चर सौर-स्थलीय युग्मन की भविष्यवाणी) 2020 - 2024

### एस. रामचंद्रन

12. संबद्ध विद्वान, उन्नत स्थिरता अध्ययन संस्थान, पोट्सडैम, जर्मनी।

### कुलजीत के. मरहास

13. सम्मानित फैलो, अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन, 2019
14. डी. लाल मेमोरियल अवार्ड: अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन, 2019
15. प्रख्यात मास स्पेक्ट्रोमीटर: इंडियन सोसाइटी ऑफ मास स्पेक्ट्रोमेट्री, 2019

### बालामुरुगन शिवरामन

16. रॉयल सोसाइटी इंटरनेशनल एक्सचेंज ग्रांट, यूके वैधता 2019 से 2021 तक

### लोकेश कुमार साहू

17. गुजरात के लिए नोडल संकाय, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP), पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, 2019.
18. इंडियन एकेडमी ऑफ साइंसेज-सर्टिफिकेट ऑफ रिव्यूअर एक्सीलेंस 2018 फॉर जर्नल ऑफ अर्थ सिस्टम साइंस (जे.ई.एस.एस.)।).
19. प्लैनेटरी एंड स्पेस साइंस (PSS) के लिए 2018 की समीक्षा में उत्कृष्ट योगदान प्रमाणपत्र।

### अमित बासु सर्बाधिकारी

20. “लूनर साइंस के विश्वकोश”, के लिए सेक्शन एडिटर (मिनरलॉजी, पेट्रोलॉजी और चंद्रमा की सतह के भू-रसायन), स्प्रिंगर पब्लिशिंग

### संजय के. मिश्रा

21. 2019 में इंडियन एकेडमी ऑफ साइंसेज (IASc), बैंगलोर के यंग एसोसिएट के रूप में चुने गए।
22. वर्ष 2018 के लिए भारतीय भौतिक विज्ञान संघ (आई.पी.ए.) बूटी फाउंडेशन इन थ्योरेटिकल, एस्ट्रोफिजिक्स और बायोफिजिक्स के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### अनिर्बान घोष

23. 7-21 जून, 2019 को ऑपटिक्स एंड एप्लाइड फोटोनिक्स, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बैंगलोर में आयोजित समर स्कूल में , “अल्ट्राफास्ट, उच्च शक्ति, उच्च क्रम वेक्टर भंवर बीम के अरैखिक उत्पादन” पर प्रस्तुत पेपर के लिए उत्कृष्ट पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार प्राप्त किया।

## शोध छात्र

### कौस्तव चक्रवर्ती

24. मई से जुलाई 2019 के दौरान दो महीने के लिए रमन-चरपक फेलोशिप के साथ, यूनिवर्साइट डी स्ट्रासबर्ग, फ्रांस का दौरा।

### दीपक कुमार करण

25. इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर जियोमैग्नेटिज्म एंड एरोनॉमी (IAGA) युवा वैज्ञानिक/ वर्ष 2019 के लिए प्रारंभिक कैरियर पुरस्कार, $27^{th}$ इंटरनेशनल यूनियन फॉर जियोडेसी एंड जियोमैग्नेटिज्म (IUGG) जनरल असेब्ली मॉन्ट्रियल, क्यूबेक, कनाडा में 15 जुलाई 2019. (http://www.iaga-aiga.org/awards-and-honors/young-scientist-award/)

### वरुण शर्मा

26. CLEO/EUROPE-EQEC 2019, के लिए उत्कृष्ट वैज्ञानिक योगदान की मान्यता में यूरोपीय भौतिक समाज (EPS) से 3-27 जून 2019, म्यूनिख, जर्मनी के लिए यात्रा अनुदान छात्र पुरस्कार प्राप्त किया।
27. जर्मनी के लिंडौ में 30 जून से 05 जुलाई 2019 तक होने वाली 69वीं लिंडौ नोबेल पुरस्कार विजेता बैठक में भाग लेने के लिए चयनित।

### राहुल के. कुशवाहा

28. बेंजीन बर्फ के 9 eV फोटॉन विकिरण द्वारा छोड़े गए सुगंधित अवशेषों की भौतिक प्रकृति में विभिन्न आकृतियों के माइक्रोन आकार के कण पाए गए। यह काम दर्शाता है कि ज्यामितीय आकार की धूल ISM का एक महत्वपूर्ण घटक हो सकता है।

# मान्यताएं, सर्वश्रेष्ठ पेपर एवं थीसिस पुरस्कार

### संकाय

#### अनिल भारद्वाज

1. अध्यक्ष, URSI-इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेडियो साइंसेज की भारतीय समिति, 2020-2023
2. डेलिगेशन लीडर, इंडो-इज़राइल "एस्ट्रोफिज़िक्स एंड प्लैनेटरी साइंस" कार्यशाला - इज़राइल 2-3 दिसम्बर, 2019
3. सदस्य, शासी परिषद और शासी निकाय, आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जर्वेशन साइंसेज (ARIES), नैनीताल, 2019-2022
4. सदस्य, परियोजना सलाहकार समिति (PAC) भौतिकी, खगोल भौतिकी और लेजर के क्षेत्र में DST के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रमों के लिए 2020-वर्तमान
5. सदस्य, शासी परिषद, भारतीय भू-चुम्बकत्व संस्थान, मुंबई, 2020-2023
6. अध्यक्ष, COSPAR, URSI और SCOSTEP के लिए INSA-अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद समिति, 2020-2023 के लिए
7. सदस्य, राष्ट्रीय वायुमंडलीय अनुसंधान प्रयोगशाला (SAC-NARL) की वैज्ञानिक सलाहकार समिति , गाडंकी, 2019-वर्तमान
8. सदस्य, TIFR बैलून सुविधा प्रबंधन बोर्ड, 2018-वर्तमान
9. सदस्य, गुजरात के लिए राज्य लेखा परीक्षा सलाहकार बोर्ड (SAAB), 2020-2021
10. मुख्य अतिथि, आंध्र विश्वविद्यालय का 94वाँ स्थापना दिवस, विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश, 26 अप्रैल 2019
11. गेस्ट ऑफ ऑनर, धीरूभाई अंबानी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (DA-IICT) का 16वां दीक्षांत समारोह, गांधीनगर, 18 जनवरी, 2020
12. मुख्य अतिथि, चरोतर यूनिवर्सिटी ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (CHARUSAT) का 20वाँ स्थापना दिवस, चांगा, गुजरात, 28 जनवरी, 2020
13. मुख्य अतिथि, विज्ञान प्रदर्शनी उद्घाटन समारोह, शेठ चिमनलाल नागिदास विद्याविहार, अहमदाबाद, 10 अगस्त 2019
14. मुख्य अतिथि, TECHKSHETRA का उद्घाटन समारोह, महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, बड़ौदा, 14 फरवरी, 2020
15. सदस्य, विज्ञान आयोजन समिति, मंगल ग्रह पर नौवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कैलटेक), पसाडेना, कैलिफोर्निया, यूएसए, 22-26 जुलाई, 2019
16. सह-संयोजक, सत्र PS17, "फ्यूचर एंड करंट स्पेस मिशन एंड इंस्ट्रूमेंटेशन फॉर स्पेस एंड प्लैनेटरी साइंस", AOGS 16वीं वार्षिक बैठक, सिंगापुर, 28 जुलाई - 02 अगस्त, 2019
17. ज्योति सिंह, बाणस्थली विद्यापीठ, जयपुर, राजस्थान, "मंगल ग्रह के वायुमंडल में सूक्ष्मउल्कापिंड अपक्षारण का अध्ययन", नवंबर 2019 से नवंबर 2019 तक, [पर्यवेक्षक: जे.पी. पाबारी]
18. सुचिका यादव, बाणस्थली विद्यापीठ, जयपुर, राजस्थान, "वीनसियन लाइटनिंग घटना की पुनर्विवेचना", अगस्त 2019 से मई 2020 तक, [पर्यवेक्षक: जे.पी. पाबारी]
19. जय एम. जखारिया, जीटीयू, अहमदाबाद, "धूल डिटेक्टर विन्यास और FE इलेक्ट्रॉनिक्स का तुलनात्मक विश्लेषण", अक्टूबर 2019 से जून 2020 तक, [पर्यवेक्षक: जे.पी. पाबारी]
20. हर्ष वी. परमार, जीटीयू, अहमदाबाद, "हाइपरवेलोसिटी डस्ट की जांच और इसके डिटेक्शन के लिए प्रोसेसिंग इलेक्ट्रॉनिक ", अगस्त 2019 से जून 2020 तक, [पर्यवेक्षक: जे.पी. पाबारी]
21. वी.आर. दिनेश कुमार, बिट्स पिलानी, हैदराबाद कैम्पस, "EM तरंग प्रसार पर माध्यम का प्रभाव: वीनस के दिन की ओर फोकस के साथ", मई 2019 से जून 2019 तक, [पर्यवेक्षक: जे.पी. पाबारी]

22. दीप्ति यादव, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी, "चंद्र सतह से ऊर्जा एकत्र", मई 2019 से जून 2019 तक, [पर्यवेक्षक: जे.पी. पाबारी]

23. मगेंद्र एस., आइआइटी दिल्ली, "सिंगल स्थानिक और अभिविन्यस्त नोड का उपयोग करके 2D WSN में रेंज और अज़िमुथ दिशा का अनुमान", मई 2019 से जून 2019 तक, [पर्यवेक्षक: जे.पी. पाबारी]

24. रामकुमार पी.आर., अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई, "चुंबकीय दर्पण तकनीक का उपयोग करके इंटरप्लेनेटरी धूल कणों को कैप्चर करने के लिए उपकरण मॉडलिंग", मई 2019 से जून 2019 तक, [पर्यवेक्षक: जे.पी. पाबारी]

25. रिक्षिका सांवरी, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना, "वीनस लाइटनिंग: गणितीय विश्लेषण के साथ डेटा विश्लेषण", मई 2019 से जून 2019 तक, [पर्यवेक्षक: जे.पी. पाबारी]

26. अवंतिका वी. गुप्ता, चरोतर यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, चांगा, नडियाद, "वीनस लाइटनिंग: हाइपरवेलोसिटी डस्ट की जांच और इसके डिटेक्शन के लिए प्रोसेसिंग इलेक्ट्रॉनिक ", जनवरी 2020 से अप्रैल 2020 तक, [पर्यवेक्षक: जे.पी. पाबारी]

27. शुभब्रतो मुखर्जी, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरुचिरापल्ली, "गैलीलियो और यूलिसिस डस्ट डिटेक्टर का डेटा विश्लेषण", दिसंबर 2019 से जनवरी 2020 तक, [पर्यवेक्षक: जे.पी. पाबारी]

28. चांदनी पी. पाबारी, सेंट जेवियर्स कॉलेज, अहमदाबाद, "गैलीलियो DDS मापों से व्युत्पन्न इंटरप्लेनेटरी डस्ट वितरण", मई 2019 से जून 2019 तक, [पर्यवेक्षक: जे.पी. पाबारी]

29. हीना एच. डाभी, गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद, "परावर्तकता स्पेक्ट्रोस्कोपी का उपयोग कर वॉन कर्मन की खनिज संरचना का मानचित्रण", मई 2019 से जुलाई 2019 तक, [पर्यवेक्षक: एम. भट्ट]

30. प्रतीक त्रिपाठी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की, "रेनर गामा, गेरासिमोविच और मारे इनगेनी स्वर्ल का स्पेक्ट्रल विश्लेषण", मई 2019 से जून 2019 तक, [पर्यवेक्षक: एम. भट्ट]

31. राज पटेल, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी, "मॉन्स मालापर्ट: लूनर आउटपोस्ट के लिए संभावित स्थल", अक्टूबर 2019 से मई 2020 तक, [पर्यवेक्षक: एम. भट्ट]

32. क्रुनाल मेहता, इंडस यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद, "हाइपरस्पेक्ट्रल डेटा का उपयोग करके चंद्र सतह के OH/H2O के पूर्ण लक्षण वर्णन के लिए रूपरेखा का विकास", जनवरी 2020 से मई 2020 तक, [पर्यवेक्षक: एम. भट्ट]

33. दीपाली सिंह, जेएनयू दिल्ली, "मंगल 2020 लैंडिंग साइट के भीतर जैवप्रचिह्न संरक्षण क्षमता का अध्ययन", मई 2019 से जून 2019 तक, [पर्यवेक्षक: आर.के. सिन्हा]

34. विधेश शुक्ला, वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी, देहरादून, "मंगल पर ग्लेशिएशन: मध्य अक्षांशों में एरेबस मोंटेस क्षेत्र से भूवैज्ञानिक अंतर्दृष्टि", मई 2019 से जून 2019 तक, [पर्यवेक्षक: आर.के. सिन्हा]

35. सौरव शर्मा, आई.आई.टी. रुड़की, "चंद्र अनुरूप नमूनों में तापीय चालकता माप के लिए एक प्रोटोटाइप सेंसर का विकास", जून 2019 से जुलाई 2019 तक, [पर्यवेक्षक: के. दुर्गा प्रसाद]

36. इशिका भट्टाचार्य, आइआइटी धनबाद, "चंद्र भूकंपीय डेटा की समझ और पुनर्विश्लेषण", मई 2019 से जुलाई 2019 तक, [पर्यवेक्षक: के. दुर्गा प्रसाद]

37. इंटुरी श्रीवानी, नागार्जुन विश्वविद्यालय, "मंगल ग्रह के आयनमंडल में इलेक्ट्रॉन तापमान, इलेक्ट्रॉन घनत्व का परिवर्तन ", मई 2019 से जुलाई 2019 तक, [पर्यवेक्षक: के. दुर्गा प्रसाद]

38. रिद्धिष सोनी, IIRS, देहरादून, "चांग' डेटा का उपयोग कर चंद्र उप-सतह तापमान का मूल्यांकन", मई 2019 से जुलाई 2019 तक, [पर्यवेक्षक: के. दुर्गा प्रसाद]

39. नीलकंठ घोलप, फर्ग्यूसन कॉलेज, पुणे, "मृदा में तरल जल की लैब आधारित मात्रानिर्धारण", मई 2019 से जुलाई 2019 तक, [पर्यवेक्षक: के. दुर्गा प्रसाद]

40. बाटबायारा, मंगोलियाई विज्ञान अकादमी, उलानबटार, मंगोलिया, "प्रयोगशाला माप द्वारा चंद्र एनालॉग्स के थर्मोफिजिकल गुणों की जांच", जनवरी 2019 से अप्रैल 2019 तक, [पर्यवेक्षक: के. दुर्गा प्रसाद]

41. स्वतंत्र कुमार, IIT खड़गपुर, "चंद्रमा और मंगल के थर्मोफिजिकल गुणों का अध्ययन", जून 2019 से जुलाई 2019 तक, [पर्यवेक्षक: चंदन कुमार]

42. उन्नति राजे सिंह, बनस्थली विश्वविद्यालय, "ग्रहीय मिशन के लिए प्लाज्मा इंस्ट्रूमेंटेशन के लिए बैक-एंड और प्रोसेसिंग इलेक्ट्रॉनिक्स", जनवरी 2019 से जून 2019 तक, [पर्यवेक्षक: चंदन कुमार]

43. पायल शेखावत, राजस्थान विश्वविद्यालय, "ग्रहीय वायुमंडलों के लिए नेफेलोमीटर के अध्ययन और डिजाइन पहलुएं", मई 2019 से जून 2019 तक, [पर्यवेक्षक: एस.के. मिश्रा]

**अंतरिक्ष और वायुमंडलीय विज्ञान**

44. श्री श्रीयश बिस्वाल, आई.आई.एस.ई.आर.- पुणे, "आयनमंडल के टी.ई.सी.: सिद्धांत और केस अध्ययन", मई 2019 से जुलाई 2019 तक, [पर्यवेक्षक: डी. चक्रवर्ती]

45. श्री रिजुल डिमरी, एन.आई.टी. -राउरकेला, "आयनमंडलीय अध्ययन के लिए लैंगमुइर जांच: ज्यामिति और सिद्धांत", मई 2019 से जुलाई 2019 तक, [पर्यवेक्षक: डी. चक्रवर्ती]

46. श्री जैकब सेबस्टियन, आई.आई.एस.टी., बी.एस. (भौतिक विज्ञान), "दिन का आकाश स्पेक्ट्रा", जून 2019 से जुलाई 2019 तक, [पर्यवेक्षक: डी. पल्लमराजू]

47. सुश्री धनश्री गायधने, मदुरै कामराज विश्वविद्यालय, "अहमदाबाद के ऊपरी आयन मंडल का अध्ययन", मई 2019 से जुलाई 2019 तक, [पर्यवेक्षक: डी. पल्लमराजू]

48. श्री तेज जोशी, एम.टेक., मैकेनिकल इंजीनियरिंग, पंडित दीनदयाल पेट्रोलियम विश्वविद्यालय, "अधिक ऊंचाई के बलून पेलोड का सूर्य ट्रैकिंग और स्थिरीकरण", अक्तूबर 2019 से वर्तमान तक, [पर्यवेक्षक: एच. गढ़वी]

49. श्री कश्यप पटेल, गुजरात विश्वविद्यालय, "जलवायु परिवर्तन प्रभाव प्रबंधन", 27 नवंबर 2019 से वर्तमान तक, [पर्यवेक्षक: लोकेश कुमार साहू]

50. श्री धनंजय त्रिवेदी, (एम.एससी. तक.) भूभौतिकी विभाग, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बी.एच.यू.), वाराणसी, "भारतीय क्षेत्र पर मॉडल पुनर्विश्लेषण का मूल्यांकन", मई से जुलाई 2019 तक, [पर्यवेक्षक: नरेंद्र ओझा]
51. श्री एन ससीकरन निर्मल राजन, मद्रास विश्वविद्यालय, "कुल इलेक्ट्रॉन सामग्री और आयनोस्फीयर में इसकी भिन्नता पर विश्लेषण", मई 2019 से जुलाई 2019 तक, [पर्यवेक्षक: रवींद्र प्रताप सिंह]
52. सुश्री सुमित्रा शर्मा, राजस्थान विश्वविद्यालय, "अहमदाबाद पर वायुमंडलीय सीमा परत का अध्ययन", मई 2019 से जुलाई 2019 तक, [पर्यवेक्षक: सोम कुमार शर्मा]
53. श्री हृषिकेश दुबे, इंस्टिट्यूट फॉर एक्सलन्स इन हायर इज्यूकेशन, भोपाल, "MICROTOP II SUNPHOTOMETER का उपयोग कर वायुमंडलीय मापदंडों का अध्ययन", जनवरी 2020 से मई 2020 तक, [पर्यवेक्षक: सोम कुमार शर्मा]

## भूविज्ञान

54. अंकित पटेल, वायुमंडलीय विज्ञान विभाग, राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, "दूरस्थ स्थल पोर्ट ब्लेयर के ऊपर वायुमंडलीय एरोसोल की विशेषता", मई 2019 से जुलाई 2019 तक, [पर्यवेक्षक: एन. रस्तोगी]
55. जय दवे, विश्लेषणात्मक रसायन विज्ञान, गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद, "ब्राउन कार्बन एरोसोल के लक्षण, और कार्बनिक एरोसोल विशेषता", सितंबर 2018 से मई 2020 तक, [पर्यवेक्षक: एन. रस्तोगी]
56. आयुषी मित्तल, पृथ्वी विज्ञान विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) रुड़की, "पिपलिया कलां एकॉन्ड्राइट उल्कापिंडों के अकार्बनिक खनिजों का रामन स्पेक्ट्रोस्कोपी", अप्रैल 2019 से मई 2020 तक, [पर्यवेक्षक: ए.डी. शुक्ला]
57. रिद्धि सिद्धिपुरा, विश्लेषणात्मक रसायन विज्ञान, गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद, "लद्दाख हिमालय से झील के अवसादों से कुछ तत्वों का मात्राकरण और व्यवहार", मई 2019 से जनवरी 2020 तक, [पर्यवेक्षक: ए.डी. शुक्ला]
58. श्रेया मेहता, भारतीय अकादमी विज्ञान ग्रीष्मकालीन अनुसंधान फेलो, "पैलियो-लवणता अनुमानों में अनिश्चितताएं", मई 2019 से जुलाई 2019 तक, [पर्यवेक्षक: ए. सिंह]
59. हर्षित राज, इंटर्न, दिल्ली विश्वविद्यालय, "मिश्रित परत की गहराई का अनुमान", मई 2019 से जुलाई 2019 तक, [पर्यवेक्षक: ए. सिंह]

## सैद्धांतिक भौतिकी

60. द्रोण वात्स्यायन, दिल्ली विश्वविद्यालय, "थर्मल लेप्टोजेनेसिस", अगस्त 2019 से दिसंबर 2019 तक, [पर्यवेक्षक: एस. गोस्वामी]
61. जी. ग्रीष्मा, सेंट्रल तमिलनाडु विश्वविद्यालय, "फील्ड थ्योरीज़ और स्कैटरिंग क्रॉस-सेक्शन", मई 2019 से जुलाई 2019 तक, [पर्यवेक्षक: एन. महाजन]
62. पी. गोविंदराजन, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च, तिरुवनंतपुरम, "सापेक्षवादी क्वांटम यांत्रिकी - डायराक समीकरण", मई 2019 से जुलाई 2019 तक, [पर्यवेक्षक: के.एम. पटेल]
63. मिनाक्सी मौन, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च, मोहाली, "मानक मॉडल और परे में नवीनीकरण समूह समीकरण", अगस्त 2018 से अप्रैल 2019 तक, [पर्यवेक्षक: के.एम. पटेल]
64. रवनीत एस बेदी, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च, मोहाली, "कंटिन्यू क्लॉकवर्क एक डी-निर्मित अतिरिक्त आयाम के रूप में", अगस्त 2018 से अप्रैल 2019 तक, [पर्यवेक्षक: के.एम. पटेल]

## परमाणु, आणविक और प्रकाशिक भौतिकी

65. सचिन जोशी, MSU बड़ौदा, "फेल्डस्पार में मल्टीस्पेक्ट्रल लुप्त अध्ययन", मई 2019 से जुलाई 2019 तक, [पर्यवेक्षक: नवीन चौहान]

# प्रभाग अभ्यागतों का विवरण

### खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी

1. डॉ. बिद्या बिनय करक, IIT, बीएचयू, "सहयोगी अनुसंधान कार्य के लिए", 14-07-2019 से 21-07-2019 तक
2. डॉ. प्रीतीश हालदर, असम विश्वविद्यालय, सिलचर, "एरिया सेमिनार के लिए", 13-04-2019 से 19-04-2019 तक ,[सेमिनार: "अलग-अलग विकिरण दबाव के लिए विभिन्न सूर्य केंद्रीय दूरी पर धूमकेतु धूल का व्यापक अध्ययन"]
3. प्रो. टी. शिवरानी, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स बैंगलोर, "कोलोक्वियम के लिए", 10-06-2019 से 11-06-2019 तक
4. डॉ. सुनील चंद्रा, अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र, नॉर्थ-वेस्ट यूनिवर्सिटी, दक्षिण अफ्रीका, "सहयोगी अनुसंधान कार्य के लिए", 13-10-2019 से 14-10-2019 तक
5. डॉ. सुनील चंद्रा, अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र, नॉर्थ-वेस्ट यूनिवर्सिटी, दक्षिण अफ्रीका, "एरिया सेमिनार के लिए", 22-11-2019 से 22-11-2019 तक ,[सेमिनार: "खगोलीय एक्स-रे उपकरणों के अंशांकन में चुनौतियां"]
6. डॉ. सुनील चंद्रा, अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र, नॉर्थ-वेस्ट यूनिवर्सिटी, दक्षिण अफ्रीका, "सहयोगी अनुसंधान कार्य के लिए", 06-01-2020 से 09-01-2020 तक
7. डॉ. रामकेश यादव, राष्ट्रीय खगोलीय अनुसंधान संस्थान थाईलैंड, "सहयोगी अनुसंधान कार्य के लिए", 15-03-2019 से 15-04-2019 तक
8. श्री सुप्रियो घोष, सत्येंद्र नाथ बोस नेशनल सेंटर फॉर बेसिक साइंसेज, कोलकाता, "एरिया सेमिनार के लिए ", 08-05-2019 से 12-05-2019 तक ,[सेमिनार: "ठंडे और विकसित तारों के स्पेक्ट्रोस्कोपिक और फोटोमेट्रिक अध्ययन"]
9. डॉ. समयादय चौधरी, मैक्वेरी विश्वविद्यालय सिडनी ऑस्ट्रेलिया, "एरिया सेमिनार के लिए ", 23-12-2019 से 25-12-2019 तक ,[सेमिनार: "मैगेलैनिक बादलों के विरल स्टार क्लस्टर और फोटोमेट्रिक मेटैलिसिटी मैप"]

### सौर भौतिकी

10. श्री शुभदीप सिन्हा, CESSI, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च, कोलकाता, "सहयोगात्मक कार्य", 01-06-2019 से 28-06-2019 तक ,[सेमिनार: "सौर विस्फोटकारी फिलामेंट्स की ट्रैकिंग और संबंधित फ़्लेयर्स सीएमई घटनाओं के साथ अस्थायी कनेक्शन का पता लगाना"]
11. डॉ.वहाब उद्दीन, आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जर्वेशन साइंस (ARIES), नैनीताल, उत्तराखंड, "MAST के साथ फेब्री-पेरोट आधारित उपकरण का अंशांकन ", 18-09-2019 से 20-09-2019 तक ,[सेमिनार: "ARIES नैनीताल में सौर भौतिकी"]
12. डॉ. अनिल कुमार, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग, देहरादून, "सहयोगात्मक कार्य", 12-12-2019 से 13-12-2019 तक ,[सेमिनार: "मशीन-शिक्षण और रिमोट सेंसिंग डेटा वर्गीकरण में इसका अनुप्रयोग"]
13. सुश्री पूजा सेतिया, कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल, "सहयोगात्मक कार्य", 18-01-2020 से 31-01-2020 तक ,[सेमिनार: "परिचालित गोलाकार-सह-समानांतर रिबन फ्लेयर और संबद्ध पूर्व-फ्लेयर गतिविधि का विकास"]

### अंतरिक्ष और वायुमंडलीय विज्ञान

14. सुश्री लखीमा चुटिया, वायुमंडलीय अध्ययन केंद्र, डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय, असम, भारत, "भारतीय क्षेत्र में सल्फर डाइऑक्साइड के वितरण पर सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए", 23-09-2019 से 25-09-2019 तक ,[सेमिनार: "दक्षिण एशिया पर वायुमंडलीय रचना: मॉडल सिमुलेशन बनाम अवलोकन"]
15. डॉ. तबिश उमर अंसारी, स्कूल ऑफ फिजिक्स में पोस्टडॉक्टोरल शोधकर्ता, आयरलैंड-गॉलवे, आयरलैंड के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, "एरिया सेमिनार देने के लिए", 09-01-2020 से 10-01-2020 तक ,[सेमिनार: "शहरी परिवेश में एरोसोल का निर्माण: बीजिंग में मॉडलिंग शीतकालीन धुंध से सबक"]
16. श्री श्रीयश बिस्वाल, BS-MS, IISER, पुणे में चौथे वर्ष के छात्र, "सौर चक्र 24 में सौर फ्लेयर्स पर अनुसंधान कार्य को पूरा करने और विसंगतिपूर्ण शिखा क्षेत्र पर टीईसी पर इसका प्रभाव", 11-01-2020 से 21-01-2020 तक
17. सुश्री कोमल कुमारी, भौतिकी और खगोल विज्ञान विभाग में स्नातक छात्र, क्लेमसन विश्वविद्यालय, क्लेमसन, "एरिया सेमिनार देने के लिए", 13-01-2020 से 13-01-2020 तक ,[सेमिनार: "QBO, ENSO एंड सोलर साइकल इफ़ेक्ट्स इन शॉर्ट-टर्म नॉन-माइग्रेटिंग टाइडल वैरिएबिलिटी ऑन प्लैनेटरी वेव टाइम्सकैल्स ऑन सेबर - एन इंफोर्मेशन-थियोरेटिक एपरोच"]

### सैद्धांतिक भौतिकी

18. डॉ. पंकज भल्ला, विजिटिंग फेलो, यूनिवर्सिटी ऑफ़ न्यू साउथ वेल्स, सिडनी, ऑस्ट्रेलिया, "संगोष्ठी और वैज्ञानिक चर्चा", 27-02-2020 से 28-02-2020 तक ,[सेमिनार: "डोप्ड चुंबकीय अर्धचालकों में गुंजयमान फोटोवोल्टिक प्रभाव"]

19. डॉ. तुहिन मल्लिक, भौतिकी विभाग, बिट्स पिलानी, गोवा परिसर, गोवा, “सहयोगात्मक कार्य”, 01-02-2020 से 15-02-2020 तक
20. डॉ. भरत कुमार, कम्प्यूटेशनल विज्ञान केंद्र, यूनिवर्सिटी ऑफ त्सुकुबा जापान, “संगोष्ठी और चर्चा”, 24-02-2020 से 28-02-2020 तक ,[सेमिनार: “न्यूट्रॉन-स्टार/पल्सर की जड़ता की गति पर अवरोध”]
21. प्रो. सनातन दिगल, गणितीय विज्ञान संस्थान, चेन्नई, “संगोष्ठी ”, 29-01-2010 से 01-02-2020 तक ,[सेमिनार: “$Z_N$ सममिति और SU(N) + हिग्स थ्योरी में परिमित T में रोधन-अपघटन”]
22. डॉ. अनुश्री घोष, पाडोवा विश्वविद्यालय, इटली, “संगोष्ठी और चर्चा”, 11-01-2020 से 15-01-2020 तक ,[सेमिनार: “पुनर्निर्माण @MINERvA: पारंपरिक से मशीन शिक्षण तकनीक तक”]
23. डॉ. अवधेश कुमार, इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर फिजिक्स पैन, क्राको पोलैंड, “संगोष्ठी और चर्चा”, 31-12-2019 से 05-01-2020 तक ,[सेमिनार: “स्पिन ध्रुवीकृत तरल पदार्थ के हाइड्रोडायनामिक्स”]
24. डॉ. न्यूटन नाथ, पोस्ट-डॉक्टरल फेलो, IHEP, बीजिंग, चीन, “संगोष्ठी और चर्चा”, 10-10-2019 से 15-10-2019 तक ,[सेमिनार: “$\mu$ - $\tau$ सममिति में हाल के विकास”]
25. डॉ. एस. मजुमदार, पीडीएफ, भौतिकी विभाग IIT रुड़की, “सहयोगात्मक कार्य”, 08-10-2019 से 23-10-2019 तक
26. डॉ. रंजन लाहा, सर्न, सैद्धांतिक भौतिकी प्रभाग, स्विट्जरलैंड, “संगोष्ठी और चर्चा”, 26-08-2019 से 29-08-2019 तक ,[सेमिनार: “एस्ट्रोपार्टिकल फिजिक्स में डार्क मैटर की खोज”]
27. डॉ. रंजीता महापात्र, भौतिकी विभाग, IIT बॉम्बे, “सहयोगात्मक कार्य”, 26-04-2019 से 15-05-2019 तक
28. डॉ. दिगंत दास, INSPIRE फैकल्टी, भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, “हाल के काम पर सेमिनार देना और समूह के सदस्यों के साथ चर्चा करना”, 12-11-2019 से 16-11-2019 तक ,[सेमिनार: “पायोन इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फॉर्म फैक्टर और पायोन चार्ज रेडियस के उच्च परिशुद्धता निर्धारण के माध्यम से म्यूऑन एनोमलस चुंबकीय क्षण के मानक मॉडल के पूर्वानुमान में सुधार”]
29. डॉ. तन्मय मोदक, नेशनल ताइवान यूनिवर्सिटी, ताइपे, “सेमिनार देना और समूह के सदस्यों के साथ चर्चा करना”, 06-02-2010 से 09-02-2012 तक ,[सेमिनार: “LHC और परे अतिरिक्त युकावा कपलिंग के प्रचिह्न”]
30. डॉ. अभिषेक अय्यर, ग्रुप डी फिजिक थोरिक, IP2I - यूनिवर्सिट लियोन 1, सेडेक्स, “समूह के सदस्यों से मिलने और चर्चा करने के लिए एक दिन के लिए आना चाहते थे”, 05-02-2020 से 07-02-2020 तक
31. प्रो. राहुल सिन्हा, गणितीय विज्ञान संस्थान, चेन्नई, “सुश्री भारती किंद्रा की वाइवा वॉयस परीक्षा के लिए बाहरी परीक्षक”, 17-01-2020 से 17-01-2020 तक
32. भारती किंद्रा, भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय, “आईआईटी गांधीनगर में पीएचडी विवा वॉइस”, 16-01-2020 से 22-01-2020 तक
33. डॉ. किंजल्क लोचन, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च, मोहाली, “संगोष्ठी और सहयोगी कार्य के लिए”, 22-07-2019 से 26-07-2019 तक ,[सेमिनार: “कॉस्मोलॉजी में क्वांटम फील्ड्स: सर्वव्यापी डी सिटर और अपरिवर्ती वैक्यूम शोर”]
34. हिमांशु स्वामी, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च, मोहाली, “वर्तमान परियोजना पर सहयोग के लिए”, 25-07-2019 से 08-08-2019 तक

## परमाणु, आणविक और प्रकाशिक भौतिकी

35. अमला वर्गीज, क्रिस्ट कॉलेज, केरल, “ल्यूमिनेसेंस डेटिंग की मूल बातें सीखना”, 01-04-2019 से 30-04-2019 तक
36. कोमल शर्मा, MSU बड़ौदा, “थीसिस का काम खत्म करना”, 01-04-2019 से 30-04-2019 तक
37. बिराज बोरगोहैन, आई.आई.टी. मुंबई, “पेपर लेखन और चर्चा”, 22-04-2019 से 26-04-2019 तक
38. कोमल शर्मा, MSU बड़ौदा, “थीसिस लेखन”, 01-05-2019 से 02-07-2019 तक
39. बेलिंग्राहम नारज़री, IISER कोलकाता, “लुप्त होती सुधार सीखना”, 24-05-2019 से 27-05-2019 तक
40. अनिल देवरा, MSU बड़ौदा, “नमूनों की ल्युमिनेसन्स डेटिंग”, 09-07-2019 से 30-08-2019 तक
41. सत्यब्रता दास, वाडिया संस्थान, “नमूनों की ल्युमिनेसन्स डेटिंग”, 25-07-2019 से 08-08-2019 तक
42. अनुष्का वशिष्ठ, IIT गांधीनगर, “एम.टेक. शोध प्रबंध”, 09-08-2019 से 20-08-2019 तक
43. सिला त्रिपाठी, एन.आई.ओ., गोवा, “मिट्टी के बर्तनों के नमूनों का ल्यूमिनेसेंस डेटिंग”, 13-10-2019 से 20-10-2019 तक
44. सप्तर्षि डे, आई.आई.टी.गांधीनगर, “ल्युमिनेसन्स डेटिंग और सीखना”, 24-09-2019 से 08-10-2019 तक
45. डॉ.पी. मोर्तेखाई, बी.एस.आई.पी., लखनऊ, “उनकी प्रयोगशाला के लिए अल्फा स्रोत का द्वितीयक अंशांकन”, 20-10-2019 से 23-10-2019 तक
46. नेहा जितकर, फर्ग्यूसन कॉलेज पुणे, “नमूनों का मापन”, 05-11-2019 से 15-11-2019 तक
47. शुभम गावने, डी.वाई. पाटिल कॉलेज, पुणे, “नमूनों की ल्युमिनेसन्स डेटिंग”, 05-02-2020 से 15-02-2020 तक
48. सुश्री सुमीत कौर, भौतिकी विभाग, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, पंजाब, “सुश्री सुमीत कौर ने क्वांटम कम्प्यूटेशन के परियोजना पर काम किया। हमने (बी.के साहू के साथ) इस परियोजना के माध्यम से पी.आर.एल. में इस शोध कार्य की शुरुआत की है, जो भारत में इस तरह का पहला प्रयोग होगा। पी.आर.एल. में उनके कार्यकाल के दौरान किए गए काम के आधार पर एक पांडुलिपि तैयारी की जा रही है।”, 02-09-2020 से 02-06-2020 तक

# खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी

**चंद्रयान-2 पर सौर एक्स-रे मॉनिटर: अंशांकन, डेटा विश्लेषण और POC संचालन**

सौर एक्स-रे मॉनिटर (XSM), जिसे पीआरएल में डिजाइन और निर्मित किया गया है, चंद्रयान-2 ऑर्बिटर पर मौजूद वैज्ञानिक उपकरणों में से एक है। XSM का मुख्य उद्देश्य 1 - 15 keV ऊर्जा रेंज में सूर्य के एक्स-रे वर्णक्रम का मापन करना है। XSM के प्रेक्षणों का उपयोग करके सूर्य से आवक एक्स-रे स्पेक्ट्रम का अनुमान लगाने के लिए, उपकरण को अंशांकित करना और एक सटीक प्रतिक्रिया मैट्रिक्स प्राप्त करना आवश्यक है। गेन शुद्धिकरण फैक्टर को संचालन परिस्थितियों, वर्णक्रमीय पुनर्वितरण फैक्टर, समरेखक(कोलीमेटर) प्रतिक्रिया और प्रभावी क्षेत्र, विश्रांति काल एवं पाइलअप विशिष्ट्ताओं, और आवक प्रवाह के साथ वर्णक्रमीय विशिष्ट्ताओं के एक फलन के रूप में प्राप्त करने के लिए XSM के ऊपर पृथ्वी पर ही व्यापक अंशांकन प्रयोग किये गए थे। एक उदाहरण के रूप में, चित्र नं. 1 RRCAT में इंडस-2 सिंक्रोट्रॉन सुविधा के रेखीय पुंज की तीन एकल-ऊर्जावान एक्स-रे रेखाओं के XSM स्पेक्ट्रा दिखाता है। प्रयोगसिद्ध वर्णक्रमीय पुनर्वितरण फलकों के सबसे अच्छे-फिट मॉडल, जो फोटो-पीक, एस्केप पीक, अपूर्ण आवेश संग्रह के कारण कम ऊर्जा की पूंछ, और इलेक्ट्रॉन पलायन से उत्पन्न होने वाले शेल्फ घटक को ध्यान में रखते हैं, हमारे डेटा के ऊपर प्लाट किये गए हैं। बहु एकल-ऊर्जावान रेखाओं के लिए प्राप्त फिट मॉडल पैरामीटर का उपयोग XSM के पुनर्वितरण मैट्रिक्स को उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। प्रभावी क्षेत्र के साथ इस पुनर्वितरण मैट्रिक्स का उपयोग XSM प्रेक्षणों के वर्णक्रमीय विश्लेषण में किया जाना है।

लाभ मापदंडों के भू-अंशांकन और वर्णक्रमीय पुनर्वितरण पर्याप्तता को इन-फ्लाइट संचालन के दौरान ऑन-बोर्ड अंशांकन स्रोत के प्रेक्षणों के द्वारा जाँचा जाता है। कोणीय प्रतिक्रिया और प्रभावी क्षेत्र के आगे के शोधन को XSM की छिद्र-दृष्टि के सापेक्ष, विभिन्न कोणों पर सूर्य के प्रेक्षणों का उपयोग करके किया गया है।जमीन और इन-फ्लाइट से प्राप्त अंशांकन डेटा को XSM के अंशांकन डेटाबेस में शामिल किया गया है जो डेटा प्रोसेसिंग के दौरान विश्लेषण प्रक्रियाओं द्वारा ऐक्सेस किया जाता है। चंद्रयान-2 के डेटा को भारत डीप स्पेस नेटवर्क (IDSN) और डीप स्पेस नेटवर्क (DSN) भूस्टेशनों पर अंतरिक्ष यान से डाउनलोड किया जाता है, और पेलोड-वार पृथक्क़रण और लेवल -0 प्रोसेसिंग भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान डेटा सेंटर (ISSDC), बेंगलूर में किया जाता है। XSM लेवल -0 डेटा ISSDC से PRL में पेलोड ऑपरेशंस सेंटर (POC) में लाया जाता है, जहाँ XSM डेटा एनालिसिस सॉफ्टवेयर (XSMDAS) उच्च स्तर की डेटा प्रोसेसिंग करता है। XSMDAS सॉफ्टवेयर मॉड्यूलों का एक संग्रह होता है, जिसमें प्रत्येक विशिष्ट कार्य के लिए समर्पित होता है। एकाधिक-कक्षाओं पर डाउनलोड किए गए डेटा को एक साथ जोड़ा जाता है ताकि मानक प्रसंस्करण से सहायक डेटा और अंशांकित उत्पादों के साथ दिन-वार विलय किए गए कच्चे डेटा प्रदान किया जा सकें। XSM POC पर डेटा प्रोसेसिंग श्रृंखला अब पूरी तरह से क्रियाशील और स्वचालित है, क्विक लुक प्लॉट उत्पन्न करता है, और ISSDC में उच्च स्तर का डेटा वापस अपलोड करता है। पीडीएस 4 अनुरूप प्रारूप में संग्रहित डेटा उत्पादों को ISSDC से लॉक-इन अवधि के बाद सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाएगा।




चित्र सं.1: तीन एकल-ऊर्जावान रेखाओं के लिए XSM स्पेक्ट्रा जिसे वर्णक्रमीय पुनर्वितरण मॉडल से फिट किया गया है। निचला पैनल अवशेषों को दर्शाता है।

**(मिथुन एन.पी.एस., एस. वडवाले, एम. षण्मुगम, ए. पटेल, एन. सिंह, एस. कुमार, एन.के. तिवारी, एच.के. अदलजा, एस.के. गोयल, टी. लड़िया)**

**चंद्रयान-2 सौर एक्स-रे मॉनिटर के साथ सूर्य का एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोपी**

सौर एक्स-रे मॉनीटर (XSM) एक सेकंड के समय ताल के साथ सूर्य का डिस्क एकीकृत सॉफ्ट एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोपी, और सौर प्रेक्षणों के लिए उच्चतम वर्णक्रमीय विभेदन के साथ एक विस्तृत-बैंड एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर प्रदान करता है। सूर्य के ऐसे विस्तृत-बैंड एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोपीय अध्ययन, मौजूदा विस्तृत-बैंड एकीकृत एक्स-रे इमेजर्स और संकीर्ण बैंड उच्च विभेदन स्पेक्ट्रोग्राफ के प्रेक्षणों का पूरक हैं। प्रारंभिक शुरुआत चरण के बाद, XSM ने सितंबर 2019 की शुरुआत में सूर्य की नियमित प्रेक्षण शुरू कर दी है। इस अवधि के दौरान, सौर गतिविधि लंबी अवधि के साथ अपने न्यूनतम पर थी, जिसमें कोई भी सक्रिय क्षेत्र नहीं था। बहुत कम गतिविधि के बावजूद, अपनी उच्च संवेदनशीलता के साथ XSM इस अवधि के दौरान सौर एक्स-रे

स्पेक्ट्रम को माप पाया है। पृष्ठभूमि माप और सौर प्रेक्षणों के साथ, XSM को GOES प्रज्वाल वर्ग A के दो कोटि तक की निम्न मात्रा तक सौर गतिविधि के प्रति संवेदनशील दिखाता है। 30 सितंबर को XSM के साथ पहला B श्रेणी का प्रज्वाल पाया गया था। चित्र सं. 2 इस अवधि के आसपास XSM के साथ मापा गया सूर्य काप्रकाश वक्र, प्रवाह और गतिशील स्पेक्ट्रम को दर्शाता है। चित्र सं. 2 XSM की वर्ग A की तुलना में कहीं दुर्बल सौर गतिविधि का पता लगाने और सौर प्रज्वालों के दौरान वर्णक्रमीय परिवर्तनशीलता को मापने की क्षमता का पता लगाने की संवेदनशीलता को दर्शाता है। इस तरह के घटनाओं का विस्तृत वर्णक्रमीय विश्लेषण किरीट में तात्विक बहुतायत के भिन्नता में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। XSM ने कई उप-A श्रेणी के प्रज्वाल घटनाओं का भी पता लगाया है जैसे कि चित्र संख्या 2 में कुछ देखे जा सकते हैं जो ऊर्जा विज्ञान का विस्तृत अध्ययन और किरीटीय तापन में दुर्बल प्रज्वालों के योगदान को संबोधित करने की दक्षता देता है।




चित्र सं. 2: XSM से मापे गए दो दिनों के दौरान प्रकाश वक्र (शीर्ष), 1-8 Å(1.55-12.4 keV) रेंज में एक्स-रे प्रवाह (मध्य), और सूर्य का गतिशील स्पेक्ट्रम (नीचे)। शीर्ष पैनल में लाल डैश रेखा उपकरण की संवेदनशीलता को प्रदर्शित करता हुए, XSM में विशिष्ट पृष्ठभूमि दर को दर्शाता है।

**(एन.पी.एस. मिथुन, एस. वडवाले, बी. मंडल और ए. सरकार)**

### अल्फा कण एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर द्वारा तात्विक प्रचुरता का अनुमान: एक प्रयोगसिद्ध दृष्टिकोण

तात्विक बहुतायत के स्वस्थान मापन के लिए प्रयोग, ग्रहीय रोवर मिशनों का एक अभिन्न अंग रहे हैं। व्यापक रूप से प्रयुक्त तकनीकों में से एक तकनीक में कण के एक्स-रे विकिरण द्वारा उत्तेजन के बाद नमूने के एक्स-रे स्पेक्ट्रम का मापन शामिल है। चंद्रमा के दक्षिणी क्षेत्र पर ऐसा प्रयोग करने के इरादे से चंद्रयान-2 मिशन के रोवर पर अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (APXS) उपकरण भेजा गया।




चित्र सं. 3: भू रासायनिक संदर्भ नमूने W-2A में से एक का APXS स्पेक्ट्रम। पहचाने गए विभिन्न तत्वों की रेखाओं के साथ 10 keV तक स्पेक्ट्रम दिखाया गया है।




चित्र सं. 4: APXS के लिए 55 मिमी की सांकेतिक लक्ष्य दूरी पर, तात्विक बहुतायत एवं लाइन तीव्रता सहसंबंध। जैसा कि पाठ में वर्णित है, मापी गयी रेखा तीव्रता पर मैट्रिक्स सुधार लगाये गये हैं। ठोस रेखाएं संबंधित डेटा बिंदुओं के लिए न्यूनतम वर्ग फिटिंग का परिणाम हैं।

APXS नमूने का एक्स-रे स्पेक्ट्रम का माप प्रदान करता है जहां विभिन्न तत्वों की प्रतिदीप्ति रेखाओं को अलग-अलग पहचाना जाता

है, जैसे कि चित्र संख्या 3 में दिखाया गया है। मापे गए स्पेक्ट्रम से तात्विक प्रचुरता प्राप्त करने के लिए, हमने एक प्रयोगसिद्ध पद्धति विकसित की है। एक ज्ञात संयोजन वाले ऐसे भू-रासायनिक कणों (GRM ) के समूह का APXS स्पेक्ट्रा लिया गया है जो सभी तत्वों की अपेक्षित प्रचुरता में चन्द्रमा के पर्वतीय क्षेत्र में फैला हुआ है। तात्विक रेखाओं की तीव्रता प्राप्त करने के लिए, डिटेक्टर की वर्णक्रमीय प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए, ये स्पेक्ट्रा XSPEC में फिट किये गए हैं। प्रत्येक तत्व के लिए रेखा की तीव्रता न केवल उस तत्व की बल्कि दूसरों की भी सांद्रता पर निर्भर करती है। इस मैट्रिक्स प्रभाव को ध्यान में रखने के लिए मापी गई रेखाओं की तिव्रताओं को उनकी रेखीय ऊर्जा पर नमूने के क्षीणन गुणांक से मापित किया गया है। रेखा तीव्रता और बहुतायत के बीच सहसंबंधों को प्राप्त किया गया है जो कि चित्र संख्या 4 में दिखाए गए हैं। GRM से प्राप्त सहसंबंध मापदंडों का उपयोग करके उनके मापित APXS स्पेक्ट्रा से अज्ञात नमूनों की प्रचुरता प्राप्त करने के लिए एक अन्योन्यक्रियात्मक एल्गोरिथ्म उपयोग किया गया है। यह दर्शाया गया है कि बहुतायत मान के 10% से कम की अनिश्चितता के साथ, APXS चांद पर सभी प्रमुख तत्वों की प्रचुरता का अनुमान लगा सकता है। अनुरूपणों से पता चलता है कि 0.2% से अधिक की सांद्रता वाले तत्वों को आधे घंटे के APXS अवलोकनों के साथ $3\sigma$ स्तर तक पता लगाया जा सकता है। APXS इंस्ट्रूमेंट को आगामी चंद्रयान-3 मिशन के चंद्र रोवर में भी शामिल किया जाएगा और चंद्रयान-3 APXS से चंद्र सतह के तात्विक बहुतायत प्राप्त करने के लिए यही पद्धति प्रयुक्त होगी।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1016/j.pss.2020.104923

**(एन.पी.एस. मिथुन, एस. वडवाले, एम. षण्मुगम, ए. पटेल, एन. सिंह, एस. कुमार, एन.के. तिवारी, एस.के. गोयल, ए.बी. सर्बाधिकारी, जी. अरोड़ा, वाई. श्रीवास्तव, एच.के. अदलजा, टी. लड़िया, डी.के. पैंकरा, एस.बी. बनर्जी, वी.आर. पटेल और ए. भारद्वाज)**

## सौर प्रकाशमंडलीय चुंबकीय क्षेत्रों में दीर्घकालिक कमी पर पार्थिव चुंबकमंडल की प्रतिक्रिया




चित्र सं. 5: GSM समन्वय प्रणाली में MP (Rmp) और BS (Rbs) की गतिरोध दूरी का एक योजनाबद्ध आरेख। बिंदीदार लाल घेरा 6.6 पृथ्वी त्रिज्या (RE) पर भूस्थैतिक कक्षा है।

पिछले चार सौर चक्रों के समय पृथ्वी के चुम्बकीय मंडल क्षेत्र और बोशॉक की सीमा और आकार का अध्ययन करके पार्थिव चुंबकमंडल की प्रतिक्रिया का एक विस्तृत विश्लेषण किया गया है। हमारे द्वारा पहले किए गए कार्य से पता चला है कि सौर चुंबकीय क्षेत्र और सौर पवन सूक्ष्म प्रक्षोभ दोनों के स्तर 1995 के दो 11 साल के सौर चक्रों की अवधि से लगातार कम हो रहे हैं। एक विस्तृत अध्ययन में, हमने वर्तमान में जारी इस दीर्घकालिक और स्थिर गिरावट की प्रवृत्ति के लिए पार्थिव चुंबकमंडल की प्रतिक्रिया की जांच की है। हमने अंकीय और साथ ही प्रयोगसिद्ध मॉडल का उपयोग करके पार्थिव चुम्बकीय मंडल सीमा और बो शॉक की उप-सौर गतिरोध दूरी और चुम्बकीय मंडल सीमा के आकार का अनुमान लगाया है।




चित्र सं. 6: एक वर्ष में सौर चक्रों 20-24 के लिए सौर मिनिमा पर औसतित MP आकृतियों को Xs सूर्य-पृथ्वी रेखा के पास MP के विस्तार के विपरीत MP, Rs के अनुप्रस्थ अरीय दूरी के आरेखों द्वारा दिखाया गया है। नीले रंग का वक्र 2020 में चक्र 24 के अपेक्षित न्यूनतम पर MP आकार का पूर्वानुमान है, जिसमें 95% कॉन्फिडेंस अंतराल का छायांकित नीला बैंड है। इनसेट MP आकार के दीर्घित संस्करण हैं।

सौर चुम्बकीय क्षेत्र और सौर पवन सूक्ष्म-अशांति के स्तरों में देखी गई स्थिर गिरावट के अनुरूप, 1990 के मध्य के बाद से गणना किए गए चुम्बकीय मंडल सीमा और बो शॉक गतिरोध की दूरी लगातार बढ़ रही है। इसी तरह, हम 1996 से चुम्बकीय मंडल सीमा के आकार में विस्तार पाते हैं। इसके अलावा, हम 2020 में चुम्बकीय मंडल सीमा के आकार की पूर्वानुमान करने में सक्षम हो गए हैं, जो वर्तमान सौर चक्र 24 की अपेक्षित न्यूनतम है। महत्वपूर्ण रूप से, 1968 और 1991 के बीच दो उदाहरण यह भी पाते हैं जब चुम्बकीय मंडल सीमा गतिरोध की दूरी 6.6 पृथ्वी त्रिज्या के करीब मानों तक गिर गई थी, जो 9 से लेकर 11 घंटे की अवधि के लिए भूस्थैतिक कक्षा

है, और 2005 में एक घटना, जब 1995 के बाद प्रकाशमंडलीय क्षेत्रों में गिरावट शुरू हुई। यह एक बहुत महत्वपूर्ण खोज है क्योंकि यह एक बड़े CME के प्रभाव की स्थिति में हमारे उपग्रह प्रणालियों के लिए एक स्पष्ट और वर्तमान खतरे का संकेत देता है, विशेष रूप से इस तथ्य को देखते हुए कि कमजोर सौर चक्रों में बहुत बड़े CME घटित होने के लिए जाने जाते हैं।

यह कार्य राष्ट्रीय खगोलीय वेधशाला, कैस, बीजिंग, चीन के डॉ. एस.के. बिसोई के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1029/2019JA026616

**(पी. जनार्दन, एम. इंगले और एस.के. बिसोई)**

### संभावित क्षेत्र-स्रोत-सतह बहिर्वेशनों का उपयोग करके पिछले चार सौर चक्रों के दौरान वैश्विक सौर चुंबकीय क्षेत्र का अनुमान लगाया गया है




चित्र सं. 7: पैनल (a और b) और (c और d) क्रमशः 2011 के 9 अगस्त (सौर मिनिमा) और 2004 के 18 जुलाई (सौर अधिकतम) के PFSS बहिर्वेशित चुंबकीय क्षेत्रों को दर्शाते हैं। पैनल (a और c) और (b और d) क्रमशः 1.5 - 2.5 R और 5-10 R से बहिर्वेशित चुंबकीय क्षेत्र दिखाते हैं। केंद्रीय ग्रे डिस्क NSO/KP या NSO/SOLIS उपकरणों से प्राप्त मैग्नेटोग्राम हैं। काली रेखाएँ परिबद्ध क्षेत्र रेखाएँ हैं, जबकि मैजेंटा और हरे रंग की रेखाएँ क्रमशः खुले क्षेत्रों के ऋणात्मक और धनात्मक ध्रुवीयता हैं।

सौर प्रकाशमंडलीय चुंबकीय क्षेत्रों का प्रत्यक्ष माप किया जा सकता है, जबकि सौर किरीट(सौरकोरोना) में चुंबकीय क्षेत्रों को सीधे मापना बहुत मुश्किल है। प्रकाशमंडलीय चुंबकीय क्षेत्र और निम्न किरीट/सौर हवा के बीच का संबंध स्पष्ट नहीं है। इस संबंध में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने और 2.5 से 10 सौर त्रिज्या किरीट में क्षेत्रों का अंदाजा लगाने के लिए, हमने राष्ट्रीय सौर वेधशाला (NSO), किट पीक, USA (NSO/KP) और सोलर प्रकाशिक लॉग टर्म इंवेस्टिगेशन ऑफ द सन (NSO/SOLIS) उपकरणों से 1975 से 2018 के दौरान प्रेक्षित संयुक्त मैग्नेटोग्राम का उपयोग करके वैश्विक चुंबकीय क्षेत्रों को प्राप्त करने के लिए संभावित क्षेत्र-स्रोत-सतह बहिर्वेशनों का उपयोग किया है। इन प्रेक्षणों से, हमने पाया है कि, 1990 के मध्य से, घटते चुंबकीय क्षेत्रों के संग, 2.5 सौर त्रिज्या और 10 सौर त्रिज्या (PFSS विधि द्वारा एक्स्ट्रापोलेटेड) पर विभिन्न अक्षांशों पर चुंबकीय क्षेत्र लगभग 11.3% - 22.2% तक कम हो गया है। ये अवलोकन वैश्विक चुंबकीय क्षेत्र और सौर किरीट और सौर-पवन में विभिन्न प्रक्षोभ मापदंडों के बीच अंतर-संबंध पर जोर देते हैं।

यह कार्य एस.के. बिसोई (नेशनल एस्ट्रोनॉमिकल ऑब्जर्वेटरीज, सीएएस, चीन), एम. इंगले (IISER पुणे), पी. सुब्रमण्यन (IISER पुणे), के. फुजिकी (इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस-अर्थ एनवायरनमेंटल रिसर्च, जापान), और एम. मैक्सीमोविच (ऑब्जर्वेटोएरे डी पेरिस मेउडन फ्रांस) के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1007/s11207-019-1514-7




चित्र सं. 8: बाएं और दाएं तरफ के पैनल क्रमशः टॉरॉयडल और मध्य अक्षांश क्षेत्रों को दर्शाते हैं। ऊपर और नीचे के त्रिभुज उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध क्षेत्र हैं जबकि काले घेरे दोनों का औसत है। ग्रे वक्र मासिक औसत सनस्पॉट संख्या है। पैनल [(a), (b)] प्रकाशमंडलीय क्षेत्र हैं, जबकि पैनल [(c), (d)] और [(e), (f)] क्रमशः 2.5 R और 10 R, पर बहिर्वेशित क्षेत्र हैं।

**(पी. जनार्दन, एस.के. राजा, एस.के. बिसोई, एम. इंगले, पी. सुब्रमण्यन, के. फुजिकी और एम. मैक्सीमोविच)**

### TOI-503b: PARAS नासा के TESS मिशन से प्रथम ज्ञात भूरे बौने-Am तारा युग्मतारा प्रणाली का पता लगाने में मदद करता है

हमने पारस से स्पेक्ट्रोस्कोपीय डेटा का उपयोग करके नासा के ट्रांसिटिंग एक्सोप्लेनेट सर्वे सैटेलाइट (TESS) मिशन से, मध्यवर्ती

द्रव्यमान पारगमनकारी भूरे बौने TOI-503b का खोज किया है। 06 अप्रैल से 11 अप्रैल 2019 के दौरान माउंट आबू के पीआरएल वेधशाला में 1.2 मीटर दूरबीन से जुड़े PARAS स्पेक्ट्रोग्राफ से प्राप्त 9 उच्च-विभेदन स्पेक्ट्रा ने भूरे बौने के द्रव्यमान मापन में व्यापक योगदान दिया। ब्राउन ड्वार्फ्स (भूरे बौने) खगोल भौतिक पिंड हैं जो न तो ग्रह हैं और न ही तारे। उनका द्रव्यमान 13 बृहस्पति द्रव्यमान से 80 बृहस्पति द्रव्यमान के बीच होता है और अत्यंत दुर्लभ हैं। ब्रह्मांड में 25 से भी कम ऐसे खगोलीय पिंड जाने जाते हैं जिनके द्रव्यमान और त्रिज्या को मापा गया है। TOI-503b TESS द्वारा खोजा गया पहला भूरा बौना है, जो 3.6772$\pm$0.0001 दिनों की वृत्तीय कक्षा में एक धात्विक रेखा A- प्रकार के तारे की परिक्रमा कर रहा था। हमने TESS प्रकाशवक्र से पाया कि TOI-503b अपने पोषी तारे को अल्पस्पर्शी तरीके से पार करता है और BD की त्रिज्या का अनुमान 1.34$\pm$0.26 RJ लगाया है।




चित्र सं. 9: संयुक्त RV और पारगमन डेटा फिटिंग से सबसे अच्छा फिट कक्षा मॉडल का आरेख। बायां पैनल:- TOI-503 के लिए कक्षीय समाधान लाल रंग में RV मॉडल दिखा रहा है। दायां पैनल:- TOI-503 के पारगमन प्रकाश वक्र, सबसे अच्छा फिट मॉडल के साथ। नीली रेखा सर्वश्रेष्ठ फिटिंग पारगमन प्रकाश वक्र का दिखा रहा है और हरी रेखा बिना पारगमन कार्य के मॉडल को दिखाती है।

दुनिया भर में विभिन्न स्पेक्ट्रोग्राफ का उपयोग कर भूरे बौने का द्रव्यमान 53.7$\pm$1.2 बृहस्पति द्रव्यमान (MJ) अनुमानित किया गया। पोषी तारे का द्रव्यमान1.80$\pm$0.06 सौर द्रव्यमान, 1.7$\pm$0.05 सौर त्रिज्या का त्रिज्या, 7650$\pm$160 K का एक प्रभावी तापमान और 0.61$\pm$0.07 dex की अपेक्षाकृत उच्च धात्विकता है। हमने तंत्र की 180 Myr आयु को प्राप्त करने के लिए तारकीय समकालिकता का उपयोग किया, जो कि इसकी आयु RIK 72b (ऊपरी स्कोर्पियस स्टेलर एसोसिएशन में एक 10 Myr पुराना बौना) और AD 3116b (प्रिसेपे क्लस्टर में 600 Myr पुराना भूरा बौना) के बीच है।

भूरे बौनों और उनके पोषी तारों के बीच ज्वारीय अन्योन्यक्रिया को मापने में कठिनाई को देखते हुए, हम सटीक रूप से यह नहीं कह सकते हैं कि यह भूरा बौना स्वस्थाने गठित हुआ है या प्रणाली की अपेक्षाकृत कम आयु में अपने पोषी तारे द्वारा इसकी कक्षा को वर्तुलाकार किया गया था। इसके बजाय, हमने तारे और भूरे बौने के लिए ज्वारीय गुणवत्ता कारक के लिए संभाव्य मानों की एक परीक्षा का प्रस्ताव रखा। TOI-503b, मुख्य अनुक्रम तारों की परिक्रमा करते हुए ज्ञात अल्प-अवधि, मध्यवर्ती-द्रव्यमान वाले भूरे बौनों की बढ़ती संख्या में शामिल हो गया है, और HATS-70b के बाद A तारे को संक्रमित करने वाला दूसरा ऐसा ज्ञात भूरा बौना है। इस क्षेत्र में आबादी में वृद्धि के साथ, भूरा बौना रेगिस्तान (35-55 MJ sin(i)) में शुष्कतम क्षेत्र पुनर्भरण कर रहा है।

यह खोज पीआरएल, भारत और सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स, हार्वर्ड, यूएसए और KESPRINT कंसोर्टियम, यूरोप की टीम का संयुक्त कार्य है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-3881/ab7245

**(आर. शर्मा और ए. चक्रवर्ती)**

**द्विध्रुवी HII क्षेत्र G8.14+0.23 की ओर आणविक बादलों का अनावरण**

विशाल O-टाइप तारों द्वारा उत्तेजित आकाश गंगा के HII क्षेत्रों को जटिल भौतिक प्रणाली माना जाता है, जो O-टाइप तारों (यानी, तारकीय हवा, आयनित उत्सर्जन और विकिरण दबाव) की तीव्र ऊर्जावान प्रतिक्रिया से दृढ़ता से प्रभावित होते हैं। हालांकि, O-टाइप तारों की उत्पत्ति से संबंधित सटीक भौतिक तंत्र को समझने पर अभी भी बहस चल रही है। हाल ही के संख्यात्मक अनुरूपण बताते हैं कि O-टाइप तारों द्वारा संचालित द्विध्रुवी HII क्षेत्र, दो टकराते बादलों के अंतराफलक पर गठित हो सकते हैं। O-टाइप तारों की उत्पत्ति को प्रेक्षणीय रूप से समझने के लिए, हमने एक अवरक्त द्विध्रुवी नेबुला (BPN) से जुड़े G8.14+0.23 HII क्षेत्र को पोषक 1 deg X 1 deg के क्षेत्र का एक विस्तृत बहु-तरंगदैर्ध्य विश्लेषण किया है। रेडियो सातत्य मानचित्र के आधार पर, HII क्षेत्र कम से कम एक O- टाइप तारा द्वारा उत्तेजित है, जो BPN के निचले ओर स्थित है। साइट G8.14 + 0.23 से संबंधित विभिन्न अवलोकन घटकों को चित्र संख्या 10 में संक्षेपित किया गया है। चित्र संख्या 10a में, NANTEN2 13CO रेखा डेटा, साइट G8.14 + 0.23 की ओर, दो विस्तारित बादलों [9, 14.3] और [15.3, 23.3] km/s के अस्तित्व को प्रकट करता है जो मध्यवर्ती वेग सीमा पर एक विस्तृत-ब्रिज आकार के माध्यम से स्थिति-वेग अंतरिक्ष में जुड़े हुए हैं। ब्लूशिफ्टेड बादल में गुहा या तीव्रता-गर्त एक टूटे हुए षट्कोणीय (चित्र संख्या 10b देखें) द्वारा दर्शाया गया है, जबकि रेडशिफ्ट बादल को चित्र संख्या 10c में दिखाया गया है। साथ में, चित्र सं. 10 बादलों के एक पूरक स्थानिक वितरण का चित्रण करता है (यानी, ब्लूशिफ्टेड बादलों और दीर्घित रेडशिफ्टेड बादल में गुहा के बीच स्थानिक फिट; चित्र संख्या 10a में एक ठोस बॉक्स देखें)। बादलों के स्थानिक और वेग संपर्क G8.14+0.23 साइट में उनकी अन्योन्यक्रिया का सुझाव देते हैं। गहन निकट-अवरक्त प्रकाशमापीय डेटा के विश्लेषण से दोनों बादलों में चल रहे तारा गठन गतिविधियों को दर्शाते हुए, अवरक्त-अतिरिक्त स्रोतों के समूहों की उपस्थिति का पता चलता है। O-टाइप तारा BPN के निचले ओर देखे जाने वाले अंतर्निहित समूह का हिस्सा है, जो गुहा के स्थानिक मिलान क्षेत्र और रेडशिफ्टेड बादल की ओर देखा जाता है। बादल-बादल टकराव (CCC) के संख्यात्मक अनुरूपण के साथ प्रेक्षण परिणाम उचित रूप से मिलते दिखाई देते हैं, जो यह सुझाव देते हैं कि G8.14 + 0.23 में O- टाइप तारा के उत्पत्ति के लिए CCC प्रक्रिया जिम्मेदार प्रतीत होती है।

यह कार्य एच. सानो (नागोया विश्वविद्यालय, जापान), आर. एनोकिया (नागोया विश्वविद्यालय, जापान), के. तचिहारा (नागोया विश्वविद्यालय, जापान) और डी. के. ओझा (TIFR, भारत) के साथ मिलकर किया गया था।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab1cba




चित्र सं. 10. a) G8.14+0.23 की ओर दो बादलों का स्थानिक वितरण (लगभग 11.5 और 18.5 km $s^{-1}$)। एक टूटा हुआ काला कन्टूर G8.14+0.23 H ii क्षेत्र के स्थान को दर्शाता है। b) 11.5 km $s^{-1}$. c) के आसपास बादल में एक गुहा (या तीव्रता-अवनमन) c) 18.5 km $s^{-1}$ के आसपास बादल में H ii क्षेत्र।

**(एल.के. देवांगन)**

## S242 तांत्विक संरचना में अंत प्रभावी पतन का अवलोकनात्मक प्रचिह्न

अंतरिक्ष-आधारित अवरक्त और उप-मिलीमीटर (उप-मिमी) डेटा ने कई तांत्विक विशेषताओं का अनावरण किया है, जहां H II क्षेत्रों से जुड़े मध्य-अवरक्त बुलबुले/शेल, अंतःस्थापित पिण्ड और युवा तारकीय पिण्डों के समूहों को आमतौर पर पहचाना गया है। तंतु विखंडन के भौतिक तंत्र और घने विशाल तारा बनाने वाले पिण्डों और युवा तारकीय समूहों के निर्माण में तंतुओं की भूमिका पर अभी भी बहस जारी है। इस संदर्भ में, हमने तारा गठन साइट S242 में दीर्घित तांत्विक संरचना (लंबाई ~30 pc) के नए CO ($^{13}$CO(1-0) और $C^{18}$O(1-0)) and CS(2-1) रेखा अवलोकनों का विश्लेषण किया है, जिसे OSO-20m दूरबीन द्वारा लिया गया था। S242 H II क्षेत्र को विशाल B0.5V-B0V तारा द्वारा ऊर्जाप्रेरित पाया गया है। एक तंतु का अंत S242 H II क्षेत्र का पोषी है, जबकि दूसरे छोर में Planck ठंडे पिण्ड होते हैं। तंतु में कई उप-क्षेत्रों को पहचाना गया है (चित्र संख्या 11 देखें), और 2.7-4.0 की मैक संख्या के साथ पराध्वनिक हैं। गतिशील अवस्थाओं का अध्ययन उप-क्षेत्रों के अतिसूक्ष्म प्रकृति (केंद्रीय भाग को छोड़कर; चित्र संख्या 11 देखें) को दर्शाता है, जिसे ऊष्मीय और अशांत गतियों के संयोजन द्वारा समर्थित नहीं किया जा सका है। युवा तारकीय पिण्डों को पूरे तंतु मेंहर ओर देखा जाता है, लेकिन इसके सिरों की ओर ये अधिक केंद्रित देखा गया है। मुख्य रूप से तंतु के छोरों के ओर घने आणविक कोर देखे गये हैं, और वायरियल संतुलन के करीब पाए गए हैं। स्थिति-वेग आरेख दोनों सिरों की ओर वेग झुकाव (~1 km $s^{-1}$ $pc^{-1}$) का पता लगाते हैं। तंतु की ओर वेग में दोलनी पैटर्न भी देखा गया है, जो इसके विखंडन को दर्शाता है। तंतु के पतन समयसीमा की गणना ~3.5 Myr आकलित की गई है। $^{13}$CO डेटा का उपयोग करते हुए, तंतु के वेग में संरचना कार्य बहुत समान पाया गया है जैसा कि ~1-3 pc लैग के लिए मुस्का बादल में देखे गए हैं, और लार्सन के वेग-आकार संबंध से अलग पाए गए हैं। उच्च लैग्स में संरचना कार्य में प्रेक्षित दोलनी पैटर्न बड़े पैमाने पर और सुव्यवस्थित वेग ढाल अस्तित्व के साथ-साथ तंतु के पास अभिवृद्धि के माध्यम से विखंडन प्रक्रिया का सुझाव देता है। सभी प्रेक्षित परिणामों को उनकी अनिश्चितताओं के साथ देखते हुए, S242 तंतु अंत-प्रभावी पतन का एक बहुत अच्छा उदाहरण है।

यह कार्य एल. ई. पिरोगोव,(IAPRAS, रूस), ओ. एल. रायाबुखिना (IAPRAS, रूस), डी. के. ओझा (TIFR, भारत), और आई. ज़िनचेंको (IAPRAS, रूस) के सहयोग से किया गया था।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab1aa6




चित्र सं. 11: साइट [S242] की ओर [-12, 6] km $s^{-1}$ पर $^{13}$CO(1-0) एकीकृत तीव्रता उत्सर्जन का कंटूर मैप। केंद्रीय स्थिति (यानी, RA (2000) = 5h 52m 12.9s; Dec (2000) = 26° 59′ 33″) के संबंध में अक्ष ऑफसेट हैं।

**(एल.के. देवांगन)**

### क्लस्टर-गठन साइट AFGL 5157: टकराते हुए तांत्विक बादल और तारा गठन




चित्र सं. 12. AFGL 5157 के बड़े स्केल पर्यावरण में दो बादलों का स्थानिक वितरण (लगभग -20 and -17 km $s^{-1}$)। एक टूटा हुआ वृत्त तारा गठन से जुड़े क्षेत्र को इंगित करता है। दो चाप जैसे वक्र युवा तारकीय पिंडों के समूहों को दर्शाते हैं।

टकराव की प्रक्रिया के द्रवगतिकीय अनुरूपण में, दो तांत्विक आणविक बादलों या प्रघात-संपीड़ित अंतराफलक परत के संधि-स्थल पर विशाल पिण्ड और कोर उत्पन्न होता है, जहां विशाल OB तारे ($\geq$ 8 $M_\odot$) का गठन हो सकता है। हालांकि, इस तरह की भौतिक प्रक्रिया या टकराव वाली घटना की अवलोकन संबंधी पुष्टि बहुत मुश्किल काम है। इस संदर्भ में, हमने AFGL 5157 (क्षेत्र $\sim$13.5 pc $\times$ 13.5 pc) में बहु-तरंगदैर्ध्य दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए तारा गठन प्रक्रिया का अवलोकन किया है। Herschel स्तंभ घनत्व मैप में अंतःस्थापित तंतु देखे गए हैं, और उनमें से एक की पहचान दीर्घित तांत्विक आकृति (लंबाई $\sim$8.3 pc; mass $\sim$1170 $M_\odot$) के रूप में की गई है। पाँच Herschelपिण्डों ($M_{clump}$ $\sim$45-300 $M_\odot$) का पता तांत्विक आकार के मध्य भाग में लगाया गया है, जहाँ एक विस्तारित तापमान संरचना ($T_d$ $\sim$13.5-26.5 K) देखी गई है। तांत्विक आकार के मध्य भाग की दिशा में,$T_d$ $\sim$20-26.5 K पर गर्म क्षेत्र, मध्य-अवरक्त शेल के साथ पहले से ज्ञात विकसित अवरक्त क्लस्टर के आसपास मिल जाता है। अवरक्त शेल के अंदर विकीर्ण H$\alpha$ उत्सर्जन का पता चला है, जो विकसित क्लस्टर में विशाल तारों की उपस्थिति का सुझाव देता है। युवा तारकीय पिण्डों के सतही घनत्व विश्लेषण के आधार पर, युवा तारकीय पिण्डों के अंतःस्थापित क्लस्टर तांत्विक आकार के मध्य भाग की ओर पाए गए हैं, और अवरक्त शेल के चारों ओर वितरित हैं। पहले पाए गए $H_2O$ मेसर, $H_2$ गाँठ, विशाल प्रोटॉतारा प्रत्याशी, और H ii क्षेत्र भी अंतःस्थापित क्लस्टर की ओर मिलें है। AFGL 5157 के आसपास बड़े क्षेत्र में, एक योजनाबद्ध छवि चित्र संख्या 12 में दिखाया गया है, जो दो बादलों (लगभग -20 और -17 km $s^{-1}$ के स्थानिक वितरण और गहन तारा गठन गतिविधियों (चित्र सं. 12 में एक टूटा हुआ घेरा देखें) से जुड़े क्षेत्र को प्रदर्शित करता है। हमने चित्र में दो चाप-जैसे वक्रों द्वारा अंतःस्थापित समूहों के स्थानों को भी दर्शाया है। इन दो तांत्विक आणविक बादलों (लंबाई $\sim$12.5 pc) के अतिव्यापी क्षेत्र में तांत्विक आकार का मध्य भाग देखा गया है, जो वेग में भी जुड़े हुए हैं। हमारे अवलोकन परिणामों से पता चलता है कि बड़े पैमाने पर तारों का निर्माण दो तांत्विक आणविक बादलों की टक्कर से शुरू होता है, जिसने AFGL 5157 में युवा तारकीय पिण्डों के जन्म को भी प्रभावित किया होगा।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab4189

**(एल.के. देवांगन)**

### अदीप्त ग्लोबुल LDN 1225 के अनावरण गुण: दूरी, विलोपन सिद्धांत, और चुंबकीय क्षेत्र

हम अदीप्त ग्लोबुल LDN 1225 की ओर वितरित 280 सितारों के प्रकाशिक R-बैंड ध्रुवीकरण प्रेक्षणों के आधार पर परिणामों को प्रस्तुत करते हैं। Gaia डेटा $\sim$ 200 तारों के ध्रुवीकरण डेटा के साथ-साथ 2 लंबनों के डेटा का उपयोग (a) 830$\pm$83 pc के रूप में LDN 1225 की दूरी को बाधित करने के लिए, (b) अन्तरातारकीय ध्रुवीकरण (ISP) का योगदान निर्धारित करने के लिए, और (c) धूल के गुणों को चिह्नित करने और LDN 1225 के चुंबकीय क्षेत्र (B- क्षेत्र) आकारिकी को परिसीमित करने के लिए किया गया है। हम पाते हैं कि B-क्षेत्र अधिक संगठित हैं और 12° का छोटा सा फैलाव प्रदर्शित करते हैं। स्तंभ के घनत्व, B-क्षेत्र में फैलाव के साथ पर्पल माउंटेन ऑब्ज़र्वेटरी (PMO) से $^{12}$CO आणविक लाइन डेटा का उपयोग करते हुए, हम अनुमान लगाते हैं कि B-क्षेत्र शक्ति $\sim$ 56$\pm$10$\mu$G है, चुंबकीय से प्रक्षोभ दबाव $\sim$ 3$\pm$2, और द्रव्यमान-से-चुंबकीय प्रवाह अनुपात (महत्वपूर्ण मान की इकाइयों में) $<$1 है। ये परिणाम बादल आधार प्रदान करने में प्रक्षोभ और गुरुत्वाकर्षण की तुलना में B-फ़ील्ड की प्रमुख भूमिका का संकेत देते हैं। B-क्षेत्र बादल के कम-घनत्व वाले भागों ($^{12}$CO मैप से पता लगाया गया है) के समानांतर संरेखित होते हैं, इसके विपरीत वे उच्च घनत्व वाले कोर संरचनाओं के समानांतर या लंबवत नहीं हैं ($^{13}$CO और C$^{18}$O मैप द्वारा पता लगाया गया))। LDN 1225 दो 70 $\mu$m स्रोतों का पोषी है, जो कि कम-द्रव्यमान क्लास 0 स्रोतों के होते हैं। प्रकाशिक और निकट-अवरक्त फोटोमीट्रिक डेटा का उपयोग करके प्राप्त कुल-से-चयनात्मक विलोपन असंगत ($R_V$ = 3.4) पाया गया है, जो LDN 1225 में धूल कण के विकास का सुझाव देता है। धूल कण की ध्रुवीकरण दक्षता -0.7 की शक्ति-सिद्धांत सूचकांक का अनुसरण करती है जो यह निष्कर्ष निकालती है कि प्रकाशिक ध्रुवीकरण बादल के बाहरी भागों में B-क्षेत्रों का पता लगाती है।

यह कार्य सी. ईश्वरैया, एस.-पी. लाई (NTHU, ताइवान), वाई. मा (PMO, चीन), ए.के.पांडे (ARIES, नैनीताल), जे. जोस (IISER, तिरुपति), और विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों/संगठनों से टीम के अन्य सदस्यों के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab0a0c

**(एम.आर. सामल)**

### SOFIA के साथ H II क्षेत्र समूहों की ओर [C II] 158 m उत्सर्जन की उत्पत्ति को समझना: S235 पर एक केस अध्ययन

यद्यपि $\lambda \simeq$158 $\mu$m पर [C II] का $^2P_{3/2} - ^2P_{1/2}$ संक्रमण सक्रिय तारा गठन का एक उत्कृष्ट अनुरेखक के रूप में जाना जाता है, पर हमें अभी भी तारा गठन क्षेत्रों के भीतर उत्सर्जन उत्पत्ति स्थल की पूरी समझ नहीं है। यहां, हम [C II] उत्सर्जन की उत्पत्ति के बारे में विस्तार से समझने के लिए HII क्षेत्र के परिसर Sh2-235 (S235) की ओर [C II] उत्सर्जन (चित्र संख्या 13a में दिखाए गए)

के SOFIA upGREAT प्रेक्षणों का उपयोग करते हैं। हम इन आंकड़ों को पूरी तरह से सैंपल किए गए आयनित हाइड्रोजन गैस का पता लगाने वाले ग्रीन बैंक दूरबीन रेडियो पुनर्संयोजन लाइन मैप के साथ जोड़ते हैं। S235 के साथ जुड़े कुल [C II] उत्सर्जन का लगभग आधा आयनित हाइड्रोजन गैस के साथ स्थानिक रूप से संपाती है, हालांकि आयनित हाइड्रोजन मात्रा (चित्र संख्या 13b में दिखाया गया है) से इस उत्सर्जन के निकलने का बहुत कम सबूत स्पेक्ट्रोस्कोपीय विश्लेषण दर्शाता है। वेग-एकीकृत [C II] तीव्रता पूरे परिसर में दृढ़ता से WISE 12 $\mu$m तीव्रता के साथ सहसंबद्ध है, जो यह दर्शाता है कि दोनों परा बैंगनी विकिरण क्षेत्रों का पता लगाते हैं। 22 $\mu$m और रेडियो सातत्य तीव्रता S235 क्षेत्र के आयनित हाइड्रोजन भाग में केवल [C II] तीव्रता के साथ सहसंबद्ध हैं और [C II] और आणविक गैस ट्रेसरों के बीच के संबंध पूरे क्षेत्र में खराब हैं। हम बाहरी आकाशगंगाओं के नमूने पर औसतित उत्सर्जन के इसी तरह के परिणाम पाते हैं, हालांकि सहसंबंधों की तीव्रता कमजोर है। इसलिए, हालांकि कई ट्रेसर को [C II] उत्सर्जन की तीव्रता से सहसंबंधित किया जाता है, पर केवल WISE 12 $\mu$m उत्सर्जन विशिष्ट [C II] क्षेत्र S235 के छोटे पैमाने पर सहसंबद्ध है और संपूर्ण आकाशगंगाओं के पैमाने पर अच्छा सहसंबंध भी है। आकाशगंगेय [C II] क्षेत्रों के एक बड़े नमूने के आगे के अध्ययन से यह निर्धारित करने में मदद मिलेगी कि क्या ये परिणाम वास्तव में द्योतक हैं।

यह कार्य एल. एंडरसन, जेड. माकाई, एल. लुसी (वेस्ट वर्जीनिया यूनिवर्सिटी, यूएसए), एम. एंडरसन (जेमिनी साउथ, चिली), डी. रसेल (LAM, फ्रांस) और विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों/संगठनों से टीम के अन्य सदस्यों के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab1c59




चित्र सं. 13: a) 33 पिक्सेल गाऊसी कर्नेल (लगभग बीम आकार) द्वारा समतलित, SOFIA [C II] 158 डेटा का (-29 से 12 किमी/सेकंड) एकिकृत तीव्रता मैप। लाल घेरे रुचि के क्षेत्रों को परिबद्ध करते है, जबकि डैश घेरे पृष्ठभूमि क्षेत्रों को दिखाते हैं। भरे हुए लाल तारे आयनकारी स्रोत BD+351201 की स्थिति दर्शाते हैं। छोटे HII क्षेत्र मजबूत और सघन [C II] उत्सर्जन दिखाते हैं। ख) S235MAIN की ओर [C II] उत्सर्जन की स्थिति-वेग विश्लेषण। शीर्ष दायाँ पैनल, [C II] उत्सर्जन के 0 एकीकृत तीव्रता मैप को दिखाता है, लाल रंग में S235ION और सियान में S235PDR के साथ रंग कोडित। सफेद कंटूर 13 CO 2 - 1 moment 0 उत्सर्जन के और हरे कंटूर RRL के 0 moment उत्सर्जन हैं। ग्रे तारा प्रतीक आयनकारी स्रोत के स्थान को दर्शाता है। अन्य दो पैनल एक ही रंग योजना और 13 CO 2 - 1 कंटूर के साथ p-v आरेख दिखाते हैं। हरे क्रॉस गाऊसी से प्राप्त वेग को दर्शाते हैं जो स्थानिक दिशा में एकीकृत RRL डेटा के लिए फिट बैठते हैं; क्रॉस का आकार आयाम दर्शाता है। S235ION की दिशा में देखा गया [C II] उत्सर्जन आयनित हाइड्रोजन गैस के सापेक्षी ब्लूशिफ्टेड है, जबकि S235PDR का वेगों की विस्तृत सीमा में पाया जाता है। हमें आयनित हाइड्रोजन आयतन से सार्थक [C II] उत्सर्जन का कोई प्रमाण नहीं मिलता है।

**(एम.आर. सामल)**

## MFOSC-P से प्रथम परिणाम: 100 पार्सेक के भीतर M बौनों के नमूने का कम विभेदन प्रकाशिक स्पेक्ट्रोस्कोपी

हाल के दिनों में, M बौने बाह्यग्रह खोज के लिए बहुत रोचक हैं क्योंकि वे वासयोग्य क्षेत्र में बाह्यग्रहों के पोषी पाए गए हैं। उनके सटीक वायुमंडलीय गुणों और मूलभूत मापदंडों का निर्धारण उनके वायुमंडलीय और विकासवादी मॉडल को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक है। इस अध्ययन में, हमारा उद्देश्य दृश्यमान तरंगबैंड में 80 उज्ज्वल M बौनों (R $\sim$ 500) का कम विभेदन स्पेक्ट्रोस्कोपीय कैटलॉग प्रदान करना है। इसके अलावा, हम M बौनों के प्रकाशिक स्पेक्ट्रा का उपयोग करके इनके नमूने को वर्गीकृत करना चाहते हैं। हमने वर्णक्रमीय संश्लेषण और $\chi^2$ न्यूनीकरण तकनीकों का निष्पादन किया है ताकि, हाल ही में BT-Settl सिंथेटिक स्पेक्ट्रा के साथ प्रेक्षित स्पेक्ट्रा की तुलना करके प्रभावी तापमान और सतह गुरुत्वाकर्षण जैसे उनके मूलभूत मापदंडों को निर्धारित किया जा सके। हमारे नमूने में M बौनों का स्पेक्ट्रल प्रकार M0 से M5 तक है। व्युत्पन्न प्रभावी तापमान और सतही गुरुत्वाकर्षण क्रमशः 4000 K से 3000 K और 4.5 से 5.5 dex तक हैं। अधिकांश मामलों में, व्युत्पन्न वर्णक्रमीय प्रकार पूर्व में नियत प्रकाश मापन-संबंधी वर्गीकरण के साथ अच्छे से मेल खाते हैं। यह पीआरएल 1.2 मीटर दूरबीन पर नए स्थापित MFOSC-P उपकरण से प्राप्त पहला विज्ञान परिणाम है।

यह कार्य यूनिवर्सिटी लियोन के प्रो. फ्रांस ऑलार्ड, एन्स डे लियोन, फ्रांस और ज़ेनट्रम फर एस्ट्रोनॉमी डेर यूनिवर्सीटाट हीडलबर्ग, लैंड्स्टर्नवर्थ, कोनिस्टल 12, 69117 हीडलबर्ग, जर्मनी के डॉ. डी. होमियर के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1093/mnras/staa163




चित्र सं. 14: SDSS टेम्पलेट स्पेक्ट्रा (लाल) की तुलना M बौने (काले) के वर्णक्रमीय अनुक्रम से की गई है। हमारे नमूने के विभिन्न उपवर्गों के प्रतिनिधि स्पेक्ट्रा को मेल दिखाने के लिए चुना गया है। व्युत्पन्न वर्णक्रमीय प्रकार के साथ सबसे प्रमुख वर्णक्रमीय आकृतियों को भी अंकित किया गया है।

**(ए.एस. राजपुरोहित, एम.के. श्रीवास्तव, वी. कुमार, वी. दीक्षित और ए. पटेल)**

## एक दुर्लभ पूर्व-मुख्य-अनुक्रम हर्बिग Ae/Be तारा VES 263 की खोज




चित्र सं. 15: तीन अलग-अलग अवस्थाओं में VES 263 का वर्णक्रमीय ऊर्जा वितरण (निष्क्रिय, न्यूनतम और वर्तमान विस्फोट के दौरान चरम चमक)। निष्क्रियता में SED को B1II स्टार के लिए सिंथेटिक स्पेक्ट्रम और धूल के लिए 400-25 K पर ब्लैक-बॉडी उत्सर्जन के साथ फिट किया गया है। अन्य कालों के लिए, ब्लैक-बॉडी को B1II स्टार में जोड़ा गया है (सभी एक ही E (B-V) = 1.80 द्वारा लालिमाकृत)।

बड़े पूर्व-मुख्य-अनुक्रम तारे बहुत दुर्लभ हैं, और लगभग एक दर्जन ऐसे पिंडों की पहचान अब तक की गई है। हमने दीर्घकालिक, उच्च समयढाल, प्रकाशिक और निकट-अवरक्त प्रकाश मीति और स्पेक्ट्रोस्कोपीय प्रेक्षणों का उपयोग करते हुए एक वास्तविक बड़े पूर्व-मुख्य अनुक्रम पिंड VES 263 की खोज की है। VES 263, 1960 के दशक में परोक्ष कारक प्रिज्म प्लेटों पर खोजा गया अब तक उपेक्षित उत्सर्जन-लाइन पिंड है, जिसे ASASSN प्रकाशवक्रों के स्वचालित विश्लेषण द्वारा एक अर्ध-नियमित AGB ठंडा विशालतारा के रूप में वर्गीकृत किया गया है। GAIA ने हाल ही में 2018 में एक प्रभासन घटना की पहचान की है। हमने हार्वर्ड, मॉस्को और सोनबर्ग फोटोग्राफी फलक से 1896 से 1995 तक VES 263 के प्रकाश मीति इतिहास का भी पुनर्निर्माण किया है। हमारे विश्लेषण ने अनुमान लगाया है कि तारा हर्बिग AeBe प्रकार का है जिसमें लगभग 12 $M_\odot$ का द्रव्यमान है। यह Cyg OB2 तारा-गठनी क्षेत्र के भीतर 1.68$\pm$0.07 kpc की दूरी पर स्थित है, और यह अन्तरातारकीय विलोपन के कारण अत्यधिक लाल (E(B-V) =1.80$\pm$0.05) है। निष्क्रिय चरण में, वर्णक्रमीय ऊर्जा वितरण, केंद्रीय B1II तारा से $\sim$20,000 K प्रभामंडलीय उत्सर्जन द्वारा, और परिस्थितिजन्य गर्म धूल (T <400K) के उत्सर्जन से $\lambda > 6\mu$m पर प्रभावित होता है। एकीकृत प्रवाह और उत्सर्जन लाइनों के दोहरे शिखर वाले प्रोफाइल के विकास द्वारा ये पता लगाया गया कि B1II तारे के चारों ओर अभिवृद्धि डिस्क के एक उज्ज्वल प्रकीर्णन के कारण 2018-19 विस्फोट हुआ था। विस्फोट के चरम पर, डिस्क में $\sim$7500 K का विस्तृत तापमान और L $>$ 860 $L_\odot$ संदीप्ति है, जो अभिवृद्धि दर $>$ 1.1$\times$10$^{-1}$ $M_\odot$ yr$^{-1}$ के अनुरूप है। भिन्न तीव्रता के संभाव्य द्विध्रुवीय जेट (-700 and +700 km s$^{-1}$ पर) के स्पेक्ट्रोस्कोपीय प्रचिह्न पाए गए हैं जो धूल के लिए 400-25 K पर ब्लैक-बॉडी उत्सर्जन हैं। अन्य कालों (सभी एक ही E (B-V) = 1.80 द्वारा लालिमाकृत) के लिए ब्लैकबॉडी को B1II तारा में जोड़ा गया है)।

यह कार्य INAF एस्ट्रोनॉमिकल ऑब्जर्वेटरी ऑफ़ पडोवा, इटली के प्रो. उलिससे मुनेरी, प्रो. के. कोटर, गणित और भौतिकी के संकाय, लजुब्जाना विश्वविद्यालय, स्लोवेनिया और डॉ. शुगारोव एस.वाई., स्टर्नबर्ग एस्ट्रोनॉमिकल इंस्टीट्यूट, एम.वी. लोमोनोसोव मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी, रूस के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:`https://doi.org/10.1093/mnras/stz2078`

**(वी. जोशी और डी.पी.के. बनर्जी)**

## पहली आकाशगांगेय अतिचमकदार एक्स-रे पल्सर स्विफ्ट J0243.6+6124 से एक उभरती विस्तृत लौह रेखा

एक्स-रे क्षणिक स्विफ्ट J0243.6+6124 की खोज नील गेहरेल्स स्विफ्ट वेधशाला द्वारा 2017 अक्टूबर में एक मजबूत शुरुआत के दौरान की गई थी। 9.8s स्पंदनों की पहचान ने स्रोत को एक्स-रे पल्सर के रूप में पहचाना। स्विफ्ट J0243.6+6124 एक अत्यधिक चुम्बकीय न्यूट्रॉन तारा ($\leq$ 10$^{13}$ G) का पोषी है, जो Oe- या प्रारंभिक Be-प्रकार के एक बड़े प्रकाशिक साथी से अभिवर्धित हुआ है। इसके चुंबकीय क्षेत्र पर बाधा को अस्थायी रूप से स्रोत प्रवाह विकास से "प्रोपेलर" चमक, कठोरता अनुपात से महत्वपूर्ण चमक को मापते हुए, और NICER डेटा में पता लगाए गए अर्ध-आवधिक दोलनों के आधारित अलग-अलग स्वतंत्र तरीकों का उपयोग करके प्राप्त किया गया है। इस प्रणाली में 27.6 दिन की उत्केन्द्री कक्षा है और यह $\sim$ 7 kpc की दूरी पर स्थित है। इस प्रणाली से 2017 का विशाल प्रस्फोट लगभग पांच महीने तक रहा, जिसमें चरम एक्स-रे चमक $\sim$ 10$^{39}$ erg s$^{-1}$ थी, जो न्यूट्रॉन तारा की एडिंगटन सीमा से अधिक थी। इस चमक ने स्रोत को एक अतिचमकदार एक्स-रे (ULX) पल्सर के रूप में वर्गीकृत किया, जो कि हमारे आकाशगंगा में सबसे पहले पाया गया था। ULX शक्तिशाली, दूर-नाभिकीय (परागांगेय), बिंदु-जैसे स्रोत हैं, जो $\geq$ 10$^{39}$ erg s$^{-1}$ चमक पर उत्सर्जित होते हैं। उनमें से कुछ 1-30 s घूर्णी अवधि सीमा के साथ पल्सर हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि इन स्रोतों में ऊर्जा कहां से आती हैं। एक संभावित स्पष्टीकरण सुपर-एडिंगटन अभिवृद्धि और ज्यामितीय समतलीकरण प्रभाव के संयोजन से समझ सकते हैं।

न्यूट्रॉन स्टार इंटीरियर कम्पोज़िशन एक्सप्लोर (NICER) प्रेक्षणों का उपयोग करते हुए, हमने 2017-2018 के ज़ोरदार प्रस्फोट के दौरान अतिचमकदार पल्सर स्विफ्ट J0243.6+6124 की वर्णक्रमीय विशेषताओं का पता लगाया। NICER अवलोकनों से प्राप्त स्रोत के 1.2-10 keV ऊर्जा स्पेक्ट्रम को अवशोषित कटऑफ शक्ति-सिद्धांत मॉडल के अनुरूप माना जा सकता है। हम 6-7 keV ऊर्जा रेंज (चित्र संख्या 16) में मजबूत, चमक-निर्भर उत्सर्जन रेखाओं का पता लगाते हैं। उप-एडिंग्टन समय में देखी गई एक संकीर्ण 6.42 keV रेखा, सुपर-एडिंगटन समय में एक व्यापक Fe-रेखा प्रोफ़ाइल में विकसित होती देखी गई है। अन्य विशेषताएं Fe-रेखा क्षेत्र में 6.67 keV और 6.97 keV में पाई गई हैं। 6.67 keV के चरम पर एक असममित व्यापक-रेखा प्रोफ़ाइल है, जो संभवतः डॉपलर प्रभाव और गुरुत्वाकर्षण रेडशिफ्ट के कारण है। न्यूक्लियर स्पेक्ट्रोस्कोपिक दूरबीन ऐरे (NuSTAR) से 1.2-79 keV ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम और प्रस्फोट शिखर पर NICER प्रेक्षणों को अवशोषित कटऑफ शक्ति कानून और कई गाऊसी रेखाओं और एक काले घटक द्वारा अच्छी तरह से वर्णन किया गया है। व्यापक लौह-आकृति की जांच के लिए भौतिक प्रतिबिंब मॉडल का भी परीक्षण किया गया है। द्रव्यमान अभिवृद्धि दर के आधार पर, हमें उत्सर्जन स्थान मिले जो न्यूट्रॉन तारे की सतह के करीब 5000 किमी से लेकर निकट सीमा तक विकसित हो

रहे हैं। हमारे निष्कर्षों को अभिवृद्धि डिस्क और चुंबकीय क्षेत्र पर इसके तात्पर्य, चुंबकमंडल में प्रकाशिक रूप से मोटी अभिवृद्धि परत की उपस्थिति, जेट उत्सर्जन, और सुपर-एडिंगटन अभिवृद्धि दरों पर अपेक्षित भारी, अतिद्रुत बहिर्वाह संरचना के संदर्भ में चर्चा की गई है। हमने NICER या NuSTAR डेटा में किसी साइक्लोट्रॉन अवशोषण रेखा का कोई भी प्रचिह्न नहीं देखा है।

यह कार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष संस्थान, डेनमार्क तकनीकी विश्वविद्यालय, डेनमार्क के गौरव के. जायसवाल के सहयोग से किया गया था।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab4595




चित्र सं. 16: स्विफ्ट J0243.6+6124 की फिटिंग 1.2-10 keV ऊर्जा स्पेक्ट्रा द्वारा प्राप्त सातत्य मॉडल के लिए NICER डेटा का अनुपात, $L^{37}$ ($10^{37}$ erg $s^{-1}$) की इकाइयों में बढ़ते चमक के क्रम में व्यवस्थित किया गया है। 6.4, 6.67 और 6.98 keV ऊर्जा पर 6-7 keV रेंज में तीन उत्सर्जन रेखाओं (ऊर्ध्वाधर डैश-बिंदीदार रेखाएं) का पता चला है।

**(एस. नाईक)**

### 2018 के विशाल प्रस्फोट के दौरान Be/X-ray द्वितारा पल्सर 2S 1417-624 का NuSTAR अवलोकन

Be/X-ray द्वितारा पल्सर, जो कि ज्ञात उच्च द्रव्यमान एक्स-रे द्वितारा (HMXB) प्रणाली के $\sim$67% का गठन करते हैं, साधारणतः आकाश में क्षणिक एक्स-रे स्रोत हैं। द्वितारा प्रणाली में न्यूट्रॉन तारा और एक Be साथी तारा द्रव्यमान के सामान्य केंद्र के चारों ओर विस्तृत और उत्केन्द्री कक्षाओं में परिक्रमा करते हैं जिनके कक्षीय काल दस दिनों से लेकर कई सौ दिनों तक होते हैं। इन स्रोतों में देखी गई क्षणिक गतिविधि उपतारा मार्ग पर Be तारा के विषुवतीय परितारकीय डिस्क से भारी मात्रा में द्रव्यमान प्रग्रहण के कारण घटित होती है। उपतारा मार्ग पर परितारकीय डिस्क से न्यूट्रॉन तारा में द्रव्यमान स्थानांतरण के कारण, न्यूट्रॉन तारे (पल्सर) की एक्स-रे चमक तीव्रता, कई कोटि तक बढ़ जाती है। एक्स-रे चमक में आकस्मिक वृद्धि को एक्स-रे प्रस्फोट कहा जाता है। Be/X-ray द्वितारा पल्सर टाइप- I और टाइप-II एक्स-रे प्रस्फोट जैसे दो प्रकार के एक्स-रे प्रस्फोट प्रदर्शित करने के लिए जाने जाते हैं। टाइप- I प्रस्फोट आवधिक एक्स-रे घटनाएं हैं जो साधारणतः Be/X-ray द्वितारा प्रणाली में न्यूट्रॉन तारा के पेरिस्ट्रॉन मार्ग पर होती हैं। ये घटनाएं द्वितारा कक्षा की लगभग 20-30% अवधि तक रहती हैं। हालाँकि, इन Be/X-ray द्वितारा पल्सर से प्रेक्षित एक्स-रे प्रस्फोट के दौरान चरम चमक, टाइप- I प्रस्फोट के समय की तुलना में कई गुना बढ़ जाती है। इन घटनाओं को टाइप- II (विशाल) एक्स-रे प्रस्फोट के रूप में जाना जाता है। इन घटनाओं को कभी-कभी कुछ हफ्तों से लेकर कुछ महीनों तक प्रेक्षित किया जाता है और ये द्वितारा के कक्षीय चरण से स्वतंत्र होतीहैं। यह देखा गया है कि इन प्रणालियों में न्यूट्रॉन तारा के गुण इसकी एक्स-रे चमक पर काफी निर्भरता दर्शाते हैं। इसलिए, एक्स-रे प्रस्फोट के दौरान व्यापक चमक रेंज में इन पिंडों के विशिष्ट गुणों को समझना रोचक होता है। यह द्वितारा प्रणाली की ज्यामिति और विकास पर जानकारी प्रदान करेगा।

Be/X-ray द्वितारा पल्सर 2S 1417-624 में कई सारे टाइप- I और टाइप- II एक्स-रे प्रस्फोट देखे गए हैं। उनमें से, 2009 में पल्सर के RXTE अवलोकनों का उपयोग करके, प्रेक्षित विशाल प्रस्फोट का विस्तार से अध्ययन किया गया है। इस पल्सर का हाल ही में (2018 में) एक और विशाल एक्स-रे प्रस्फोट हुआ था, जिसके दौरान यह स्विफ्ट और NuSTAR वेधशालाओं से देखा गया था। हमने प्रस्फोट के चरम पर लिए गए इन आंकड़ों का विस्तृत विश्लेषण किया है। 79 keV पर प्रकाश वक्रों में 17.475 सेकेंड पर एक्स-रे स्पंदनों का पता लगा है। ऊर्जा के साथ पल्सर के स्पंद प्रोफाइल का विकास जटिल पाया गया। निचली ऊर्जाओं में एक चार-शिखर वाली प्रोफ़ाइल धीरे-धीरे उच्च ऊर्जा (चित्र संख्या 17) में एक डबल-शिखर संरचना में विकसित हुई। NuSTAR अवलोकन से गणना की गई परिकलित पल्सर का स्पंदित अंश, 2009 में विशाल एक्स-रे प्रस्फोट के अध्ययन के दौरान चमक के साथ विरोधी सहसंबंध प्रवृत्ति का पालन करता पाया गया था। अंतरतारकीय अवशोषण, 1 keV तापमान के साथ तापीय ब्लैकबॉडी घटक और 6.4 keV लौह उत्सर्जन रेखा के लिए गॉऊसी फलन साथ संशोधित कट-ऑफ शक्ति-सिद्धांत वाले संयुक्त मॉडल द्वारा पल्सर के ब्रॉड-बैंड स्पेक्ट्रम को अच्छी तरह से वर्णित किया गया है। हालांकि पल्सर को विशाल प्रस्फोट के चरम पर देखा गया था, स्पेक्ट्रम में किसी भी साइक्लोट्रॉन रेखा आकृति की उपस्थिति का कोई संकेत नहीं था। ब्लैकबॉडी उत्सर्जक क्षेत्र की त्रिज्या लगभग 2 कि.मी. होने का अनुमान लगाया गया था, जो यह सुझाव देता है कि इसकी उत्पत्ति का सबसे संभावित स्थल न्यूट्रॉन तारे की तारकीय सतह है। पल्सर के उत्सर्जन ज्यामिति को समझने के लिए भौतिक मॉडल भी खोजे गए थे।

यह कार्य डेनमार्क तकनीकी विश्वविद्यालय, डेनमार्क के राष्ट्रीय अंतरिक्ष संस्थान के जी. के. जायसवाल के सहयोग से किया गया था।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1093/mnras/stz2795




चित्र सं. 17: 2018 मई के विस्फोट के दौरान स्विफ्ट और NuSTAR प्रेक्षणों से प्राप्त 2S 1417-624 ऊर्जा विभेदित पल्स प्रोफाइल। क्रमिक प्रोफाइलों के बीच दृढ़ ऊर्जा निर्भरता आसानी से पता लगाया गया है।

**(एस. गुप्ता और एस. नाईक)**

### आकाशगांगेय एक्स-रे द्वितारा MAXI J1659-152 में ब्लैक-होल के लिए प्रतिगामी गति

एक खगोल भौतिक ब्लैक होल को दो गुणों द्वारा पहचाना जाता है - द्रव्यमान और कोणीय गति। द्रव्यमान के विपरीत, एक आयाम रहित घूर्णी पैरामीटर (-1 < a (= $cJ/GM^2$ ) < 1) द्वारा निरूपित कोणीय गति का सटीक अनुमान लगाना अज्ञात प्रणाली मापदंडों के साथ-साथ उच्च विभेदन ब्रॉडबैंड डेटा की अनुपलब्धता के कारण मुश्किल है । एक्स-रे द्वितारा में तारकीय-द्रव्यमान वाले ब्लैक होल की घूर्णी सुपरनोवा विस्फोटों के दौरान प्राप्त हुए उत्पत्ति कालीन ठोकर की याद दिलाता है और इसलिए ब्लैक-होल आबादी में यादृच्छिकता से वितरित होना चाहिए। हालांकि, अवलोकन के आधार पर, अधिकांश ब्लैक होल में धनात्मक घूर्णी पाया जाता है और केवल एक या दो रिपोर्टों के लिए ही ऋणात्मक घूर्णी की संभावना का संकेत मिलता है। आकाशगांगेय ब्लैक होल एक्स-रे द्वितारा MAXI J1659-152 के विस्तृत एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोपीय विश्लेषण के साथ, हमने दिखाया कि इस द्वितारा प्रणाली में ब्लैक होल में संभवतः ऋणात्मक घूर्णी होती है। हमने इस एक्स-रे द्वितारा के 2010 के प्रस्फोट के दौरान किए गए XMM-Newton/EPIC-pn और RXTE/PCA अवलोकनों का समकालिक विश्लेषण किया है। 0.7-40.0 keV स्पेक्ट्रम बहु-रंग ब्लैकबॉडी और शक्ति सिद्धांत घटकों के संयोजन के साथ फिट किया गया था। EPIC-pn स्पेक्ट्रम ने 7 keV के आसपास केंद्रित एक व्यापक Fe-लाइन की उपस्थिति को दिखाया है जिसे मोंटे-कार्लो अनुरूपण का उपयोग करके जांच किया गया था। स्पेक्ट्रा में प्रतिबिंब आकृतियों के कारण को दर्शाने में अत्याधुनिक प्रतिबिंब कोड relxill जोड़ा गया था। इस विश्लेषण का महत्वपूर्ण हिस्सा यह था कि अज्ञात ब्लैक-होल द्रव्यमान (M) और दूरी (D) के बावजूद घूर्णी पर नियंत्रण प्राप्त किया गया था। इस उद्देश्य के लिए, पिछले अध्ययनों द्वारा रिपोर्ट किए गए M और D को मानों की श्रेणी में नियत करने के बाद द्रव्यमान अभिवृद्धि दर के लिए फिट करने की एक नई विश्लेषण पद्धति अपनायी गई थी। बाकी सभी मापदंडों को भिन्न होने के लिए छोड़ दिया गया था। पिछले अध्ययनों के आधार पर अभिवृद्धि दर की सीमा पर विभिन्न उचित अनुमानों पर विचार करके घूर्णी पर ऊपरी सीमा प्राप्त की गई थी। हमने घूर्णी का अनुमान लगाने के लिए दो अलग-अलग तरीके लागू किए और दोनों ने समान ऊपरी सीमाएं प्रदान कीं। इस प्रकार, यह निष्कर्ष निकाला गया है कि बड़े पैरामीटर क्षेत्र ($\sim$ 95%) के लिए MAXI J1659-152 में ब्लैक होल की घूर्णी ऋणात्मक या शून्य है। यह परिणाम इस संभावना को उजागर करता है कि ब्लैक होल में प्रतिगामी गति अपवाद के बजाय एक मानक है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/2041-8213/ab629e

**(एस.के. राउत और एस. वडवाले)**

### सक्रिय गांगेय नाभिक की बहु-तरंग दैर्ध्य अध्ययन

सक्रिय गांगेय नाभिक (AGNs), चर और जटिल वर्णक्रमीय ऊर्जा वितरण प्रदर्शित करते हैं। एक AGN का केंद्रीय इंजन, एक अभिवृद्धिकारी अत्यधिक द्रव्यमान वाला ब्लैक होल (SMBH) है, जो चमक रेंज $10^{41-47}$ erg $s^{-1}$ में लगभग पूरे विद्युतचुंबकीय स्पेक्ट्रम पर विकिरण करने के लिए जाना जाता है। सबसे चमकीले AGN में, केंद्रीय इंजन से निकलने वाला तीव्र विकिरण तारों जैसी पोषी आकाशगंगा के अन्य घटकों से आने वाले प्रकाश पर हावी होता है। अत्यधिक द्रव्यमान वाले ब्लैक होल में अभिवृद्धि को इन पिंडों में भारी ऊर्जा उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। ऐसा माना जाता है की इन पिंडों पर शक्ति सिद्धांत मॉडल, सातत्य उत्सर्जन पर हावी होता है, जो प्रकाशिक रूप से पतले और गर्म इलेक्ट्रॉन प्लाज्मा ($kT_e \sim$ 100 keV) में SMBH के चारों ओर अभिवृद्धि डिस्क से उत्सर्जित होने के लिए जाना जाता है। सेफर्ट आकाशगंगाओं में, UV बैंड में अभिवृद्धि डिस्क से निकलने वाले विकिरण का प्रभुत्व है। हालांकि, दृष्टि रेखा के पास बड़े गांगेय अवशोषण के कारण, UV विकिरण शिखर का शायद ही पता लग पाता है। प्रेक्षित UV/प्रकाशिक उत्सर्जन, $10^{6-9}$ $M_\odot$ ब्लैक होल द्रव्यमान रेंज के लिए दिनों से लेकर वर्षों तक विभिन्न समय-पैमानों पर अलग-अलग भिन्नताएं दिखाता है। हालांकि, अभिवृद्धि डिस्क से UV/प्रकाशिक उत्सर्जन में देखी गई परिवर्तनशीलता का कारण बहुत स्पष्ट नहीं है।

घंटों से लेकर सालों के समय-पैमानों पर एक्स-रे और UV/प्रकाशिक रेंज में बड़ी प्रवाह विविधताएं, AGN में बहुत आम हैं। इन भिन्नताओं के लिए अलग-अलग प्रस्तावित भौतिक तंत्र हैं। महीनों से लेकर वर्षों तक के क्रम की लंबी विविधताएं अभिवृद्धि डिस्क में उतार-चढ़ाव के प्रसार से संबंधित हो सकती हैं, जबकि अल्पकालिक विविधताएं

कम तरंग दैर्ध्य से लंबे तरंग दैर्ध्य विकिरण के पुनर्संसाधन से जुड़े होते हैं। हम प्रणाली में चल रही प्रमुख भौतिक प्रक्रिया की पहचान करने के लिए UV/प्रकाशिक और एक्स-रे बैंड में सेफ़र्ट 1 आकाशगंगा Mrk 509 के विस्तृत परिवर्तनशीलता अध्ययन करना चाहते हैं। अनियमित अंतराल पर 2006 से इस AGN की स्विफ्ट उपग्रह से निगरानी की जा रही है। UV/प्रकाशिक और एक्स-रे में स्रोत का बड़ी संख्या में अवलोकन और कई युगों को कवर करते हुए समकालिक रूप हमें दीर्घकालिक और साथ ही अल्पकालिक परिवर्तनीयताओं के संदर्भ में एक विस्तृत विश्लेषण का अवसर देता है। हम अपने अध्ययन में छह UV/ प्रकाशिक और एक्स-रे (0.3-10 keV) बैंड में लगभग 297 एक्सपोज़र का उपयोग करते हैं। अवशोषित शक्ति सिद्धांत और सॉफ्ट बैंड (0.3-1.0 keV) में ब्लैकबॉडी से युक्त एक मॉडल द्वारा 0.3-10 keV रेंज में एक्स-रे स्पेक्ट्रा अच्छी तरह से वर्णित किए गए हैं। हम सहसंबंध विश्लेषण का उपयोग करते हुए, मानक शकुरा-सुनयव डिस्क में मौजूदा मान्यताओं का परीक्षण करते हैं। एक्स-रे और UV/प्रकाशिक ऊर्जा बैंड के बीच पाए जाने वाले अलग-अलग समय-अंतराल अभिवृद्धि डिस्क की सीमा तक अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.25518/0037-9565.8767

**(एन. कुमारी और एस. नाईक)**

**PKS 2250-351: एबेल 3936 में एक विशालकाय रेडियो आकाशगंगा**




चित्र सं. 18: 888 MHz ASKAP सातत्य डेटा से PKS 2250-351 की ग्रेस्केल छवि। लाल कंटूर $4\sigma$ से शुरू होती है और $\sqrt{2}$ के गुणांक से बढ़ती है। कोर और लॉब्स के शीर्ष पर स्थित विसरित उत्सर्जन के हॉटस्पॉट को स्पष्ट रूप से पहचाना गया है। पूर्वी लोब के भीतर जेट को कई गांठों के साथ प्रेक्षित किया गया है।

हम एक विशाल रेडियो आकाशगंगा PKS 2250-351 का विस्तृत अध्ययन प्रस्तुत करते हैं, जो 1.2 Mpc के प्रस्तावित रैखिक आकार को दर्शाता है (चित्र संख्या 18 देखें)। हम जेट पावर को मॉडल करते हैं और मर्चिसन वाइड-फील्ड ऐरे, अपग्रेडेड जाइंट मीटर-वेवलेंथ रेडियो दूरबीन, द ऑस्ट्रेलियन स्क्वायर किलोमीटर ऐरे पाथफाइंडर और द ऑस्ट्रेलिया टेलीस्कॉप कॉम्पैक्ट ऐरे से बहु आवृत्ति रेडियो अवलोकनों का उपयोग करके रेडियो लोब के युग का अनुमान लगाते हैं। हम पाते हैं कि लोब-व्युत्पन्न जेट पावर (एक समय-औसतित माप), हॉटस्पॉट-व्युत्पन्न जेट पावर (एक तात्कालिक माप) से एक क्रम परिमाण से अधिक है। हम प्रस्तावित करते हैं कि रेडियो उत्सर्जन के जीवनकाल ($\sim$ 300 Myr) में जेट पावर में कमी के साथ संगत अक्षम अभिवहन प्रभावी मोड से एक पतली-डिस्क कुशल मोड में परिवर्तित होता है। हम यह भी सुझाव देते हैं कि PKS2250-351 के पोषी के साथ, एबेल 3936 में आकाशगंगाओं के सबसे सघन केन्द्र के पश्चिम में स्थित होने से, पर्यावरण के कारण, रेडियो आकारिकी असममित है। गैलेक्सी एंड मास असेंबली (GAMA) से प्राप्त प्रकाशिक और अवरक्त डेटा पुष्टि करता है कि PKS 2250-351 अनियमित, और संभवतः अशिथिल क्लस्टर Abell 3936 में z = 0.2115 पर स्थित है। हम पाते हैं कि इसका पोषी नगण्य तारा गठन के साथ लेकिन मध्य-अवरक्त उत्सर्जन पर हावी एक अत्यधिक अस्पष्ट सक्रिय गांगेय नाभिक के साथ विशाल, 'लाल और मृत' अण्डाकार आकाशगंगा है।

यह कार्य डॉ. एन. सेमुर (कर्टिन यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया), डॉ. एम. हयेनह (CSIRO एस्ट्रोनॉमी एंड स्पेस साइंस ऑस्ट्रेलिया) और इवोल्यूशनरी मैप ऑफ यूनिवर्स (EMU) कार्यक्रम के अन्य सहयोगियों के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1017/pasa.2019.49

**(वी. सिंह)**

**पीआरएल 1.2m दूरबीन पर MFOSC-P का आकाश में संचालन प्रारंभ**




चित्र सं. 19: V फिल्टर में MFOSC-P द्वारा प्राप्त M21 ओपन क्लस्टर की छवियां। 40 सेकंड के एकीकरण समय में 0.15 परिमाण (SNR $\sim$ 7.3) की त्रुटि के साथ 15.74 V परिमाण स्रोत (घेरे गए) प्रेक्षित किया गया है।

माउंट आबू फेन्ट ऑब्जेक्ट स्पेक्ट्रोग्राफ एंड कैमरा-पाथफाइंडर (MFOSC-P) उपकरण को फरवरी 2019 में माउंट आबू में पीआरएल 1.2 मीटर दूरबीन पर प्रारंभ किया गया था। इसके बाद यंत्र की स्पेक्ट्रोस्कोपी और इमेजिंग मोड में आकाशीय निष्पादन सुनिश्चित और पुष्टि करने के लिए प्रारंभिक परीक्षण और विज्ञान प्रेक्षणों की श्रृंखला शुरू की गई। दूरबीन प्रकाशिकी और साइट दृश्य MFOSC-P की इमेजिंग PSF पर प्रभावी पाया गया है। M21 खुला क्लस्टर को MFOSC-P द्वारा प्रेक्षित किया गया था ताकि इसके इमेजिंग निष्पादन को चिह्नित किया जा सके। चित्र सं.19 MFOSC-P के V फिल्टर द्वारा प्रेक्षित M21 ओपन क्लस्टर के एक हिस्से की छवि

दिखाता है। 15.74 तीव्रता के मंद स्रोतों में से एक का प्रकाश मापन (चित्र संख्या 19 में घिरा हुआ), एकीकरण समय के 40 सेकंड में 7.3 के SNR से संगत 0.15 mag का प्रकाश मापन त्रुटि देता है।

MFOSC-P विभिन्न विभेदनों और वर्णक्रमीय श्रेणियों के लिए तीन जालक वहन करता है, अर्थात (a) जालक-1: $\sim$3.8 Å प्रति पिक्सेल का फैलाव और 4500 - 8500 Å का वर्णक्रमीय रेंज (b) जालक-2: $\sim$1.9 Å प्रति पिक्सेल का फैलाव और 4600 - 600 Å का वर्णक्रमीय रेंज और (c) जालक-3: $\sim$1.1 Å प्रति पिक्सेल का फैलाव और 6000-7000 Å का वर्णक्रमीय रेंज। उपकरण के चलने के बाद से पिछले एक साल में उपयुक्त लक्ष्यों का उपयोग करके इन विभेदनों की जांच की गई है। चित्र-20 एकीकरण समय के 300sec के साथ UT 2019-11 - 01.71 पर MFOSC-P द्वारा दर्ज नोवा AT2019qwf के स्पेक्ट्रा को दिखाता है। यह ध्यान दिया जाए कि प्रेक्षणों के दिन नोवा V परिमाण $\sim$16 का था। कम-विभेदन स्पेक्ट्रा ने 7773 Å और 8446 Å पर स्पष्ट H$\alpha$ उत्सर्जन और OI रेखाओं के साथ एक अत्यधिक-लाल सातत्य दिखाई देता है। उपरोक्त को एस्ट्रोनॉमिकल टेलीग्राम्स (श्रीवास्तव और साथी 2019, एस्ट्रोनॉमिकल टेलीग्राम्स नं. 13258) को सूचित किया गया है।




चित्र सं. 20: MFOSC-P द्वारा देखा गया 300 सेकंड के एकीकरण समय के साथ नोवा AT2019QWF का निम्न विभेदन स्पेक्ट्रा।

**(एम.के. श्रीवास्तव, वी. कुमार, वी. दीक्षित, ए. पटेल और ए.एस. राजपुरोहित)**

**माउंट आबू के गुरुशिखर में नया पीआरएल 2.5 m दूरबीन**

पीआरएल वर्ष 2021 में किसी समय एक नया 2.5m दूरबीन का अधिग्रहण करने जा रहा है जिसका वर्तमान में बेल्जियम में AMOS सुविधा में निर्माण किया जा रहा है। इसका डिज़ाइन पीआरएल की विज्ञान आवश्यकता और विभिन्न बैक-एंड उपकरणों पर आधारित है, जिन्हें यहां डिज़ाइन और विकसित किया जा रहा है। यह दूरबीन पूरी तरह से ऑटो-रिमोट मोड पर और सटीक छवि गुणवत्ता के लिए अत्याधुनिक सक्रिय प्रकाशिकी प्रणाली के साथ होगी। दूरबीन में 20Hz तक काम करने वाला पहला क्रम AO सुधार टिप-टिल्ट प्रणाली भी होगा। यह पहली बार है जब देश में इस तरह का टेलिस्कोप के साथ एक दिखाई देने वाली सुधार प्रणाली उपलब्ध होगा। नीचे चित्र सं. 21 द्वारा बेल्जियम में AMOS सुविधा में 2.5 मीटर दूरबीन का परीक्षण दिखाया गया है।



चित्र सं. 21: बेल्जियम में AMOS सुविधा में अत्याधुनिक PRL 2.5m दूरबीन का निष्पादन के लिए विकास और परीक्षण किया जा रहा है।.

इसमें दो प्रथम प्रकाश उपकरण होंगे जो वर्ष 2021 के मध्य के आसपास दूरबीन के साथ पहला प्रकाश देखेंगे:

a) PARAS-2, जो 0.001 °C पर 20 °C पर अद्वितीय तापमान स्थिर और 100,000 के उच्च विभेदन स्पेक्ट्रोग्राफ पर 0.001mbar पर निर्वात स्थिर होगा। यह सूर्य जैसे तारों के चारों ओर सुपर पृथ्वी का पता लगाने के लिए और तारकीय खगोल भौतिकी में 1m/s से कम अर्धव्यास वेग सटीकता प्राप्त करने के लिए PRL में डिज़ाइन और विकसित किया जा रहा है। स्पेक्ट्रोग्राफ डिजाइन और निर्वात चैम्बर की डिजाइन पूरी हो चुकी है और दिसंबर 2020 तक तैयार होने की उम्मीद है। हमने हाल ही में 6144 x 6200 पिक्सल के बहुत बड़े CCD ऐरे डिटेक्टर की स्थापना पूर्ण की है; जिसमें संभवत: सबसे बड़ा भौतिक ऐरे आकार 92 मिमी x 92 मिमी (भौतिक आकार में) हो सकता है। 380nm से 800nm के तरंग दैर्ध्य क्षेत्र में काम करने वाले इतने बड़े ऐरे डिटेक्टर को पहली बार देश में स्थापित किया जा रहा है एवं इसके संचालन को अनुकूलित किया जा रहा है। चित्र सं. 22 पीआरएल लैब सुविधा में क्रायोजेनिक प्रणाली में डिटेक्टर की स्थापना दर्शा रहा है। अनुकूलन के बाद, डिटेक्टर ने -113 °C पर 0.1 इलेक्ट्रॉन प्रति पिक्सेल के अंध रव के साथ 4.5 इलेक्ट्रॉनों का ग्राही रव (रीड नॉइज़) और 2 की लब्धि दर्शाता है। b) 350nm से 1000nm के तरंग दैर्ध्य क्षेत्र में उच्च थ्रूपुट SDSS फिल्टर के साथ CCD इमेजर: इस कैमरे का उपयोग मंद पिंड प्रकाशमीति और सटीक विभेदी प्रकाशमीति के लिए किया जाएगा। इस कैमरे के द्वारा नोवे, सुपरनोवा, GRB, बाह्यग्रह संक्रमण प्रकाशमीति आदि जैसे विभिन्न खगोलीय घटनाएँ प्रेक्षित की जाएंगी।



चित्र सं. 22: PARAS-2 क्रायोजेनिक सिस्टम के अंदर 6kx6k बड़े एरे सीसीडी डिटेक्टर स्थापित की गई है , यह पहली बार है जब देश में ऐसी प्रणाली स्थापित की जा रही है।

**(ए. चक्रवर्ती, एन.जे.एस.एस.वी. प्रसाद, के. कुमार, के. लाड, ए. नाईक, आर.के. शर्मा और एस.एन. माथुर)**

**अनुकूली प्रकाशिकी परीक्षण बेंच विकास**



चित्र सं. 23: शैक-हार्टमैन वेवफ्रंट सेंसर सिम्युलेटर द्वारा उत्पन्न छवि। प्रत्येक धब्बा एक उप-छिद्र द्वारा बनाई गई छवि से मेल खाता है।

**(i) परीक्षण-बेंच सेटअप का गणितीय मॉडलन :** अनुकूली प्रकाशिकी प्रयोगशाला परीक्षण-बेंच के प्रायोगिक जांच के लिए एक गणितीय मॉडल विकसित किया जा रहा है। एंगुलर स्पेक्ट्रम प्रोपेगेशन विधि के उपयोग द्वारा दिए गए तरंग के प्रसार के लिए एक नया सामान्यीकृत विधि तैयार किया गया है। यह मॉडल इनपुट के रूप में ZEMAX (एक उद्योग मानक प्रकाशिक डिजाइन सॉफ्टवेयर) डिजाइन ले सकता है और विभिन्न उप-प्रणालियों के माध्यम से प्रसारन करते हुए तरंगाग्र चरण भिन्नता का अनुरूपण कर सकता है। यह मॉडल तापमान/दबाव के साथ अपवर्तक सूचकांक परिवर्तन जैसे भौतिक प्रभावों और स्केलिंग, नमूनाकरण, उपघटन आदि जैसे कम्प्यूटेशनल मुद्दों को एक श्रेष्ठतम तरीके से लेता है। डिज़ाइन में प्यूपिल की स्थिति, आवर्धन आदि जैसे मापदंडों को पुनः प्राप्त करने या अनुमान लगाने के लिए विभिन्न प्रकाशिक श्रृंखलाओं के निष्पादन को अनुरूपित किया गया है। बाह्य-अक्ष बीम का प्रसार एक अतिरिक्त कार्य-क्षमता के रूप में समाविष्ट किया गया है। यह विशेष रूप से AO अनुप्रयोगों में उपयोगी होगा जहां स्रोत के तरंगाग्र को सही करने के लिए किसी निकटवर्ती स्रोत के तरंगाग्र से संवेदित किया जाता है। पूरे AO अनुरूपण पैकेज में कई अलग-अलग उपतंत्र मॉड्यूल शामिल हैं। ये मॉड्यूल लक्ष्योन्मुखी प्रोग्रामिंग मोड में काम करते हैं, जहां अतिरिक्त कार्यक्षमताएं आसानी से समाविष्ट की जा सकती हैं। एक समकालिक प्रकार में पूरे अनुरूपण पैकेज को चलाने के लिए पायथन क्यू दृष्टिकोण को अपनाया गया है। चित्र सं. 23 पैकेज के शेक-हार्टमैन तरंगाग्र सेंसर (SHWFS) मॉड्यूल द्वारा उत्पन्न अनुरूपित छवि फ्रेम दिखाता है। एल्गोरिथ्म को एक समानांतर प्रोग्रामिंग दृष्टिकोण का उपयोग करने के लिए डिज़ाइन किया गया है और इसे तेजी से गणना करने के लिए बहु-केंद्री मशीनों में लगाया जा सकता है। हमारे मॉडल को न केवल AO अनुरूपण , बल्कि कोरोनोग्राफी आदि जैसे अन्य अनुप्रयोगों में भी इसका उपयोग मिलेगा। वर्तमान में यह कार्य प्रगति में है। **(ii) गर्म हवा आधारित प्रक्षोभ चैंबर :** प्रकाशिक प्रक्षोभ जनरेटर (OTG) वह उपकरण है जो प्रक्षोभी बीम प्रदान करता है जो पृथ्वी के वायुमंडल के प्रकाशिक प्रक्षोभ गुणों की नकल करता है। OTG का मुख्य अनुप्रयोग एडेप्टिव प्रकाशिकी (AO) टेस्ट-बेंच का लक्षण वर्णन है। प्रकाशिक प्रक्षोभ के अनुकरण के लिए कई तरीके विकसित किए गए हैं और सफलतापूर्वक अनुप्रयोग किए गए हैं। हमने गर्म हवा पर आधारित एक OTG का निर्माण करने का निर्णय लिया, जो कि एक सीमित कक्ष के भीतर नियंत्रित वायु प्रवाह में परिवेशी वायु और तापमान नियंत्रित गर्म हवा के मिश्रण पर आधारित है। गर्म हवा आधारित OTG में स्थैतिक चरण स्क्रीन पर प्रक्षोभी शक्ति को समायोजित करने की सुविधा है। गर्म हवा आधारित हमारे OTG को पीआरएल वर्कशॉप में इन-हाउस बनाया गया है। OTG में निम्नलिखित डिजाइन महत्वों को शामिल करते हुए डिज़ाइन किया गया है:-

- प्रवाह के भीतर तापमान का ढाल समान होना चाहिए
- प्रवाह स्तरीय होना चाहिए
- बाकी प्रकाशिक पथ में अवांछनीय प्रक्षोभ से बचने के लिए अवांछित वायु को प्रकाशिक पथ से हटा दिया जाना चाहिए।

वायु प्रवाह उत्पन्न करने के लिए दो DC पंखों का उपयोग किया गया है और पल्स चौड़ाई मॉडुलन का उपयोग करके प्रवाह दर को समायोजित किया गया है। एक परदार हीटर का उपयोग किया गया है ताकि गर्म-कॉइल से हवा में गर्मी का कुशल स्थानांतरण हो सके। तापमान और वेग सेंसर की मदद से वांछित तापमान ढाल और प्रवाह दर को प्राप्त करने का प्रावधान किया गया है। चित्र सं. 24 प्रक्षोभ चैंबर की वास्तविक छवि दिखाता है। OTG की लक्षण वर्णन प्रक्रिया शुरू होने वाली है।




चित्र सं. 24: बाएं: गर्म हवा आधारित ऑप्टिकल टर्बुलेंस जनरेटर (OTG) के विभिन्न सेंसर और घटक। दाएं: इलेक्ट्रॉनिक्स प्रयोगशाला में लक्षण वर्णित एकीकृत ओटीजी सेंसर।

**(वी. दीक्षित, ए. पटेल और एम.के. श्रीवास्तव)**

### पीआरएल 2.5m दूरबीन के लिए MFOSC-EP: कम विभेदन बाहु का प्रकाशिक डिज़ाइन

माउंट आबू फेंट ऑब्जेक्ट स्पेक्ट्रोग्राफ एंड कैमरा - एशेले पोलारिमीटर, माउंट आबू में आगामी 2.5m पीआरएल दूरबीन के लिए एक प्रस्तावित उपकरण है। MFOSC-EP उपकरणों की FOSC श्रृंखला का एक विस्तारित संस्करण है। इस उपकरण को सामान्य उपयोगकर्ता के वेधशाला उपकरण के रूप में दृश्यमान तरंगों के लिए डिज़ाइन किया जा रहा है। MFOSC-EP में मध्यवर्ती विभेदन स्पेक्ट्रो-ध्रुवनमापी (12000 विभेदन और $\sim$ 0.2% की ध्रुवनमापन सटीकता के साथ) की कार्यात्मकता के अलावा सामान्य FOSC इंस्ट्रूमेंट की इमेजिंग और कम विभेदन (विभेदन $<$ 2000) क्षमताएं भी होंगी। चित्र संख्या 25 में उपकरण विन्यास दिखाया गया है। यह एक मॉड्यूलर प्रकाशिक प्रणाली के साथ डिज़ाइन किया जा रहा है, जहां एक सामान्य समांतरित प्रकाशिकी को दो अलग-अलग प्रकाशिक बाहु के साथ युग्मित किया गया है, जिसमें (i) कम विभेदन स्पेक्ट्रोस्कोपी और बैंड सीमित इमेजिंग (ii) इंटरमीडिएट विभेदन स्पेक्ट्रो-ध्रुवनमापी मोड के लिए के लिए दो अलग-अलग डिटेक्टर प्रणाली हैं। कम-विभेदन मोड, निम्न बैंड/मध्यम विभेदन स्पेक्ट्रोस्कोपी (R $\sim$ 500-2000) उपलब्ध कराने के लिए कुछ ग्रिस्मों और दृश्य बैंड इमेजिंग के लिए कैमरा प्रकाशिकी -LR पथ में SDSS मानक प्रकाशिक फ़िल्टर्स का उपयोग करेगा। ईशल-ध्रुवनमापी बाहु में, दूरबीन से f/8 बीम को पहली बार अर्धतरंग प्लेट-वोलास्टोन प्रिज्म संयोजन के आधार पर एक ध्रुवणमापकीय इकाई के भीतर संसाधित किया जाएगा। इस इकाई में समांतरित प्रकाशिकी, वोलास्टोन प्रिज्म के स्थान पर एक प्यूपिल बनाएगी। कैमरा प्रकाशिकी के साथ युग्मित, किसी बिंदु स्रोत से इनपुट बीम साधारण और असाधारण बीम के रूप में दो आयतीय ध्रुवीकृत घटकों में विघटित होगा। इन दो बीमों के समकालिक स्पेक्ट्रोस्कोपी के लिए उन्हें ईशल स्पेक्ट्रोमीटर में डाला जाएगा। MFOSC-EP के कम-विभेदन बाहु का प्रकाशिक डिज़ाइन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। दूरबीन से f/8 बीम को 1K X 1K डिटेक्टर (13 $\mu$m पिक्सेल आकार के साथ) में समांतरित प्रकाशिकी (चार प्रकाशिक तत्वों के साथ डिज़ाइन किया गया: 2 एकक और 2 अवर्णक द्विक लेंस) और एक कैमरा प्रकाशिकी (3 एकक और 2 अवर्णक द्विक लेंस के साथ डिज़ाइन किया गया) पर मैप किया गया है। कैमरा प्रकाशिकी X0.4 का अनावर्धन देने के लिए डिटेक्टर प्रणाली पर f/3.2 बीम प्रदान करता है। तीन ग्रिस्म और SDSS मानक फिल्टर समानांतर बीम स्थल पर रखे जाते हैं। EMCCD आधारित कैमरा प्रणाली को समय क्षेत्र विज्ञान में द्रुत प्रकाशमीति अनुप्रयोगों को सक्षम करने के लिए डिटेक्टर की पसंद के रूप में माना जा रहा है। ध्रुवीकरण और ईशल स्पेक्ट्रोमीटर भाग का प्रकाशिक डिजाइन आजकल प्रगति में है।




चित्र सं. 25: MFOSC-EP - ब्लॉक स्तर प्रणाली योजनाबद्ध आरेख।

**(वी. कुमार, वी. दीक्षित और एम.के. श्रीवास्तव)**

### 2.5 मीटर दूरबीन के लिए NISP उपकरण के विकास पर अद्यतन सूचना

2.5 m दूरबीन के लिए बहुआयामी उपकरण के रूप में पीआरएल में निकट अवरक्त इमेजिंग स्पेक्ट्रोमीटर और ध्रुवणमापी (NISP) विकसित किया जा रहा है। यह Y, J, H, Ks फ़िल्टर पास बैंड यानी 0.8 - 2.5 $\mu$m तरंग दैर्ध्य रेंज में इमेजिंग, स्पेक्ट्रोस्कोपी और ध्रुवणमापन विधा प्रदान करेगा। प्रकाशिक, यांत्रिक और इलेक्ट्रॉनिक्स उपतंत्र डिज़ाइन किए गए हैं और इन-हाउस विकसित किए जा रहे हैं। समांतरित और कैमरा उपतंत्र के लिए विन्यास (चित्र सं. 26) लेंस असेंबली दर्शा रहा है। NISP का प्रकाशिक डिज़ाइन: NISP का प्रकाशिक डिजाइन OpticStudio - Zemax सॉफ्टवेयर का उपयोग करके किया गया है। दूरबीन तल से उपकरण की प्यूपिल तक, समांतरित प्रकाशिकी, प्राथमिक दर्पण की छवि को प्यूपिल-अवरोध पर स्थानांतरित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। हमारे डिजाइन में, अलग- अलग क्षेत्र कोणों पर मिले, 8.7 $\mu$m, 7.2 $\mu$m, 11.2 $\mu$m, 7.6 $\mu$m के स्पॉट आकार (RMS स्पॉट त्रिज्या), जो की एक पिक्सेल के फैलाव 0.3$''$ तक सीमित हैं, जो एक बहुत अच्छा डिज़ाइन दर्शाता है।

**यांत्रिक स्वरूप**: NISP के लिए यांत्रिक विन्यास में H2RG डिटेक्टर संयोजन, कोल्ड-प्लेट, कोलाइमेटर और कैमरा संयोजन, फिल्टर व्हील संयोजन, LN2 टैंक और इन सभी संयोजनों को संलग्नित करने वाली वैक्यूम डीवार जैसी उपसंयोजन शामिल हैं। उच्च निर्वात और क्रायोजेनिक तापमान की अत्यंत चरम स्थितियों में सभी उप संयोजनों का स्थिर तरीके से संचालित होना अपेक्षित है। इन उप प्रणालियों का परीक्षण करने के लिए, वैक्यूम डीवार और LN2 टैंक का एक छोटा संस्करण डिजाइन किया गया था और बनाया गया था (चित्र सं. 27 देखें)। परीक्षण डीवार एक कोल्ड प्लेट से जुड़े तरल नाइट्रोजन टैंक के साथ संलग्न है। डीवार में संयोजी गेज, निर्वात पंप और विद्युतीय कनेक्शन के संयोजन के लिए फीड-थ्रू सुसज्जित है। यह चैम्बर डिटेक्टर और फिल्टर व्हील संयोजन को समायोजित करने के लिए बनाया गया है। संपूर्ण डिटेक्टर संयोजन का परीक्षण किया गया और 3 सिलिकॉन डायोड का उपयोग करके संयोजन के विभिन्न स्थानों

पर तापमान वितरण मापा गया (चित्र संख्या 28 देखें)। ठंडा होने के दौरान तापमान प्रोफाइल को चित्र में दिखाया गया है। $4^o$ C/मिनट की शीतलन दर के साथ डिटेक्टर (T1) के स्थान पर -193.85$^o$ सेल्सियस (= 79.3 केल्विन) तापमान प्राप्त किया गया था। डिटेक्टर सपोर्ट प्लेट पर तापमान प्रोफ़ाइल को T2 लेबल वाले वक्र में दिखाया गया है जबकि कोल्ड शील्ड का तापमान, प्रोफ़ाइल T3 में दिखाया गया है।

**इलेक्ट्रॉनिकी स्वरूप**: NISP एक Teledyne विज्ञान ग्रेड HAWAII-2RG (H2RG), 2048 × 2048 पिक्सेल ऐरे को 0.8-2.5 $\mu$m तरंग दैर्ध्य रेंज में डिटेक्टर संवेदी के रूप में नियत करेगा। इमेजिंग, स्पेक्ट्रोस्कोपी और ध्रुवणमापन के लिए एकल डिटेक्टर का उपयोग किया जाएगा। हालांकि, इलेक्ट्रॉनिक्स और सॉफ्टवेयर के विकास के लिए विज्ञान ग्रेड डिटेक्टर बहुत महंगा और संवेदनशील है। इसलिए, हम विकासात्मक उद्देश्य के लिए रीड आउट इंटीग्रेटेड सर्किट (ROIC) नामक एक चिप का उपयोग करते हैं। ROIC H2RG डिटेक्टर का एक सिलिकॉन मल्टीप्लेक्सर है जिसमें प्रकाश संवेदनशीलता के बिना, H2RG के समान इलेक्ट्रिकल और यांत्रिक अंतरफलक है। ROIC कमरे के तापमान और क्रायोजेनिक तापमान दोनों पर काम कर सकता है जो इलेक्ट्रॉनिकी और यांत्रिक विकास के दौरान इसे बहुत सुविधाजनक बनाता है। ROIC एक होस्ट कंप्यूटर से अंतरफलक चिप द्वारा जुड़ा है, जिसे प्रणाली फॉर इमेज डिजिटाइज़ेशन, एनहांसमेंट, कंट्रोल और रिट्रीवल (SIDECAR) के रूप में जाना जाता है, ये वाया जुड़ा है साइडकार एक्विजिशन मॉड्यूल (SAM) कार्ड सेट अप से जो की NISP के लिए बने 10,000 वर्ग वाले स्वच्छ कक्ष में है। सेटअप का उपयोग करके परीक्षण छवियों को प्राप्त किया गया है और चित्र संख्या 29 में एक विशिष्ट नमूना दिखाया गया है। SIDECAR के साथ अंतराफलक उपयोग के लिए मूल इलेक्ट्रॉनिक्स विकास भी प्रगति में है। ROIC का उपयोग मूल इलेक्ट्रॉनिक्स का परीक्षण और दोष मुक्त करने के लिए किया जाएगा।




चित्र सं. 26: NISP का प्रकाशिक लेआउट।



चित्र सं. 27: NISP टेस्ट डीवर संयोजन।




चित्र सं. 28: LN2 डालने के बाद समय के साथ तापमान का विकास। लेख में T1, T2, T3 का विवरण दिया गया है।



चित्र सं. 29: RT सेटअप का उपयोग करके लिया गया नमूना चित्र। प्रकाशिक बीम ROC पर केंद्रित है।

**(NISP टीम: अलका, ए.बी. शाह, ए. राय, डी. सरकार, एच. अदलजा, के.एस. बालियान, पी.एस. पटवाल, पी. प्रजापति, पी. कसरला, एस. नाईक, एस.एन. माथुर और एस. गणेश)**

## अति वेधी एक्स-रे दूरबीन के लिए अति वेधी कठोर एक्स-रे दर्पण पन्नी का विकास

एस्ट्रोसैट के संभावित परवर्ती के रूप में भावी भारतीय एक्स-रे खगोलीय मिशन के लिए अति वेधी एक्स-रे प्रकाशिकी विकसित करने के लिए खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी प्रभाग में एक नई गतिविधि शुरू की गई है। एक्स-रे तरंगदैर्ध्य पर, सभी सामग्रियों के अपवर्तक सूचकांक करीब संगत ही होते हैं, जो परावर्तकता को एक बहुत छोटे पृष्ठसर्पी आपतित कोण (कुल बाहरी प्रतिबिंब) तक सीमित

करते हैं। इसलिए, एक्स-रे परावर्तक प्रकाशिकी को डिजाइन करने के लिए छोटे पृष्ठसर्पी आवक कोण का उपयोग करना एक सामान्य बात है। कुल एक्स-रे प्रतिबिंब के लिए क्रांतिक कोण आपतित एक्स-रे की ऊर्जा के विपरीत आनुपातिक है और 10 KeV से अधिक ऊर्जा पर, एक कुशल प्रकाशीय प्रणाली डिजाइन करने के लिए क्रांतिक कोण बहुत छोटा हो जाता है। उच्च ऊर्जाओं पर उपयुक्त एक्स-रे परावर्तकता प्राप्त करने के लिए, बड़ी संख्या में वैकल्पिक पतली फिल्म परतों वाली बहु-परती दर्पणों का उपयोग करना आवश्यक है, जिसमें अति परिष्कृत सबस्ट्रेट पर उच्च-Z और निम्न-Z कण जमाव के कुछ नैनोमीटर के क्रम की मोटाई होती हैं। यदि वैकल्पिक दोहरी परतों की मोटाई स्थिर है, तो परावर्तन में वृद्धि सामान्यतः ब्रैग स्थिति को संतुष्ट करने वाले एक संकीर्ण ऊर्जा बैंड तक सीमित होती है। हालांकि, वैकल्पिक उच्च-Z और निम्न-Z कणों की मोटाई को नियंत्रित तरीके से भिन्न करके, अपेक्षाकृत बड़े आपतित कोणों के लिए ब्रॉडबैंड परावर्तन को प्राप्त करना संभव है। पतली फिल्म निर्माण तकनीक में प्रगति के साथ, 100 KeV तक की अति वेधी एक्स-रे को प्रतिबिंबित करने के लिए कई प्रकार के बहुपरत दर्पणों का निर्माण किया जा सकता है। हमने अति वेधी एक्स-रे दर्पणों के विकास के लिए अति वेधी एक्स-रे प्रकाशीय प्रयोगशाला स्थापित की है जिसमें बहुपरत विलेपन के लिए आवश्यक एक RF मैग्नेट्रॉन स्पटरिंग प्रणाली शामिल है, और साथ ही नीडित शेल वॉल्टर- I शंक्वाकार सन्निकटन एक्स-रे प्रकाशिकी को कार्यान्वित करने हेतु, आवश्यक उपयुक्त घुमावदार आकार के पतले ग्लास सब्सट्रेट बनाने के लिए आवश्यकतापीय अवसर्पण प्रणाली बनाई है।

बहुस्तरीय एक्स-रे दर्पणों को डिजाइन करने के लिए और एक्स-रे परावर्तनता (XRR) मापों के साथ निर्मित बहुपरत दर्पणों को चिह्नित करने के लिए, एक कुशल एल्गोरिथ्म का होना आवश्यक है जो दिए गए मापदंडों और ज्यामिति के सेट के लिए एक्स-रे परावर्तकता की गणना एक कार्य के रूप में करता है। इस संदर्भ में, हमने एक प्रोग्राम "DarpanX" विकसित किया है जिसे XSPEC और ISIS जैसे लोकप्रिय एक्स-रे स्पेक्ट्रल फिटिंग सॉफ्टवेयर में एक बाहरी मॉडल के रूप में लागू किया गया है। यह जेनेटिक एल्गोरिदम और मार्कोव चेन मोंटे कार्लो (MCMC) जैसे उन्नत फिटिंग विधियों के साथ-साथ इन फिटिंग इंजनों के समानांतर प्रसंस्करण क्षमताओं का उपयोग करके मापे गए XRR डेटा की बहुत कुशल फिटिंग की अनुमति देता है। DarpanX कोड को एकल (Si और W) और बहुपरत (W/B 4 C) पतली फिल्म के नमूनों के एक्स-रे परावर्तकता माप के विश्लेषण में प्रयोग करके प्रयोगात्मक रूप से मान्य किया गया है (चित्र संख्या 30 देखें)।

एम.आर. पटेल, सी. कर्मकार और आर.बी. उपाध्याय के सहयोग से स्पेस एप्लिकेशन सेंटर में XRR मापी गई थी।




चित्र सं. 30: (a) सिंगल Si- लेयर और (b) W/B 4 C बहुपरत का IMD (काला) और DarpanX मॉडल (लाल) द्वारा XRR परावर्तकता डेटा (सियान)।

**(एस. वडवाले, एन.पी.एस. मिथुन, बी. मंडल, एन.के. तिवारी, एस.के. गोयल और वी.एस. चेरुकुरी)**

# सौर भौतिकी

### लॉरेंज बल विकास आवर्ती विस्फोटी सौर प्रज्वालों के दौरान ऊर्जा निर्माण प्रक्रियाओं को प्रकट करता है

सौर किरीट में ऊर्जा रिहाई और निर्माणकारी प्रक्रियाओं की विशेष रूप से एक ही सक्रिय क्षेत्र (एआर) में बड़े आवर्ती प्रज्वालों के मामले में महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं, जो क्रमिक ऊर्जा रिहाई प्रक्रियाओं के परिणामी परिस्थितियों के बारे में चुनौतीपूर्ण सवाल पैदा करते हैं। यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि सौर कोरोना को निर्बाध चुंबकीय ऊर्जा की निरंतर आपूर्ति के कारण ये घटनाएं होती हैं या नहीं, क्योंकि उपलब्ध सभी निर्बाध चुंबकीय ऊर्जा एक ही प्रमुख प्रवाह घटना के दौरान रिहा नहीं की जाती है। इस प्रश्न को संबोधित करने के लिए, हम प्रकाशमंडलीय चुंबकीय क्षेत्र के विकास और एआर 11261 और 11283 में संबद्ध लॉरेंज बल परिवर्तन पर रिपोर्ट करते हैं, जिनमें से प्रत्येक ने आवर्ती विस्फोट M– और X– श्रेणी प्रज्वाल को जन्म दिया है (चित्र 1)।




चित्र सं. 1 : AR 11261 (बाएं पैनल) और AR 11283 (दाएं पैनल) का HMI वेक्टर मैग्नेटोग्राम। चुंबकीय क्षेत्र की अरीय घटक (Br) को ग्रे स्केल और लाल तीर द्वारा क्षैतिज घटक (Bh) में दिखाया गया है, जिसमें संतृप्ति मान $\pm$500 G है। सफेद/काली ठोस रेखा 500 G से अधिक परिमाण वाले Br के ऋणात्मक/धनात्मक ध्रुवता के क्षेत्र को कन्टूर करती है। हरे आयताकार सीमा चयनित क्षेत्र को घेरती है जिसके भीतर सभी गणनाएं की गई हैं। पीले रंग की रेखाएं ध्रुवता व्युत्क्रम रेखा को दर्शाती हैं।

हमारे अध्ययन से पता चलता है कि प्रत्येक प्रज्वाल के दौरान आकस्मिक निम्नमुखी परिवर्तनों के बाद, निरंतर प्रज्वाल के बीच लॉरेंज बल 2-5$\times10^{22}$ बढ़ जाता है (चित्र 2 देखें)। निरंतर प्रज्वालों के बीच शुद्ध लॉरेंज बल का विशिष्ट पुनर्निर्माण, हमारे अध्ययन में प्राप्त प्रत्येक प्रज्वाल के दौरान आकस्मिक निम्नमुखी परिवर्तन, सौर ARs के किसी भी गैर-संभावित पैरामीटर के विकास में पाए जाने वाले पहले प्रेक्षणीय प्रमाण हैं, जो सौर कोरोना में चुंबकीय ऊर्जा भंडारण के लिए "निर्माण और रिहाई" परिदृश्य की पुष्टि करता है। हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि इस कार्य में अध्ययन किए गए आवर्ती बड़े प्रज्वाल, उपलब्ध अवशिष्ट ऊर्जा को खपत करने के बजाय, एआर को नई आपूर्ति की गई ऊर्जा के कारण घटित हुए। हमने सीएमई गति और शुद्ध लॉरेंज बल में संबंधित परिवर्तन के बीच सहसंबंध भी पाया है, जो सौर प्रज्वालों के लिए गति संतुलन की स्थिति के अनुरूप है। अंतरिक्ष मौसम की पूर्वानुमानों के संदर्भ में, इस अध्ययन में बताई गई शुद्ध लॉरेंज बल परिवर्तनों के विकासवादी पैटर्न के महत्वपूर्ण तात्पर्य हैं, विशेष रूप से, एक ही एआर से आवर्तक बड़े विस्फोटी प्रज्वालों के पूर्वानुमान के लिए और इसलिए संबंधित सीएमई के बीच अन्योन्यक्रिया की संभावना है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/2041-8213/ab4da2




चित्र सं. 2: AR 11261 (a) और AR 11283 (d) में हुए आवर्ती प्रज्वालों के दौरान GOES 1–8 Å X– किरण प्रवाह का अस्थायी प्रोफ़ाइल। ठोस हरे रंग के वक्र AIA 1600 Å चैनल में AR के दृश्य क्षेत्र के भीतर गणना किए गए प्रभासन के अस्थायी विकास को दर्शाती है। क्रमशः AR 11261 और AR 11283 के चुने हुए क्षेत्रों (चित्र 1 में आयताकार बॉक्स द्वारा दिखाए गए) के भीतर क्षैतिज चुंबकीय क्षेत्र (b और e) के विकास और लॉरेंट्ज़ बल (c और f) के अरीय घटक में परिवर्तन।

**(आर. सरकार और नंदिता श्रीवास्तव)**

### प्रज्वाल-CME घटनाओं के लिए पूर्ववर्ती के रूप में सौर तंतु विस्फोट: अस्थायी कनेक्शन सिद्ध करना

सौर तंतु सौर वर्णमण्डल में प्रेक्षित अदीप्त धागे की तरह आकृति होते हैं। यह माना जाता है कि सूर्य में तंतु विस्फोट और प्रज्वाल और किरीटीय द्रव्यमान उत्क्षेपण (सीएमई) जैसे अन्य विस्फोटों के

बीच संबंध होते हैं। इन अत्यधिक ऊर्जावान घटनाओं (प्रज्वाल और सीएमई) का अंतरिक्ष मौसम पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है, इसलिए अंतरिक्ष मौसम के पूर्वानुमान के दृष्टिकोण से यह अध्ययन करना महत्वपूर्ण है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab2239




चित्र सं. 3: शीर्ष पैनल 31 अगस्त 2012 को ली गई H$\alpha$ पूर्ण डिस्क छवियों से अनुमानित समय के साथ विस्फोटी तंतु क्षेत्र के विकास को दर्शाता है। समय t1 और t2 तंतु विस्फोट के आरंभ और समाप्ति समय को दर्शाता है। मध्य पैनल समय के साथ GOES प्रवाह को दर्शाता है, जहां t3 और t4 क्रमशः GOESX– रे प्रवाह के उदय और चरम समय को दर्शाते हैं। नीचे का पैनल AIA EUV प्रवाह को 94 Å चैनल में अभिग्रहण को और ROI पर एकीकृत को दिखाता है; t5 और t6 EUV प्रवाह के उदय और चरम समय को दर्शाता है।

हमने प्रस्फोटी तंतुओं और सौर चमक-सीएमई घटनाओं की शुरुआती गतिकी के बीच अस्थायी संबंध का पता लगाने के लिए गोंग H$\alpha$ छवियों पर एक स्वचालित तंतु ट्रैकिंग एल्गोरिथ्म का उपयोग किया है। H$\alpha$ छवियों में प्रेक्षण के तंतु विस्फोट समय को उस समय के रूप में परिभाषित किया जाता है जिससे तंतु क्षेत्र कम होना शुरु हो जाता है। हमने 33 तंतु विस्फोट घटनाओं का अध्ययन किया। संबद्ध तंतु विस्फोट के शुरू होने के समय में सौर प्रज्वाल के चरम पराबैंगनी चमक के समय की देरी का विश्लेषण करके, हम दर्शाते हैं कि 83% मामलों में, तंतु विस्फोट प्रज्वाल चमकने से पहले होता है (c.f., चित्र 3)। सामान्यतः सीएमई तंतु विस्फोट के प्रारंभ समय से 2 घंटे के भीतर होता है। इसलिए तंतु विस्फोट को किसी भी आगामी प्रज्वाल और सीएमई का एक प्रमुख संकेतक माना जा सकता है। हमने उनके विस्फोट के चरण के दौरान तंतुओं के क्षेत्र क्षय दर का भी अध्ययन किया है और शांत तंतुओं के क्षेत्र क्षय दर और संबंधित सीएमई की गति के बीच एक अच्छा सहसंबंध (0.75) पाया है। यह अध्ययन सौर तंतु गतिकी के स्वचालित ट्रैकर्स के आधार पर अंतरिक्ष मौसम मूल्यांकन और लक्षण वर्णन के लिए उपयोगी होगा।

यह कार्य CESSI, IISER, कोलकाता के शुभदीप सिन्हा और दिब्येंदु नंदी के सहयोग से किया गया है।

**(नंदिता श्रीवास्तव)**

### प्रज्वाल-पूर्व प्रक्रियाओं, फ्लक्स रोप सक्रियण, बड़े पैमाने पर विस्फोट, और सक्रिय क्षेत्र NOAA 11875 से संबंधित एक्स-श्रेणी प्रज्वाल

हम सक्रिय क्षेत्र NOAA 11875 से एक X1.0 प्रज्वाल (SOL2013-10-28T02:03) के साथ जुड़े गर्म किरीटीय चैनल के विस्फोट का बहुआयामी विश्लेषण प्रस्तुत करते हैं। उच्च किरीटीय तापमान पर EUV छवियों द्वारा सक्रिय क्षेत्र के केंद्र में प्रारंभिक प्रज्वाल-पूर्व चरण से ही गर्म चैनल की उपस्थिति का संकेत मिलता है (चित्र 4 में लाल तीर द्वारा इंगित) जो अर्ध-स्थिर चुंबकीय प्रवाह रस्सी के पूर्व-अस्तित्व को प्रकट करता है।




चित्र सं. 4: X1.0 प्रज्वाल के विभिन्न चरणों के दौरान AIA 94 Å छवियां। पीले और लाल तीर क्रमशः पूर्ववर्ती गतिविधि और गर्म चैनल को दर्शाते हैं। 6-12 keV (नीला), 12-25 keV (लाल), 25-50 keV (पीला), और 50-100 keV (काले) ऊर्जा बैंड के सह-अस्थायी RHESSI कन्टूर आरेखित किए गए हैं। समरूपी चरम प्रवाह के कन्टूर स्तर 30%, 50%, 70%, और 95% हैं।

गर्म चैनल के एक पद बिंदु से सटे एक स्थानीयकृत और लंबे समय तक चलने वाले प्रज्वाल-पूर्व घटना के बाद यह एक सक्रियण चरण से गुजरता है (चित्र 4 में पीले तीर द्वारा दिखाए गए)। इसके बाद, फ्लक्स रोप $\approx$16 मिनट के लिए धीरे-धीरे विस्तारित होता रहा, जिसके दौरान धीरे-धीरे सॉफ्ट एक्स-रे प्रवाह गठित हुआ जो विशिष्ट पूर्ववर्ती चरण का लक्षण दर्शाता है। X1.0 प्रज्वाल के प्रेरक चरण की शुरुआत के साथ फ्लक्स रोप ने धीमी गति से बढ़ने की स्थिति से प्रस्फोट गति तक संक्रमण किया। गर्म चैनल के विस्फोटी विस्तार प्रकार III के रेडियो विस्फोट (चित्र 5) की श्रृंखला के साथ किरीटीय छोरों से $\approx$50 keV और पद बिंदु से $\approx$100 keV तक ऊर्जा के स्पष्ट कठोर एक्स-रे स्रोत सहित काफी कठोर एक्स-रे अतापीय उत्सर्जन के प्रेरक उदय शामिल होते हैं (चित्र 4 देखें)। हमारे अध्ययन में ऐसे सबूत शामिल हैं कि एक स्थिर फ्लक्स रोप के स्थानिक सीमा के भीतर होने वाली प्रज्वाल-पूर्व गतिविधि इसे विस्फोट की ओर अस्थिर

कर सकती है। सौर विस्फोट मीट्रिक और डीएच टाइप II रेडियो विस्फोट काफी संबंधित है। इस दृष्टि से, यूएसओ/पीआरएल परिसर में स्थापित CALLISTO स्पेक्ट्रोग्राफ से सौर विस्फोटों से संबंधित उपयोगी जानकारी प्रदान किए जाने की उम्मीद है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab3a96




चित्र सं. 5 : HiRAS द्वारा दर्ज किया गया गतिशील रेडियो स्पेक्ट्रम, जो कई असतत प्रकार III, टाइप II का स्प्लिट-बैंड हार्मोनिक और एक मंद टाइप IV स्पेक्ट्रा दिखा रहा है। संदर्भ के लिए, हमने सफेद वक्र द्वारा 1-8 Å श्रेणी में GOES SXR प्रवाह भिन्नता को आरेखित किया है।

**(पी.के. मित्रा और बी. जोशी)**

### प्रज्वाल-पूर्व प्रक्रियाओं की पहचान और सक्रिय क्षेत्र NOAA 12371 में जटिल M–श्रेणी प्रज्वाल के साथ बड़े पैमाने पर फ्लक्स रोप के विस्फोट में उनकी संभावित भूमिका

अक्सर, प्रज्वाल से पहले प्रज्वाल-पूर्व (और/या पूर्ववर्ती) चरणें होते हैं, जहां ज्यादातर नरम एक्स-रे (एसएक्सआर), चरम परा बैंगनी (ईयूवी), और प्रकाशिक तरंग दैर्ध्य में छोटे पैमाने पर ऊर्जा रिहाई देखी जा सकती है। इस काम में, हम दिखाते हैं कि कैसे छोटे पैमाने पर पूर्ववर्ती गतिविधियों की एक श्रृंखला मितस्थायी फ्लक्स रस्सी की अस्थिरता की ओर जाती है जो 'डोमिनो प्रभाव' के अनुरूप है। हमारे अवलोकन से पता चलता है कि, फ्लक्स वृद्धि की एक लंबी अवधि के बाद प्रवाह की शुरुआत से पहले सक्रिय क्षेत्र एक फ्लक्स निरसन की अपेक्षाकृत कम अवधि से गुजरा जिसके कारण एक गर्म चैनल का निर्माण और सक्रियण हुआ (चित्र 6 (a) में पीले तीर द्वारा दिखाया गया)। नॉन लीनियर फ़ोर्स फ्री एक्स्ट्रापोलेशन परिणाम, गर्म चैनल के लिए सह-स्थानिक घुमावदार फ्लक्स रस्सी के एक सेट को प्रकट करते हैं (चित्र 7 में आसमानी रंग की रेखाएं)। हमारे विश्लेषण से पता चलता है कि संलग्न पूर्ववर्ती स्थान (चित्र 7 में गुलाबी रेखाओं का स्थान) पर विपरीत ध्रुवणता के प्रकाशमंडलीय धाराओं के प्रबल, स्थानीय क्षेत्र हैं, जो इस क्षेत्र को छोटे पैमाने पर चुंबकीय पुन: संयोजन का संभाव्य क्षेत्र बनाते है। इस स्थान (चित्र 6 (a) में लाल तीर द्वारा दिखाया गया है) से पूर्ववर्ती पुन: संयोजन गतिविधि चित्र 7 में दिखाई गई पीली रेखाओं में एक फिसलन पुन: संयोजन को प्रेरित करती है। इस फिसलन पुन: संयोजन को पूर्ववर्ती स्थान से गर्म चैनल के उत्तरी भाग (चित्र 6 (b) लाल तीर द्वारा दर्शाया गया) की ओर अर्धवृत्त चाप के साथ एक गतिमान फ्लैश के रूप में देखा गया था जिसके कारण प्रवाह रस्सी अस्थिर हुई थी (चित्र 6 (b) में नीले तीर द्वारा दिखाया गया है)।

यह कार्य यूएसए के हंट्सविले में अलबामा विश्वविद्यालय से ए. प्रसाद के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1007/s11207-020-1596-2




चित्र सं. 6: पैनल (a): सक्रिय गर्म चैनल और निकटवर्ती पूर्ववर्ती गतिविधि (क्रमशः पीले और लाल द्वारा इंगित) दिखाती AR NOAA 12371 की AIA 94 Å छवियां हैं। पैनल (b): चलती फ़्लैश जिसने गर्म चैनल के विस्फोट को प्रेरित किया (आर्क के पास लाल तीर द्वारा इंगित)। गर्म चैनल का विस्फोट नीले तीरों द्वारा दिखाया गया है। पैनल (a) में कन्टूर 6-12 keV (लाल) और 12-25 keV (नीला) बैंड में RHESSI एक्स–रे स्रोत दर्शाती है।




चित्र सं. 7: शीर्ष (पैनल (a)) और साइड (पैनल (b)) से AR NOAA 12371 के पूर्व-प्रज्वाल विन्यास को दर्शाने वाली मॉडल किरीटी क्षेत्र रेखाएं। पैनल (b) में तीर एक अर्ध-विभाजक परत को इंगित करता है। पृष्ठभूमि में लाल क्षेत्रों में उच्च Q-मूल्य दिखाया गया है जो स्खलन पुन: संयोजन के प्रति अतिसंवेदनशील होते हैं।

**(पी.के. मित्रा और बी. जोशी)**

### तीन आयामी चुंबकीय शून्यों का सहज उत्पादन

सौर संक्रमण को चुंबकीय पुन: संयोजन (MR) नामक मौलिक प्रक्रिया के परिणामों के रूप में जाना जाता है। इसलिए इन विस्फोटों के ऊर्जा विज्ञान में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए MR के स्थान काअध्ययन करना महत्वपूर्ण है। MR घटना के लिए चुंबकीय शून्य बिंदु अधिमान्य स्थल हैं। सौर किरीट जैसे पर्यावरण में इन शून्य बिंदुओं की उत्पादन को समझने के लिए, इस काम में, हमने दो

संभाव्य मामलों की सूचना दी है। सबसे पहले, हमने ज्यावक्रीय प्रवाह के साथ एक संभावित तीन-आयामी (3 डी) शून्य बिंदु को विकृत किया है। प्रारंभिक अवस्था के रूप में इस विकृत क्षेत्र का उपयोग करके, MR और श्यानक शय के माध्यम से चुंबकीय और गतिज ऊर्जा के शय के साथ प्लाज्मा को शिथिल किया जाता है। नतीजतन, शून्य वाहिनी धारा उद्भव के अंत में उत्पन्न होता है। दूसरा, हमने एक संशोधित अर्नोल्ड-बेल्ट्रामी-चाइल्ड्रेस (ABC) चुंबकीय क्षेत्र को प्रारंभिक अवस्था माना है, जो साइन और कोज़ाइन फलनों का एक संयोजन है, फिर भी solenoidality एकांत को संतुष्ट करता है। इस ABC क्षेत्र की विशिष्टता इसके निरूपण में निहित है क्योंकि इसमें विशृंखल प्रकृति, गैर-शून्य लोरेन्ज बल और महत्वपूर्ण रूप से अभिकलनात्मक आयतन के भीतर कोई शून्य बिंदु नहीं है। लोरेन्ज बल प्रारंभिक अवस्था से चुंबक तरल द्रव को चलाने के उद्देश्य से कार्य करता है। दिलचस्प बात यह है कि पहले मामले की तरह, शिथिलन प्रक्रिया के अंत में कई 3D शून्य उत्पन्न होते हैं। तीन स्नैपशॉट चित्र 8 में दिखाए गए हैं जो संशोधित ABC क्षेत्र की संपूर्ण शिथिलन प्रक्रिया को दर्शाते हैं। इसलिए, एक विशृंखल प्रणाली से 3D शून्य के रूप में व्यवस्थित चुंबकीय संरचनाओं का सहज विकास, स्व-संगठित संरचनाओं की एक विशेषता होने के नाते, सौर किरीट में उनकी सर्वव्यापकता का सुझाव देता है। इन सभी अनुरूपणों को पीआरएल के विक्रम -100 एचपीसी सुविधा का उपयोग करके किया गया है।

यह कार्य पी.के. स्मोलार्कीविज़ (नेशनल सेंटर फ़ॉर एटमॉस्फेरिक रिसर्च, बोल्डर, सी.ओ., यू.एस.ए.), एस. कुमार (पटना विश्वविद्यालय, भारत), और ए. प्रसाद (द हंट्सविले, अमेरिका में अलबामा विश्वविद्यालय) के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab75bb




चित्र सं. 8: पैनल (a) में सियान और पीच रंग में अव्यवस्थित चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं बिना किसी त्रि-आयामी चुंबकीय शून्य के प्रारंभिक अवस्था को दर्शाता है। पैनल (b) और (c) स्व-संगठित अवस्था के रूप में अव्यवस्थित क्षेत्र से तीन-आयामी चुंबकीय शून्य के उस समय के सहज विकास को दर्शाता है जब प्रणाली t = 200 s पर एक अर्ध-स्थिर स्थिति की ओर शिथिल होता है। शून्य बिंदु 1,2,3 और पैनल (c) में 4 के रूप में चिह्नित हैं। शून्य बिंदु के पास कम चुंबकीय क्षेत्र ताकत को गुलाबी रंग के आइसोवैल्यू द्वारा स्पष्ट किया गया है।

**(एस.एस.नायक, आर. भट्टाचार्य)**

## एसडीओ/एआईए प्रेक्षणों का उपयोग करके सौर किरीटीय घूर्णन की भिन्नता पर

हम तापमान (या, ऊंचाई) के संदर्भ में सौर किरीटीय परतों के घूर्णन की अवधि की परिवर्तनशीलता पर रिपोर्ट करते हैं। इस उद्देश्य के लिए, हमने नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) के सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी (SDO) अंतरिक्ष मिशन पर वायुमंडलीय इमेजिंग असेंबली (AIA) दूरबीन से प्रेक्षणों का उपयोग किया है। उपयोग किए गए चित्र 2012 से 2018 की अवधि के दौरान: 94, 131, 171, 193, 211 और 335 आंगस्ट्रॉम तरंग दैर्ध्य पर हैं। AIA द्वारा इन तरंग दैर्ध्य पर प्राप्त सौर पूर्ण डिस्क छवियों का विश्लेषण प्रवाह मॉड्यूलन विधि का उपयोग करके किया गया है। स्वतः सहसंबंध गुणांक प्राप्त करने के लिए चरम पराबैंगनी (EUV) तीव्रता विविधताओं की एक समय श्रृंखला निकालने के लिए 10 डिग्री के बराबर अंतराल (800S से 800N तक) के सत्रह आयताकार स्ट्रिप्स/बिन का चयन किया गया था। स्वतः-कोरेलोग्राम में पहले माध्यमिक मैक्सिमा में गॉसियन की चोटी फिट होती है, जो संयुति घूर्णन की अवधि देती है। हमारा विश्लेषण अक्षांश और साथ ही तापमान (या ऊंचाई) की तुलना में अंतर घूर्णन को दर्शाता है। वर्तमान अध्ययन में, हम पाते हैं कि अलग-अलग किरीटीय परतों के चमकीले घूर्णन की अवधि बढ़ते तापमान (या, ऊंचाई) के साथ घट जाती है। एआईए -171 एंगस्ट्रॉम के पास सबसे कम तापमान (~ 600000 केल्विन) पर औसत चमकीले घूर्णन की अवधि जो कि ऊपरी संक्रमण क्षेत्र/शांत किरीट से उत्पन्न होती है, वह 27.03 दिन है। जैसा कि AIA-131 एंगस्ट्रॉम प्रेक्षणों में देखा गया है उच्च तापमान (~ 10 मिलियन केल्विन) पर सौर किरीट के प्रज्वाली क्षेत्रों के पास तापमान (या ऊंचाई) के साथ चमकीले घूर्णन की अवधि घट कर 25.47 दिन रह जाती है (cf, चित्र 9)। वैश्विक सूर्यकंपन का अध्ययन करने वाले पूर्व के अध्ययनों ने सूर्य के अंदरूनी हिस्से से प्रकाशमंडल की ओर औसत घूर्णन दर की काफी कम प्रवृत्ति की सूचना दी है। यह ध्यान दिया जाना है कि इस मामले में प्रकाशमंडल के ऊपर की ओर बढ़ने पर सौर आंतरिक से तापमान कम हो जाता है। इस प्रकार, ऐसा प्रतीत होता है कि सौर आंतरिक और उसके वायुमंडल के घूर्णन को तापमान के साथ समान भिन्नता दिखाने के लिए जोड़ा गया है।

यह कार्य CCSU, मेरठ के जयदेव शर्मा और अनिल मलिक और SERF, अहमदाबाद के एच.ओ. वत्स के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1093/mnras/staa188




चित्र सं. 9: आरेख, सौर वायुमंडल में तापमान (या, ऊंचाई) के संबंध में नाक्षत्र घूर्णनअवधि (दिन) में समग्र प्रवृत्ति (2012-2018 की अवधि में वार्षिक रूप से औसतित) दिखाता है।

**(बी. कुमार)**

**सौर चक्र 23 और 24 के दौरान अंतःग्रहीय किरीटीय द्रव्यमान उत्सर्जन(आईसीएमई): सूर्य-पृथ्वी प्रसारण विशेषताएं और निकट-पृथ्वी क्षेत्र पर परिणाम**

यह कार्य ICME के उस गतिविधि में सम्मिलित है जो सौर चक्र 23 और 24 (1996–2017) के दौरान हुई थी, जब पहली बार पूर्ण सौर चक्र 24 के दौरान आईसीएमई घटनाओं की एक समग्र छवि प्रस्तुत की जा रही थी। इस अध्ययन का महत्व आईसीएमई के दो सबसेट अर्थात चुंबकीय बादल (MCs) और उत्सर्जित (EJ) की तुलना में निहित है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि 1 AU पर ICME की प्रेक्षित संरचनाएँ CME के गुणों से उनके सूर्य पर प्रक्षेपण के दौरान कैसे जुड़ी हो सकती हैं। हमने पाया कि, हालांकि पिछले चक्र की तुलना में सौर चक्र 24 में आईसीएमई घटनाओं की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है, पर चक्र 24 के दौरान MCs के अंश चक्र 23 (60% बनाम 41%, c.f., चित्र 10) की तुलना में बहुत अधिक थे। पृष्ठभूमि सौर हवा में परिवर्तन के साथ निकट सूर्य क्षेत्र में सीएमई गुण (जैसे गति, त्वरण, और संरचना) जैसे कई मापदंडों का संयोजन आईसीएमई के उद्भव को प्रभावित करता है। सीएमई का सूर्य से निकट-पृथ्वी के पर्यावरण में प्रसार एक समग्र धनात्मक के साथ-साथ ऋणात्मक त्वरण (यानी अवत्वरण) को दर्शाता है, हालांकि त्वरण केवल कम गति वाले सीएमई तक सीमित है, जो कि औसत सौर हवा की गति के साथ तुलनीय या उससे कम गति के साथ प्रक्षेपित किया जाता है, यानि $\approx$400–450 km $s^{-1}$ (c.f., चित्र 11)। किसी दिए गए चक्र में, CME-ICME गति संबंध के साथ-साथ अंतःग्रहीय त्वरण की तुलना में MC और EJ प्रोफाइलों की समानताएँ इस परिकल्पना का समर्थन करता है कि सभी सीएमई में एक प्रवाह रस्सी संरचना होती है और सीएमई का प्रक्षेपवक्र अनिवार्य रूप से 1 AU पर प्रेक्षित आईसीएमई संरचना को निर्धारित करता है।

यह कार्य के.एस. चो, आर.एस. किम (कोरिया एस्ट्रोनॉमी एंड स्पेस साइंस इंस्टीट्यूट, साउथ कोरिया), वाई.जे. मून (स्कूल ऑफ स्पेस रिसर्च, क्यूंग ही यूनिवर्सिटी, साउथ कोरिया) के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1007/s11207-019-1443-5




चित्र सं. 10: (a) ICMEs की वार्षिक घटना को दर्शाते आयतचित्र और (b) सौर चक्र 23 और 24 के दौरान दो प्रकार के ICMEs , यानी MCs (सफेद बार) और EJs (काले बार)।




चित्र सं. 11: (a) चक्र 23 और (b) चक्र 24 के दौरान सभी ICMEs के लिए प्रारंभिक CME गति औरअंतरग्रहीय (IP) त्वरण के बीच संबंध। हमने दो चक्रों के दौरान त्वरण प्रोफाइल की तुलना करने के लिए -5 एमएस $^{-2}$ के अनियंत्रित तत्वरण मूल्य पर एक बिंदीदार क्षैतिज रेखा खींची है।

**(सैयद एम. इब्राहिम, बी. जोशी)**

# ग्रहीय विज्ञान

## ग्रहीय वायुमंडल की मॉडलिंग, अनुरूपण और अंतरतारकीय माध्यम

### MY27-MY28 के लिए SPICAM स्पेक्ट्रोमीटर से मंगल ग्रह के ओजोन और धूल की पुनः प्राप्ति

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1007/s12040-019-1167-9

ओजोन ($O_3$) मंगल ग्रह के वायुमंडल में $CO_2$ के स्थिरीकरण में महत्वपूर्ण है और इसलिए $O_3$ के स्थानिक-अस्थायी परिवर्तनशीलता का अध्ययन करना महत्वपूर्ण है। हमने मार्स एक्सप्रेस पर SPICAM (स्पेक्ट्रोस्कोपी फॉर द इन्वस्टीगेशन ऑफ द कैरेक्टरिस्टिक्स ऑफ द एटमोस्फीयर ऑफ द मार्स) द्वारा दर्ज किए गए अपरिष्कृत वर्णक्रमीय चमक से MY27-MY28 के लिए $O_3$ स्तंभ बहुतायत और धूल को पुनः प्राप्त किया है। इसके लिए एक अग्र विकिरणी स्थानांतरण मॉडल की स्थापना की आवश्यकता थी। हमने $O_3$, कार्बन मोनोऑक्साइड और जल वाष्प का अनुकरण करने के लिए अपने HPC क्लस्टर पर प्रकाश रसायन युग्मित LMD-GCM को भी चलाया है। मौसमी परिवर्तनशीलता का अध्ययन उष्णकटिबंधीय, मध्य और उच्च अक्षांशों में किया गया है और इसकी तुलना GCM द्वारा अनुरूपण के साथ की गई है। इस क्षेत्र में $O_3$ स्तंभ मान 10$\mu$m-atm से कम प्रेक्षित किए जाने के साथ ही पता चलता है कि मौसमी विविधताएं उष्णकटिबंधीय अक्षांशों में प्रमुख नहीं हैं। सर्दियों में उच्च और गर्मियों में न्यूनतम द्वारा, उच्च अक्षांश $O_3$ में सबसे अधिक मौसमी बदलाव दिखाते हैं, और GCM परिणामों के साथ तुलना सामान्य रूप से ठीक है। उच्च अक्षांशों पर ओजोन-जल वाष्प विरोधी सहसंबंध देखा गया है जैसा कि पहले के अध्ययनों द्वारा बताया गया है। हमने SPICAM प्रेक्षणों से समकालीन रूप से पुनर्प्राप्त धूल के साथ $O_3$ के सहसंबंध का अध्ययन किया है। दक्षिणी उष्णकटिबंधीय अक्षांशों में, बिना वैश्विक धूल तूफान (MY 27) वर्ष के दौरान $O_3$ स्तंभ मूल्यों की तुलना में, वैश्विक धूल तूफान वर्ष (MY 28) के दौरान $O_3$ स्तंभ मूल्यों में बढ़त देखा गया है, हालांकि इन वर्षों के बीच जल वाष्प कॉलम अपरिवर्तित रहता है। यह $O_3$ और इसके पुनः प्राप्ति पर धूल के विकिरण प्रभाव की ओर संकेत करता है। $O_3$ की वृद्धि बिना वैश्विक धूल तूफान की तुलना में 50% तक हो सकती है। इसी तरह का परिणाम MY 28 के काले धूल के तूफान के लिए LMD-GCM द्वारा अनुरूपित $O_3$ में देखा जा सकता है। $O_3$ स्तंभ बहुतायत पर गतिकी के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए, GCM अनुरूपित CO और $O_3$ के सहसंबंध का विश्लेषण किया गया है। O परमाणुओं के परिवहन के कारण (सक्रिय प्रभाव के लिए $O_3$ कॉलम 3 से 27 $\mu$m-atm तक बढ़ सकता है), $O_3$ कॉलम का सक्रिय योगदान दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में सर्दियों के दौरान सबसे अधिक पाया गया है। दूसरी ओर, उत्तरी ध्रुवीय क्षेत्र में, सक्रिय योगदान रासायनिक योगदान से बहुत कम है, जबकि विषुव रेखा और उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में सक्रिय प्रभाव नगण्य है।




चित्र 1: MY 27 (ऊपरी पैनल) और MY 28 (निचला पैनल) के लिए 0°-30°S क्षेत्र के लिए SPICAM द्वारा प्रेक्षणों से प्राप्त ओजोन और धूल के सहसंबंध।

**(वी. शील और ए. मोदक)**

### मंगल ग्रह के वायुमंडल की विषम ऑक्सीजन प्रकाश रसायनिकी में प्रतिस्पर्धी पथ

यद्यपि मंगल ग्रह की प्रकाश रसायनिकी तुलनात्मक रूप से सरल है, मंगल के कक्षीय गुणों और उनके सौर प्रवाह के संपर्क में आने से अल्पकालिक प्रजातियों (ट्रेस गैसों) का स्पष्ट मौसमी और अक्षांशीय रूपांतर होता है। हमें ओजोन जैसी ऐसी प्रजातियों के बारे में उचित समझ है, जो मंगल वायुमंडल की संतुलन स्थिति को निर्धारित करती हैं। लेकिन, हमारे पास ओजोन और संबंधित ट्रेस प्रजातियों की प्रचुरता का निर्धारण करने में विभिन्न उत्पादन और हानि प्रक्रियाओं के सापेक्ष महत्व को समझने की कमी है। इस खालीपन को भरने के लिए, हम विषम ऑक्सीजन (ओजोन और ऑक्सीजन परमाणुओं) के महत्वपूर्ण स्रोत और ह्रास प्रक्रियाओं और विभिन्न स्थानों और मौसमों में उनके योगदान का विस्तार से अध्ययन करने के लिए प्रकाश रसायन युग्मित LMD GCM का उपयोग करते हैं। यह प्रकाश रसायन में शामिल जल वाष्प की उच्च मौसमी परिवर्तनशीलता के कारण विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाता है। यह अध्ययन, प्रक्रियाओं के बारे में कुछ दिलचस्प विशेषताएं दिखाता है। मौसम से प्रभावित हुए बिना OH के कारण नुकसान 50 किमी से ऊपर चरम पर

पहुंचता है, लेकिन ऊंचाइयों में जल वाष्प की बढ़ती उपलब्धता के कारण उपसौर मौसम के दौरान चरम मूल्य में वृद्धि होती है। अपेक्षाओं के विपरीत, $HO_2$ के कारण दिन के समय हानि दर है, जो विषम ऑक्सीजन का सबसे महत्वपूर्ण नुकसान है, दृढ़ मौसमी बदलाव नहीं दिखाता है। सूर्योच्च मौसम में लगभग 30 किमी तक और पेरिहेलियन मौसम में 45 किमी तक $O_x$ प्रकाश-रसायनिक संतुलन में होता है। प्रकाश-रसायनिक संतुलन क्षेत्र में, $O_x$ की प्रमुख हानि प्रक्रिया है $HO_2$+O, जबकि इस डोमेन के ऊपर, $O_x$ हानि में $HO_x$+O, H+$O_3$ और O+O अनुक्रियाओं का तुलनीय योगदान है। $O_x$ हानि में O+$O_3$ अनुक्रिया का योगदान हमेशा मामूली रहता है। हमने प्रेक्षित किया है कि ओजोन की मौसमी परिवर्तनशीलता व्यापक तौर पर आर्द्रताग्राही परतसीमा की ऊंचाई से जुड़ी है। उदाहरण के लिए, सूर्योच्च के मौसम में उत्तरी ध्रुवीय क्षेत्र में, 20 किमी से ऊपर जल वाष्प संतृप्त हो जाता है। इस प्रकार, उत्प्रेरक $HO_x$ रेडिकल के कारण विषम ऑक्सीजन का विनाश ज्यादातर निचले वायुमंडल तक सीमित रहता है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1016/j.pss.2019.104783



चित्र 2: अक्षांश क्षेत्र 60°N-90°N, 60°S-90°S और 20°S-40°S पर सूर्योच्च अवधि (Ls=60°-120°) और उपसौर अवधि (Ls=240°-300°) के दौरान $O_x$ के उत्पादन और हानि की दरों के बीच तुलना। सौर जेनिथ कोण (SZA) < 70° दिनसमय मूल्यों के अनुरूप हैं, जबकि SZA > 96° पैनल रात के मूल्यों के अनुरूप हैं।

**(वी. शील और ए. मोदक)**

**ग्रहीय सतह परत में भंवर प्रणाली की स्पर्शतलीय हवाएं**

यद्यपि आँधी, बवंडर और तूफानों जैसे भंवर प्रणाली के लिए जटिल संख्यात्मक मॉडल उपलब्ध हैं, पर इनसे स्पर्शतलीय वायु वेगों को सटीक रूप से निर्धारित करने के लिए सरल अनुमानों को प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण है। वायुमंडल में धूल कणों को भीतर पहुंचाने में, मंगल पर आँधी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंगल ग्रहीय सीमा परत PBL में, सतह, संवहनी भंवर उत्पन्न कर आँधी में परिणामित हो सकती है। हम ग्रहीय वायुमंडल की सतह परत के भीतर बेलनाकार समन्वय प्रणाली में स्पर्शतलीय हवा के वेग के लिए एक विश्लेषणात्मक व्यंजक देने के लिए नवियर स्टोक्स समीकरणों और निरंतरता समीकरण का उपयोग करते हैं। हम अपने समाधान के सैद्धांतिक व्युत्पत्ति के लिए मंगल सतह परत गुणों का उपयोग करते हैं। हालांकि, जब तक कि हमारी सभी धारणाएं वैध हैं, हमारे परिणाम किसी भी ग्रह की सतह परत के लिए मान्य हैं। स्पर्शतलीय हवा के वेग के हमारे सैद्धांतिक मूल्य (10-16 $ms^{-1}$), प्रेक्षित मूल्यों की सीमा के भीतर मेल खाते हैं। व्युत्पन्न समीकरण भंवर के केंद्र और ऊंचाई से दोनों अर्धव्यास दूरी पर स्पर्शतलीय वेग की निर्भरता को दर्शाता है। जब हम भंवर केंद्र से आगे बढ़ते हैं तो भंवर का प्रभाव निरर्थक हो जाता है, और वेग मानक लॉगरिदमिक प्रोफाइल का पालन करना शुरू करते हैं। ऊंचाई पर स्पर्शतलीय वायु वेग की निर्भरता के कारण जैसे जैसे हम भंवर तंत्र में ऊपर की ओर बढ़ते हैं, स्पर्शतलीय वेग बढ़ जाता है। 100 मीटर की ऊंचाई पर, अर्धव्यास दूरी में परिमाण में क्रम वृद्धि के लिए, औसत स्पर्शतलीय पवन वेग परिमाण में 1.5 के गुणक से कम हो जाते हैं।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1007/s12040-019-1268-5

**(वी. शील, एस. उत्तम और डी. सिंह)**

**मंगल के ऊपरी आयनमंडल में SEP इलेक्ट्रॉन त्वरण: मावेन अवलोकन**

हाल ही में, मार्स एटमॉस्फियर एंड वोलेटाइल इवोल्यूशन (MAVEN) ने मंगल पर तीन प्रकार के ध्रुवीय ज्योति प्रेक्षित किए हैं: (1) असतत ध्रुवीय ज्योति, (2) प्रोटॉन ध्रुवीय ज्योति, और (3) मंगल के वायुमंडल में विकीर्ण ध्रुवीय ज्योति। हमने मंगल की रात के वायुमंडल में सौर ऊर्जावान कणों (SEP) की वर्षा के कारण 17 और 21 दिसंबर 2014 के बीच होने वाली विकीर्ण ध्रुवीय ज्योति की उत्तेजन प्रक्रियाओं और उत्सर्जन तीव्रता की मॉडलिंग की है। विकीर्ण ध्रुवीय ज्योति लगभग 70 किमी पर MAVEN के इमेजिंग अल्ट्रावायलेट स्पेक्ट्रोग्राफ (IUVS) इंस्ट्रूमेंट द्वारा देखा गया है। चित्र 3 (a-d), 15 से 23 दिसंबर, 2014 तक MAVEN के SEP इंस्ट्रूमेंट द्वारा प्रेक्षित 25 keV, 50 keV, 75 keV, और 100 keV ऊर्जाओं में इलेक्ट्रॉन स्पेक्ट्रा की समय श्रृंखला दिखाते हैं। इस अवधि के दौरान, MAVEN ने कक्षा# 408 से # 456 के बीच 48 पेरिएप्स पास पूरे किये हैं। हमने कक्षा को औसतित किए बिना SEP इलेक्ट्रॉन प्रवाहों को आरेखित किया है (इस प्रकार हर कक्षा के लिए पेरीएप्सिस पास के सभी डेटा को आरेखित किया गया है)। ठोस लाल रेखा, स्मूद डेटा मूविंग एवरेज फिल्टर' तकनीक (https://mathworks.com/help/curvefit/smooth.html/) से प्राप्त स्मूद फिटिंग को दर्शाती है। विकीर्ण ध्रुवीय ज्योति की उपस्थिति में SEP इलेक्ट्रॉन स्पेक्ट्रा में बड़ी वृद्धि देखी गयी है। इन स्पेक्ट्रा ने क्रमशः 25 keV, 50 keV, 75 keV और 100 keV ऊर्जा पर अधिकतम इलेक्ट्रॉन प्रवाह $\sim$ 2.4 x $10^4$, 1.3 x $10^4$, 7.0 x $10^3$ and 5.1 x $10^3$ $cm^{-2}$ $s^{-1}$ $sr^{-1}$ प्रेक्षित की है। बढ़ती ऊर्जा के साथ SEP चरम इलेक्ट्रॉन प्रवाह कम होता है। हमने इन प्रवाहों का उपयोग हमारे विकीर्ण ध्रुवीय ज्योति उत्सर्जन की गणना में किया है। यह पता चला है कि लगभग 70 किमी पर विकीर्ण ध्रुवीय ज्योति की चरम उत्सर्जन तीव्रता उत्पादन करने के लिए 100 keV इलेक्ट्रॉन पर्याप्त है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1029/2019JA026688




चित्र 3: 25 keV ऊर्जा पर SEP इलेक्ट्रॉन प्रवाह की समय श्रृंखला (a), 50 keV (b), 75 keV (c) और 100 keV (d)15-23 दिसंबर, 2014 MAVEN के SEP इंस्ट्रूमेंट द्वारा प्रेक्षित

**(एस.ए. हैदर और जे. मासूम)**

### मंगल के रात्रिकालीन आयनमंडल में ध्रुवीय ज्योति उत्पादन दर

हमने मंगल के रात्रिकालीन आयन मंडल में ध्रुवीय ज्योति इलेक्ट्रॉनों और प्रोटॉन-हाइड्रोजन ($H^+$-H) परमाणुओं की अवक्षेपण के कारण $CO_2^+$, $N_2^+$, और $O^+$ के आयन उत्पादन दरों के मॉडलन किए हैं। इस गणना में हमने मोंटे कार्लो दृष्टिकोण के आधार पर हाइब्रिड मॉडल और यील्ड स्पेक्ट्रम विधियों का उपयोग किया है। $H^+$-H ऊर्जावान तटस्थ परमाणु H और प्रोटॉन $H^+$ का उत्पाद है। हाइब्रिड मॉडल में $H^+$-H प्रवाह और आयन उत्पादन दर एक ही समय में अनुमानित किए गए हैं। विद्युत और चुंबकीय क्षेत्रों की उपस्थिति में $H^+$ और H को 10 keV ऊर्जा तक बढ़ जाते हैं। यील्ड स्पेक्ट्रा भी ध्रुवीय ज्योति इलेक्ट्रॉन प्रवाह और उत्पादन दर की गणना एक साथ करता है। $H^+$-H और ध्रुवीय ज्योति ऊर्जावान इलेक्ट्रॉन मंगल ग्रह के वायुमंडल में एक साथ अवक्षेपण करते हैं। चित्र 4, सौर शीर्षबिंदु कोण (SZA), $\chi$ = 105° और 127° पर ध्रुवीय ज्योति इलेक्ट्रॉनों और $H^+$-H प्रवाहों के प्रभाव के कारण $CO_2^+$, $N_2^+$, और $O^+$ आयन उत्पादन दर के बीच तुलना को दर्शाता है। $H^+$-H प्रभाव आयनीकरण दर बढ़ने $\chi$ के साथ घट रही है। $H^+$-H प्रभाव आयनीकरण के कारण मंगल का ऊपरी आयनमंडल 100 किमी और 200 किमी के बीच की ऊंचाई पर गठित हुआ है। 50 किमी और 100 किमी की ऊंचाई के बीच 100 keV इलेक्ट्रॉनों के प्रभाव के कारण मंगल के मध्य आयनमंडल में ध्रुवीय ज्योति आयनमंडल का गठन हुआ है। ध्रुवीय ज्योति आयन उत्पादन दर, $H^+$-H प्रभाव आयनीकरण द्वारा उत्पादित की तुलना में एक से दो कोटि परिमाण से बड़े हैं।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1029/2019JA026688




चित्र 4: मंगल ग्रह के रात्रिकालीन आयनमंडल में SZA=105° और 127° पर उषा संबंधी और $H^+$-H संघट्ट के प्रभाव के कारण SZA=105° और 127° की आयन उत्पादन दरें

**(एस.ए. हैदर और वाई.एस. सिद्धि)**

### मंगल के ऊपरी आयनमंडल में सौर प्रज्वालों के प्रभाव

सौर चक्र 23 के दौरान मार्स ग्लोबल सर्वेयर (एमजीएस) पर रेडियो साइंस एक्सपेरिमेंट द्वारा प्राप्त 32 इलेक्ट्रॉन घनत्व प्रोफाइलों से ~110 km की ऊंचाई पर मंगल आयनमंडल की एक परत में सोलर एक्स-रे प्रज्वाल की प्रतिक्रियाएँ में देखी गई। प्रज्वलन अवधि के दौरान दर्ज किए गए 32 प्रोफाइलों में से 10 X-श्रेणी प्रज्वाल, 12 M-श्रेणी के साथ और 10 C-श्रेणी के साथ जुड़े थे। प्रज्वाल E-चरम घनत्व सौर एक्स-रे प्रवाह, SZA, सौर देशांतर (Ls) और अक्षांशों के साथ भिन्न होते हैं। E क्षेत्र आयनमंडल में इन प्रज्वाल प्रोफाइलों

की आयनमंडलीय इलेक्ट्रॉन कन्टेन्ट (IEC) और E-चरम इलेक्ट्रॉन उत्पादन दरों का अनुमान लगाया गया है। चित्र 5 (बाएं पैनल) में, हमने MGS द्वारा प्रेक्षित अनुसार X, M और C वर्ग प्रज्वाल के लिए अलग-अलग UT में IEC में % वृद्धि दिखाई है। चित्र 5 (दाएं पैनल) में, GOES 10 द्वारा चरम प्रज्वाल समय पर प्रेक्षित प्रज्वालों के लिए अलग-अलग UT में अनुरूपी सौर एक्स-रे प्रवाहों में % वृद्धि को दिखाया गया है। यह पाया गया है कि सौर प्रज्वाल से पहले मंगल का आयनमंडल शांत था। एक्स-रे प्रवाह में प्रतिशत में वृद्धि 13:50 UT, 02:24 UT और 10:24 UT पर सौर प्रज्वाल के क्रमशः X14.4, M9.3 और C9.5 प्रकार के लिए अधिकतम है। सौर प्रज्वाल के बाद मार्टियन आयनमंडल दृढ़ रूप से प्रक्षोभित हुआ। प्रज्वाल का क्षय समय प्रज्वाल के उदय समय से अधिक है। इसलिए, एक्स-रे प्रज्वाल के प्रभाव लंबे समय तक ~ 2 घंटे या कुछ अधिक समय E क्षेत्र आयनमंडल में जारी थी। यह ध्यान दिया जाए कि चरम प्रज्वाल के समय पर इलेक्ट्रॉन घनत्व नहीं मापे गए हैं। इलेक्ट्रॉन घनत्वों की माप केवल प्रज्वाल के क्षय चरण के दौरान उपलब्ध थी। चित्र 5 a-c और चित्र 5 d-f के बीच तुलना करने पर हमने अलग-अलग UT में X, M और C श्रेणी प्रज्वाल के लिए GOES X-रे प्रवाहों और IEC की प्रतिशत वृद्धि के बीच सीधा संबंध पाया है। चित्र 5 a-c में प्रज्वाल के X14.4, M9.3 और C9.5 प्रकार के लिए क्रमशः 15 अप्रैल 2001, 31 मई 2003 और 19 दिसंबर 2000 को IEC में प्रतिशत वृद्धि अधिकतम है।

यह कार्य पी.आर.एल. में तब पूरा हुआ था, जब पी. तिरुपतैया पीडीएफ थे। वर्तमान में वे देहरादून, भारत में पेट्रोलियम और ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में हैं।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1016/j.icarus.2019.04.015




चित्र 5: बायाँ पैनल: MGS द्वारा अवलोकित 10 X-श्रेणी (a), 12 M-श्रेणी (b) और 10 C-श्रेणी (c) प्रज्वाल प्रोफाइल के लिए अलग-अलग UT पर IEC में % वृद्धि। दायां पैनल: 10 X- श्रेणी (d), 12 M- श्रेणी (e) और 10 C- श्रेणी (f) GOES 10 द्वारा चरम प्रज्वाल समय में GOES 10 द्वारा अवलोकित प्रज्वाल के लिए अलग-अलग UT में संबंधित सौर एक्स-रे प्रवाह में % की बढ़ोतरी।

**(पी. तिरुपतैया, वाई.एस. सिद्धि, एस.ए. हैदर और के. दुर्गा प्रसाद)**

**जल-मंद धूमकेतु C/2016 R2 (Pan-STcomet ARRS) में निषिद्ध परमाणु कार्बन, नाइट्रोजन, और ऑक्सीजन प्रकाशिक उत्सर्जन रेखाओं के लिए मॉडल**

अब तक प्रेक्षित किए गए कई धूमकेतुओं के विपरीत, धूमकेतु C/2016 R2 (Pan-STARRS) (इसके बाद C/2016 R2) के विभिन्न भू-आधारित अवलोकनों से पता चला है कि इस धूमकेतु की एक अनूठी संरचना है, जिसमें CO, $N_2$ की बड़ी मात्रा है पर $H_2O$ की उल्लेखनीय कमी है। हमने यूरोपियन सदर्न ऑब्जर्वेटरी वेरी लार्ज टेलीस्कोप के UVES स्पेक्ट्रोग्राफ का उपयोग करते हुए फरवरी 2018 में प्राप्त धूमकेतु C/2016 R2 के उच्च-विभेदन स्पेक्ट्रा का पुनः विश्लेषण किया, जहां सूर्य से 2.8 AU पर धूमकेतु के प्रकाशिक स्पेक्ट्रम में [CI], [NI] और [OI] की विभिन्न निषिद्ध परमाणु उत्सर्जन लाइनें प्रेक्षित की गई थीं। हमने जनक प्रजातियों की संबद्ध प्रकाश रसायन की खोज की, जो विभिन्न मितस्थायी अवस्थाओं और निषिद्ध उत्सर्जनों का उत्पादन करती है। प्रेक्षित उत्सर्जन तीव्रता अनुपातों की अध्ययन युग्मित रसायन विज्ञान उत्सर्जन मॉडल के ढांचे में किया गया है। मॉडल की गणना से पता चला है कि C/2016 R2, $CO_2$ के पूंछ में परमाणु ऑक्सीजन हरे और लाल-द्विक उत्सर्जन दोनों के प्रमुख स्रोत $CO_2$ है (जबकि अधिकांश धूमकेतुओं के लिए यह आमतौर पर $H_2O$ होता है) जबकि, CO और $N_2$ क्रमशः परमाणु कार्बन और नाइट्रोजन उत्सर्जनों को नियंत्रित करते हैं। जब हम CO के सापेक्ष 30% के उत्पादन दर के साथ $O_2$ बहुतायत को देखते हैं, तो हमारे मॉडलित ऑक्सीजन हरे-से-लाल-द्विक उत्सर्जन अनुपात, प्रेक्षणों में पाए गए के साथ मेल खाते हैं। हमने लगभग 1% पर $C(^1S)$ उत्पन्न करने वाले CO की औसत प्रकाशपृथक्करण उत्पादन को बाधित किया जिसे प्रयोगशाला में मापा नहीं गया है। $N(^2D)$ के लिए संघट्टीय शमन महत्वपूर्ण क्षय प्रक्रिया नहीं है, हालांकि इसका विकिरणी जीवनकाल महत्वपूर्ण है (~10 h)। इसलिए, 1.22 के प्रेक्षित [NI] द्विक-उत्सर्जन अनुपात ([NI] 5198/5200), जो 1.4 के गुणक द्वारा पार्थिव माप से छोटा है, वह मुख्य रूप से $N(^2D)$ के चारित्रिक विकिरणी क्षय के कारण है। चित्र 6 में दिखाये गये निम्नलिखित अध्ययन किए गए थे: केस-ए: विभिन्न ऑक्सीजन-वाही प्रजातियों के मानक परमाणु और आणविक मापदंडों का उपयोग करना; केस-बी: CO उत्पादन दर की तुलना में 30% $O_2$ सापेक्ष प्रचुरता; केस-सी: $O(^1D)$ उत्पन्न करने वाले $CO_2$ प्रकाशपृथक्करण क्रॉस सेक्शन तीन के गुणक द्वारा बढ़ाया गया है; केस-डी: विभिन्न कार्बन और नाइट्रोजन-वाही प्रजातियों के मानक परमाणु और आणविक मापदंडों का उपयोग करना; केस-ई: $C(^1D)$ उत्पन्न करने वाले CO प्रकाशपृथक्करण क्रॉस सेक्शन तीन के गुणक द्वारा बढ़ाया गया है; केस-एफ: $N(^2D)$ उत्पादक $N_2$ के प्रकाशपृथक्करण उत्तेजन क्रॉस सेक्शन को तीन के गुणक द्वारा बढ़ाया गया है

यह कार्य डी. हटसेम, सी. ओपिटॉम, ई. जेहिन, और जे. मैनफ्रॉयड, स्टार इंस्टीट्यूट, यूनिवर्सिटी Liège, बेल्जियम और यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला, सैंटियागो, चिली के सहयोग से किया गया है। बेल्जियम, और यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला, सैंटियागो, चिली के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1051/0004-6361/201936713




चित्र 6: C/2016 R2 धूमकेतु में मॉडल किए गए और प्रेक्षित [CI] से [NI] (शीर्ष पैनल) और [OI] हरे/लाल (निचला पैनल) उत्सर्जन अनुपात के बीच तुलना। प्रेक्षित उत्सर्जन अनुपात को त्रुटि बार के साथ आलेखित किया गया है। केस-A और केस-D के लिए परिकलित उत्सर्जन अनुपात को 0.3 के गुणक से गुणा के बाद आलेखित किए गए हैं।

**(एस. रघुराम और ए. भारद्वाज)**

**धूमकेतु 67P/चुर्युमोव-गेरासिमेंको में पराबैंगनी परमाणु लाइन उत्सर्जन के लिए प्रकाश-रसायनिक मॉडल**

रोसेटा मिशन पर ऐलिस अल्ट्रावायोलेट स्पेक्ट्रोमीटर ने अपने पूरे सहगामी चरण के दौरान धूमकेतु 67P/चुर्युमोव-गेरासिमेंको (बाद में 67P/C-G) की वाष्पशील प्रजातियों से निकलने वाले कई स्पेक्ट्रोस्कोपिक उत्सर्जनों का अवलोकन किया। इलेक्ट्रॉन प्रभाव को एकमात्र उत्तेजन स्रोत मान कर, धूमकेतु के 3 AU पूर्व-उपसौर के आसपास रहने के दौरान प्रारंभिक ऐलिस प्रेक्षित उत्सर्जन तीव्रता को धूमकेतु पूंछ में इलेक्ट्रॉनों घनत्व व्युत्पन्न करने के लिए उपयोग किया गया है। प्रमुख उत्पादन तरीकों का उत्तरदायित्व लेते हुए, हमने परमाणु हाइड्रोजन (HI 1216, 1025, & 973 ), oxygen (OI 1152, 1304, & 1356 ), और कार्बन (CI 1561 & 1657 ) लाइन उत्सर्जन का अध्ययन करने के लिए धूमकेतु 67P/C-G के लिए एक फोटोकैमिकल मॉडल विकसित किया है। हमने उत्सर्जन लाइनों की कुल तीव्रता के लिए फोटॉन और इलेक्ट्रॉन प्रभाव विघटनकारी उत्तेजन प्रक्रियाओं के प्रतिशत योगदान की मात्रा निर्धारित की है, जिसका ऐलिस प्रेक्षित स्पेक्ट्रा के विश्लेषण में महत्वपूर्ण प्रासंगिकता है। हमने दिखाया कि धूमकेतु 67P/C-G के सूर्य से 1.56 AU पर रहने के दौरान, और गैस की उत्पादन दर लगभग $10^{27}$ $s^{-1}$ थी, तो परमाणु उत्सर्जन तीव्रता को निर्धारित करने में प्रकाश विघटनकारी उत्तेजन प्रक्रियाएं इलेक्ट्रॉन प्रभाव की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण हैं। हमारे मॉडल की गणना के आधार पर, हम सुझाव देते हैं कि 67P/C-G के पूंछ में इलेक्ट्रॉन घनत्व की बजाय क्रमशः $H_2O$, $O_2$, और CO, बहुतायत प्राप्त करने के लिए प्रेक्षित परमाणु हाइड्रोजन, ऑक्सीजन और कार्बन उत्सर्जन तीव्रता का उपयोग किया जा सकता है। चित्र 7 में दिखाई गई गणना धूमकेतु के सूर्य से 1.56 AU पर रहने के दौरान 3.5 और 7 × $10^{27}$ $s^{-1}$ के बीच भिन्न $H_2O$ उत्पादन दर ($QH_2O$) और पानी की तुलना में, क्रमशः $CO_2$, CO, और $O_2$ के 2.5, 2, और 4% सापेक्ष बहुतायत से की गई है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1016/j.icarus.2020.113790




चित्र 7: धूमकेतु 67P/C-G पर धूमकेतु की अनुमानित दूरी के कार्य के रूप में मॉडलित H I Lyman- अल्फा उत्सर्जन तीव्रता प्रोफ़ाइल। 25 मई 2015 को एलिस प्रेक्षित H I Lyman- अल्फा उत्सर्जन तीव्रता का अवलोकन ऊर्ध्वाधर त्रुटि बार से आलेखित किए गए हैं।

**(एस. रघुराम और ए. भारद्वाज)**

**मंगल ग्रह के दिन की तरफ का आयनमंडल: MAVEN डीप डिप अभियान प्रेक्षणों के साथ एक-आयामी प्रकाश-रासायनिक मॉडल की तुलना**

मंगल ग्रह के दिन के तरफ के आयनमंडल के लिए एक आयामी प्रकाश-रासायनिक मॉडल को स्थिर अवस्था प्रकाश-रासायनिक संतुलन स्थिति में आयनों और इलेक्ट्रॉनों के घनत्व प्रोफाइल की गणना के लिए विकसित किया गया है। यह अध्ययन मार्स एटमोस्फीयर एंड वोलाटाइल इवोल्यूशन मिशन (MAVEN) के डीप डिप अभियानों पर ध्यान केंद्रित करता है और मॉडल में इनपुट के रूप में MAVEN के उपकरणों से तटस्थ घनत्व प्रोफाइल, सौर प्रवाह और इलेक्ट्रॉन

तापमान के स्वस्थाने माप का उपयोग करता है। आयनमंडल में अलग-अलग ऊंचाई पर स्थित क्षीण फोटॉन फ्लक्स और फोटोलेक्ट्रॉन फ्लक्स की गणना के लिए एक ऊर्जा निक्षेप मॉडल को लगाया गया है। फोटॉन और फोटोइलेक्ट्रॉन प्रभाव के कारण $CO^{+2}$ , $CO^{+}$, $O^{+}$, $C^{+}$, $N^{+2}$ , और $N^{+}$, प्रमुख प्राथमिक आयनों की मात्रा उत्पादन दरों की गणना की गई है और इसका उपयोग उस मॉडल के इनपुट के रूप में किया गया है जिसमें दिन के तरफ के आयनमंडल में आयन-तटस्थ रसायन को अनुरूपित किया गया है। मॉडलिंग किए गए आयन प्रोफाइल की तुलना न्यूट्रल गैस आयन मास स्पेक्ट्रोमीटर (NGIMS) के आयन मोड अवलोकनों और लैंगमुइर प्रोब एंड वेव्स (LPW) से इलेक्ट्रॉन घनत्व अनुमानों के साथ की गई है। मॉडल प्रमुख आयन प्रोफाइल $O^{+2}$, $CO^{+2}$, और इलेक्ट्रॉन घनत्व के प्रेक्षित संरचना को अच्छी तरह से अनुरूपित करता है, लेकिन परिमाण में 2 के गुणक से बड़ा है। तटस्थ $CO_2$ घनत्व को कम करके, मॉडल किए गए और प्रेक्षित आयन और इलेक्ट्रॉन घनत्व प्रोफाइल के बीच सामंजस्य स्थापित किया जा सकता है। इस मॉडल ने $N^{+}$, $C^{+}$, $O^{+}$, $NO^{+}$, $N_2H^{+}$, $HCO^{+}$, $N^{+2}$ , $CO^{+}$, $OCOH^{+}$, $HNO^{+}$, और $OH^{+}$ अर्थात 11 अन्य आयनों के घनत्व की भी गणना की जिनकी तुलना NGIMS प्रेक्षणों के साथ की गई है। MAVEN डीप डिप पीरियड्स के लिए इस तरह की तुलना की रिपोर्ट पहली बार की गई है, जो कि मंगल ग्रह के आयनमंडल में आयन रसायनिकी की वर्तमान समझ के स्तर को दर्शाता है।

यह कार्य SPL, VSSC के वृंदा मुकुंदन के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1016/j.icarus.2019.113502

**(ए. भारद्वाज)**

### सहघूर्णी अन्योन्यक्रिया क्षेत्र के पार होने पर मंगल ग्रहीय आयनमंडल की प्रतिक्रिया: मावेन अवलोकन

सहघूर्णी अन्योन्यक्रिया क्षेत्र के पार होने पर मंगल ग्रहीय आयनमंडल की प्रतिक्रिया: मावेन अवलोकन जून 2015 के सहघूर्णी अन्योन्यक्रिया क्षेत्र (CIR) के पार होने पर मंगल ग्रहीय आयनमंडल की प्रतिक्रिया का अध्ययन मावेन मिशन के कई उपकरणों के अवलोकनों का उपयोग करके किया गया है। 22 जून 2015 को मंगल ग्रह पर एक तीव्र CIR आया, जिसके दौरान मावेन के सौर पवन आयन विश्लेषक (SWIA), सौर पवन इलेक्ट्रॉन विश्लेषक (SWEA), सौर ऊर्जावान कण (SEP), और मैग्नेटोमीटर (MAG) उपकरण द्वारा ऊर्ध्वप्रवाह सौर पवन और अंतरग्रहीय चुंबकीय क्षेत्र की परिस्थिति का मॉनिटरन किया गया। CIR घटना से सौर वायु घनत्व, वेग और गतिशील दबाव में वृद्धि और सौर ऊर्जावान कणों के संवर्धित प्रवाह के साथ जुड़ी वर्धित और अस्थिर अंतरग्रहीय चुंबकीय क्षेत्र देखी गई थी। मावेन लैंग्मुइयर प्रोब एंड वेव्स (LPW) उपकरण ने इस अवधि के दौरान इलेक्ट्रॉन घनत्व और इलेक्ट्रॉन तापमान जैसे आयनमंडलीय अवलोकन प्रदान किए। दिन के ओर का आयनमंडल केवल सौर पवन गतिक दाब संवर्धन ($\sim$14 nPa) के चरम के पास काफी सम्पीडित हो गए थे। इसके विपरीत, रात की ओर, इलेक्ट्रॉन घनत्व लंबे समय तक अवक्षयित रहता है। रात की ओर इलेक्ट्रॉन अवक्षय अवधि के दौरान इलेक्ट्रॉन तापमान भी बढ़ जाते हैं। सुप्राथर्मल और थर्मल आयन कम्पोजिशन (STATIC) माप, CIR अवधि के दौरान मंगल ग्रह के वायुमंडल के बाहरी परत में सुप्राथर्मल भारी आयनों के संवर्धित प्रवाह और इन पिकअप आयनों के संवर्धित निम्न प्रवाह के प्रमाण दर्शाता है। विश्लेषण से पता चलता है कि रात की ओर का आयनमंडल, मुख्य रूप से मंगल ग्रह के सीमांतों के पार अवक्षेपी सौर ऊर्जावान कणों और पिकअप आयनों द्वारा नियंत्रित किया जाता है और मंगल ग्रह के वायुमंडल के बाहरी परत में भारी आयन प्रवाह के बढ़ने पर काफी कम हो जाता है।

यह कार्य SPL, VSSC के वी. कृष्णाप्रसाद और स्मिता वी. थम्पी, के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1029/2019JA026750

**(ए. भारद्वाज)**

### मंगल (1.5 AU) ग्रह के समीप सहघूर्णी अन्योन्यक्रिया क्षेत्र में ऊर्जावान आयनों का त्वरण: MAVEN अंतरिक्ष यान से साक्ष्य

1 और 3 AU के बीच प्रेक्षणों की कमी, अन्तर्ग्रहीय स्थान में ऊर्जावान कण त्वरण प्रक्रियाओं की हमारी समझ को सीमित करती है। हम दो प्रेक्षण स्थल, 1 AU (पृथ्वी के पास) और 1.5 AU (मंगल के पास) से डेटा का उपयोग करके एक सहसंबंधी पारस्परिक क्रिया क्षेत्र (CIR) में ऊर्जावान कण त्वरण के उनकी तरह के पहले-प्रेक्षण को प्रस्तुत करते हैं। 2015 जून की CIR घटना को एडवांस कंपोजिशन एक्सप्लोरर उपग्रह के साथ-साथ 1.5 एयू के पास स्थित मावेन अंतरिक्ष यान में सौर ऊर्जावान कण (SEP) उपकरण के कण डिटेक्टरों द्वारा देखा गया था। हम पाते हैं कि एक CIR शॉक, 1.5 AU पर भी कणों की महत्वपूर्ण संख्या को त्वरित कर सकता है। इस घटना के दौरान 1 और 1.5 AU के निकट के अवलोकनों की तुलना करने पर, $\sim$500 keV से 2 MeV रेंज में CIR से जुड़े शॉक द्वारा त्वरण, SEP ऊर्जावान आयन प्रवाह में लगभग दो क्रम की वृद्धि करने की क्षमता का पता चलता है। CIR में एसईपी त्वरण और अन्य प्रेरक घटनाओं के बीच के अंतर को प्रदर्शित करने के लिए, हम मार्च 2015 में गहन किरीटी द्रव्यमान उत्क्षेपण अवधि के दौरान ऊर्जावान आयन प्रवाह प्रेक्षणों को दिखाते हैं, जिसमें 1 AU पर भी वर्धित SEP प्रवाह दिखाई देते हैं। ये अवलोकन इस बात का सबूत देते हैं कि, अंतराग्रहीय अंतरिक्ष में अर्थात केवल 0.5 AU तक की छोटी सूर्यकेंद्रीय दूरी के भीतर CIR शॉक पृथ्वी और मंगल के बीच के क्षेत्र में कणों को त्वरित कर सकते हैं।

यह कार्य SPL, VSSC, के स्मिता वी. थंपी, सी. कृष्णप्रसाद, पी.आर. श्रीदेवी, तरुण कुमार पंत के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/2041-8213/ab2b43

**(ए. भारद्वाज)**

### सूर्यप्रकाशित चंद्र रेगोलिथ पर फोटोइलेक्ट्रॉन आच्छद गठन, धूल उत्तोलन और धूल गतिशीलता

विद्युत स्थिर रूप से आवेशित चलायमान कणों से सूर्यप्रकाश प्रकीर्णन को स्थानीय सूर्यास्त और स्ट्रीमर के दौरान क्षितिज की चंद्र गोधूलि प्रेक्षणों के लिए उत्तरदायी माना गया है। बाह्यमंडलीय प्लाज्मा और इसकी संरचना, सौर विकिरण, सौर पवन प्लाज्मा और स्थानीय प्लाज्मा के प्रभाव से बनी हुई है। आमतौर पर, सूर्यप्रकाश क्षेत्र में,

चंद्र सतह कुछ वोल्टों की धनात्मक क्षमता प्राप्त कर लेती है, और चंद्र रेगोलिथ के ऊपर फोटोइलेक्ट्रॉन्स के बीच गतिशील संतुलन और उनके बाद की अभिवृद्धि के कारण फोटोइलेक्ट्रॉन म्यान का निर्माण होता है। उपसौर बिंदु (विषुवत्त रेखा क्षेत्र) की तुलना में, एक बड़ा फोटोइलेक्ट्रॉन म्यान का पूर्वानुमान टर्मिनेटर क्षेत्र (उच्च अक्षांशों) के पास की गई है; और यह विशिष्ट अवलोकन के अनुरूप है। इसके अतिरिक्त, सक्रिय सौर घटनाओं के दौरान एक बड़ी आच्छद अवधि का पूर्वानुमान है। चंद्र गुरुत्वाकर्षण के साथ विद्युत स्थिर संतुलन कुछ मीटर की ऊंचाई तक कण उत्तोलन का सहायक हो सकता है। उदाहरण के लिए, 200 और 50 nm महीन धूल के कण 70° अक्षांश पर चंद्र प्रकाश आच्छद में क्रमशः $\sim$10 cm और $\sim$225 cm तक तैरने का पूर्वानुमान लगाया गया है। हालांकि, अपोलो अन्वेषणों में देखा गया है कि उच्च (किमी) चंद्र ऊंचाई पर सूर्यप्रकाश प्रकीर्णन को स्पष्ट करने में स्थैतिक मॉडल अपर्याप्त हैं। हम इस समस्या को संबोधित करते हैं और सूर्य प्रकाश वाली चंद्र सतह पर फोटोइलेक्ट्रॉन आच्छद के भीतर सूक्ष्म आवेशी कणों की गतिकी व्युत्पन्न करते हैं। विश्लेषण के आधार पर, सामान्य सौर स्थितियों में, सूर्यप्रकाशित रेगोलिथ में कुछ वोल्ट्स की परिमित धनात्मक क्षमता प्राप्त करने का पूर्वानुमान लगाया गया है। यह चंद्र सतह के निकट $\sim$ (5-8) $Vm^{-1}$ विद्युत क्षेत्र प्रेरित करता है। आच्छद के भीतर विभव और विद्युत क्षेत्र कुछ मीटर की ऊँचाई तक महत्वपूर्ण होने का अनुमान लगाया गया है। चंद्र रेगोलिथ से अलग हुए आवेशित कणों की ऊर्ध्वाधर गतिशीलता (उछाल) का निर्धारण करने में आच्छद विशेषताओं को कण गति के गतिकी समीकरणों और उनके आवेश के साथ युग्मित किया गया है। इस ढांचे में, महीन कणों को आच्छद के भीतर उछलते दिखाया गया है। पूरी तरह से चंद्र गुरुत्वाकर्षण में गति के विपरीत, फोटोइलेक्ट्रॉन आच्छद क्षेत्र, विशेष रूप से छोटे 10 nm कणों के कण गतिशीलता निर्धारण करने में महत्वपूर्ण योगदान करते पाए गए हैं। उदाहरण के लिए, 10 nm कणों को $\sim$ कि.मी. की चंद्र ऊंचाई तक उत्तोलन होने का अनुमान लगाया गया है, जो प्रेक्षणों के अनुरूप है। शाब्दिक रूप से, यह पूर्वानुमान किया गया है कि चंद्र की परिक्रमा करने वाले अंतरिक्ष यान में चार्ज डस्ट डिटेक्टर सूर्यप्रकाश क्षेत्र में $<$ 10 से कम धनात्मक रूप से आवेशित कणों का पता लगा सकते हैं।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab3e08

**(एस.के. मिश्रा और ए. भारद्वाज)**

### तीव्र प्लाज्मा स्थितियों में चंद्र का विद्युतस्थिर आवेश

चंद्र सतह की क्षमता, सामान्य रूप से, सौर प्लाज्मा विकिरण और प्रकाशउत्सर्जन प्रवाह से जुड़े धाराओं के बीच गतिशील संतुलन का एक परिणाम है। यह विश्लेषण जागृत प्लाज्मा, SEP घटनाओं और पार्थिव मैग्नेटोस्फीयर के अनुरूप चरम परिवेशी प्लाज्मा के संपर्क में, चंद्र रेगोलिथ के आवेश की भौतिकी पर प्रकाश डालता है। अदीप्त क्षेत्रों में, चंद्र सतह एक ऋणात्मक क्षमता प्राप्त कर सकती है, जो कि द्वितीयक उत्सर्जन उत्पादन के कम मूल्यों के लिए प्लाज्मा वितरण में इलेक्ट्रॉन तापमान के क्रम के लगभग है। इसके अलावा, सूर्य प्रकाश के स्थान पर धनात्मक क्षमता की धारणा के विपरीत, सतह और प्लाज्मा मापदंडों के आधार पर निर्भर, चंद्र सतह के आवेश में एक महत्वपूर्ण विपरीत पूर्वानुमान की गई है, और यह परिमाण के क्रमों के अनुसार भिन्न हो सकता है। यह पार्थिव प्लाज्मा शीट में दिन की ओर के चांद्र सतह के ऊपर ऋणात्मक क्षमता के अवलोकन के अनुरूप है। रेगोलिथ कार्य फलन और प्रकाश दक्षता में भिन्नता के लिए परिणाम, कण संरचना के संदर्भ में संलग्न स्थानों में संभावित असमानता को दर्शाता है। सतह आवेश में इसी तरह का अंतर स्थलाकृतिक आकृतियों के लिए हो सकता है, उदाहरण के लिए, पास के हाइलैंड और क्रेटर स्थान, जहां पीछे की ओर (यानी, सूर्य के विपरीत) छायांकित क्षेत्र है - यह सौर फोटॉनों की कम पहुंच के अनुरूप हो सकता है , और स्थानीय प्लाज्मा आवेश का प्रमुख स्रोत है। ऐसे मामले में, के अदीप्त क्षेत्र ($\sim$ -100 V) में विभव और चंद्र रेगोलिथ के संलग्न प्रकाशित ($\sim$ कुछ वोल्ट) अंश परिमाण के क्रम से भिन्न हो सकते हैं। ऐसे तीव्र प्लाज्मा स्थितियों में, चंद्र रेगोलिथ अंतर आवेश में परिणामित हो सकता है, जो चंद्र वायुमंडल में स्थानीय आवेश और सूक्ष्म आवेशित धूल के परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। विश्लेषणात्मक मॉडल सतह चार्जिंग का एक व्यवहारिक समाधान (और स्केलिंग) देता है और भावी चांद्र अध्ययन के लिए प्रयोगशालाओं में परीक्षण प्रयोगों की अवधारणा में वास्तविक तात्पर्यपूर्ण हो सकता है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1007/s10509-020-3740-8

**(एस.के. मिश्रा)**

### चंद्र पलायन प्रक्रिया

अंतरग्रहीय अंतरिक्ष में धूल कण हर जगह मौजूद होते हैं और सौर मंडल के गठन के दौरान क्षुद्रग्रह बेल्ट, कूइपर बेल्ट, धूमकेतु या अंतरिक्ष मलबे जैसे स्रोतों से उनकी उत्पत्ति के बाद वे गतिशील रूप से विकसित होते हैं। ये सूक्ष्म उल्कापिंड जब वे घूमते हुए सूर्य की ओर जाते हैं तो आंतरिक ग्रहों में समागम हो जाते हैं। इनमें से कुछ पृथ्वी पर पहुंचते हैं, जिनके बहुत से कण पृथ्वी के वायुमंडल में क्षय हो जाते हैं और धात्विक आयन पीछे छोड़ देते हैं। चंद्रमा के मामले में, इस तरह के सभी कण वायुमंडल की अनुपस्थिति के कारण, बिना क्षय के सतह पर पहुंच सकते हैं। चंद्र सतह पर अतिवेगी धूल कणों के प्रभाव के कारण, कण चंद्र पर्यावरण में बाहर निकल आते हैं। कुछ मामलों में, कण वेग पलायन वेग से अधिक हो सकता है और कण चंद्रमा से बाहर निकलने में सक्षम हो सकते हैं। इसके अलावा, जब भी आने वाले कण ध्रुवीय क्षेत्र में सतह पर मौजूद पानी की बर्फ से टकराती हैं तो पलायनकारी कण, जल बर्फ (वाष्पशील) वहन कर सकते हैं। हमने कण मापदंडों की गणना की है और चंद्रमा के पास के धूल कणों के गैलीलियो अवलोकनों का उपयोग करते हुए चंद्रमा से वाष्पशीलों के संभावित पलायन का अनुमान लगाया है। रेगोलिथ और जल बर्फ (वाष्पशील) के लिए चंद्र से बचने की प्रक्रिया के लिए पहली बार मॉडल सुझाया गया है। घटना कोण के वितरण को ध्यान में रखते हुए, रेगोलिथ पलायन दर की ऊपरी सीमा $\sim 2.218\times10^{-4}$ $[1.662\times10^{-4}, 10.232\times10^{-4}]$ kg/s पाई गई है। इसी प्रकार, जल बर्फ पलायन दर की ऊपरी सीमा $\sim 1.988\times10^{-7}$ $[1.562\times10^{-7}, 7.567\times10^{-7}]$ kg/s पाई गई है। हमारे निष्कर्षों से, हमें जल बर्फ पलायन दर $\sim$6.271 [4.926, 23.863] किलो/वर्ष है। चंद्रमा से निकलने वाले धूल कणों की तुलना में, आवक धूल कण एक क्रम उच्च होने के कारण चंद्रमा धीरे-धीरे भारी होता जाता है। हालांकि धीरे-धीरे, चंद्रमा की सतह पर सूक्ष्म उल्कापिंड के प्रभाव के कारण, समय के साथ जल बर्फ संसाधनों का क्षय हो सकता है। भविष्य के मानव मिशनों, आवासन, रॉकेट के लिए हाइड्रोजन (ईंधन के रूप में) के संभावित स्रोत के लिए, जल बर्फ एक उपयोगी स्रोत है। चंद्रमा से धूल और वाष्पशील पलायन को समझने के लिए ये परिणाम उपयोगी हैं। इसके अलावा, पलायन प्रक्रिया को समझने के लिए इस दृष्टिकोण का अनुप्रयोग सौर मंडल में अन्य ग्रहीय पिंडों पर भी किया जा सकता है। भावी ग्रहीय मिशनों में उपकरण का उपयोग करके

सूक्ष्म उल्कापिंड प्रभाव के साथ-साथ पलायन अध्ययन भी किया जा सकता है। चित्र 8 सूक्ष्म उल्कापिंड के वर्षण के कारण चंद्र सतह के परिदृश्य को दर्शाता है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1016/j.icarus.2019.




113510 चित्र 8: चंद्र की सतह पर सूक्ष्म उल्कापिंड संघट्ट के कारण चंद्र पलायन प्रक्रिया।

**(जे.पी. पाबारी, एस. नांबियार, वी. शाह और ए. भारद्वाज)**

### मंगल ग्रहीय शुमन अनुनाद

ग्रहीय वायुमंडल में आमतौर पर बादल होते हैं, जो आवेश उत्पादन और अलगाव घटना प्रवण होते हैं, जिसके परिणामस्वरूप कुछ स्फुरण और हिमस्खलन होते हैं। मंगल ग्रह की सतह के मामले में, धूल तूफान के कारण सतह की धूल पर्यावरण में उछाल दिए जाते हैं। धूल के कणों के बीच ट्राइबोइलेक्ट्रिक प्रभाव विद्युत्स्थैतिक आवेश उत्पन्न कर सकता है और ELF/VLF रेंज में विद्युत चुम्बकीय तरंगों का उत्सर्जन कर सकता है। ये तरंगें सतह और वायुमंडल के संवाही परत के बीच आगे-पीछे उछाला जाता है जिसके कारण शुमन अनुनाद का अस्तित्व बना रहता है। अवलोकन योग्य शुमन अनुनाद के लिए मॉडल तैयार किया गया है और विषमांगी गुहा में मंगल के लिए प्रोफाइल प्राप्त किए गए हैं। परिणाम सतह से लगभग बीस किलोमीटर ऊंचाई पर धूल की परत के कारण मंगल ग्रहीय विद्युत निर्वहन की घटना की संभावना व्यक्त करते हैं।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1016/j.asr.2018.12.006

**(एस.ए. हैदर, जे.पी. पाबारी, जे. मासूम और सिद्धि वाई. शाह)**

### शुक्र पर आकाशीय विद्युत जनित व्हिसलर

वीनस एक्सप्रेस (VEX) मिशन ने दोहरी फ्लक्सगेट मैग्नेटोमीटर का उपयोग करके व्हिसलर-मोड तरंगों के रूप में नवीनतम आकाशीय विद्युत के प्रेक्षण प्रदान किये। मैग्नेटोमीटर द्वारा 64 हर्ट्ज तक का पता लगाना संभव था और आयनमंडल के भीतर सभी स्थानीय समय पर व्हिसलर पाए गए थे। अधिकांश संकेतों का पता तब चला जब $\sim$250 किमी, पर था, जो इस ऊंचाई पर समय का लगभग 3% था। प्रत्येक पता लगाए गए संकेत के लिए पोयेनटिंग प्रवाह गणना की गई और इन तरंगों का आयनमंडल के नीचे स्रोत को दर्शाने के लिए सांख्यिकीय रूप से विश्लेषण किया गया था।

इस कार्य का नेतृत्व प्रो. सी.टी. रसेल, पृथ्वी, ग्रहीय और अंतरिक्ष विज्ञान विभाग, कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिल्स, संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा किया गया था।

डी.ओ.आई.:https://meetingorganizer.copernicus.org/EPSC-DPS2019/EPSC-DPS2019-77-1.pdf

**(जे.पी. पाबारी)**

### मंगल ग्रह के प्रकाश रसायन पर सतह ऐल्बिडो का प्रभाव

सौर ऊर्जा किसी भी ग्रह की जलवायु प्रणाली की प्राथमिक प्रेरक बल है, और सतह ऐल्बिडो ग्रह के ऊर्जा बजट को निर्धारित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सौर ऊर्जा किसी भी ग्रह की जलवायु प्रणाली की प्राथमिक प्रेरक बल है, और सतह ऐल्बिडो ग्रह के ऊर्जा बजट को निर्धारित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लेबरटोयरे डी मेटीयोरोलोजी डायनामिक (LMD) मार्स जनरल सर्कुलेशन मॉडल (MGCM) के साथ मिलकर हिम, बर्फ़ और ऐरोसोल विकिरण (SNICAR) को जोड़कर एक नया युग्मित मॉडल बनाने के लिए मंगल पर निवल $CO_2$ बर्फ जमाव में लगभग 4% की गिरावट हुई है। नव अनुरूपित सतह ऐल्बिडो , मंगल ग्रहीय वायुमंडल (संघनन-उत्सादन चक्र) में गैसीय प्रजातियों की सांद्रता को प्रभावित करती है। नया सेट-अप वायुमंडल में उपलब्ध सौर ऊर्जा को भी प्रभावित करता है। ये दोनों प्रभाव एक साथ मंगल ग्रहीय वायुमंडल में अन्य रासायनिक प्रजातियों में अनुवर्ती और महत्वपूर्ण बदलाव लाते हैं। केवल MGCM मॉडल के परिणामों की तुलना में, नए युग्मित मॉडल में $CO_2$ (गैस) और $O_3$ उनके अपने अपने सांद्रता में लगभग 1.17% और 8.59% की गिरावट दर्शाते हैं, जबकि $H_2O$ ( वाष्प) और CO अपने संबंधित सांद्रता में लगभग 13.63% और 0.56% की वृद्धि दिखाते हैं। ट्रेस प्रजातियों में, OH लगभग 29.44% की अधिकतम वृद्धि दर्शाता है, जबकि O सांद्रता में 11.5% की अधिकतम गिरावट देखी गई है। प्रकाश-रसायनिक रूप से तटस्थ प्रजातियां जैसे कि Ar और $N_2$ ऐल्बिडो परिवर्तनों से अप्रभावित रहती हैं।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.26464/epp2020025




चित्र 9: MGCM अनुरूपण (नीली रेखा) और S- MGCM अनुरूपण (हरी रेखा) का उपयोग करके एक मंगल ग्रहीय वर्ष के लिए प्रमुख प्रजातियों की सांद्रता के वैश्विक औसत आरेख।

**(डी. सिंह)**

**मंगल पर बर्फ-ऐल्बिडो अध्ययन के लिए प्रायोगिक सेटअप का विकास**

आने वाली सौर ऊर्जा और ग्रहीय ऐल्बिडो दो प्रमुख कारक हैं जो ग्रह के ऊर्जा बजट को निर्धारित करते हैं, और बदले में ये ग्रह पर विभिन्न भौतिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करते हैं। इसके अतिरिक्त, मंगल की जलवायु प्रणाली में धूल की उपस्थिति, ग्रहीय एल्बेडो को काफी प्रभाव करती है। इन पहलुओं में से एक है हवा वाहित धूल का जमाव है जो सतह बर्फ के एल्बिडो और उत्सर्जनता को प्रभावित करता है, जिससे मंगल पर $CO_2$ और जल चक्र प्रभावित होता है। अनुरूपित मंगल ग्रहीय पर्यावरण में प्रयोगशाला अध्ययनों के माध्यम से इन ऐल्बिडो फीडबैक की प्रकृति की जांच करने का प्रस्ताव दिया गया है जो ध्रुवीय बर्फ रसायनिकी से संबंधित प्रक्रियाओं/तंत्रों को बेहतर ढंग से समझने में हमारी मदद कर सकता है। मूलभूत विचार यह है कि अनुरूपित मंगल ग्रहीय स्थितियों में समरूपी मृदा पर UV-VIS-NIR तरंग दैर्ध्य रेंज में परावर्तन स्पेक्ट्रोस्कोपी मापों द्वारा $CO_2$ और $H_2O$ के प्रकाशिक स्थिरांक प्राप्त किए जाएं। इस प्रकार व्युत्पन्न प्रकाशिक स्थिरांक का उपयोग मंगल ग्रह के ध्रुवीय बर्फ रसायन विज्ञान के खोज के लिए किया जाएगा, जो मंगल ध्रुवीय क्षेत्रों में वाष्पशीलों के वितरण की हमारी समझ में काफी सुधार कर सकता है। इन प्रयोगों के लिए एक मार्स एनवॉयर्नमेंटल सिमुलेशन चैंबर (MEC) को तदनुकूल-विकसित किया जा रहा है। MEC का डिजाइन, निर्माण और संयोजन पूरी हो चुकी है। केंद्रीय सिलेंडर का आंतरिक व्यास 352 मिमी और ऊंचाई 330 मिमी है। वैक्यूम और इंस्ट्रूमेंटेशन फीडथ्रू के कनेक्शन की सुविधा के लिए चैम्बर में विभिन्न आकारों के पोर्ट प्रदान किए गए हैं। वर्तमान में चैम्बर की समग्रता और निष्पादन का मूल्यांकन किया जा रहा है। सैंपल होल्डर के साथ थर्मल प्लेट की डिजाइन पर काम चल रहा है। तापमान नियंत्रण के लिए, कार्टरिज हीटरों के संयोजन में द्रव नाइट्रोजन ($LN_2$) का उपयोग किया जाएगा। मंगल ग्रहीय धूल के लिए पार्थिव एनालॉग, जैसे कि पैलागोनाइट या JSC-Mars-1, का उपयोग धूल के प्रभाव को अनुकरण करने के लिए किया जाएगा। समानांतर में, एक फाइबर-आधारित स्पेक्ट्रोमीटर (दृश्यमान रेंज) स्थापित किया गया है, और इसकी प्रतिक्रिया को लक्षण वर्णित किया गया है। निर्मित चैम्बर से स्पेक्ट्रोमीटर के एकीकरण के लिए सेट अप पर भी वर्तमान में काम जारी है। इसके बाद, विभिन्न मापदंडों के कार्य के रूप में अनुरूपित मंगल ग्रहीय पर्यावरण में नमूनों के प्रतिबिंब स्पेक्ट्रा को प्राप्त करने के लिए एक प्रकाश स्रोत के साथ UV और NIR स्पेक्ट्रोमीटर को एकीकृत किया जाएगा।

**(डी. सिंह, जन्मेजय कुमार, पी.के.एस. रेड्डी, एम. भट्ट, के. दुर्गा प्रसाद, वी. शील, एस.ए. हैदर)**

**मंगल पर शैलो रडार (SHARAD) द्वारा उपसतह संसूचनों का परिचय**

इस कार्य में, हमने MRO अंतरिक्ष यान पर SHAllow RADAR (SHARAD) साउंडिंग रडार की अवधारणा और संचालन का एक संक्षिप्त सिंहावलोकन चित्रित किया है - यह उपकरण मंगल ग्रह भूविज्ञान, स्तरविज्ञान और भौगोलिक विकास का विश्लेषण और समझने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण है। हमने SHARAD डेटा विश्लेषण, चित्रात्मक निरूपण, और उपसतह कणों के परावैद्युत गुणों को निर्धारित करने के लिए एक संभाव्य दृष्टिकोण पर चर्चा की है। विश्लेषण से पता चलता है कि उपसतह प्रतिबिंब उपसतह कणों परावैद्युत गुणों का छाप है, और संबंधित परावैद्युत पारगम्यता को उपसतह परावर्तकता के साउंडिंग रडार अवलोकनों का उपयोग करके प्राप्त किया जा सकता है। SHARAD उपकरण के विनिर्देश, सतह जमाव के नीचे पहले किमी के लिए स्तरिकी को परिष्कृत करने के लिए उपयुक्त बनाते हैं। संक्षेप में, यह उपकरण अपने साथी उपकरण MARSIS का पूरक है, और दोनों एक साथ मंगल ग्रहीय विकास, और ग्रहीय अन्वेषण के बारे में अद्वितीय अंतर्दृष्टि प्रदान करने में सक्षम हैं। SHARAD ने मंगल पर ध्रुवीय सीमा के आसपास और उत्तरी और दक्षिणी मध्य अक्षांश क्षेत्रों में बर्फ की परतों की खोज करके इसके महत्व को प्रदर्शित किया है। ऑर्बिटर रडार की वर्तमान समझ के आधार पर, आगामी परियोजनाओं में बेहतर विभेदन के साथ उच्च पैठ के पूरक के लिए उपकरण का बहु आवृत्ति संचालन महत्वपूर्ण साधन हो सकता है - ऐसे साउंडिंग रडार, बृहस्पति/शनि के बर्फीले चन्द्रमाओं और धूमकेतु वायुमंडल की जांच करने में सक्षम हैं।

डी.ओ.आई.:`https://www.tifr.res.in/~ipa1970/news/2020/PN_JanMar2020.pdf`

**(एस.के. मिश्रा और आर.आर. भारती)**

**प्रकाशित फॉस्फोरीन सतह से सुपीरियर फोटो-थर्मिओनिक इलेक्ट्रॉन उत्सर्जन**

हालांकि स्तरीय ब्लैक फॉस्फोरस पर शोध एक शतक से भी पहले शुरू हुआ था, पर एक परमाणु रूप से पतली दो-आयामी (2 डी) कण, फॉस्फोरीन का बहिर्वाह, इसके स्तरीय भारी समकक्ष से, प्रायोगिक रूप से हाल ही में प्राप्त किया गया है। पहले प्रदर्शनों के बाद से, इसे नैनो-इलेक्ट्रॉनिक्स और नैनो-फोटोनिक्स में क्षमताशील अनुप्रयोगों के बहुउपयोगिता के साथ उभरते 2D कणों की सूची के लिए एक अनन्य योज्य माना जा रहा है। ग्रैफीन, एक प्लैनर हनीकॉम्ब ऑल-कार्बन 2D संरचना, उच्च वाहक गतिशीलता और उच्च तापीय चालकता जैसे अपने असाधारण गुणों पर निर्भर करता है, वहीं बैंडगैप की अनुपस्थिति और कम चालू-बंद अनुपात इसका निष्पादन सीमित करता है। इसके विपरीत, पर्याप्त रूप से बड़े बैंडगैप और उच्च वाहक गतिशीलता दोनों के साथ फॉस्फोरिन व्यापक रूप से ऑप्टोइलेक्ट्रोनिक अनुप्रयोगों के लिए एक आदर्श प्रत्याशी है और विषम संरचना संश्लेषण के लिए एक नया कार्यात्मक घटक है।

इस काम में, पहली बार, एक कुशल थर्मिओनिक उत्सर्जक के रूप में काले फॉस्फोरिन की क्षमता का प्रदर्शन किया गया है; इस बात पर भी जोर दिया गया है कि फोटॉन विकिरण के माध्यम से इसके निष्पादन को और बढ़ाया जा सकता है। हमने घनत्व कार्यात्मक सिद्धांत (DFT) आधारित ऊर्जा संरचना और तंग-बंधनकारी (TB) मॉडल-आधारित फैलाव संबंध को प्रकाशित फॉस्फोरिन संरचनाओं से सहवर्ती और पूरक थर्मोनिक और फोटो-थर्मियोनिक उत्सर्जन को संबोधित करने के लिए व्यक्त किया है। संचयी उत्सर्जन प्रवाह को घटना विकिरण और कण विनिर्देशों के पैरामीट्रिक ट्यूनिंग के प्रति संवेदनशील माना जाता है। पैरामीट्रिक विश्लेषण के आधार पर, फोटो-थर्मियोनिक फ्लक्स को कम सतह के तापमान, और घटना तरंगदैर्ध्य पर अपने सह-प्रतिपक्ष थर्मोरोनिक उत्सर्जन प्रवाह पर दृढ़ता से हावी होते देखा गया है। फॉस्फोरिन संरचना में विषमदैशिकता, प्रवाह को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वह दृष्टिकोण जो मापदंडों की अधिक व्यापक श्रेणी पर मान्य है, हाल ही में किए गए प्रयोगों के समक्ष सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है। इसके परिणाम फॉस्फोरिन आधारित थर्मिओनिक और फोटो-थर्मिओनिक

ऊर्जा परिवर्तक के अनुप्रयोग के लिए एक नई संभावना को खोलते हैं।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1038/s41598-019-44823-x

**(एस.के. मिश्रा)**

**रासायनिक शोषण: खगोलीय पर्यावरण में अणुओं के गठन का एक नया मार्ग**

अणु, खगोलीय पर्यावरण की एक विस्तृत सीमा में पाए जाते हैं, जो तारा-गठन क्षेत्रों से लेकर कार्बन तारों के बाहरी आवरण तक, और हमारे सौर मंडल में पिंडों से (जैसे, धूमकेतु, क्षुद्रग्रह) लेकर सुदूर धातु-अभाव धूल-अभाव आकाशगंगाओं में पाए जाते हैं। इन अणुओं का निर्माण, गैस चरण और सिलिकेट तथा कार्बनमय कणों से बने अन्तरतारकीय धूल कणों की सतहों पर हो सकता है। वर्तमान खगोलरासायनिक मॉडलों में 10-800 K के बीच के तापमान रेंज में गैस-चरण रासायनिक अनुक्रियाएं शामिल हैं। हालांकि, धूल सतहों पर प्रतिक्रियाएं जिन्हें आमतौर पर भौतिक अवशोषण के माध्यम से 200 K तक माना जाता है, उनमें बर्फ की परतें बनती हैं। उच्च कण तापमान पर, बर्फ प्रावरण गैस में विशोषित होता है, और धूल कणों की सतह अनावृत हो जाती है। अनावृत धूल कणों पर अधिशोष्य और अनावृत कणों के बीच मजबूत रासायनिक बांड के गठन के कारण, उच्च तापमान पर भी, रासायनिक शोषण के माध्यम से रसायनिकी हो सकता है। हाल ही में, हमने कई सरल मान्यताओं का उपयोग करके रासायनिक शोषण के माध्यम से अणुओं के निर्माण का अध्ययन किया। हमने पाया कि रासायनिक शोषण का महत्व अधिशोषण की दक्षता पर काफी निर्भर करता है। सबसे अधिशोषण अवरोधक वाले मॉडल रसायनशोषित प्रजातियों की अधिकतम बहुतायत दिखाते हैं। CO जैसे प्रजातियां, जो लगभग सभी तापमानों (10 से 400 K) पर गैस चरण में बहुत कुशलता से बनती हैं, रसायनशोषित प्रजातियों के अस्तित्व से अधिक प्रभावित नहीं होंगी। हालांकि, रसायनशोषित CO, $10^{-6}$ (कुल हाइड्रोजन की तुलना में) का उच्च बहुतायत प्राप्त कर सकते हैं। गैस चरण में CO की तुलना में कम कुशलता से बनने वाली $C_2H_2$ and $NH_3$ जैसी प्रजातियाँ, उनके गैस-चरण बहुतायत में रासायनिक शोषण के कारण परिवर्तन दर्शा सकते हैं। अधिशोषण अवरोध कम होने के कारण प्रजातियों के इस वर्ग के कई उदाहरण भी रसायनशोषण के कारण कण सतहों पर यथोचित उच्च बहुतायत दिखा सकते हैं। अधिशोषण दक्षता में कमी के साथ सभी वर्गों के अणुओं की प्रचुरता काफी कम हो जाती है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4365/ab6599

**(के. आचार्य)**

**संवेदन और डेटा विश्लेषण**

**दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया के साउथ माउंट लॉफ्टी रेंज, सेलिक्स क्रीक के चतुष्क जलोढ़ अनुक्रम का संदीप्ति काल-निर्धारण**

चतुष्क जलोढ़ और मिश्रोढ़क अवसाद प्रमुख नदी घाटियों को आपूर्ण करते हैं और रेंज सीमांत पर और दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया के माउंट लॉफ्टी रेंज के भीतर जलोढ़ पंखों और मिश्रोढ़क से भरे आधार-शैल अवसाद गड्ढों का निर्माण करते हैं। शैलस्तरिकी, भौतिक परिदृश्य सेटिंग और प्रकाशिक रूप से प्रेरित संदीप्ति (OSL) युगों से पता चलता है कि सेलिक्स क्रीक ड्रेनेज बेसिन में जलोढ़ अनुक्रम का जटिल संबंध होता है। समुद्री ऑक्सीजन आइसोटोप रिकॉर्ड के साथ OSL युग के सहसंबंध से पता चलता है कि जलोढ़ अनुक्रम, उपांतिम हिमनदन (मरीन आइसोटोप स्टेज 6; MIS 6) के बाद से जलोढ़ अवसादन के कई श्रृखलाएं दर्शाते हैं। अनुक्रमों में एक उपांतिम हिमनदीय अधिकतम जलोढ़ (टारिंगा गठन; 160 $\pm$ 15 ka; MIS 6), एक अनामी जलोढ़ अनुक्रम (42 $\pm$ 3.2 ka; MIS 3), आधार-शैल गड्ढों के भीतर देर अंतिम हिमनदीय मिश्रोढ़क अनुक्रम (ca 15 ka; MIS 2) और सेलिक्स क्रीक के निम्नतम, दूरवर्ती भाग में देर अंतिम हिमनदीय जलोढ़ (ca 15 ka; MIS 2) शामिल है। इसके अलावा, वाल्डिला गठन, एक होलोसिन जलोढ़ (3.5 $\pm$ 0.3 ka; MIS 1), और पश्च-यूरोपीय बस्ती भूमिवृद्धि (PESA) के चरण के दौरान जमे अवसादों की भी पहचान की गई है। नव विवर्तनिक उत्थान ने स्थानीय रूप से कटाव और अवसादन में वृद्धि किया था, जबकि रेंज सीमा के पास जल निकासी बेसिन आकारों में अंतर ने निम्नबहाव स्थानों में अवसाद के समय और वितरण को प्रभावित किया था। सेलिक्स क्रीक में विलुंगा फॉल्ट स्कार्प के करीब, पुराका गठन से मिलती-जुलती अवसादन ने 83.9 $\pm$ 7 ka (MIS 5a) के OSL युग का संयोजित औसत उत्पन्न किया है, जो पूर्व में पहचाने गए गठन के जमाव के लिए विस्तारित समय सीमा की पुष्टि करता है। दूसरी जगह, प्रमुख नदी घाटियों के भीतर, पुराका गठन अंतिम अंतरहिमनदीय अधिकतम (128-118 ka; MIS 5e) के दौरान निक्षेपित हुआ था। सामान्य तौर पर, अंतरहिमनदीय और अंतरस्टेडियल बरसाती घटनाओं के दौरान जलोढ़ का गठन हुआ था, जबकि शुष्क हिमनदीय एपिसोड के दौरान अपरदन प्रधान था। जलोढ़ अनुक्रम के OSL कालनिर्धारण, समुद्री स्तर (आधार-स्तर) और जलवायु संबंधी विचलन के साथ जुड़कर पार्थिव और समुद्री पर्यावरण के बीच संबंधों को उजागर करता है।

noindent यह कार्य यूनिवर्सिटी ऑफ एडिलेड, एडिलेड, ऑस्ट्रेलिया के बी. बोरमैन और सी. मरे वैलेस और यूनिवर्सिटी ऑफ वोलोंगॉन्ग, वॉलोन्गॉन्ग, ऑस्ट्रेलिया के सहयोग से किया गया है।Australia.

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1080/08120099.2020.1722967

**(डी. बनर्जी और डी.के. पांडा)**

**रामगढ़ संरचना-भारत में तीसरा पक्का संघट्ट गड्ढा**

पश्चिम-मध्य भारत में मेसोप्रोटेरोजोइक युग के अवसादी चट्टानों (सैंडस्टोन, शेल और मामूली चूना पत्थर सहित) के विंध्यन सुपरग्रुप में रामगढ़ संरचना (रिम-टू-रिम व्यास $\sim$2.4 किमी, चित्र 10 a) भारत का तीसरा पक्का क्षुद्रग्रह प्रभाव गड्ढा (लोनार और ढाला संरचना के बाद) है। यह अपरदित संरचना आकार में लगभग आयताकार है और बैरिंगर क्रेटर, यूएसए से मिलती जुलती है। केंद्रीय शिखर की उपस्थिति और इसके $\sim$12 का वर्तमान क्रेटर व्यास/गहराई अनुपात पार्थिव जटिल क्षुद्रग्रह संघट्ट गड्ढे की सीमा (10-20) का पुष्टीकरण करता है। मिमी-आकार, लौह समृद्ध (FeO $\sim$50 wt.% औसत में), गोलाकार जैसे कण, जो रामगढ़ संरचना के अंदर जलोढ़ से बरामद किए गए हैं, उनकी आंतरिक आकारिकी ज्ञात संघट्ट गड्ढे में वर्णित अभिवृद्धिकारी लैपिली के समान हैं (चित्र 10b)। संरचना के रिम से बरामद किए गए कुछ गैर-स्वस्थाने, मिमी-आकार के

कण, कोएसाइट की उपस्थिति दिखाते हैं, जो शॉक रूपांतरण (चित्र 10c) के नैदानिक संकेतकों में से एक है। संरचना के अंदर मिट्टी पश्चिमी गड्ढा रिम के बाहर से बरामद किए गए लौह समृद्ध Ca-Al-सिलिकेट कांच के कुछ टुकड़ों में, प्राकृतिक लौह अवशेष के सामयिक समावेशन के साथ डेंड्राइट मैग्नेटाइट की उपस्थिति शामिल है। हमारे सूक्ष्मान्वेषण विश्लेषण इस बात की पुष्टि करते हैं कि इन धात्विक लौह में Co (~350-3000 ppm), Ni (~200-4000 ppm) और Cu (~2200-7000 ppm) के उच्च अनुपात शामिल हैं और संभवतः Cu-समृद्ध लौह उल्का पिंड संघट्टक के अवशेष घटक हैं। लक्ष्य चट्टानों की तुलना में गोलाकार जैसे कणों में संयुक्त क्षेत्र अवलोकन और अनुकूल और प्रतिकूल ट्रेस तत्वों के सापेक्ष समृद्धि से पता चलता है कि क्रेटर के विकास में जलोष्म गतिविधि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

यह कार्य एस. मिश्रा, UKZN, दक्षिण अफ्रीका, डी. उपाध्याय, IIT, खड़गपुर, भारत और एच. न्यूज़ॉम, UNM, यूएसए के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1007/s12040-020-1371-7




चित्र 10: a. रामगढ़ संरचना, भारत का परोक्ष दृश्य। b. रामगढ़ संरचना की अभिवृद्धिकारी लैपिली। C=कोर; R=रिम c. कोएसाइट की उपस्थिति दिखाने के लिए मिमी-आकार के संघट्ट गलन का एक्स-रे विवर्तन (XRD)।

**(डी. रे)**

### चंद्रमा पर रासायनिक तत्वों के उच्च-विभेदन वैश्विक मानचित्र

चंद्रमा के गठन और विकास के लिए प्रासंगिक भूवैज्ञानिक प्रक्रियाओं की गहराई से समझ के लिए चंद्र कक्षीय निकट-अवरक्त (NIR) हाइपरस्पेक्ट्रल छवियों के उच्च स्थानिक रिज़ॉल्यूशन पर चंद्र सतह की तात्विक संरचना के बारे में मात्रात्मक ज्ञान की आवश्यकता है। हालांकि, एनआईआर तरंग दैर्ध्य रेंज में प्राप्त परावर्तन स्पेक्ट्रा खनिजीय संरचना और सतह परिवर्तन प्रक्रियाओं की उपस्थिति के लिए एक एकीकृत प्रतिक्रिया है, जिसे अंतरिक्ष अपक्षय प्रभाव के रूप में भी जाना जाता है। वर्णक्रमीय विश्लेषण द्वारा दूरस्थ से सबसे महत्वपूर्ण तत्वों की सांद्रता निर्धारित करने के लिए, अंतरिक्ष अपक्षय प्रभाव को हटा दिया जाना चाहिए या कम किया जाना चाहिए। Fe, Ca और Mg की सांद्रता का आकलन करने की हमारी विधि वर्णक्रमीय मापदंडों के एक सेट पर आधारित है जो मिट्टी परिवर्तन प्रक्रियाओं के प्रति असंवेदनशील हैं। लुनार प्रोस्पेक्टर गामा रे स्पेक्ट्रोमीटर (LP GRS) और कगुआ जीआरएस (KGRS) उपकरणों के वैश्विक बहुतायत आंकड़े को वास्तविक सच्चाई के रूप में देखते हुए, इन मापदंडों का उपयोग, बहुभिन्नरूपी प्रतिगमन मॉडल के निर्माण के लिए किया गया है। सैकड़ों मीटर NIR स्थानिक संकल्प की तुलना में GRS अवलोकन स्थानिक संकल्प (दसियों किलोमीटर) में परिमाण के कम से कम दो क्रम नीचे हैं। प्रस्तावित बहुभिन्नरूपी प्रतिगमन मॉडल पिछले दृष्टिकोणों के लाभों को जोड़ता है जो क्लेमेंटाइन वैश्विक मल्टी स्पेक्ट्रल छवि डेटा पर आधारित थे। यह तात्विक बहुतायत मानचित्र प्रदान करता है जो स्थलाकृति और अंतरिक्ष अपक्षय से अधिक प्रभावित नहीं होते हैं। उदाहरण के लिए, क्रेटर टायको की किरणें, जिसमें गड्ढा क्रेटर गठन प्रभाव के दौरान उत्सर्जित ताजे (अपरिपक्व) कण होते हैं, और आसपास की सतह के समान संरचना होती है, चित्र 11में Fe, Mg और Ca बहुतायत मानचित्रों में मुश्किल से दिखाई देती है। मानचित्रों में, मारिया और हाइलैंड्स के बीच और विभिन्न मारे क्षेत्रों के बीच संरचना में अंतर साफ स्पष्ट है। चंद्रयान -2 ऑर्बिटर द्वारा अर्जित डेटा का उपयोग करके एल्गोरिथ्म को और अधिक मान्य किया जाएगा। चंद्र और क्षुद्रग्रह अन्वेषण के लिए नियोजित भावी मिशनों के साथ, NIR स्पेक्ट्रोस्कोपी पर आधारित तात्विक बहुतायत अनुमान के लिए नव विकसित पद्धति ग्रहों के गठन और विकास की समझ और अंतरिक्ष संसाधनों के अन्वेषण और उपयोग के लिए महत्व रखती है।

यह कार्य प्रो. वोह्लर, TU डॉर्टमुंड, जर्मनी के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1051/0004-6361/201935773




चित्र 11: संदर्भ के रूप में LP GRS तात्विक बहुतायत डेटा का उपयोग करके M3-व्युत्पन्न चंद्र का वैश्विक तात्विक मानचित्र। (a) Fe, (b) Ca, और (c) Mg

**(एम. भट्ट)**

**चंद्र हाइलैंड क्रेटर ड्यूफे के पास अत्यधिक तीव्र 3-$\mu$m अवशोषण की पहचान**

चन्द्रयान-1 पर मून मिनरलॉजी मैपर (M3) के विश्लेषण के आधार पर हम एक तीव्र स्थानीयकृत धनात्मक 3-$\mu$m बैंड गहराई असंगति की रिपोर्ट करते हैं जो 170.5°E और 8°N पर केंद्रित हैं और लगभग 30x60 $km^2$ आकार की एक उज्ज्वल संरचना के साथ जुड़ा हुआ है। इस अनन्य संरचना में कोई विचारनीय स्थलाकृतिक प्रकटन नहीं है और क्रेटर्स ड्यूफे और ड्यूफे X के बीच स्थित है। यह उज्ज्वल संरचना एकमात्र इस तरह की स्थानीयकृत धनात्मक 3-$\mu$m बैंड गहराई असंगति है जो हमने M3 व्युत्पन्न वैश्विक 3-$\mu$m बैंड गहराई डेटा सेट की सश्रम खोज के बाद चंद्रमा पर पाई है। आसपास के हाइलैंड सतह के सापेक्ष, मध्याह्न में 3-$\mu$m बैंड गहराई में लगभग 30% की अतिरिक्तता, इस असंगति की विशेषता है। हालाँकि यह सुदूर हाइलैंड्स का सबसे चमकदार सतह क्षेत्र नहीं है। हाइलैंड कण जो समान रूप से उज्ज्वल है, वे धनात्मक 3-$\mu$m बैंड गहराई असंगतियाँ नहीं दिखाती हैं। हमारे प्रेक्षणों से संकेत मिलता है कि 380K से अधिक उच्च विषुवतीय मध्याह्न तापमान होने के बावजूद, प्रकाशित ध्रुवीय हाइलैंड्स की तुलना में विषुव रेखा के पास चंद्र सतह उच्च सांद्रता में OH/$H_2O$ जमा कर सकता है। इस उज्ज्वल संरचना का वर्णक्रमीय व्यवहार निम्न मृदा परिपक्वता और विशिष्ट फेल्डस्पैथिक हाइलैंड संरचना का इंगित देता है। हमने रिपोर्ट किए गए उज्ज्वल संरचना और परिवेश के बीच कोई भी संरचनागत अंतर प्रेक्षित नहीं किया है। उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर, हम सुझाव देते हैं कि मध्याह्न में प्रदर्शित 3-$\mu$m बैंड केवल उसके उच्च ऐल्बिडो और कम परिपक्वता के कारण नहीं है। अवलोकनों के लिए एक संभावित व्याख्या OH/$H_2O$-समृद्ध उल्कापिंड या धूमकेतु पिंड की पतली परत का हालिया कम गति गिरावट है, जहां स्पेक्ट्रली प्रेक्षित OH/$H_2O$ को अपेक्षाकृत उच्च सक्रियण ऊर्जा के अवस्थाओं में बाधित माना गया है। हम चंद्र रेगोलिथ सतह में OH/$H_2O$ के संचय के लिए परिणामी भौतिक प्रक्रियाओं की अधिक विस्तृत समझ प्राप्त करने के लिए नए समर्पित अंतरिक्ष यान इंस्ट्रूमेंटेशन के साथ संरचना के लक्षित प्रकाशमितीय और वर्णक्रमीय प्रेक्षणों की सलाह देते हैं।

इस कार्य का नेतृत्व प्रो. सी. वोहलर, TU डॉर्टमुंड, जर्मनी ने किया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1051/0004-6361/201935927

**(एम. भट्ट और ए. भारद्वाज)**

**कगुआ गामा-रे स्पेक्ट्रोमीटर द्वारा प्राप्त दक्षिण ध्रुव-ऐटकेन बेसिन में पोटेशियम और थोरियम प्रचुरता**

K और Th जैसे बेमेल तत्व चंद्र आवरण और बाह्य परत की जांच करने के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे क्रिस्टलीकरण के अंतिम चरण तक द्रव के रूप में रहते हैं। इस अध्ययन में, पहली बार कगुआ गामा-रे स्पेक्ट्रोमीटर (केजीआरएस) डेटा सेट से दक्षिण ध्रुव-एटकन (SPA) बेसिन के विस्तृत K और Th वितरण मानचित्रों का निर्माण किया गया है। ये डेटा-सेट संरचनागत और क्रम-विकास-संबंधी अध्ययन के लिए, SELENE (कगुआ) कम ऊंचाई के प्रेक्षणों के दौरान 50 किमी की दूरी पर 100-$km^2$ विभेदन के साथ अधिग्रहीत किया गया है। K और Th वितरण मानचित्रों की तुलना KGRS उच्च-ऊंचाई अवलोकनों और लुनार प्रोस्पेक्टर GRS उच्च और निम्न-ऊंचाई अवलोकनों द्वारा प्राप्त प्रेक्षण से की गई है। उच्च ऊर्जा विभेदन के साथ KGRS कम ऊंचाई वाले डेटा सेट का उपयोग विशिष्ट गामा-रे लाइनों के स्पष्ट गणना को प्राप्त करने में सक्षम होता है, जो पिछले अध्ययनों की तुलना में K और Th के सटीक तात्विक मानचित्र बनाता है। नए व्युत्पन्न मानचित्रों का तात्पर्य है कि बड़े SPA गठन के संघट्ट घटना, जिसके परिणामस्वरूप K और Th समृद्ध कणों का निष्कासन हुआ, और परिणामतः, SPA क्षेत्र में K और Th का संवर्धन हुआ। SPA संघट्ट के कारण चंद्र के समीपवर्ती क्षेत्र की ओर K और Th समृद्ध द्रव परत का संवहन हुआ, जिसके परिणामस्वरूप SPA क्षेत्र के नीचे इन तत्वों की कमी हो गई।

इस कार्य का नेतृत्व डॉ. एम. नाइतो, स्कूल ऑफ एडवांस्ड साइंस एंड इंजीनियरिंग, वासेदा विश्वविद्यालय, टोक्यो, जापान ने किया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1029/2019JE005935

**(एम. भट्ट)**

**चंद्र पर संभावित $^3$He-समृद्ध अवतरण साइटें**

प्रत्यावर्तित चंद्र नमूनों में बढ़ती मृदा परिपक्वता अवस्था और $TiO_2$ कन्टेन्ट के साथ $^3$He कन्टेन्ट अधिक पाया गया। नौ मापे गए अपोलो मृदा और $TiO_2$ कन्टेन्ट के बीच सहसंबंध गुणांक, सौर हवा प्रवाह, और परिपक्वता पैरामीटर 0.944 थी। इसलिए हमने क्लेमेंटाइन UV/VIS मल्टीस्पेक्ट्रल इमेज डेटा का उपयोग करते हुए ऑप्टिकल परिपक्वता (OMAT) पैरामीटर के नक्शे के साथ संयोजन में मून मिनरलॉजी मैपर ($M^3$) से प्राप्त $TiO_2$ बहुतायत डेटा का उपयोग करते हुए वैश्विक $^3$He मानचित्र तैयार किया है। OMAT पैरामीटर चंद्र मिट्टी की प्रकाशिक परिपक्वता की मात्रा निर्धारित करता है, जहां बड़े OMAT मान अपरिपक्व कण और इसके विपरीत से मेल खाते हैं। क्रेटर ग्रिमाल्डी और रिकसीओली, मारे मॉस्कोवियेंस, ओशनस प्रोसेलरम का दक्षिणी-पश्चिमी भाग, मारे ट्रंकिलिटैटिस का उत्तरी-पश्चिमी भाग, और मारे फिकंडिडैटिस का उत्तरी-पूर्वी भाग में उच्चतम पूर्वानुमानित $^3$He कन्टेन्ट के साथ कई क्षेत्रों के ($^3$He, $TiO_2$, FeO कन्टेन्ट, ढलान नक्शे), विस्तृत अध्ययन प्रस्तुत किये गये थे। ये क्षेत्र चपटे मारे सतहों पर स्थित हैं और इनमें उच्च $TiO_2$ कन्टेन्ट हैं। अध्ययन किए गए क्षेत्रों, विशेष रूप से ग्रिमाल्डी और रिकसीओली क्रेटर्स को चंद्र रेगोलिथ से $^3$He निकालने के उद्देश्य वाले मिशनों के लिए प्रत्याशी अवतरण साइटों के रूप में चुना गया था।

इस कार्य का नेतृत्व दक्षिण कोरिया के कोरिया इंस्टीट्यूट ऑफ जियोसाइंस एंड मिनरल रिसोर्सेज के डॉ. के.जे. किम ने किया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1016/j.pss.2019.07.001

**(एम. भट्ट)**

**ग्रहीय सुदूर संवेदन प्रयोगशाला: एक नई सुविधा**

UVVISNIR में सुदूर संवेदन से प्राप्त वर्णक्रमीय परावर्तन, खनिज संबंधी जानकारी प्रदान करते हैं, क्योंकि खनिज अपनी संरचना एवं

क्रिस्टल संरचना के अनुसारविभिन्न वर्णक्रमीय प्रतिक्रिया प्रदर्शित करते हैं। अधिकांश ग्रहीय अभियानों में ग्रहीय सतहों की खनिज संरचना को समझने के लिए यान पर परावर्तन स्पेक्ट्रोमीटर अवश्य होते हैं। उदाहरण के लिए, विभिन्न वर्तमान एवं हाल ही में संपूर्ण मिशन, जैसे कि चंद्रयान-2 (2019), चंद्रयान-1 (2008), डॉन (2007), एमआरओ (2005), एवं रोसेटा (2004) पर एक या एक से अधिक परावर्तित स्पेक्ट्रोमीटर भेजे गए हैं। अतः, भारी मात्रा में डेटा पहले से मौजूद है एवं निकट भविष्य में और भी अधिक डेटा उपलब्ध होगा। इन सुदूर संकेतों की व्याख्या एक जटिल कार्य है चूंकि दूरस्थ ग्रहों के मामले में गग्राउंड ट्रुथ की बेहद कमी है एवं परावर्तन मूल्यों को कई मापदंड प्रभावित करते हैं। इसलिए, अनुरूपित परिस्थितियों में ग्रहीय नमूनों (उल्कापिंडों और वापस लाए गए नमूनों) एवं उनके अनुरूपों का प्रयोगशाला में वर्णक्रमीय परावर्तन का गहन अध्ययन करना अनिवार्य है।। इस कार्य हेतु हमने एक समर्पित प्रयोगशाला विकसित की है। मुख्य रूप से इस प्रयोगशाला में एक ऑफ़-थे-शेल्फ ASD फील्ड्सपेक स्पेक्ट्रो रेडियोमीटर है एवं दो तदनुकूल निर्मित उपकरण है a) स्पेक्ट्रो-गोनियोमीटर और b) प्लैनेटरी एनवायरमेंटल चैंबर।




चित्र 12: ग्रहीय सुदूर संवेदन प्रयोगशाला - स्पेक्ट्रो-गोनियोमीटर (बाएं) और ASD फिल्डस्पेक स्पेक्ट्रोरेडियोमीटर के साथ प्लेनेटरी एनवॉयर्नमेंटल चैंबर (दाएं)

**(एन. श्रीवास्तव)**

## मंगल के हेब्रस वालेस क्षेत्र में व्योमप्रकाश का पता लगाना

मंगल ग्रहीय गुफाओं ने गुफाओं ने कंदरा-शास्त्र में रुचि को पुनर्जीवित किया है क्योंकि वे भविष्य में मानव आवासों और खगोलजैविक अनुसंधान के लिए संभावित गंतव्य हैं। व्योमप्रकाश सतह कणों के उप-सतह रिक्त स्थानों में धंसने से गठित होते हैं जो ट्यूब-सिंचित लावा प्रवाह, ज्वालामुखी-विवर्तनिक दरार या चंद्रघाटी संरचनाओं से जुड़े हो सकते हैं। इस प्रकार, व्योमप्रकाश उपसतह गुफाओं तक पहुंचने के द्वार हैं। मंगल पर उप-सतह गुफा में जीवन का संकेत संभावित है क्योंकि यह सतह के कठोर पर्यावरण से जीवन की रक्षा कर सकता है। एक गुफा में, खनिज, द्रव और अन्य प्रमुख संसाधनों की प्रचुरता हो सकती है। इसलिए, लाल ग्रह मंगल के रोबोटिक/मानव अन्वेषण के लिए भावी योजना तैयार करने के लिए व्योमप्रकाश का पता लगाना आवश्यक और महत्वपूर्ण है। इस अध्ययन में हमने (20° 40’ 31.9” N, 126° 23’ 56.2” E) पर केंद्रित मंगल के हेब्रस वेलेस क्षेत्र में व्योमप्रकाश की पहचान करने के लिए उनके आकारिकी, आकारमिति और तापीय व्यवहार का अध्ययन MRO (मार्स रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर; NASA) और मार्स ओडिसी (NASA) से प्राप्त सुदूर संवेदन डेटा के उपयोग से किया है। क्षेत्र में कुल पांच नए स्काईलाइट्स (SK 1, 3, 5-7) की खोज की गयी है ।

डी.ओ.आई.:https://www.hou.usra.edu/meetings/lpsc2018/pdf/1218.pdf



चित्र 13: समरूपी IRPBT डेटा के साथ, हेब्रस वाल्स क्षेत्र (SK 1-8) में स्काइलाइट प्रत्याशियों को दिखाने वाली CTX छवियां (दाईं ओर)। स्काईलाइट 8 को छोड़कर ये सभी, रात के समय परिवेश की तुलना में अधिक गर्म दिखाई देते हैं। स्काईलाइट्स 1, 3, 5-7 इस अध्ययन में नए खोजे गए हैं।

**(एन. श्रीवास्तव)**

## चंद्र के दक्षिणी उच्च अक्षांश में चंद्रयान 2 अवतरण स्थल

इसरो के चंद्रयान-2 विक्रम लैंडर को दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के पास 70 से 72° S और 22 to 24° E के बीच के क्षेत्र में उतरना था। प्रस्तावित अवतरण क्षेत्र में स्वस्थाने जांच के लिए एक प्रासंगिक ढांचा प्रदान करने के लिए हमने अवतरण क्षेत्र का विस्तृत भूवैज्ञानिक लक्षण वर्णन किया है । अध्ययन से पता चलता है कि अवतरण क्षेत्र सतह ढलान मूल्यों के साथ 15° से कम है और क्रेटर आकार आवृत्ति वितरण विधि से पता चलता है कि अवतरण क्षेत्र की भूवैज्ञानिक आयु ~3.7 बिलियन वर्ष है। अवतरण क्षेत्र के आसपास के क्रेटर आम तौर पर अवतरण क्षेत्र से पहले के गठित हैं, जो इंगित करता है कि इन क्रेटरों से निष्कासन अवतरण क्षेत्र के ऊपर आच्छादित हुए होंगे। इसके अलावा, बड़ी संख्या में छोटे (कुछ किमी) से बड़े (कुछ दसियों किमी) संघट्ट क्रेटर अवतरण क्षेत्र को घेरे हुए हैं। इसके साथ, सौर मंडल में सबसे पुराना संघट्ट बेसिन जिसका नाम साउथ पोल ऐटकेन (SPA) बेसिन (व्यास ~2500 किमी) है, अवतरण क्षेत्र के काफी करीब (~350 किमी) स्थित है। अतः यह संभावना है कि इस बड़े SPA बेसिन के गठन के दौरान खोदे गए गहरे परतीय कणों ने, अवतरण क्षेत्र में कणों के पुनर्वितरण किये होंगे। अवतरण क्षेत्र की खनिज संबंधी जांच से Fe: 4.2wt%, Mg: 5.4wt%, Ca: 10wt%, और Ti: 0.3wt% जैसे तत्वों की प्रचुरता का पता चलता है। पहली बार ~0.8-5.0 $\mu$m की वर्णक्रमीय श्रेणी में संचालित, इमेजिंग इंफ्रारेड स्पेक्ट्रोमीटर (IIRS) द्वारा अधिग्रहित डेटासेट, ~20 nm के उच्च वर्णक्रमीय विभेदन, SPA बेसिन संघट्ट से खुदाई की गई कण और अवतरण क्षेत्र में उनके विस्थापन के बीच प्रासंगिक संबंध पर महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि दे सकता है। कुल मिलाकर, यह स्पष्ट है कि अवतरण साइट के आसपास के संघट्ट क्रेटर के विभिन्न आकार चंद्र हाइलैंड और क्रेटर/बेसिन निष्कासन कणों के मिश्रण का कारण बन सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप हाइलैंड रेगोलिथ का संकरण होता है।

यह कार्य प्रो. सी.वोह्लर, TU डॉर्टमुंड, जर्मनी के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1016/j.icarus.2019.113449




चित्र 14: (a) चंद्र के पास की ओर का लूनर रेकॉनाइसेंस ऑर्बिटर वाइड एंगल कैमरा (LROC WAC) (विभेदन 100 m/pixel) मोज़ेक; स्टार प्रतीक: चंद्रयान-2 लैंडिंग साइट का प्रस्तावित स्थान; सर्कल प्रतीक: पिछले लैंडिंग मिशन के स्थान (b) प्रस्तावित लैंडिंग क्षेत्र (स्टार प्रतीक) का LROC WAC ध्रुवीय स्टीरियोग्राफिक मोज़ेक।

**(आर.के. सिन्हा, विजयन एस., एम. भट्ट, हरीश एन., नंदिता कुमारी, एन. श्रीवास्तव, आई. भरतराजन, डी. रे और ए. भारद्वाज)**

## उल्कापिंड, एनालॉग और प्रयोगशाला अध्ययन

### मुकुंदपुरा कार्बनमय कॉन्ड्राइट (CM2) में फाइलोसिलिकेट खण्ड के चारों ओर मेरिलिट रिम

क्षुद्रग्रह जलीय परिवर्तन प्रक्रियाओं को समझने के लिए CM2 प्रकार के उल्कापिंडों की जांच की गई है। परिवर्तन प्रक्रिया माध्यमिक और जलीय खनिजों जैसे फाइलोसिलिकेट्स, कैल्साइट्स, अल्प लक्षणित चरणों और फॉस्फेट के निर्माण को प्रेरित करती है। फॉस्फेट खनिजों की उपस्थिति को आमतौर पर जनक पिंड पर द्रव सहायक तत्वांतरण के कारण से माना गया है। इस अध्ययन में, हम मुकुंदपुरा CM2 में जलीय परिवर्तन इतिहास को समझने के उद्देश्य से एक फाइलोसिलिकेट्स क्लैस्ट के भीतर विशिष्ट रूप से घटित फॉस्फेट खनिज चरणों की खनिजता, गठन प्रक्रिया पर चर्चा करेंगे।

20 keV, 500pA पर संचालित OXFORD EDS द्वारा JEOL IT300 स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप का उपयोग करके BSE और एक्स-रे छवियों का अध्ययन किया गया है। 2 $\mu$m बीम व्यास के साथ 15 kV, 15nA के ऑपरेशन बायसिंग वोल्टेज सहित कैमेका एसएक्स 100 इलेक्ट्रॉन माइक्रोप्रोब का उपयोग करके तात्विक सांद्रता को मापा गया है। BSE और रासायनिक संरचना विश्लेषण से यह देखा गया है कि अवशेष क्लैस्ट और फैयालिटिक के रूप में बचे हुए प्रतीत होने वाले कुछ छिट पुट कॉन्डूल को छोड़कर बाकी सभी कॉन्डूल और उल्कापिंड के मैट्रिक्स अत्यधिक परिवर्तित हो जाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि अध्ययन किए गए खंडों में से एक $\sim$100 $\mu$m आकार परिवर्तित कॉन्डूल का पोषी है और CaP से समृद्ध सूक्ष्म-कण रिम से घिरा हुआ है। रिम की चौड़ाई भी 4 से 10 $\mu$m से भिन्न होती है। संरचना के एक्स-रे मैपिंग और लाइन स्कैन से, यह प्रतीत होता है कि Ca-P परत प्रकृति में सजातीय नहीं है। EPMA तात्विक विश्लेषण Na2O 1.8 to 3.2 %, MgO 1.5-4.4%, FeO 4-7 % के साथ CaO 50-42 % & P2O5 30-25.6% दर्शाता है। रिम के खंडित क्षेत्र के पास फाइलोसिलिकेट्स और कैल्साइट आम होते हैं। कॉन्डूल अंदर से परिवर्तित होता है और Cr-समृद्ध फाइलोसिलिकेट्स के समान होता है। EPMA विश्लेषण से यह भी पता चलता है कि मैट्रिक्स में फाइलोसिलिकेट्स फास्फोरस से भरपूर हैं ($P_2O_5$ के 7.5% तक), जबकि PCP में $P_2O_5$ (0.1-0.2 %) अपेक्षाकृत कम है। कैल्साइट को कभी-कभी फॉस्फोरस ($P_2O_5$ 0.4-1.1 %) समृद्ध पाया जाता है। SEM अध्ययन के आधार पर, ऐसा प्रतीत होता है कि मुकुंदपुरा, अत्यधिक परिवर्तित मैट्रिक्स समृद्ध कॉन्ड्राइट वाले क्लस्ट-समृद्ध CM2, CAI (कैल्शियम-एलुमिनियम समाविष्ट) कम है। प्रतिक्रिया रिम पर फॉस्फेट के संदर्भ में फास्फोरस चरणों की उपस्थिति स्पष्ट रूप से कुछ Fe-Ni और CAI वाहक चरणों से P और Ca के स्थानांतरण का सुझाव देती है। एक्स-रे मैपिंग और EPMA विश्लेषण फॉस्फेट में Na, Mg, Fe की उपस्थिति दिखाते हैं, जबकि Cl और F स्पष्ट रूप से अनुपस्थित हैं। रासायनिक विश्लेषण के आधार पर, फॉस्फेट खनिज में रिम गठन, संरचना में मेरिलिट जैसा दिखता है। फॉस्फेट खनिज द्वितीयक उत्पाद है जो द्रव अन्योन्यक्रिया के कारण बन सकता है जिसके कारण तत्वों का स्थानांतरण और इसके बाद गठन हुआ। इसके अलावा फॉस्फेट का गठन द्रव सहायक तत्वांतरण से भी हो सकता है। मुकुंदपुरा के हमारे अध्ययन वाले खंडों में, जलीय क्लैस्ट की संकेंद्रित आंतरिक विकास बनावट को द्रवों के स्थानांतरण के लिए एक अतिरिक्त प्रमाण या पर्याप्त जलीय गतिविधियों का साक्ष्य माना जा सकता है। रासायनिक विश्लेषण और बनावट विशेषताओं के आधार पर, यह माना जा सकता है कि परिवर्तन प्रक्रिया के दौरान, Ca, P, Na, सूक्ष्म-कणीय Ca-P समृद्ध रिम गठन के लिए स्थानांतरित हुए। Ca-P खनिज चरण Ca-P रिम के बाहर $CaCO_3$ कणों के साथ जुड़े हुए हैं। यह ध्यान दिया जाना है कि P और S की सांद्रता फाइलोसिलिकेट्स में बढ़ी, जो मैट्रिक्स के साथ Fe-Ni-S-P की द्रव अन्योन्यक्रिया प्रक्रियाओं के कारण हो सकती है। निष्कर्ष: हमारे अध्ययन से पता चलता है कि मुकुंदपुरा जटिल जलीय परिवर्तन प्रक्रिया से गुजरा है। फॉस्फेट (मेरिलिट) खनिज की उपस्थिति कम तापमान परिवर्तन प्रक्रियाओं के कारण है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1111/maps.13346




चित्र 15: एक फाइलोसिलिकेट क्लास्ट के आसपास मेरिलिट रिम। (a) मेरिलिट रिम की BSE तस्वीर जहां Mer-मेरिलिट, Calc - कैल्साइट और Phyl- फाइलोसिलिकेट। (b) Ca, P और Na एक्स-रे छवि की एक्स-रे ओवरली छवि। (c) $P_2O_5$ और $N_2O$+MgO का टर्नरी आरेख।

**(डी.के. पांडा, डी. रे और ए.डी. शुक्ला)**

### आगौडल (IIAB) लौह का शॉक-तापीय इतिहास : मोरक्को में एक नई खोज

आगौडल IIAB लौह उल्कापिंड बिना किसी टेनाइट के केवल केमासाइट कण ($\sim$6 mm आरपार) प्रदर्शित करता है। केमासाइट समरूप तरीके से विभिन्न आकार, आकृति और संरचना के कई रैबडाइट समावेशनों से समृद्ध है। कुछ केमासाइट डोमेन में, मध्यम से उच्च Ni तत्व($\sim$26 से 40 wt%) के माइक्रोन-स्केल रैबडाइट समावेशन ($\sim$5 से 100 $\mu$mm) के कारण यह तुषारसदृश दिखाई देता है। इसके अलावा, मैट्रिक्स में सभी केमासाइट कण किसी वायुमंडलीय विखंडन घटना के दौरान गठित एक स्पष्ट रैखिक दरार द्वारा चिह्नित हैं और तत्पश्चात ऑक्सीकरण हुआ है। यह विशेषता, जो सबसे कम Ni-वाही (औसत Ni: 23 wt%) mm स्केल रैबडाइट प्लेट (खंडित और ऑक्सीकृत) के चिह्नों द्वारा परिभाषित किया गया है, पूर्ववर्ती $\gamma - \alpha$ इंटरफ़ेस का निशान हो सकता है। आगौडल, प्राथमिक शीतलन $\sim$4 °C $Ma^{-1}$ के बहुत ही धीमी दर से गुजरा है, जो रैंडिच और गोल्डस्टीन के बाद (1978) अनुरूपी Ni wt% और अनुमानित शीतलन दर वक्रों के विपरीत मूल रैबडाइट के बाइनरी आरेखों से अनुमानित है। रासायनिक रूप से, आगौडल लोहा (Ga: 54 ppm; Ge: 140 ppm; Ir: 0.03 ppm) IIAB लौह समूह के सबसे खुरदरे ऑक्टाहेडराइट, आइंसवर्थ लोहे से मिलता-जुलता है। आगौडल में न्यूमैन बैंड के कई सेट हैं जो 130 kb तक के झटके के साथ कई संघट्टों के कारण अंतरिक्ष और समय पर अलग-अलग स्केल और घनत्व में गठित हुए हैं। शॉक के बाद के कम तापमान हल्के तापन के कारण पुन: क्रिस्टलीकरण के संकेत भी स्थानीय स्तर पर मौजूद हैं।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1111/maps.13399




चित्र 16: अगौडल लोहे में न्यूमैन लाइनों के अनीलित ऑर्थोगोनल सेट दिखाती हुई परिलक्षित प्रकाश छवियां। 2b. फॉस्फाइड बैंडविड्थ बनाम Ni सामग्री। बोल्ड वक्र कैमासाइट में संख्यात्मक रूप से अनुरूपित फॉस्फाइड वृद्धि से प्राप्त किया गया था।

**(डी. रे)**

### मुकुंदपुरा कोंड्राइट में दुर्गलनीय फोर्स्टेराइट का क्षुद्र तत्व क्षेत्रीकरण: प्रारम्भिक जलीय परिवर्तन के लिए तात्पर्य

मुकुंदपुरा हाल ही में राजस्थान, भारत (6 जून, 2017) में गिरने वाला एक कार्बनमय कोंड्राईट (CM2) है। यह एक विशिष्ट सूक्ष्म कण, खंड-प्रमुख मैट्रिक्स में कुछ अलग-थलग फोर्स्टेराइट और FeO-समृद्ध ओलिवाइन कण होते हैं। इस अध्ययन में, क्षुद्रग्रह जलीय परिवर्तन के प्रारंभिक चरणों की व्याख्या करने के लिए रंग कैथोडोल्यूमिनेसिनेस (CL) और रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी का उपयोग करते हुए फोर्स्टेराइट समृद्ध ओलिवाइन की जांच की गई थी। मुकुंदपुरा में पृथक फोर्स्टेराइट ($Fo_{99}$) अलग-अलग रंग के चमकीले CL का उत्सर्जन करता है और संरचनात्मक दोषों और रासायनिक असमानता के कारण अलग-अलग पैटर्न में CL ज़ोनेशन दिखाता है। ओलिवाइन के दुर्गलनीय (गठन का उच्च तापमान) प्रकृति में फोर्स्टेराइट के कारण अवशेष के मूल में नीले संदीप्ति (समृद्ध CaO और $TiO_2$ द्वारा भी विलक्षणित) सामान्य है। CL-सक्रिय फोर्स्टेराइट कणों में इलेक्ट्रॉन जांच माइक्रोऐनालाइजर (ईपीएमए) लाइन स्कैन विशेष रूप से उत्प्रेरक तत्वों के लिए मामूली तत्वों के क्षेत्रीकरण को दर्शाता है और इस तरह विसरित आयनों के साथ उत्सर्जित संदीप्ति के रंग का सहसंबंध प्रदान करता है। जनक क्षुद्रग्रह में जलीय गतिविधि का सुझाव देते हुए अधिकांश फोर्स्टेराइट रिम्स में लाल CL क्षेत्रीकरण (समृद्ध FeO, $Cr_2O_3$ और MnO कन्टेन्ट द्वारा लक्षणवर्णित) सामान्य है। 821 $cm^{-1}$ and 854 $cm^{-1}$ के अनुरूप सबसे मजबूत द्विक रामन शीर्ष $SiO_4$ चतुष्फलकीय कंपन मोड और अन्य शीर्ष, अक्सर फॉरेस्टाइट के शुद्ध क्रिस्टलीय अवस्था के अनुमान से संबंधित होती हैं। इस प्रकार, CL इमेजिंग और रामन स्पेक्ट्रोस्कोपी का संयोजन संदीप्ति शुद्ध फोर्स्टेराइट के रासायनिक-संरचनात्मक गुणों की व्याख्या करने के लिए उपयोगी है और CM कोंड्राइट के जलीय परिवर्तन को समझने में भी मदद करता है।

डी.ओ.आई.:https://www.hou.usra.edu/meetings/lpsc2019/pdf/1603.pdf




चित्र 17: रेखित ओलीवाइन कॉन्ड्रूल की Mg K$\alpha$ एक्स-रे छवि और (b) मुकुंदपुरा CM2 में दुर्दम्य फोर्सर्टेराइट की रंगीन CL छवि

**(एस. बालियान और डी. रे)**

## ग्रहीय मिशन के लिए पेलोड का विकास

### सुप्रा थर्मल और एनर्जेटिक पार्टिकल स्पेक्ट्रोमीटर (STEPS) - ASPEX पेलोड का उपतंत्र

आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरीमेंट (एएसपीईएक्स) आदित्य - L1 मिशन (आगामी भारतीय सौर मिशन) पर सात वैज्ञानिक प्रयोगों में से एक है, जिसे पृथ्वी से 1.5 मिलियन किमी की दूरी पर सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के L1 लग्रान्जी बिंदु के आसपास प्रभामंडल कक्षा में रखा जाएगा। ASPEX अपने दो उप-प्रणालियों: सोलर विंड आयन स्पेक्ट्रोमीटर (SWIS) और सुप्रा थर्मल एंड एनर्जेटिक पार्टिकल स्पेक्ट्रोमीटर (STEPS) के साथ 100 eV से 20 MeV/n की ऊर्जा सीमा में धीमी और तेज सौर हवा, सुप्रा-थर्मल कणों और सौर ऊर्जावान कणों की स्वस्थाने, बहु-दिशात्मक मापन चलाएगा। ।




चित्र 18: (a) STEPS-2A मॉडल और (b) STEPS-1 मॉडल




चित्र 19: (a) STEPS-FPGA कार्ड, (b) STEPS-DC-DC पावर कार्ड

SWIS 100 eV से 20 keV की ऊर्जा सीमा में सौर वायु आयनों के कोणीय और ऊर्जा वितरण को मापता है और STEPS 20 keV/n से 20 MeV/n की ऊर्जा सीमा को कवर करने वाले छह दिशाओं से उच्च ऊर्जावान कणों के ऊर्जा स्पेक्ट्रम को मापता है। STEPS का वैज्ञानिक उद्देश्य सुप्राथर्मल कणों की उत्पत्ति और प्राथमिक सौर पवन घटकों के साथ उनके संबंधों की जांच करना है। STEPS सबसिस्टम को तीन पैकेजों में कॉन्फ़िगर किया गया है: STEPS-1, STEPS-2A और STEPS-2B। STEPS-1 में चार अलग-अलग दिशात्मक मापों के लिए चार डिटेक्टर इकाइयाँ हैं (1) सन रेडियल (SR), (2) इंटरमीडिएट टू सन रेडियल और पार्कर स्पाइरल (IM), (3) पार्कर स्पाइरल (PS) और (4) उत्तर दिशा (NP)। STEPS-2A में पृथ्वी (EP) दिशात्मक माप और STEPS-2B पैकेज के लिए फ्रंट-एंड इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए एक डिटेक्टर इकाई है, जिसमें दक्षिण (SP) दिशात्मक माप के लिए एक डिटेक्टर इकाई है। उच्च ऊर्जा कण का पता लगाने के लिए STEPS में प्लास्टिक सिंटिलेटर के साथ सिलिकॉन फ़ोटोमल्टिप्लायर (SiPM) का उपयोग किया जा रहा है। अंतरिक्ष उपयोग के लिए SiPM को योग्य बनाया जा रहा है। योग्यता योजनाओं के अनुसार सिंटिलिएटर + SiPM संयोजन के कुल 21 सेटों की जांच की गई है। योजनाओं में बर्न-इन, थर्मल साइकलिंग, थर्मो-वैक्यूम टेस्ट, विकिरण परीक्षण, कंपन परीक्षण आदि शामिल हैं। तीन संयोजनों को स्वीकृति के साथ-साथ योग्यता के लिए योग्यता स्तर कंपन स्तर से पारित किया गया है। पूर्व और बाद के कंपन स्तरों के लिए कार्यक्षमता परीक्षण की जांच की गयी है। चित्र 18 STEPS-1 और STEPS-2A पैकेज में तीन संयोजनों को दर्शाता है। STEPS के उड़ान मॉडल के लिए सभी PCB कार्ड (कुल 14 सं.) को पूरी तरह से तारयुक्त और कार्यात्मक रूप से परीक्षण किया गया है। चित्र 19 STEPS- प्रसंस्करण इलेक्ट्रॉनिक्स कार्ड और DCPS-DC कार्ड की तस्वीरों को दिखाता है। STEPS-2A और STEPS-2B की FM असेंबली समाप्त हो चुकी है। STEPS-1 पैकेज और STEPS-प्रोसेसिंग इलेक्ट्रॉनिक्स पैकेज की FM असेंबली जल्द ही की जाएगी। परीक्षण और मूल्यांकन (T&E) योजनाओं पर काम किया गया है। जैसे ही सभी पैकेजों की FM असेंबली खत्म हो जाती है, परीक्षण और मूल्यांकन परीक्षण शुरू किए जाएंगे।

**(एस.के. गोयल, एम. षणमुगम, ए.आर. पटेल, एन.के. तिवारी, टी. लड़िया, ए. शारदा, एस.वी. वडवाले, पी. जनार्दन, डी. चक्रवर्ती, ए. सरकार, ए. अकनूर, पी. शर्मा, सुशील, दीपक और टीम)**

**मार्स ऑर्बिटर मिशन (MOM-2) के लिए एनर्जेटिक आयन स्पेक्ट्रोमीटर (EIS)**

सौर और अंतरग्रहीय मूल के ऊर्जावान कण लगातार मंगल ग्रह के आयनमंडल पर वर्षण करते हैं और कम समय स्केल पर वायुमंडलीय ह्रास प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। ये कण मंगल ग्रह के आयनमंडल की स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से बदल सकते हैं। प्रज्वाल के दौरान सूर्य के करीब उत्पन्न होने वाले ऊर्जावान कणों के आगमन के कारण या अंतरग्रहीय कोरोनल द्रव्यमान उत्क्षेपण (ICME) और सह-घूर्णन अंतःक्रियात्मक क्षेत्र (CIR) के पारित होने कारण मंगल ग्रह के आयनमंडल में परिवर्तनों का मूल्यांकन और परिमाप करने के लिए, इन ऊर्जावान कणों के मंगल ग्रह के कक्षा में अपेक्षाकृत सटीक रूप से आगमन का पहचान करना महत्वपूर्ण है। सौर ऊर्जावान कणों (SEP) में अल्फा ($H^{++}$) - प्रोटॉन ($H^{++}$) अनुपात को मापकर, इन कणों के मंगल ग्रह के कक्षा में आने का सही समय मालूम हो पाएगा। इसके अलावा, मंगल ग्रह की कक्षा में प्रोटॉन और अल्फा प्रवाह की माप भी मंगल ग्रह की कक्षा के आसपास ऊर्जावान कण पर्यावरण को समझने में मदद करेगी। इन उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए, भविष्य के भारतीय मार्स ऑर्बिटर मिशन के लिए एनर्जेटिक आयन स्पेक्ट्रोमीटर (EIS) की योजना बनाई गई है। EIS का मुख्य उद्देश्य मंगल की कक्षा से 20 keV/n से 40 MeV/n की ऊर्जा सीमा में उच्च-ऊर्जा आवेशित कणों ($H^{+}$ और $He^{++}$) का स्वस्थाने माप करना है। EIS, $H^{+}$ और $He^{++}$ कणों की ऊर्जा माप और पहचान के लिए $\Delta$E-E कॉन्फ़िगरेशन मोड में अनुकूलित Si-PIN डिटेक्टरों का उपयोग करता है। चित्र 20 डिटेक्टरों के विन्यास के लिए ब्लॉक योजनाबद्ध आरेख दिखाता है। EIS पूरे ऊर्जा रेंज को कवर करने के लिए 20 $\mu$mमोटी और 1.5 mm मोटी Si-PIN डिटेक्टरों के स्टैक का उपयोग करता है। फ्लैग मोड में काम करने के लिए 1.5 mm Si-PIN डिटेक्टर के पीछे तीसरा डिटेक्टर रखा गया है। यह डिटेक्टर और एंटी-को-इंसीडेंस शील्ड (ACS) प्लास्टिक सिन्टिलेटर और सिलिकॉन फोटोमल्टीप्लायर (SiPM) रीडआउट का उपयोग करके बनाया गया है।

दोनों डिटेक्टरों के लिए फ्रंट एंड इलेक्ट्रॉनिक्स (FEE) में आवेश संवेदनशील प्रीएम्प्लीफायर की दो स्वतंत्र श्रृंखलाएं हैं, जो एम्पलीफायरों और डिस्क्रिमिनेटर सर्किट को आकार देती हैं। चित्र 21 में 1.5 मिमी मोटी Si-PIN डिटेक्टर के लिए डिज़ाइन और परीक्षण किए गए PCB को दिखाया गया है। दोनों डिटेक्टरों (20 $\mu$m मोटी और 1.5 मिमी मोटी) $^{241}$Am रेडियोधर्मी स्रोतों का उपयोग करके परीक्षण किया गया है। दोनों डिटेक्टरों के लिए प्राप्त ऊर्जा सीमा < 20 keV है, जैसा कि EIS के लिए 20 keV से 40 MeV/n की ऊर्जा सीमा 4के लिए आवश्यक है। 1.5 मिमी मोटी डिटेक्टर के लिए अधिग्रहीत प्रारंभिक परिणाम चित्र 22 में दिखाया गया है।




चित्र 20: डिटेक्टरों की व्यवस्था दिखाते हुए योजनाबद्ध ब्लॉक



चित्र 21: 1.5 मिमी SiPIN डिटेक्टर के लिए FEE PCB




चित्र 22: $^{241}$Am और $^{109}$Cd रेडियोधर्मी स्रोतों का उपयोग करके 1.5 मिमी मोटी SiPIN डिटेक्टरों के लिए प्रारंभिक परिणाम।

**(एस.के. गोयल, ए. अकनूर, पी. शर्मा, ए. शारदा, एन.के. तिवारी, डी. चक्रवर्ती और एस.वी. वडवाले)**

**न्यूट्रल एंड आयन मास स्पेक्ट्रोमीटर (NIMS)**

तटस्थ और आयन प्रजातियों के स्वस्थाने मापन के लिए तटस्थ और आयन द्रव्यमान स्पेक्ट्रोमीटर विकसित किया जा रहा है। इस उपकरण को शुक्र के लिए नैनो-उपग्रह मिशन पर उड़ाने के लिए चुना गया है। उपकरण के काम करने की प्रस्तावित ऊंचाई $\sim$250 किमी से $\sim$ 80-100 किमी है। यंत्र का वैज्ञानिक उद्देश्य शुक्र वायुमंडल और उसकी गतिकी की संरचना, आकार, परिवर्तनशीलता और तापीय स्थिति को मापना है।



चित्र 23: स्क्रॉल और टर्बो पंप के परीक्षण के लिए क्वाड्रूपोल वैक्यूम संयोजन।




चित्र 24: m/q के साथ CEM_counts के लिए आरेख अपरिष्कृत डेटा दिखाता है। विभिन्न शीर्ष (प्रमुख हैं: 12, 16 और 28) देखी गई हैं, इलेक्ट्रॉन आयनीकरण ऊर्जा 70 eV है।

द्रव्यमान स्पेक्ट्रोमीटर, अलग-अलग न्यूट्रल और 2 से 200 m/q की द्रव्यमान रेंज में आयनों के लिए दोहरे मोड में संचालित होगा। मूल उपकरण में एक आयनाइज़र है, जो तटस्थ प्रजातियों को धनात्मक आयनों में परिवर्तित करता है, आवेशित कण की स्कैनिंग के लिए उनके m/q अनुपात और CEM डिटेक्टर के अनुसार चौगुनी फिल्टर करता है। इसके साथ ही, उपकरण में ऑनबोर्ड वैक्यूम पंप भी हैं यानी मास स्पेक्ट्रोमीटर के अंदर वैक्यूम के स्तर को बनाए रखने के लिए छोटा-सा टर्बो पंप और छोटा-सा स्क्रॉल पंप। पंपों के लिए आवश्यक नियंत्रण इलेक्ट्रॉनिक्स विकसित और परीक्षण किए गए हैं। चित्र 23 वैक्यूम पंपों के संचालन के लिए परीक्षण संयोजन को दर्शाता है। प्राप्त किया गया निर्वात स्तर $<$5 मिनट के समय में $\sim10^{-5}$ Torr

है। सभी तीन भागों के लिए आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक्स: आयोनाइज़र, क्वाड्रुपोल फ़िल्टर और डिटेक्टर करंट रीडआउट को इन-हाउस डिज़ाइन किए गए क्वाड्रुपोल मास ऐनालाइजर द्वारा विकसित और परीक्षण किया गया है। इंजीनियरिंग मॉडल तैयार किया गया है और पहला प्रारंभिक परिणाम चित्र 24 में दिखाया गया है। चित्र 24 में डेटा 70 eV इलेक्ट्रॉन आयनीकरण ऊर्जा के साथ $<10^{-6}$ Torr स्तर के निर्वात स्तर पर प्राप्त किया गया है। द्रव्यमान, घनत्व अंशांकन के साथ मापदंडों की ट्यूनिंग चल रही है। उपकरण को हैदराबाद के TIFR बैलून सुविधा का उपयोग करके बैलून मंच पर उड़ाने की योजना है। इसके कार्यात्मक जांच और पृथ्वी की संरचना को मापने के लिए लगभग 500 किमी की ऊँचाई पर PS4 प्लेटफ़ॉर्म पर इंस्ट्रूमेंट को उड़ाना हमारे आगे की योजनाओं में शामिल है।

**(एस.के. गोयल, आर.आर. महाजन, ए. अकनूर, पी. शर्मा, जे. मेहर, एन.के. उपाध्याय, वी. शील, एस.ए. हैदर और ए. भारद्वाज)**

**MOM-2 पर LPEX के लिए लैंग्मयूर जांच - DVM डिजाइन और परीक्षण**




चित्र 25: LP डिजाइन सत्यापन मॉडल का एंड-टू-एंड परीक्षण

हमने पहले इंडियन मार्स ऑर्बिटर मिशन -2 (MOM-2) के लिए विकसित किए जा रहे LPEX (लैंग्मयूर प्रोब एंड इलेक्ट्रिक फील्ड प्रयोग) के लैंग्मयूर जांच (LP) के फ्रंट-एंड इलेक्ट्रॉनिक्स (FE) के कार्यात्मक प्रदर्शन की सूचना दी है। FE के डिजाइन को अब इसकी माप संवेदनशीलता, गतिशील रेंज और रव प्रतिरक्षा आदि के संदर्भ में अद्यतन किया गया है। LP के अन्य उपतंत्र जैसे लघु-प्रवर्धक, सटीक विद्युत और वोल्टेज मॉनिटरन, स्वीप और बायस उत्पादन, अलगाव, फिल्टर डिजाइन और सिग्नल प्रोसेसिंग भी अब विकसित किया गया है और इसके निष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए शुरू से अंत तक परीक्षण किया गया है। इलेक्ट्रोमीटर कई डिजाइन संशोधनों और परीक्षण के बाद विकसित किया गया था। इलेक्ट्रोमीटर में अब 8-चरण स्वचालित लाभ स्विचिंग के साथ $10^{-10}$ A - $10^{-4}$ A के क्रम में धाराओं को मापने की क्षमता है। विस्तृत डिजाइन अध्ययन और मूल्यांकन के आधार पर, एक गार्ड प्लेन और त्रिकोणीय कनेक्टर का उपयोग अब बेहतर रव प्रतिरक्षा के लिए PCB डिजाइन और निर्माण के दौरान समायोजित किया गया है और परजीवी प्रभावों को दूर करता है। स्वीप बायस इलेक्ट्रॉनिक्स को भी डिजाइन और एकीकृत किया गया है जिसमें सेंसर में -10V - +10V तक बायसिंग का प्रावधान है। स्वीप के समय और स्वीप की दूरी को कक्षा की आवश्यकताओं के अनुसार उपयुक्त सीमा तक प्रोग्राम किया जा सकता है। इसके अलावा, 8-बिट माइक्रोकंट्रोलर और द्रुत अवलोकन GUI सॉफ्टवेयर का उपयोग करके पश्च सिरा प्रोसेसिंग हार्डवेयर भी LP के डिजाइन जांच मॉडल के शुरू से अंत तक परीक्षण के लिए डिज़ाइन किया गया है। प्रयोगों की एक श्रृंखला द्वारा एकीकृत लैंगमुइर जांच प्रणाली के निष्पादन का मूल्यांकन किया गया है।

**(के. दुर्गा प्रसाद, चंदन कुमार, संजीव मिश्रा, पी. कल्याण एस. रेड्डी, जन्मेजय कुमार, वरुण शील, एस.ए. हैदर और ए. भारद्वाज)**

**MOM-2 पर LPEX के इलेक्ट्रिक फील्ड उपकरण के प्रारंभिक भाग और फिल्टर ब्लॉक के डिजाइन और मूल्यांकन**




चित्र 26: (a) इलेक्ट्रिक फील्ड इलेक्ट्रॉनिक्स का प्रयोगात्मक जांच (b) निम्न पास और बैंड पास फ़िल्टर प्रतिक्रियाएं

इसरो के मार्स ऑर्बिटर मिशन -2 के लिए LPEX पेलोड का हिस्सा, इलेक्ट्रिक फील्ड (EF) उपकरण को विकसित किया जा रहा है। पहले सूचित EF फ्रंट-एंड के लैब जांच मॉडल को EF कार्ड के लिए इष्टतम कॉन्फ़िगरेशन में पहुंचने के लिए इसके निष्पादन और कार्यान्वयन के संदर्भ में अच्छी तरह से मूल्यांकन किया गया है। EF भाग में तीन प्रमुख ब्लॉक हैं- प्रीएम्प्लीफायर, सिग्नल कंडीशनिंग और एनालॉग फ़िल्टरिंग। इसके अलावा, सेंसर और गार्ड के लिए बायस वोल्टेज उत्पादन, सेंसर के लिए अंशांकन संकेत उत्पादन की भी आवश्यकता है। कई योजनाओं का मूल्यांकन सामान्य उद्देश्य PCB का उपयोग करके उनके कार्यान्वयन के बाद विभिन्न तकनीकों का अनुकरण करके किया गया है। विस्तृत मूल्यांकन के बाद, दो अलग-अलग लेआउट तैयार किए गए, और PCB निर्मित किए गए। आबादी वाले कार्डों का कठोर परीक्षण किया गया और उनके प्रमुख निष्पादन मापदंडों का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन के दौरान, कुछ मुद्दों

जैसे कि बिखरा हुआ और परप्रेरित प्रभाव देखे गए थे। इसके बाद कार्ड का विस्तृत डीबगिंग किया गया और परिणामस्वरूप संशोधनों को डिजाइन के अगले पुनरावृत्ति में शामिल किया गया। कुछ पुनरावृत्तियों के बाद, FE कार्ड के वर्तमान संस्करण में प्रीएम्प, सिग्नल कंडीशनिंग, एनालॉग फ़िल्टरिंग और बायसिंग साधित, कार्यान्वित और परीक्षण किया गया था। वर्तमान डिज़ाइन में एनालॉग स्तर पर $\sim$250 $\mu$V की वोल्टेज संवेदनशीलता है जिसे हम आगे सुधारने की उम्मीद करते हैं। FE के अलावा, फ़िल्टर ब्लॉक भी कार्यान्वित किए गए थे। कार्यान्वित फ़िल्टर ब्लॉक में तीन चैनल शामिल थे- $F_c$=300 Hz (EFLPF) के साथ कम पास फ़िल्टर, 100 Hz-1.2 kHz (EFMF) और 1 kHz -5 kHz (EFHF) रेंज के बैंड पास फ़िल्टर। परीक्षण के परिणाम फ़िल्टर प्रतिक्रिया में काफी सुधार दिखाते हैं और फ़िल्टर प्रतिक्रिया को परिष्कृत करने और EF कार्ड की समग्र संवेदनशीलता को बढ़ाने के लिए आगे के डिजाइन संशोधनों को आगे बढ़ाया जा रहा है। चित्र 26 EF फ्रंट-एंड के वर्तमान संस्करण के परीक्षण का स्क्रीन शॉट दिखाता है। चित्र वास्तवायित दो फिल्टर की प्रतिक्रिया भी दिखाती है।

**(के. दुर्गा प्रसाद, चंदन कुमार, संजीव मिश्रा, पी. कल्याण एस. रेड्डी, जन्मेजय कुमार, वरुण शील, एस.ए. हैदर और ए. भारद्वाज)**

### भावी ग्रहीय गुब्बारा मिशनों के लिए मौसम विज्ञान समूह का विकास

अत्यधिक जटिल और गतिशील प्रक्रियाओं का एक स्रोत, ग्रहीय पिंडों (जैसे शुक्र, टाइटन, एनसेलडस आदि) के मध्य वायुमंडल की स्वस्थाने जांच करने की सुविधा प्रदान करने में गुब्बारे हमें एक अनन्य और दीर्घकालिक मंच प्रदान करते हैं। आमतौर पर $\sim$40km - 70 km के बीच ऊंचाई पर स्थित इन क्षेत्रों के स्वस्थाने अन्वेषण के लिए गुब्बारा मिशनों को संभावित उपकरण माना जा सकता है। यदि हम शुक्र के मामले पर विचार करते हैं, तो एक महत्वपूर्ण पहलू जिसे केवल गुब्बारे का उपयोग करके प्रयोगों द्वारा संबोधित किया जा सकता है, वह है क्लाउड डायनामिक्स, क्षेत्रीय स्केल प्रक्षोभ, स्थानीय मौसम विज्ञान की समझ जो सुपर रोटेशन, वायुमंडलीय गतिशीलता, परिवहन और युग्मन आदि जैसे चल रहे बड़े आयामी घटना के लिए प्रेरक कारक हैं। इन पहलुओं पर भविष्य के मिशनों का अध्ययन करने की आशा में, स्थानीय मौसम संबंधी मापदंडों - तापमान, दबाव, परिवेशी प्रकाश/सौर विकिरण और पवन वेग के लिए एक छोटा सा उपकरण समूह विकसित किया जा रहा है। इस उपकरण का निर्माण विकिरण कठोरण 8-बिट माइक्रो-नियंत्रक के आसपास किया जा रहा है और यह वैज्ञानिक मापदंडों को मापने के लिए लघु सेंसर का उपयोग करेगा। सभी सेंसर इस तरह से लगाए गए हैं कि नमूना लेने के लिए योजनाबद्ध परिवेशी पर्यावरण तक उनकी सीधी पहुंच हो। यह सुइट -250°C से 250°C की सीमा में परिवेशी तापमान का पता लगा सकता है। प्रेशर सेंसर कुछ mbar से $\sim$2 bar की सीमा तक संचालित होता है। इसकी उच्च गतिशील रेंज के कारण परिवेशी प्रकाश माप को विभिन्न प्रकाश तीव्रता के लिए 10 mLux से 10 KLux तक किया जा सकता है। सेंसर का चयन, इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन, और यांत्रिक स्थापन सभी उपकरण के लघुकरण पहलू को ध्यान में रखते हुए बनाए गए थे। वर्तमान में उपकरण का एक ब्रेड बोर्ड मॉडल सेंसर के साथ डिज़ाइन और एकीकृत किया गया है। सेंसर अंशांकन वर्तमान में चल रहा है और हम इस उपकरण के निष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए पृथ्वी-जनित गुब्बारा प्लेटफॉर्म का उपयोग करने की योजना बना रहे हैं। चित्र 27 विकासशील मौसम विज्ञान समूह के ब्रेड बोर्ड मॉडल और दबाव अंशांकन के लिए डिज़ाइन किए गए सेट-अप को दर्शाता है।



चित्र 27: विकसित MET सूट और दबाव अंशांकन सेटअप का ब्रेडबोर्ड मॉडल

**(के. दुर्गा प्रसाद, चंदन कुमार, संजीव मिश्रा, पी. कल्याण रेड्डी, जन्मेजय कुमार, वरुण शील, एस.ए. हैदर और ए. भारद्वाज)**

### चंद्र जल-बर्फ का पता लगाने के लिए परावैद्युत जांच का प्रयोगशाला मूल्यांकन

चंद्र के ध्रुवीय क्षेत्रों में जल बर्फ जमाव की उपस्थिति की संभावना ने हाल के दिनों में बहुत अधिक ध्यान आकर्षित किया है और यह काफी रोचक है। हाल के परिणाम विशेष रूप से चंद्रमा के उच्च और ध्रुवीय अक्षांश क्षेत्रों की ओर सतह और उपसतह में रेगोलिथ के साथ मिश्रित कण सीमित जल-बर्फ की महत्वपूर्ण परिमाण के अस्तित्व की ओर संकेत करते हैं। इस जल-बर्फ का स्वस्थाने पता लगाना और इसकी मात्रा का निर्धारण न केवल चंद्र सतह पर वाष्पशीलों की उपस्थिति के वितरण और परिवहन को समझने के लिए महत्वपूर्ण होगा, बल्कि यह भविष्य के मानव अन्वेषण और स्वस्थाने संसाधन उपयोग के लिए भी एक महत्वपूर्ण पहलू होगा। हमने भविष्य में चंद्र ध्रुवीय अन्वेषण के लिए (PRATHIMA) के लिए "परमिटिटिविटी और थर्मोफिजिकल इंस्ट्रूमेंट फॉर मून्स एक्वाटिक स्काउट" नामक एक जल-बर्फ पूर्वेक्षण उपकरण विकसित करने का प्रस्ताव दिया है। इस उपकरण का उद्देश्य सतह और उपसतह की समकालिक विद्युत और तापभौतिक जांच का उपयोग करते हुए चंद्र ध्रुवीय क्षेत्रों में जल-बर्फ का स्वस्थाने जांच करना है। परावैद्युत/विद्युत क्षेत्र माप का उपयोग रेगोलिथ सीमित जल-बर्फ का पता लगाने के लिए अवधारणा के प्रमाण को प्रदर्शित करने के लिए प्रयोगशाला कार्य की शुरुआत हो चुकी है और हमारे कुछ शुरुआती अध्ययनों के बारे में विवरण यहां दिए गए हैं। जांच अवधारणा मूल्यांकन के लिए टेफ्लॉन ट्यूब का उपयोग करके तिल के आकार का प्रोटोटाइप परावैद्युत/विद्युत-क्षेत्र और तांबे की पन्नी का उपयोग करके रेडियल ट्रांसमीटर (Tx)/रिसीवर (Rx) इलेक्ट्रोड के रूप में अनुकूलित विकसित किया गया है। Tx इलेक्ट्रोड से जुड़े एक सॉफ्टवेयर नियंत्रित बाहरी सिग्नल जनरेटर सर्किट का उपयोग माध्यम (मिट्टी) में वांछित आवृत्ति के AC विद्युत क्षेत्र तरंग को लॉन्च करने के लिए किया गया है। Rx इलेक्ट्रोड से प्राप्त निश्चित देरी के साथ मिट्टी से परिलक्षित EF तरंग आवृत्ति के एक कार्य के रूप में विद्युत गुणों (परावैद्युत पारगम्यता) को प्राप्त करने के लिए एक एनालॉग प्रसंस्करण और डेटा अधिउपगृहन इकाई से जोड़ी गई है। मान्यकरण उद्देश्यों के लिए समानांतर में एक टेबल टॉप नेटवर्क विश्लेषक प्रणाली का उपयोग करके भी माप किए गए थे। हमारे

प्रारंभिक प्रयोगों के परिणाम विशेष रूप से विशिष्ट आवृत्तियों पर पानी/बर्फ की उपस्थिति के कारण नमूने की परावैद्युत पारगम्यता में एक महत्वपूर्ण भिन्नता दिखाते हैं। वर्तमान में काम चल रहा है और संकल्पना को स्थापित करने के लिए जांच और इलेक्ट्रॉनिक्स के विभिन्न डिजाइनों/विन्यासों का उपयोग करके प्रयोगों की श्रृंखला की योजना बनाई गई है।




चित्र 28: मिट्टी के साथ मिश्रित बर्फ की विभिन्न सांद्रता के लिए पारद्युतिक पारगम्यता की भिन्नता के लिए प्रायोगिक परिणाम

**(पी. निकिता, संजीव कुमार मिश्रा, के. दुर्गा प्रसाद)**

## चंद्रयान-2 पर सौर एक्स-रे मॉनिटर: उड़ान-मध्य संचालन और निष्पादन

चंद्रयान -2, चांद पर भारत का दूसरा मिशन है, जिसे GSLV MkIII-M1 द्वारा 22 जुलाई, 2019 को पृथ्वी-परिबद्ध कक्षा में लॉन्च किया गया था। कक्षा के स्थिति-परिवर्तन की एक श्रृंखला के बाद, अंतरिक्ष-यान चंद्र की कक्षा में पहुंच गया और ऑर्बिटर-क्राफ्ट ने सितंबर के प्रारंभ में अपना सामान्य संचालन शुरू किया। सौर एक्स-रे मॉनिटर (XSM) चंद्रयान -2 ऑर्बिटर पर लगे वैज्ञानिक उपकरणों में से एक है, जिसका उद्देश्य सूर्य का एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोपी करना है। XSM के पास पृथ्वी-परिबद्ध चरण के दौरान उपकरण संचालन के परीक्षण के साथ-साथ ऑन-बोर्ड अंशांकन स्रोत के साथ इसके निष्पादन का आकलन करने के लिए इसकी प्रारंभिक पावर ऑन थी। यह उपकरण त्रुटिहीन रूप से संचालित थी और 5.9 keV में मापे गये वर्णक्रमीय विभेदन $\sim$175 eV था, जो आवश्यकताओं के साथ-साथ जमीनी अंशांकन से मेल खाता था। XSM चंद्र कक्षा तक पहुंचने से पहले पृथ्वी के विकिरण बेल्ट के कई मार्ग के माध्यम से गुजरा। चंद्र की कक्षा में स्पेक्ट्रल विभेदन का मापन विकिरण अनावरण के बाद निष्पादन में कोई गिरावट नहीं दिखाता है। 12 सितंबर, 2019 से, XSM ने सूर्य का अवलोकन करते हुए अपना सामान्य संचालन शुरू किया। तब से, XSM को लगातार स्थिति-परिवर्तन की अवधि के छूट के साथ संचालित किया गया है। XSM के साथ सूर्य के अवलोकन की योजना अंतरिक्ष यान के कक्षीय मौसमों के अनुसार बनाई गई है और उपकरण के निष्पादन की निगरानी के लिए यान पर रेडियोधर्मी स्रोत के साथ अंशांकन अवलोकन नियमित अंतराल पर किया जा रहा है। चार मौकों पर पल्स इनवेरिएंट चैनलों में संशोधित अंशांकन स्पेक्ट्रा को चित्र 29 में दिखाया गया है। चित्र 30 XSM के पहले छह महीनों के इन-फ्लाइट संचालन और समय के साथ 5.9 keV लाइन के स्पेक्ट्रल विभेदन (FWHM) और चरम ऊर्जा दिखाता है। यह दर्शाता है कि निष्पादन में किसी गिरावट के बिना उपकरण बहुत अच्छी तरह से चल रहा है और जमीनी अंशांकन से लाभ का अनुमान सही ऊर्जा माप प्रदान करने में सक्षम है।

डी.ओ.आई.:https://www.currentscience.ac.in/Volumes/118/01/0045.pdf




चित्र 29: अलग-अलग फाइन में प्राप्त XSM का कैलिब्रेशन स्पेक्ट्रा। FWHM और अनुमानित शिखर ऊर्जा प्राप्त करने के लिए 5.9 keV पर स्पेक्ट्रम लाइन को गाऊसी के साथ लगाया गया है।




चित्र 30: XSM के ऑन-बोर्ड अंशांकन स्रोत से 5.9 keV लाइन की आधी अधिकतम (शीर्ष) और शिखर ऊर्जा (नीचे) पर पूर्ण चौड़ाई। XSM का स्पेक्ट्रल निष्पादन भू अंशांकन के साथ मेल खाता है और इन-फ्लाइट ऑपरेशंस के दौरान स्थिर रहा है।

**(एम. षणमुगम, एस.वी. वडवाले, एन.पी.एस. मिथुन, ए. पटेल, एन.के. तिवारी, एच. कुमार, एस.के. गोयल, टी. लड़िया, एन. सिंह, एस. कुमार और डी.के. पैंकरा)**

## VODEX डिटेक्टर

क्षुद्रग्रह बेल्ट से $\sim$0.1 $\mu$m से बड़े आकार के धूल कण भूगर्भीय समयस्केल में सूर्य की ओर बढ़ते हैं और मंगल, पृथ्वी और शुक्र जैसे विभिन्न ग्रहों का सामना करते हैं। इन अंतरग्रहीय धूलिकणों (IDP) का प्रवाह शुक्र पर नहीं मापा जाता है, और शुक्र से बड़ी दूरी पर कुछ स्पॉट मापन की आशा है। शुक्र ग्रह के वायुमंडल में प्रवेश करने के बाद IDP अपक्षरित होते हैं और धातु आयनों का योगदान देते हैं, जिससे चालकता प्रोफ़ाइल में वृद्धि होती है। शुक्र के आसपास और पृथ्वी और शुक्र के बीच उच्च ऊंचाई वाली धूल के प्रवाह और वितरण का अध्ययन करने के लिए भविष्य के वीनस ऑर्बिटर के लिए एक वीनस ऑर्बिट डस्ट एक्सपेरिमेंट (VODEX) प्रस्तावित है। VODEX का डिटेक्टर IDP प्रवाह, डिटेक्टर क्षेत्र के साथ-साथ पेलोड द्रव्यमान के लिए अनुकूलित किया गया है और इसे पृथ्वी के पर्यावरण में प्रदर्शन के लिए विकसित किया गया है। PSLV के PS4 के कंपन स्तरों के लिए डिटेक्टर का विश्लेषण और परीक्षण किया गया है। सौर हवा धूल डिटेक्टर के लिए शोर के रूप में कार्य करती है और इसलिए, GOES डेटा का उपयोग करके उच्च ऊर्जा सौर पवन कणों की अपेक्षित प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए डिटेक्टर को Geant4 सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके अनुरूपित किया गया है। प्रोटॉन प्रवाह, अल्फा कणों और GCR प्रभाव का अध्ययन किया गया। इसके अलावा, विभिन्न ऊर्जा स्तरों में ACE/GOES डेटा का उपयोग करके TRIM सॉफ़्टवेयर में डिटेक्टर सामग्री क्षति को समझा गया है। चित्र 31 में डिटेक्टर, इसका विस्फोट दृश्य और विभिन्न परिणाम दिखाया गया है।




| Proton Energy (MeV) | SE Detached in Detector Space | % Electrons Detached |
|---|---|---|
| 0.01 | 0 | 0 |
| 0.1 | 0 | 0 |
| 1 | 144 | 1.44 |
| 2 | 341 | 3.41 |
| 5 | 390 | 3.9 |
| 7 | 344 | 3.44 |
| 10 | 344 | 3.44 |
| 20 | 1164 | 11.64 |
| 50 | 841 | 8.41 |
| 100 | 648 | 6.48 |
| 200 | 664 | 6.64 |
| 500 | 601 | 6.01 |
| 1000 | 654 | 6.54 |
| Proton impact simulated by GEANT4 generates only secondary electrons | | |

| Energy Range | Proton Flux * (# $cm^{-2}$ $sr^{-1}$ $s^{-1}$) | Damage using TRIM (Vacancy/Impact) | % Damage of Detector in 10 Years |
|---|---|---|---|
| 47-68 keV | 166.2 | 15.8 | 5.85 E-6 % of Au |
| 115-195 keV | 2.95 | 21 | |
| 310-580 keV | 1.05 | 29.8 | |
| 1 - 5 MeV | 1.56 | 43.5 | 9.59 E-7 % of Cu |
| 5 - 10 MeV | 0.21 | 56.8 | |
| 10 - 30 MeV | 0.17 | 43.05 | |
| 30 - 50 MeV | 0.12 | 9 | 1.65 E-8 % of Insulator |
| 50 - 100 MeV | 0.06 | 4 | |
| 100 - 500 MeV | 0.02 | 1.35 | |
| Damage study of dust detector using TRIM software shows that damage done in 10 years due to solar wind proton is negligible. *ACE/GOES Data[4] | | | |

चित्र 31: VODEX डिटेक्टर, इसका विस्फोट दृश्य और उच्च ऊर्जा सौर पवन कणों के जवाब में शोर और क्षति जैसे विभिन्न परिणाम।

इसके अलावा, डिटेक्टर ज्यामिति और संघट्ट के बाद आवेश वाहक प्रउपगूहन के आधार पर डिटेक्टर बायस को अनुकूलित किया गया था। बायस वोल्टेज का मूल्य आयनों और इलेक्ट्रॉनों के संग्रह की दक्षता तय करता है और इसलिए यह एक बहुत महत्वपूर्ण पैरामीटर है। SIMION सॉफ्टवेयर का उपयोग करके बायस वोल्टेज को अनुकूलित करने के लिए अनुरूपण किए गए थे। चित्र 32 में SIMION सॉफ्टवेयर में जालीदार डिटेक्टर दिखाया गया है। जैसे ही हम बायस वोल्टेज को 50 V से बढ़ाकर लगभग 200 V तक कर देते हैं, संग्रह क्षमता बढ़ जाती है। उसके बाद, बायस वोल्टेज की वृद्धि पर क्षमता में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है। इस परिणाम को चित्र 32 में भी दिखाया गया है। दो विपरीत कारक हैं, जो इस प्रउपगूहन दक्षता को नियंत्रित करते हैं:

- उच्च बायस वाले प्लेट में और अधिक आवेशित कणों को आकर्षित और इकट्ठा करने की प्रवृत्ति होगी।
- दूसरी तरफ, वही उच्च बायस, विकर्षण करेगा और इसलिए एक ही ध्रुवता के साथ कणों को कम इकट्ठा करेगा।

बायस वोल्टेज का चुनाव इस तरह किया जाना चाहिए कि संग्रह दक्षता अधिक हो और दूसरी तरफ, कम बायस वोल्टेज संभव हो, ताकि अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता से बचा जा सके।




चित्र 32: VODEX डिटेक्टर ज्योमेट्री, SIMION सॉफ्टवेयर में इसका अनुकूलन और इसकी अभिग्रहण दक्षता।

**(जे.पी. पाबारी, एस. जितरवाल, एस. नाम्बियार, रश्मि, के. आचार्य, वी. शील, ए. भारद्वाज, एस.ए. हैदर, और टीम)**

## VODEX इलेक्ट्रॉनिक्स

VODEX का इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन चित्र 33 में दिखाया गया है। एनालॉग इलेक्ट्रॉनिक्स को प्रयोगशाला में डिजाइन और परीक्षण किया गया था। डिटेक्टर द्वारा पाया गया संघट्ट संकेत फ्रंट एंड (FE) इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा प्रवर्धित है। कलेक्टर द्वारा एकत्र किया गया आवेश चार्ज सेंसिटिव प्रिएम्प्लिफ़ायर (CSPA) में भेजा जाता है, उसके बाद प्रतिबाधा मिलान के लिए उपयोग किया जाने वाला बफर होता है। चार संग्राहक प्लेट से दो आयन चैनल (IC) और इलेक्ट्रॉन चैनल (EC) संकेतों को जोड़ने के बाद सिग्नल को एनालॉग से डिजिटल कनवर्टर (ADCs) में भेजा जाता है। तीसरा चैनल या शोर चैनल (NC) इसी तरह के पैटर्न का अनुसरण करता है। फ्रंट एंड इलेक्ट्रॉनिक्स से संकेत उच्च गति ADC में भेजा जाता है। डिजिटलीकरण के बाद FPGA का उपयोग करके सिग्नल को संसाधित किया जाता है और संबंधित संकेतों को मेमोरी में संग्रहीत किया जाता है जो बाद में अंतरिक्ष यान मेमोरी में स्थानांतरित किया जाता है। दो DC-DC कन्वर्टर्स का उपयोग उचित वोल्टेज पर डिटेक्टर को बायस करने के लिए किया जाता है जो बदले में दो डिजिटल से एनालॉग कंट्रोलर (DAC) द्वारा नियंत्रित होता है। सामने के छोर और प्रसंस्करण पैकेज अन्य दो DC-DC कन्वर्टर्स का उपयोग करके संचालित होते हैं जहां रैखिक ड्रॉप-आउट (LDO) वोल्टेज नियामकों को महत्वपूर्ण घटकों को आपूर्ति वोल्टेज को विनियमित करने के लिए उपयोग किया गया है। घटकों को नुकसान पहुंचाने वाली आपूर्ति में किसी भी उछाल से बचने के लिए अंतरिक्ष यान की आपूर्ति और DC-DC के

बीच एक EMI फ़िल्टर का उपयोग किया गया है। VODEX परीक्षण के परिणाम चित्र 34 में दिखाए गए हैं।




चित्र 33: VODEX इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन




चित्र 34: VODEX परीक्षण के परिणाम

**(जे.पी. पाबारी, एस. नाम्बियार, एस. जीतरवाल, रश्मि, के. आचार्य, वी. शील, आर. महाजन, ए. भारद्वाज, एस.एम.के. प्रणीत, बी. शाह, जे. रामी, वी. सिंह, आर. सिंह , एस.ए. हैदर, बी.एम. पांड्या, ए. कुमार और टीम)**

## VODEX परीक्षण

IPR में नैनोसेकंड पल्स लेजर का उपयोग करके धूल डिटेक्टर का व्यापक परीक्षण किया गया है। चित्र 35 एक Nd: YAG पल्स लेजर का उपयोग कर प्रयोगात्मक सेट अप दर्शाता है। पदार्थ अपघटन द्वारा उत्पन्न इलेक्ट्रॉनों और आयनों को धूल डिटेक्टर के बायस इलेक्ट्रोड का उपयोग करके प्रग्रहित किया गया है। प्रतिक्रियाओं को प्रसंस्करण इलेक्ट्रॉनिक्स में संसाधित किया गया है, जिसे वैक्यूम चेंबर के अंदर भी रखा गया है। धूल डिटेक्टर और लेजर के ट्रिगर पल्स से आउटपुट एक दोलनदर्शी पर प्रदर्शित किया गया है और डेटा का विश्लेषण ऑफ़लाइन किया गया है।




चित्र 35: 1064 nm तरंग दैर्ध्य के साथ Nd:YAG स्पंद लेजर का उपयोग करते हुए डस्ट डिटेक्टर परीक्षण के प्रकाशिक सेट अप, डिटेक्टर और वैक्यूम चैम्बर के अंदर इलेक्ट्रॉनिक्स और परीक्षण के परिणाम।

**(जे.पी. पाबारी, एस. नाम्बियार, एस. जीतरवाल, रश्मि, के. आचार्य, वी. शील, आर. महाजन, ए. भारद्वाज, एस.एम.के. प्रणीत, बी. शाह, जे. रामी, वी. सिंह, आर. सिंह , एस.ए. हैदर, बी.एम. पांड्या, ए. कुमार और टीम)**

## रेडियो उपगूहन प्रयोग

वायुमंडलीय घनत्व प्रोफ़ाइल का अध्ययन रेडियो उपगूहन (RO) प्रयोग द्वारा एक उपग्रह प्लेटफ़ॉर्म से किया जा सकता है। जब भी अंतरिक्ष यान किसी ग्रह के पीछे से, पेरीऐपसिस के गुजरता है, उस पर ट्रांसमीटर से एक माइक्रोवेव सिग्नल संचारित होता है। सिग्नल पृथ्वी पर ग्राउंड स्टेशन पर प्राप्त होता है, जो ग्रह के वायुमंडल से गुजरता है। वायुमंडल से गुजरते समय, वायुमंडलीय प्रजातियों के कारण अपवर्तन के कारण सिग्नल टेढ़ा हो जाता है। प्राप्त सिग्नल का चरण जानकारी वहन करता है, जिससे वायुमंडलीय प्रोफाइल उत्पन्न होते हैं। हमने एक्स-बैंड में संचालित RO ट्रांसमीटर के डिजाइन और विकास की शुरुआत की है। जैसा कि चित्र 36 में दिखाया गया है, 8.4 GHz आवृत्ति पर काम करने के लिए COTS घटकों का उपयोग करके एक प्रयोगशाला मॉडल प्रदर्शित किया गया था। RO ट्रांसमीटर का महत्वपूर्ण उपकरण एक अल्ट्रा स्टेबल ऑसिलेटर (USO) है, जिसमें अवलोकन के लिए उपयोगी कम अवधि ऑपरेशन के लिए $\sim 10^{-13}$ की सीमा में एलेन विचरण है। चित्र 37 में दिखाया गया मॉडल एक फेज लॉक लूप (PLL) तकनीक पर आधारित है, जो अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के लिए प्रस्तावित RO उपकरण के वास्तवायन के लिए नया है।

पारंपरिक दृष्टिकोण में, एक गुणक आधारित तकनीक का उपयोग किया गया है जिसका डिज़ाइन पूरा हो गया है, जैसा कि चित्र 37 में दिखाया गया है। मूल सिग्नल आवृत्ति को गुणक बैंड पास फिल्टर की एक श्रृंखला में गुणा और फ़िल्टर किया गया है। श्रृंखला के अंत में एम्पलीफायर का उपयोग सिग्नल के नुकसान की भरपाई करने के लिए किया गया है और साथ ही, इसे कंबाइनर द्वारा आवश्यक स्तर तक पहुंचाने के लिए किया गया है। इस मामले में, 58.35 मेगाहर्ट्ज की एक बुनियादी आवृत्ति को अंततः 8402.4 मेगाहर्ट्ज के RO आवृत्ति को प्राप्त करने का सुझाव दिया गया है, जो बेंगलुरु के पास IDSN बयालालू में 8400-8450 मेगाहर्ट्ज के डाउनलिंक बैंड के भीतर आता है। आगे का काम चल रहा है।




चित्र 36: RO उपकरण के डिजाइन ब्लॉक, ट्रांसमीटर का प्रयोगशाला मॉडल और परीक्षण के परिणाम।




चित्र 37: RO उपकरण का मल्टीप्लायर आधारित डिजाइन

**(वी. शील, जे.पी. पाबारी, एस. जितरवाल, एस.ए. हैदर और टीम)**

### रेडियो उपगूहन प्रयोग के लिए डाइप्लेक्सर

जब कोई अंतरिक्ष यान किसी ग्रह के पीछे से गुजरता है, तो वायुमंडल से गुजरने वाली रेडियो तरंगें टेढ़े हो जाते हैं। अंतरिक्ष यान द्वारा संचारित और पृथ्वी पर ग्राउंड स्टेशन पर प्राप्त आवृत्ति (Δf) में एक छोटा सा परिवर्तन होता है। आवृत्ति में यह डॉपलर परिवर्तन, वायुमंडल के गुणों को प्रदान करता है जिसके माध्यम से रेडियो सिग्नल गुजरे हैं। रेडियो संकेतों के प्रसारण और प्राप्ति के लिए चित्र 38 में सारणीबद्ध रूप से बोर्ड पर चार संभावित संयोजन हैं।

यदि दो अलग-अलग आवृत्ति चैनल यान पर उपयोग किए गए हैं, तो चित्र 39 में दर्शाए अनुसार डाइप्लेक्सर आवृत्तियों को अलग करता है। डाइप्लेक्सर फ़िल्टर मुख्य रूप से तीन पोर्ट आवृत्ति आश्रित उपकरण है, जो एक साझा पोर्ट के साथ दो पास बैंड प्रदान करता है। डाइप्लेक्सर का उद्देश्य आमतौर पर इनपुट पोर्ट पर होने वाली एक आवृत्ति विशिष्ट प्रतिबाधा उत्पन्न करना होता है। डाइप्लेक्सर की शाखा फिल्टर एकल सीमित नेटवर्क द्वारा संश्लेषित होते हैं और आमतौर पर उनके पास चित्र 40 में दर्शाए अनुसार सममित संरचना होती है।

एक पास-बैंड फ़िल्टर को लगभग 8 गीगाहर्ट्ज पर रेडियो उपगूहन आवृत्ति बैंड की अनुमति देने के लिए डिज़ाइन किया गया था जैसा कि चित्र 41 (a) में दिखाया गया है जिसका एक्स-बैंड पासबैंड चित्र 41 (b) में चित्रित किया गया है। डाइप्लेक्सर को डिजाइन करने के लिए स्व-समान संरचना का उपयोग करके फ़िल्टर को विस्तारित किया गया था। C-बैंड आवृत्ति और X-बैंड आवृत्ति को अलग करने वाले अनुकूलित डाइप्लेक्सर को चित्र 42 (a) में दर्शाया गया है। डाइप्लेक्सर की वापसी और प्रवेशन हानि को चित्र 42 (b) में दर्शाया गया है। यह देखा गया कि अधिकतम सतह धारा डाइप्लेक्सर की केंद्रीय पट्टी में बनी रहे। डाइप्लेक्सर निष्पादन पर प्रभाव का विश्लेषण करने के लिए पट्टी की चौड़ाई बढ़ाई गई थी। डाइप्लेक्सर का Q-कारक, जैसा कि चित्र 42 (c) में दिखाया गया है, स्ट्रिप की चौड़ाई में वृद्धि के साथ घट रहा था क्योंकि संरचना की प्रभावी धारिता कम हो जाती है। डाइप्लेक्सर को आगे रेडियोधर्मिता में उपयोगी 8404 मेगाहर्ट्ज और 8440 मेगाहर्ट्ज आवृत्तियों को अलग करने के लिए अनुकूलित किया जा सकता है।

इस कार्य का नेतृत्व इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग, CHARUSAT, चांगा, नाडियाड के डॉ. त्रृषित उपाध्याय ने किया है।

| Instrument Option | |
|---|---|
| Tx (Single) On Board | Tx (Double) On Board |
| Rx (Single) On Board | Rx (Double) On Board |

चित्र 38: ऑनबोर्ड संचारित/प्राप्त संचार उपकरण




चित्र 39: दोहरे चैनल ट्रांसमीटर में डाइप्लेक्सर

**शुक्र पर बिजली का अध्ययन और LIVE**

शुक्र पर आकाशीय विद्युत को अभी भी विस्तार से समझना बाकी है, हालांकि कुछ अवलोकन मौजूद हैं। आकाशीय विद्युत के निर्वहन से शुक्र आयनमंडली गुहा में शुमान अनुनाद उत्पन्न हो सकता है। शुक्र के निचले वायुमंडल में बने विषम गुहा के भीतर दोलन करते विद्युत चुम्बकीय तरंगों के मैक्सवेलियन समीकरण, शूमान अनुनाद मोड का निर्धारण करने के लिए उपयोग किया जाता है। इसके अलावा, शुक्र पर आकाशीय विद्युत के लिए विश्लेषण कार्य शुरू किया गया है। कुछ पिछले अवलोकन मौजूद हैं, जो शुक्र की रात के पक्ष में आकाशीय विद्युत की गतिविधि का सुझाव देती हैं। शुक्र पर फ्लैश दर, तीव्रता, क्लाउड मॉडल आदि को अभी तक पूरी तरह से समझा नहीं जा सका है। भविष्य के उपग्रह के लिए ELF-VLF फ्रीक्वेंसी रेंज में शुक्र पर आकाशीय विद्युत का अध्ययन करने के लिए लाइटनिंग इंस्ट्रूमेंट फॉर वीनस (LIVE) का प्रस्ताव दिया गया है। LIVE का प्रयोगशाला मॉडल पृथ्वी पर प्राकृतिक बिजली की चमक का पता लगाने के लिए सफलतापूर्वक काम करता पाया गया था। LIVE का इंजीनियरिंग मॉडल शुरू किया गया है, जिसका डिज़ाइन आरेख चित्र 43 में दिखाया गया है। उपकरण का संवेदी तत्व एक ऐन्टेना है, जिसे Vee आकार में व्यवस्थित ठोस बेलनाकार रॉड से बनाया गया है। एंटेना को विभिन्न प्रकार के एंटेना का विश्लेषण करके संचालन के लिए अनुकूलित किया गया था। मिलान नेटवर्क और स्वचालित लाभ नियंत्रण (AGC) जैसे अन्य तत्वों का अनुकूलन जारी है।




चित्र 40: डाइप्लेक्सर में पोर्ट अलगाव



चित्र 41: एक्स-बैंड फ़िल्टर (a) RO फ्रीक्वेंसी में फ़िल्टर का डिज़ाइन, (b) फ़िल्टर का पासबैंड




चित्र 42: (a) डाइप्लेक्सर का 3-डी दृश्य, (b) डाइप्लेक्सर रिटर्न और प्रवेशन हानि और (c) स्ट्रिप चौड़ाई के साथ डाइप्लेक्सर के Q-फैक्टर में परिवर्तन

**(वी. शील, जे.पी. पाबारी, एस. जितरवाल, एस.ए. हैदर और टीम)**




चित्र 43: पीआरएल थलतेज परिसर की छत पर रखे LIVE के प्रयोगशाला मॉडल का प्रदर्शन और LIVE इंजीनियरिंग मॉडल का डिज़ाइन आरेख

**(जे.पी. पाबारी, टी. उपाध्याय, एस. जितरवाल, एस. नाम्बियार, रश्मि, के. आचार्य, वी. शील, ए. भारद्वाज, एस.ए. हैदर, और टीम)**

**आकाशीय विद्युत का पता लगाने के लिए वैद्युतिक लघु द्विध्रुवीय एंटेना**

पीआरएल में लाइटनिंग इंस्ट्रूमेंट फॉर वीनस (LIVE) विकसित किया जा रहा है। वैद्युतिक लघु द्विध्रुवीय एंटेना को शुक्र पर्यावरण में संभावित बिजली की स्पंद प्राप्त करने/पता लगाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। समान विद्युत लंबाई वाले कई एंटेना विन्यास डिजाइन और कार्यान्वित किए गए थे। एंटेना निष्पादन को अनुकूलित करने के लिए एंटेना का अनुरूपण किया गया और कई पुनरावृत्तियों की गई। इन एंटेनाओं का परीक्षण पीआरएल, थलतेज परिसर में वान-डी-ग्रेफ जनरेटर का उपयोग करके किया गया था। एंटेना टर्मिनलों में प्रेरित वोल्टेज को आगे के विश्लेषण के लिए दोलनदर्शी पर दर्ज किया गया था। एंटेना पीआरएल थलतेज कार्यशाला में निर्मित किए गए थे; 75 सेमी की विद्युत लंबाई, एंटेना रॉड का व्यास लगभग 4 मिमी है,

दो एंटेना बाहुओं के बीच का कोण 60° और पदार्थ एल्यूमीनियम (2.7 g/cm$^3$ के पदार्थ घनत्व के साथ) है। सभी एंटेना को समान सेट अप के साथ एक ही पर्यावरणीय स्थिति में परीक्षण किया जाना है। वैद्युतिक लघु एंटेना (ESA) अपने संपिड्ड आकार और आसानी से इलेक्ट्रॉनिक सर्किट के साथ एकीकृत होने की क्षमता के कारण काफी उपयोगी हैं। वैद्युतिक लघु एंटेना का प्राथमिक उपयोग उपग्रह पर भौतिक आकार की बाधाओं के भीतर समायोजित करना है। सर्व-दिशात्मक ESAs के उदाहरणों में से कुछ विद्युत रूप से अर्ध-तरंग दैर्ध्य और क्वार्टर-तरंग दैर्ध्य द्विध्रुवीय हैं। ऐन्टेना को वैद्युतिक लघु कहा जाता है, जब इसके आयाम उनकी तरंग दैर्ध्य (आमतौर पर $\lambda$/10 से कम) से बहुत छोटे होते हैं। ESA के विकास (चित्र 44) को विशेष विचार की आवश्यकता है, डिजाइन इंजीनियरों को एंटेना आकार और व्यावहारिक एंटेना आवश्यकताओं के बीच दुविधा को संबोधित करने की आवश्यकता है। वैद्युतिक लघु एंटेना डिजाइन का मुख्य दोष यह है कि आकार लघुकरण से बैंडविड्थ, दक्षता कम होती है और इसलिए लाभ मिलता है। एंटेना के विद्युत आकार में कमी के साथ, विकिरण प्रतिरोध कम हो जाता है और प्रतिक्रिया बढ़ जाती है। यह Q-फैक्टर को कम करने और बढ़ाने के लिए दक्षता का कारण बनता है।



चित्र 44: विद्युतीय रूप से छोटे द्विध्रुवीय एंटेना का स्वरूप (a) रोम्बस डाइपोल एंटेना, (b) फोल्डेड डाइपोल एंटेना, (c) Vee डाइपोल एंटेना।




चित्र 45: (a) द्वि-द्विध्रुवीय एंटेना के 2-D विकिरण पैटर्न और (b) द्विध्रुवीय एंटेना के 3-डी सर्व-दिशात्मक विकिरण पैटर्न

एंटेना के मामले में, विकिरण पैटर्न एक प्रमुख भूमिका निभाता है। संचारी एंटेना के मामले में विकिरण पैटर्न बिजली के बहिर्वाह (विकिरणित) के वितरण को और प्रापक एंटेना के मामले में आवक (प्राप्त) को एंटेना से दिशा कोणों के एक कार्य के रूप में परिभाषित करता है। एंटेना से बड़ी दूरी के लिए एंटेना विकिरण पैटर्न (एंटेना पैटर्न) को परिभाषित किया गया है। रेडिएट फील्ड में "आठ का आंकड़ा" होता है और एक तल में सर्वव्यापी पैटर्न होता है। Hz-KHz रेंज में बिजली का पता लगाने के लिए अनिवार्य रूप से सर्व दिशात्मक एंटेना की आवश्यकता होती है। कम चौथाई-तरंगदैर्ध्य या अर्ध-तरंगदैर्ध्य द्विध्रुवीय एंटेना की तुलना में एक पूर्ण-तरंगदैर्ध्य द्विध्रुवीय एंटेना में उच्च दिशिकता होती है। दिशिकता में वृद्धि के कारण, यह बड़ा एंटेना लेता है। अधिकांश-चालकता में वृद्धि के साथ एंटेना की दिशिकता बढ़ जाती है। द्विध्रुव की दो भुजाओं के बीच के कोण में कमी के साथ दिशिकता बढ़ती है। विशिष्ट लक्षण प्रतिबाधा 75 $\Omega$ से कम होना शुरू कर देती है और 50 $\Omega$ तक कम हो जाती है, क्योंकि चमक कोण छोटा हो जाता है। पूर्ण तरंग दैर्ध्य की तुलना में 1.5 तरंग दैर्ध्य द्विध्रुवीय विकिरण पैटर्न अलग है। पैटर्न लगभग +45 और -45 डिग्री पर अधिकतम हो जाता है। E-फ़ील्ड में एकल सदिश घटक होता है और इसलिए क्षेत्रों को रैखिक रूप से ध्रुवीकृत कहा गया है। इसके अलावा, x-y तल में अवलोकन जबकि द्विध्रुवीय z-तल की ओर होता है, क्षेत्र y दिशा में मौजूद होता है; इसलिए, E-क्षेत्र ऊर्ध्वाधारी ध्रुवीकृत है। 3-आयाम विकिरण पैटर्न में कटौती डोनट जैसा दिखता है और इसलिए अक्सर इसे डोनट आकार के विकिरण पैटर्न (चित्र 45) के रूप में संदर्भित किया जाता है। आकार में बेहद छोटे होने के कारण, इन द्विध्रुवों को बिंदु स्रोत माना जाता है, इसलिए एंटेना का लाभ आदर्श आइसोट्रोपिक रेडिएटर की तुलना में 30 से 40 स्तर कम होता है।




चित्र 46: (a) पीआरएल थलतेज परिसर में एक खुले वातावरण में एंटेना परीक्षण मापन और (b) परीक्षित एंटेना विन्यास का समय डोमेन संकेत

चित्र 46 (a) पीआरएल थलतेज परिसर में खुले में स्थापित एंटेना परीक्षण दिखाता है और चित्र 46 (b) विभिन्न एंटेना विन्यासों के समय डोमेन स्पंद दर्शाता है। चित्र 46 (c) में विभिन्न रंग विभिन्न ऐन्टेना विन्यासों के परिणामों को दर्शाता हैं: पीला रंग बेलनाकार Vee एंटेना दिखाता है, हरा रंग मुड़ा हुआ द्विध्रुवीय एंटेना दर्शाता

है और नीला रंग मुड़े हुए द्विध्रुवीय Vee आकार एंटेना दर्शाता है। समय डोमेन स्पंद समय के संबंध में एंटेना टर्मिनलों के पार प्रेरित वोल्टेज के आयाम को परिभाषित करता है। बेलनाकार Vee विद्युत छोटे द्विध्रुवीय एंटेनाबोर्ड पर उपयुक्त है।

इस कार्य का नेतृत्व इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग, CHARUSAT, चांगा, नाडियाड के डॉ. तृषित उपाध्याय ने किया है।

**(जे.पी. पाबारी, एस. जितरवाल, एस. नाम्बियार, रश्मि, के. आचार्य, वी. शील, ए. भारद्वाज, एस.ए. हैदर, और टीम)**

### आकाशीय विद्युत का पता लगाने के उपकरण में स्वचालित लब्धि नियंत्रण

स्वचालित लब्धि नियंत्रण (AGC) एक सर्किट डिज़ाइन है जो इनपुट रेडियो आवृत्ति के लिए समान स्तर के प्रवर्धन को बनाए रखता है। यदि सिग्नल बेहद कम है, तो एजीसी सर्किट स्तर बढ़ाएगा और यदि इनपुट सिग्नल बहुत अधिक है, तो यह निरंतर आउटपुट स्तर बनाए रखने के लिए लब्धि कम करेगा। AGC सिद्धांत का व्यापक रूप से विस्तार मॉडुलन (AM) रिसीवरों में उपयोग किया गया है। स्वत: लब्धि नियंत्रण, सर्वश्रेष्ठ निष्पादन के लिए उपयुक्त एक निश्चित वांछित शक्ति तक एनालॉग या डिजिटल लाभ के माध्यम से, प्रापक श्रृंखला में प्राप्त सिग्नल की शक्ति को समायोजित करता है। सबसे अच्छा सिग्नल-टू-नॉइज़ अनुपात (SNR) को बनाए रखते हुए लब्धि लाइनअप को "ऊपर या नीचे" में हेरफेर किया गया है।




चित्र 47: लाइटनिंग इंस्ट्रूमेंट के लिए स्वचालित लब्धि नियंत्रण का डिज़ाइन

उदाहरण के लिए, अरैखिकता के कारण गिरावट को कम करने के लिए उच्च इनपुट शक्ति पर, या तो मजबूत वांछित सिग्नल या अवरोधक के कारण, लब्धि नियंत्रण एल्गोरिथ्म समग्र लब्धि को कम कर सकता है। इसके विपरीत, जब इनपुट सिग्नल की शक्ति कम होती है, तो लब्धि नियंत्रण एल्गोरिथ्म रिसीवर श्रृंखला में समग्र लब्धि को बढ़ावा देने का चयन सकता है जो शोर आंकड़ा को कम करता है और SNR को बढ़ाता है।

उन तरीकों में से एक के लिए जहां अलग-अलग चैनलों को संभावित बिजली की आवृत्तियों को प्राप्त करने के लिए चुना जाता है, स्वचालित लब्धि नियंत्रण सर्किट को चित्र 47 में सचित्र रूप में दर्शाए अनुसार विकसित किया गया है। सिग्नल-टू-नॉइज़ अनुपात को बेहतर बनाने के लिए सर्किट लगभग 45-50 dB का स्थिर लब्धि प्रदान करने में सक्षम है।

इस कार्य का नेतृत्व इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग, CHARUSAT, चांगा, नाडियाड के डॉ. तृषित उपाध्याय ने किया है।

**(जे.पी. पाबारी, एस. जितरवाल, एस. नाम्बियार, रश्मि, के. आचार्य, वी. शील, ए. भारद्वाज, एस.ए. हैदर, और टीम)**

### ChaSTE FM एकीकरण और LTO माप

पीआरएल अहमदाबाद और एसपीएल/वीएसएससी त्रिवेंद्रम ने संयुक्त रूप से ChaSTE (चंद्राज सर्फेस थर्मोफिजिकल एक्सपेरिमेंट) पेलोड को विकसित किया है जिसे चंद्रयान -2 लैंडर पर भेजा गया था। ChaSTE का उद्देश्य रेगोलिथ के ऊपरी 10 सेमी के भीतर ऊर्ध्वाधर तापमान ढाल और तापीय चालकता को मापना है। ये माप हमें चंद्र पर विशेष रूप से उच्च अक्षांश वाले स्थान पर बाहरी और गर्मी के प्रवाह के बीच संतुलन की सीमा का सटीक अनुमान लगाने में सक्षम करेंगे। यह प्रयोग चंद्रयान-2 लैंडिंग साइट पर तापीय जांच (दस 4 तार प्लेटिनम RTD सेंसर और एक हीटर के साथ) करता है। प्रयोग के विकास संबंधी विवरण पहले ही बताए जा चुके हैं।




चित्र 48: LTO के दौरान ChaSTE तापमान माप (3 सेंसर)

जैसे कि FE इलेक्ट्रॉनिक्स के EM और QM मॉडल के मामले में किया गया है, FE इलेक्ट्रॉनिक्स के FM कार्ड को ChaSTE जांच और प्रसंस्करण इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ आगे एकीकरण के लिए एसपीएल/वीएसएससी को पहुंचाया गया है। CH2 ETLS के अनुसार पेलोड पर सभी योग्यता परीक्षणों के सफल समापन के बाद, चंद्रयान-2 लैंडर के साथ आगे एकीकरण के लिए ChaSTE पेलोड URSC स्वच्छ कक्ष को दिया गया है। हम ChaSTE के सभी एकीकरण और परीक्षण गतिविधियों में लगातार शामिल रहे हैं। URSC, बैंगलोर और SDSC, SHAR में किए गए सभी उड़ान-पूर्व एकीकृत अंतरिक्ष यान परीक्षणों (IST) के दौरान पेलोड के निष्पादन का मूल्यांकन किया गया है। इन सभी परीक्षणों के दौरान कार्यक्षमता और निष्पादन अपेक्षा के अनुरूप पाया गया। पीआरएल, थलतेज परिसर में पेलोड ऑपरेशंस सेंटर (POC) स्थापित किया गया है, जो ChaSTE और अन्य पेलोड

डेटा को डाउनलिंक करने के लिए है। ChaSTE के डाउनलोड किए गए डेटा का विश्लेषण करने के लिए एक क्विकलूक सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है। चंद्र पर चंद्रयान-2 की उड़ान के दौरान, पेलोड अवस्था जांच परीक्षणों के एक भाग के रूप में, ChaSTE पेलोड को क्रूज चरण के दौरान कुछ समय के लिए स्विच किया गया था। ChaSTE जांच के साथ प्राप्त तापमान माप का विश्लेषण तापमान के साथ तुलना करके अपेक्षित पाया गया था। चित्र 48 चंद्र स्थानांतरण कक्षा के दौरान स्विच किया गया ChaSTE जांच पर 3 सेंसर से तापमान माप की स्थिरता को दर्शाता है। तापमान मानों को HK टेलीमेट्री डेटा द्वारा पास के तापमान सेंसर के साथ मिलान किया गया था और अच्छा मेल दिखाते हुए ChaSTE के अच्छे स्वास्थ्य स्थिति/ऑपरेशन दर्शाता है।

**(के. दुर्गा प्रसाद, चंदन कुमार, संजीव मिश्रा, पी. कल्याण एस. रेड्डी, अर्पित पटेल, टिंकल लड़िया, एम. षणमुगम, मिथुन, विनय के. राय, एस.वी.एस. मूर्ति, सी. सुरेश राजू और ChaSTE टीम, एसपीएल/वीएसएससी)**

**PETC औचित्य अध्ययन के लिए एक स्टार्ट-अप कक्ष का विकास**

निकट भविष्य में नियोजित सुदूर/स्वस्थाने जांच को समझने के लिए अनुरूपित पर्यावरण में प्रयोगशाला प्रयोगों की एक विस्तृत श्रृंखला अब अपरिहार्य है। यद्यपि वास्तविक सच्चाई को कुछ स्वस्थाने अध्ययनों द्वारा प्राप्त किया जाता है, लेकिन परिणाम की व्याख्या और उपयोगी जानकारी प्राप्त करने के लिए निश्चित रूप से अनुरूपित पर्यावरण में नमूनों पर किए गए कई प्रयोगशाला प्रयोगों के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के समर्थन की आवश्यकता होती है, जिन्हें करने के लिए समर्पित सुविधा/कक्ष के विकास की आवश्यकता है। भविष्य के परिदृश्य पर विचार करते हुए, जहां स्वस्थाने वायुमंडलीय और सतह के अध्ययन के लिए कई उपकरणों के साथ ग्रहीय मिशन होंगे, वहां परीक्षण सुविधा होना तर्कसंगत है जहां इन उपकरणों को उनके निष्पादन के लिए परीक्षण किया जा सकता है और उड़ान से पहले अच्छी तरह से अंशाकित किया जा सके। इस उद्देश्य के लिए, बड़े पैमाने पर ग्रहीय पर्यावरण परीक्षण चैम्बर (PETC) को भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद में विकसित करने की परिकल्पना की गई है जो ग्रहीय विज्ञान और अन्वेषण से संबंधित विभिन्न प्रयोगों और परीक्षणों को करने के लिए एक उपयोगी बहुउद्देश्यीय सुविधा के रूप में काम करेगा। मुख्य पहलू में से एक यह है कि अनुरूपित पर्यावरण में कभी-कभी गैसें होती हैं जो विषाक्त होती हैं और थर्मो-वैक्यूम कक्षों में उपयोग किए जाने वाले मानक पंपिंग सिस्टम को नष्ट कर देती हैं। कक्ष सामग्री का डिजाइन और चयन, गैसों की वांछित संरचना का निर्माण और अनुमेय सीमा के भीतर संरचना को बनाए रखना, चैम्बर के भीतर आवश्यक तापमान बनाए रखने के लिए एक थर्मल सर्किट डिजाइन करना, संक्षारक और अम्लीय गैसों को ट्रेस स्तरों पर प्रारंभ करना और जरूरत पड़ने पर संघनक में बदलना, इस चैम्बर के विकास में अन्य पहलू हैं जिनमें कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। PETC के लिए प्रारंभिक गतिविधि के रूप में, व्यवहार्यता अध्ययन के लिए हमने स्वदेशी रूप से 40 सेमी व्यास और 50 सेमी लंबाई का एक छोटा बेलनाकार प्रोटोटाइप कक्ष बनाया है। इस प्रोटोटाइप चैम्बर को सम्मिलित किया गया है और वर्तमान में परीक्षण किया जा रहा है और $10^{-5}$ torr से बेहतर डायनेमिक वैक्यूम और $10^{-3}$ torr से बेहतर स्टैटिक वैक्यूम बनाए रखते पाया गया है। यह डिज़ाइन/असेंबली परिवर्तन और दीर्घकालिक बेकिंग की श्रृंखला के माध्यम से हासिल किया गया था। चैम्बर के दोनों तरफ पटरीयुक्त दरवाजे लगाए गये हैं। मैनिफोल्ड से इनपुट गैस लाइन, वैक्यूम पंप और गेज, मॉनिटर, इंस्ट्रूमेंटेशन और अन्य फीडथ्रूज़ आदि से कनेक्शन की सुविधा के लिए कई आकारों (DN16CF, DN40CF और DN63CF) के कई कॉनफ्लैट पोर्ट्स को दोनों दरवाजों पर बनाये गये हैं। चेंबर के एक तरफ एक DN163CF कॉनफ़्लैट पर एक ग्लास व्यूपोर्ट है। चैम्बर आवश्यक वैक्यूम को बनाए रखने के लिए श्रृंखला में टर्बोपम्प और रोटरी पंप असेंबली का उपयोग करता है। इस कक्ष में काम की बड़ी मात्रा के साथ भी, $10^{-5}$ torr क्रम के उच्च वैक्यूम पंप ऑपरेशन के पांच मिनट के भीतर हासिल किया जाता है। यह घंटों के समय स्केल के साथ प्रयोग करने में अमूल्य है। थर्मल सर्किट और गैस मिश्रण को बनाए रखने से संबंधित कार्य वर्तमान में चल रहे हैं। चित्र 49 वर्तमान में परीक्षण किए जा रहे विकसित कक्ष की तस्वीर दिखाता है।



चित्र 49: PETC की व्यवहार्यता अध्ययन के लिए पीआरएल में विकसित स्टार्ट-अप कक्ष, बेकिंग के दौरान

**(के. दुर्गा प्रसाद, जन्मेजय कुमार, पी. कल्याण एस. रेड्डी, चंदन कुमार, संजीव मिश्रा, विष्णु पटेल, एच.आर. वाघेला, वरुण शील, एस.ए. हैदर, ए. भारद्वाज)**

# अंतरिक्ष और वायुमंडलीय विज्ञान

**ऐरोसोल-प्रेरित वायुमंडलीय तापन दर में स्थानिक, मौसमी, और ऊंचाई संबंधी विषमता**

वर्तमान कार्य में एक शहरी (अहमदाबाद) और अधिक-ऊंचाई वाले दूरस्थ स्थान (गुरुशिखर) पर वायुमंडलीय ताप दर का आकलन करने में एकल प्रकीर्णन एल्बिडो (SSA) के महत्व की जांच की जाती है ताकि इसके स्थानिक, मौसमी और ऊंचाई संबंधी विषमता की जांच की जा सके। उपयोग किए गए डेटा निकट-सतह (ऐरोसोल प्रकीर्णन और अवशोषण गुणांक की सतह माप से अनुमानित) और स्तंभ (उपग्रह-वाहित ओजोन मॉनिटरन इंस्ट्रूमेंट सेंसर से पुनर्प्राप्त) हैं। सतह SSA का उपयोग करके अनुमानित मासिक वायुमंडलीय ताप दर शहरी अहमदाबाद में दृढ़ मौसमी बदलाव दर्शाती है। कम SSA से संगत , अहमदाबाद में अक्टूबर के दौरान ताप का दर अधिकतम है।




चित्र सं. 1: (a) अहमदाबाद और (b) गुरुशिखर पर सतह और स्तंभ एकल प्रकीर्णन ऐल्बिडो (SSA) के उपयोग द्वारा अनुमानित मासिक औसत ऐरोसोल-प्रेरित वायुमंडलीय ताप दर ($Kd^{-1}$)।

कॉलम SSA के अधिक होने के कारण, स्तंभ SSA के उपयोग से गणना की गई ताप सतह SSA के उपयोग से गणना की गई ताप दर की तुलना में 3-7 के गुणांक से कम होती है (चित्र 1)। कॉलम SSA का उपयोग करके अनुमानित मासिक तापन दर अहमदाबाद के अप्रैल के दौरान सबसे अधिक पाई जाती है जब AOD अधिकतम होती है। इसके विपरीत, गुरुशिखर पर नवंबर के दौरान ताप दर अधिकतम होती है, जो निम्न कॉलम SSA के अनुरूप होती है। गुरुशिखर पर सतह SSA की तुलना में स्तंभ SSA के उपयोग से अनुमानित मासिक औसत वायुमंडलीय ताप दर 1.5 के गुणांक से कम है। अहमदाबाद पर ऐरोसोल ताप दर गुरुशिखर से 2 गुना अधिक है क्योंकि SSA कम है जो अवशोषित ऐरोसोल (मुख्य रूप से ब्लैक कार्बन) की अधिक मात्रा के कारण होता है। सतह SSA का उपयोग करके अनुमानित वार्षिक औसत वायुमंडलीय ताप दर $1.43 \pm 0.21$ और $0.32 \pm 0.01$ $Kd^{-1}$ पाई गई है, जबकि स्तंभ SSA का उपयोग करके वायुमंडलीय ताप दर क्रमशः अहमदाबाद और गुरुशिखर पर $0.50 \pm 0.03$ और $0.30 \pm 0.02$ $Kd^{-1}$ पाई गई है। यह अध्ययन वायुमंडलीय ताप दर में भिन्नता की मात्रा निर्धारित करता है जो SSA में सामयिक (मौसम), स्थानिक (शहरी बनाम उच्च ऊंचाई रिमोट) और ऊर्ध्वाधर (सतह बनाम स्तंभ) स्केल के अंतर के कारण उत्पन्न होती है। ऐरोसोल -प्रेरित वायुमंडलीय ताप के ये परिणाम एक ही क्षेत्र में अलग-अलग पर्यावरण (स्थानों) पर प्राप्त होते हैं, इसलिए, ये क्षेत्रीय सीमाएं प्रदान करते हैं और क्षेत्रीय जलवायु प्रभाव मूल्यांकन के लिए उपयोगी हैं।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1016/j.atmosenv.2019.116954

**(टी.ए. राजेश और एस. रामचंद्रन)**

**एक शहरी पर्यावरण में दुर्गलनीय ब्लैक कार्बन और अदुर्गलनीय ऐरोसोल की आकार विभेदित विविधता**

एक डिफरेन्शियल मोबिलिटी विश्लेषक (डीएमए) और एक सिंगल पार्टिकल सूट फोटोमीटर (SP2) जैसे अत्याधुनिक उपकरण के साथ एक मापन सेटअप का उपयोग करके शहरी पर्यावरण में ब्लैक कार्बन ऐरोसोल और अन्य गैर-अपवर्तक ऐरोसोल के आकार विभेदित परिवर्तन अध्ययन किये गये हैं। 70, 100, 200, 300, 400 और 500 nm आकार के ऐरोसोल का चयन डीएमए और फिर SP2 का उपयोग करके आकार चयनित आग रोक ब्लैक कार्बन (rBC) द्रव्यमान सांद्रता और मिश्रण अवस्था मात्रा निर्धारण किया गया था। परिणाम दर्शाते हैं कि विभिन्न आकार के कणों के लिए rBC मिश्रण की विशेषताएं अलग-अलग होती हैं, जिसके परिणामस्वरूप ऐरोसोल के भौतिक रासायनिक गुणों (यानी, आर्द्रताग्राही और प्रकाशिक गुणों) में बड़ी भिन्नताएं होंगी (चित्र 2)। सामान्य तौर पर, rBC एक प्राथमिक उत्सर्जन है, जिस पर अन्य दुर्गलनीय घटक वयस्क या आंतरिक रूप से मिश्रित ऐरोसोल गठन के लिए संघनित होते हैं। हमारे अवलोकनों से पता चला है कि rBC प्रेक्षित एटकेन ($<$100 nm) मोड ऐरोसोल आबादी के $\sim$80% के लिए जिम्मेदार है। इससे पता चलता है कि दहन प्रक्रिया की प्रकृति और rBC आबादी, आकार के साथ बदलती है और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष विकिरण बलन दोनों के लिए तात्पर्यपूर्ण हैं। इसके अलावा, बादल संघनन नाभिक (CCN) सक्रियण प्रक्रिया पर BC प्रभाव का निर्धारण करते समय और ऐरोसोल अप्रत्यक्ष प्रभाव के लिए ये परिणाम महत्वपूर्ण होते हैं। उष्णकटिबंधीय में एक शहरी स्थान से ये निष्कर्ष प्रथम और अद्वितीय हैं, और ऐरोसोल

विकिरण गुण को अधिक स्पष्ट रूप से हल करने के संदर्भ में महत्वपूर्ण हैं। शहरी क्षेत्र से rBC के आकार के संबंध में उनकी आर्द्रताग्राही और प्रकाशिक गुणों, कोर-शेल मिश्रित और अदुर्गलनीय ऐरोसोल आबादी के संदर्भ में ये निष्कर्ष महत्वपूर्ण हैं। यह आकार चयनात्मक ऐरोसोल मिश्रण अवस्था सूचना ऐरोसोल-बादल-विकिरण अन्योन्यक्रिया अध्ययन के लिए जलवायु मॉडल में इनपुट के रूप उपयोग किए जा सकते हैं।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1016/j.apr.2019.12.006




चित्र सं. 2: शहरी अहमदाबाद पर 100 nm आकार से ऊपर और नीचे दुर्गलनीय ब्लैक कार्बन (rBC) (बाहरी और आंतरिक रूप से मिश्रित दोनों), और अदुर्गलनीय ऐरोसोल का एक योजनाबद्ध चित्रण।

**(बी. सारंगी, एस. रामचंद्रन, टी.ए. राजेश और विष्णु के. धाकड़)**

**अलग-अलग पर्यावरणों में ऐरोसोल के व्यापक और गहन गुण**

ऐरोसोल के व्यापक और गहन गुणों पर एक अध्ययन एक ही साथ एक स्रोत क्षेत्र (शहरी वातावरण - अहमदाबाद), और पृष्ठभूमि स्थान (एक उच्च ऊंचाई वाले दूरस्थ स्थान - गुरुशिखर) पर किया गया है ताकि उनके स्थानिक और अस्थायी परिवर्तनशीलता को वर्णित किया जा सके। प्रकीर्णन ($\beta_{sca}$) और अवशोषण ($\beta_{abs}$) गुणांकों को ऐरोसोल के व्यापक गुणों की संज्ञा दी गई है, जबकि, एकल प्रकीर्णन अल्बेडो (SSA), Ångström घातांक ($\alpha$), पश्चप्रकीर्णन अंश (b), और विषमता पैरामीटर (g) को ऐरोसोल के गहन गुणों के रूप में जाना जाता है। उत्सर्जन स्रोतों और उनकी शक्ति, और वायुमंडलीय सीमा परत की गतिकी में दैनिक विविधताओं के कारण व्यापक गुण, $\beta_{sca}$ और $\beta_{abs}$, अहमदाबाद में प्रबल अस्थायी परिवर्तन दर्शाते हैं। इसके विपरीत, गुरुशिखर, $\beta_{sca}$ और $\beta_{abs}$ दोपहर में पूरी तरह से विकसित वायुमंडलीय सीमा परत के कारण दोपहर और रात की तुलना में उच्च दोपहर के मूल्यों के साथ अजीब दैनिक परिवर्तनशीलता प्रदर्शित करता है, जोद्दढ़ तापीय संवहन सहायता के साथ दोपहर के घंटों के दौरान आसपास की तलहटी से पर्वत स्थल की ओर ऐरोसोल की ऊपरी परिवहन में सहायता करती है। अहमदाबाद में $\beta_{sca}$ और $\beta_{abs}$ हमेशा गुरुशिखर की तुलना में 3-5 के गुणांक से उच्च होते हैं। मानवजनित उत्सर्जन से अहमदाबाद पर अवशोषित ऐरोसोल के प्रभुत्व के कारण गुरुशिखर एसएसए अहमदाबाद से अधिक है (चित्र 3)। $\alpha$ और b सुबह और शाम की चोटियों को प्रदर्शित करते हैं, जबकि, जी संबंधित नतियों को दिखाता है जो अहमदाबाद में ऐरोसोल प्रकीर्णन और पश्चप्रकीर्णन गुणांक में देखी गई चोटियों के साथ मेल खाता है। गुरुशिखर के ऊपर, $\alpha$, b, और g में दैनिक भिन्नता सुबह या शाम की चोटियों को प्रदर्शित नहीं करती है। सुबह और शाम $\alpha$ और b में चोटियों, और g में नतियां शहरी, अहमदाबाद पर छोटे आकार के ऐरोसोल के प्रभुत्व का सुझाव देते हैं। गुरुशिखर और अहमदाबाद पर b मूल्य समान हैं जो दर्शाते हैं कि ऐरोसोल पश्चप्रकीर्णन अंश पश्चिमी भारत में क्षेत्रीय रूप से सदृश हैं। स्रोत क्षेत्र की तुलना में अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में व्यापक और गहन ऐरोसोल गुणों में अंतर-वार्षिक परिवर्तनशीलता कम महत्वपूर्ण ($<$10%) होने के अनुमान हैं, जिससे, यह सुझाव मिलता है कि व्यापक और गहन ऐरोसोल गुण अधिक-ऊंचाई वाले दूरस्थ स्थान को क्षेत्रीय प्रतिनिधि पृष्ठभूमि के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1016/j.jastp.2020.105223




चित्र सं. 3: अहमदाबाद और गुरुशिखर पर 0.55 $\mu$m पर (a) ऐरोसोल प्रकीर्णन गुणांक (Mm$^{-1}$), (b) अवशोषण गुणांक (Mm$^{-1}$), (c) एकल प्रकीर्णन ऐल्बिडो, (d) Ångström घातांक, (e) पश्चप्रकीर्णन अंश, और (f) असममिति पैरामीटर में मासिक औसत विविधताएं। उर्ध्वाधर बार औसत से $\pm 1\sigma$ मानक विचलन दर्शाते हैं। y-अक्ष (लाल) पर स्केल अहमदाबाद से मेल खाता है और एकांतर y- अक्ष (नीला) पर स्केल गुरुशिखर से मेल खाता है।

**(टी.ए. राजेश और एस. रामचंद्रन)**

### भारतीय उपमहाद्वीप में वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों का वितरण

वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (VOCs) वायुमंडलीय रसायन विज्ञान, वायु गुणवत्ता और जलवायु परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, हालांकि, उनके स्थानिक और अस्थायी वितरण को अच्छी तरह से वर्णित नहीं किया गया है। विशेष रूप से भारतीय उपमहाद्वीप में स्वस्थाने अवलोकन में कमी रही है जहां अत्यधिक विविध जीवजनित और मानवजनित उत्सर्जन वीओसी को प्रभावित करते हैं। इस दिशा में, हमने क्षेत्रीय मॉडल WRF-Chem (वेदर रिसर्च एंड फोरकास्टिंग मॉडल कपल्ड विद केमिस्ट्री के साथ) भू और अंतरिक्ष-आधारित प्रेक्षणों को साथ जोड़ते हुए सर्दियों के (जनवरी 2011) दौरान भारतीय क्षेत्र पर VOC के वितरण का अध्ययन किया। चित्र 4 में कुछ स्टेशनों पर मापित मूल्यों के साथ भारतीय क्षेत्र में दो VOCs: इथीन और प्रोपेन के स्टेशनों के WRF-Chem अनुरूपित माध्य वितरण को दर्शाया गया है। भारतीय उपमहाद्वीप के विपरीत पर्यावरणों में उपलब्ध मापों के साथ WRF-Chem अनुरूपित वितरण कुछ हद तक सहमत है। मॉडल ने भारतीय उपमहाद्वीप के अन्य हिस्सों की तुलना में भारत-गंगा के मैदान और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में VOC के उच्च लदान दर्शाता है। सामान्य तौर पर, प्रोपेन (27-31%) और इथेन (13-17%) की सापेक्ष बहुतायत भारतीय क्षेत्र में अधिक पाए जाते हैं। इसके अलावा पश्चिमी तट, पूर्वी भारत और भारत-गंगा के मैदान की पहचान फार्मलाडेहाइड और ग्लाइऑक्सल के क्षेत्रीय हॉटस्पॉट के रूप में की जाती है जो रासायनिक पुनर्विश्लेषण और उपग्रह-आधारित प्रेक्षणों के साथ मेल खाते हैं। यह विश्लेषण, जीवजनित उत्सर्जन के भी गहरे प्रभाव वाले पूर्वोत्तर क्षेत्र को छोड़कर, भारतीय उपमहाद्वीप पर VOCs पर मानवजनित उत्सर्जन के मजबूत प्रभावों का सुझाव देता है। यह अध्ययन भारतीय क्षेत्र में मॉडल अनुरूपण और उपग्रह पुनर्प्राप्तियों के आधार पर निष्कर्षों को मान्य करने के लिए निर्धारित क्षेत्रीय हॉटस्पॉट पर VOCs के माप शुरू करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1016/j.envpol.2019.05.097




चित्र सं. 4: WRF-Chem मॉडल का उपयोग करके जनवरी महीने के दौरान भारतीय क्षेत्र में इथीन और प्रोपेन के वितरण को अनुरूपित किया गया। तुलना के लिए विभिन्न स्टेशनों पर मापे गए मूल्यों को एक तरह के रंग स्केल पर दिखाए गए हैं।

**(एन. ओझा और एल.के. साहू)**

### भारतीय क्षेत्र में सतह ओजोन पर शुष्क जमाव का प्रभाव

वायुमंडलीय रसायन विज्ञान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के अलावा, सतह ओजोन, मानव स्वास्थ्य और वनस्पति पर हानिकारक प्रभाव डालता है। ओजोन का मुख्य कुंड शुष्क जमाव के माध्यम से होता है जो रासायनिक हानि के अलावा भूमि उपयोग और मौसम विज्ञान पर निर्भर करता है। हमने क्षेत्रीय मॉडल डब्ल्यूआरएफ-केम (वेदर रिसर्च और केमिस्ट्री से जुड़े मॉडल का पूर्वानुमान करते हुए) का उपयोग करते हुए भारतीय क्षेत्र में ओजोन पर शुष्क जमाव के प्रभाव की गणना करने के लिए अनुरूपण किया। यह अनुमान लगाया गया है कि शुष्क जमाव से भारत-गंगा के मैदान और पश्चिमी और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में ओजोन का स्तर $\sim$40% तक कम हो जाता है। ओजोन में $\sim$5 ppbv तक का अतिरिक्त अंतर तब देखा जाता है जब ओजोन पूर्ववर्तियों के शुष्क जमाव को भी बंद कर दिया जाता है। शुष्क जमाव के प्रभावों पर इस क्षेत्र में स्थानिक और सामयिक स्केल पर महत्वपूर्ण विषमता अनुरूपण किया है। शुष्क जमाव की अनुपस्थिति के कारण ग्रामीण और अधिक ऊंचाई वाले स्टेशनों की तुलना में शहरी स्टेशनों पर रात के दौरान ओजोन की वृद्धि कम है। शुष्क जमाव प्रक्रिया के माध्यम से भारतीय पारिस्थितिकी तंत्र को ओजोन के एक प्रमुख कुंड के रूप में कार्य करने का सुझाव दिया जाता है। यह अध्ययन दक्षिण एशियाई क्षेत्र पर एक रिक्ति को भरता है, जहां भूमि उपयोग और भूमि समावेश में संभावित परिवर्तनों के कारण शुष्क जमाव में विचलन की आशंका होने का अनुमान लगाया जाता है।

यह कार्य आईआईटी मद्रास (ए. शर्मा, एस.एस. गुंथे), मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर केमिस्ट्री, जर्मनी (ए. पॉज़्ज़र), और लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी, यू.के. (टी.यू. अंसारी) के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1021/acsearthspacechem.0c00004

**(एन. ओझा और एस.के. शर्मा)**

### वसंत अंतर-मानसून के दौरान अरब सागर की समुद्री सीमा परत में आइसोप्रीन के उच्च स्तर: पादपप्लवक पुंजों की भूमिका

अरब सागर में उच्च प्राथमिक उत्पादकता के कारण तीव्र ऑक्सीजन न्यूनतम क्षेत्र (OMZ) है। अरब सागर के इन्हीं महत्वपूर्ण जैव-भूरासायनिक पहलुओं ने हमें इस क्षेत्र में वायु-समुद्री आदान-प्रदान की जांच करने के लिए प्रेरित किया है। समुद्री वायु में आइसोप्रिन मिश्रण अनुपात और समुद्री जल में जैविक मापदंडों का मापन अप्रैल-मई 2017 (चित्र 5) के मानसून अवधि के दौरान किया गया था। अभियान के दौरान अरब सागर के ऊपर सकारात्मक समुद्री सतह तापमान (SST) विसंगतियों के साथ वैश्विक महासागर के लिए 1880 के बाद से वर्ष 2017 दूसरा सबसे गर्म वर्ष था। आइसोप्रिन की समग्र भिन्नता, क्रमशः मध्य और उत्तरी क्षेत्रों में निम्नतर ($0.38\pm0.14$ ppbv) और उच्चतर ($0.75\pm0.17$ ppbv) मान के साथ क्लोरोफिल -a (Chl-a) के वितरण का पालन करती है। सौर प्रवाह, समतुल्य संभावित तापमान (EPT) और हवा की गति के साथ आइसोप्रिन का दैनिक पैटर्न सहपरिवर्ती था क्योंकि दिन के मिश्रण के अनुपात उसके रात के मूल्य से $\sim$55% से अधिक था। प्रमुख संवर्द्धन ($>$0.6 ppbv) अल्पपोषी परिस्थितियों में ट्राइकोडेस्मियम और थैलासियोसेरा के खिलने से जुड़े थे। डायटम और सायनोबैक्टीरिया, तीव्र सौर प्रवाह और उच्च एसएसटी के अति बहुतायत ने सूक्ष्मजीव स्रोतों से आइसोप्रीन के उत्पादन में मदद दिया। आइसोप्रीन के अनुमानित उत्सर्जन प्रवाह $1.5\times10^{7}$-$1.2\times10^{8}$ molecules $cm^{-2}$ $s^{-1}$ की

सीमा में थे। समुद्री हवा में आइसोप्रीन के स्तर और इसके उत्सर्जन प्रवाहें, अन्य उच्च उत्पादक महासागरों के लिए रिपोर्ट किए गए मूल्यों से अधिक थे। यह अध्ययन क्षेत्रीय वायुमंडलीय रसायन विज्ञान पर “अरब सागर विरोधाभास” के तात्पर्यों पर प्रकाश डालता है।

यह कार्य डॉ. रवि यादव ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मीटियोरोलॉजी (IITM), पुणे और सेंटर फॉर मरीन लिविंग रिसोर्सेज एंड इकोलॉजी, कोच्चि से कुसुम कोमल कोमाटी के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://dx.doi.org/10.1021/acsearthspacechem.9b00325




चित्र सं. 5: (a) आइसोप्रीन मिश्रण अनुपात, सतह Chl-a सांद्रता (फ्लोरोमीटर का उपयोग करके), और सौर विकिरण प्रवाह की समय श्रृंखला (b) SST और मौसम संबंधी मानदंड, (c) 15 अप्रैल -2 मई 2017 के दौरान अरब सागर पर Chl-a गहनता प्रोफ़ाइल (CTD सेंसर और क्रूज़ मानदंड का उपयोग करके)।

**(निधि त्रिपाठी, एल.के. साहू और अरविंद सिंह)**

**चेन्नई पर कार्बन मोनोऑक्साइड वितरण पर स्थानीय मौसम विज्ञान और संवहन का प्रभाव**

वर्ष 2012 से 2013 के दौरान एयरबस इन-सर्विस यान पर ओजोन के मापों का विश्लेषण करके दक्षिणी भारत में चेन्नई के ऊपर कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) के ऊर्ध्वाधर वितरण पर स्थानीय मौसम विज्ञान और संवहन गतिविधियों के प्रभाव की जांच की गई थी। मुक्त क्षोभमंडल में CO की मौसमी भिन्नता को ग्रहीय सीमा परत (पीबीएल) की तुलना में अलग और कम स्पष्ट माना गया था। CO की निकट सतह मिश्रण अनुपात सर्दियों के दौरान उच्चतम (190±68 ppbv) था, जबकि मानसून के बाद मुक्त क्षोभमंडल में वर्धित मान (117 ± 11 ppbv) देखे गए थे। मानसून के दौरान पूरे क्षोभमंडल में मिश्रण अनुपात सबसे कम थे। पीबीएल में, CO के मिश्रण अनुपात में हवा की गति में वृद्धि के साथ गिरावट देखी गई और सर्दियों के दौरान स्थिर परिस्थितियों में सबसे अधिक (>200 ppbv) थे। पूर्वमानसून अवधि के दौरान निम्न मुक्त क्षोभ मंडल में उच्च CO होने का कारण अधिक जैवद्रव्य ज्वलन से उत्सर्जन को माना जाता है। मानसून के बाद मध्य-ऊपरी क्षोभमंडल में सीओ के उच्च स्तर, कमजोर हवा कर्तन और बारंबार संवहन गतिविधियों से जुड़े क्षेत्रीय उत्सर्जन के वर्धित ऊर्ध्वाधर मिश्रण के कारण होते हैं। कुल मिलाकर, प्रबल CO उत्सर्जन के विपरीत प्रभाव सर्दियों/पूर्वमानसून में देखे जा सकते हैं, जबकि मानसून/मानसून के बाद के मौसम के दौरान कुशल ऊर्ध्वाधर मिश्रण CO के प्रेक्षित मौसमीपन को नियंत्रित करता है। ओजोन और संबंधित रासायनिक ट्रेसर के लिए मॉडल, संस्करण 4 (MOZART-4) CO मिश्रण अनुपात पर संवहन प्रभाव का एक उचित प्रतिनिधित्व प्रदान करता है। यह अध्ययन दक्षिण एशिया के मध्य-ऊपरी क्षोभमंडलीय रसायन में क्षेत्रीय-पैमाने पर उत्सर्जन और गतिकी के प्रभावों को समझने के लिए, विशेष रूप से विमान-वाहित उपकरणों के अधिक अवलोकन करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1007/s12040-019-1156-z

**(एल.के. साहू, निधि त्रिपाठी, वरुण शील, और एन. ओझा)**

**सर्दियों के मौसम में नई दिल्ली के शहरी और उपनगरीय स्थलों पर वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों (VOCs) के स्रोत**

दुनिया के महानगरों में परिवेशी वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों (VOCs), कार्बन मोनोऑक्साइड (CO), और नाइट्रोजन के ऑक्साइड (NOx) का एक महत्वपूर्ण स्रोत वाहन उत्सर्जन है। नई दिल्ली, भारत-गंगा के मैदान (IGP) में स्थित है, जो सर्दियों के मौसम में स्थानीय और क्षेत्रीय दोनों स्रोतों से उत्सर्जित प्रदूषकों के उच्च लदान का अनुभव करता है। हालांकि, एक विशिष्ट शहरी के लिए वास्तविक-दुनिया उत्सर्जन कारकों (EFs) पर जानकारी की कमी भारत में विश्वसनीय उत्सर्जन सूची के विकास में एक बाधा है। फरीदाबाद में वर्ष 2018 की सर्दियों (जनवरी-फरवरी) के दौरान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली (IITD) के शहरी स्थल और मानव रचना विश्वविद्यालय (MRU), के उपनगरीय साइट पर कई महत्वपूर्ण VOCs के मापन किये गये थे। हमने दोनों स्थलों पर वीओसी के मापन के लिए उप्रोटॉन ट्रांसफर रिएक्शन-टाइम ऑफ़ फ्लाइट-मास स्पेक्ट्रोमीटर (PTR-TOF-MS) के उच्च-समय और द्रव्यमान-विभेदन का उपयोग किया। माप मुख्य रूप से स्थानीय उत्सर्जन से प्रभावित थे, लेकिन लंबी दूरी के परिवहन से भी थे। वीओसी की अल्पकालिक विविधताएं स्थानीय उत्सर्जन और मौसम संबंधी मापदंडों में बदलाव को दर्शाती हैं। VOCs का मिश्रण अनुपात निम्न ग्रहीय सीमा परत (PBL) की गहराई के कारण सर्दियों के दौरान विशेष रूप से अधिक होता है। इस अध्ययन में, हमने क्रमशः वाहन के निकास, जैवद्रव्य जलन और जैवजनित स्रोतों से योगदान की पहचान करने और अनुमान लगाने के लिए ट्रेसर के रूप में बेंजीन, एसिटोनिट्राइल और आइसोप्रीन के मिश्रण अनुपात का उपयोग किया। पॉजिटिव मैट्रिक्स फैक्टरिज़ेशन (PMF) रिसेप्टर मॉडल का उपयोग करते हुए ट्रैफ़िक से संबंधित

उत्सर्जन (एरोमेटिक VOCs) का योगदान, शहरी स्थल पर ~57% था, जबकि नई दिल्ली के उपनगरीय स्थल पर ~36.0% था। । सुगंधित वीओसी के विपरीत, ऑक्सीजन युक्त-वीओसी (ओवीओसी) ने दिन के समय काफी अधिक योगदान दर्शाया। प्रकाश-रसायनिक आयुवर्धन के कारण वायुमंडल में OVOCs की माध्यमिक उत्पादनों की भूमिका की जांच करने के लिए डेटा का विश्लेषण किया गया है।

यह कार्य इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कानपुर, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दिल्ली और पॉल शरर इंस्टीट्यूट (PSI), स्विट्जरलैंड के शोधकर्ताओं के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.5194/acp-2020-11.

**(एल.के. साहू और निधि त्रिपाठी)**

### भारतीय ग्रीष्मकालीन मानसून पर धूल प्रेरित बर्फ-बादल रूपांतरण का प्रभाव

भारतीय ग्रीष्मकालीन मानसून दक्षिणी एशिया के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में ताजे पानी की उपलब्धता का केंद्रीय स्रोत है। मानसून परिसंचरण और वर्षा परिवर्तनशीलता मुख्यतः व्यापक वायुमंडल-भूमि-महासागर गतिशीलता, मौसम संबंधी प्रक्रियाओं और वायु-समुद्री अन्योन्यक्रिया द्वारा नियंत्रित किए जाते हैं। जलवायु मॉडलिंग अध्ययनों द्वारा दिए गए सुझावानुसार, पिछले दो दशकों में, वायुमंडलीय एरोसोल की भूमिका मॉनसून वर्षा को रूपांतरित करने के स्रोत के रूप में उभरी है। हमने मानसून के बादलों और वर्षा को संभाव्य रूप से प्रभावित करने वाले मानसून प्रणाली के हिस्से के रूप में विशेष रूप से खनिज धूल एरोसोल और बर्फ के बादलों के बीच अन्योन्यक्रिया की जांच करके एरोसोल के एक नए पहलू की जांच की है। मल्टी-सेंसर और 11 साल के व्यापक उपग्रह अवलोकनों से एरोसोल और बादलों के लिए व्युत्पन्न अत्याधुनिक सूचनाओं का उपयोग करते हुए, हम मानसूनी वर्षा की सुदृढ़ अतिसंवेदनशीलता में मोटी बर्फ के बादलों (तथाकथित क्लाउड इनविगोरेशन प्रभाव) की धूल एरोसोल-प्रेरित रूपांतरण के विशेष प्रचिह्न पाते हैं। कुल मिलाकर, हमारे परिणामों ने भारतीय ग्रीष्मकालीन मानसून को रूपांतरित करने में धूल और बर्फ के बादल की अन्योन्यक्रिया की संभावित भूमिका पर नया प्रकाश डाला है।

यह कार्य पर्यावरण रक्षा कोष, वॉशिंगटन डीसी, यूएसए के रितेश गौतम और जापान के क्यूशू विश्वविद्यालय के रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड मैकेनिक्स के ताकुरो मिचिबाता के सहयोग से किया गया था।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1029/2018GL081634

**(पीयूषकुमार पटेल और हरीश गढ़वी)**

### मध्य हिमालयी क्षेत्र में क्षोभ मंडलीय ओजोन में एक रॉस्बी तरंग खंडन-प्रेरित वृद्धि

हिमालय में अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र विविध गतिशील और परिवहन तंत्र के परिणामस्वरूप उच्च ओजोन सांद्रता से ग्रस्त होती है। यहाँ, हम दिसंबर 2010 के महीने में मध्य हिमालयी क्षेत्र में भू-आधारित और अंतरिक्ष-जनित मापों से सतह और क्षोभ मंडलीय ओजोन सांद्रता में असामान्य वृद्धि की रिपोर्ट करते हैं। 18-19 दिसंबर 2010 को मध्य हिमालयी क्षेत्र में सतह ओजोन स्तर (~80 ppbv) लगभग 40-50 ppbv के मौसमी औसत (दिसंबर-जनवरी-फरवरी) के सापेक्ष दो गुना अधिक पाया गया। एक्वा उपग्रह पर ट्रोपोस्फेरिक एमिशन स्पेक्ट्रोमीटर और ओजोन मॉनिटरिंग इंस्ट्रूमेंट से अंतरिक्ष जनित माप भी इस क्षेत्र पर क्षोभ मंडलीय स्तम्भ ओजोन में उच्च मूल्यों को दर्शाते हैं। उपग्रह प्रेक्षणों में 18-19 दिसंबर 2010 के दौरान के क्षोभ सीमा तापमान में लगभग 5 °C वृद्धि और क्षोभ सीमा की ऊँचाई में 1 किमी की कमी का संकेत मिलता है, जिसके परिणामस्वरूप अध्ययन क्षेत्र पर समताप मंडलीय-क्षोभ मंडलीय विनिमय प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने वाले क्षोभ सीमा परत गठित होती है। क्षोभ सीमा परत के गठन का संभावित कारण और तत्पश्चात क्षोभ मंडलीय और सतह ओज़ोन की वृद्धि की घटना का कारण ऊपरी क्षोभ मंडल में खंडित रॉस्बी तरंगों के साथ जुड़ा हुआ पाया जाता है। यह तरंग खंडन उच्च-अक्षांशों से मध्य हिमालयी क्षेत्र की ओर लगभग 3-4 PVU (संभावित भंवरता यूनिट) की मात्रा के साथ उच्च-PV (संभावित भंवरता) वायु के संवहन में परिणामित होता है। PV संवहन का ऊर्ध्वाधर घटक क्षोभ मंडल में उच्च- PV वायु के गहरे समताप मंडलीय अतिक्रमण को दर्शाता है। तरंग खंडन के कारण फोल्डिंग क्षोभ सीमा परत के पार ओजोन का समएनट्रोपिक परिवहन उपग्रह और पुनर्विश्लेषण डेटासेट द्वारा स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है। इसलिए, वर्तमान अध्ययन में जटिल स्थलाकृति वाले हिमालयी क्षेत्रों में क्षोभ मंडलीय और सतह ओजोन के लिए ऊपरी क्षोभ मंडलीय तरंग की गतिशीलता के दृढ़ तात्पर्य हैं।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1016/j.atmosenv.2020.117356

**(कोंडपल्लि निरंजन कुमार और सोम कुमार शर्मा)**

### SABER प्रेक्षणों का उपयोग करके मध्य वायुमंडलीय ओजोन का विश्लेषण: उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध में मध्य अक्षांशों पर एक अध्ययन

वर्तमान अध्ययन में उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध के मध्य अक्षांश क्षेत्रों में थर्मोस्फीयर आयनोस्फियर मेसोस्फीयर एनर्जेटिक्स और डायनामिक्स उपग्रह अवलोकन का उपयोग करते हुए ब्रॉडबैंड उत्सर्जन रेडियोमेट्री का उपयोग करके 14 (2002-2015) वर्षों के साउंडिंग के उपयोग से मध्य वायुमंडलीय ओजोन परिवर्तनशीलता पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह देखा गया है कि ओजोन निर्माण सर्दियों के अंत में शुरु होता है, और वसंत के दौरान चरम पर पहुंचता है और गर्मियों से शरद ऋतु संक्रमणकालीन अवधि तक धीरे-धीरे दोनों गोलार्द्धों में घट जाती है। ओजोन की समय श्रृंखला मध्य वायुमंडल में प्रमुख वार्षिक और अर्ध-वार्षिक दोलनों का इंगित देती है। वार्षिक दोलन (एओ) दोनों गोलार्द्धों पर प्रभावी पाया जाता है, जबकि अर्ध-वार्षिक दोलन (एसएओ) दो अलग-अलग ऊंचाई वाले क्षेत्रों में चरम पर होते हैं: 30-60 किमी और 80-100 किमी। इसके अलावा, AO का आयाम SSAO और MSAO की तुलना में बहुत महत्वपूर्ण है। यह भी देखा गया है कि एक और महत्वपूर्ण दोलन ऊंचाई सीमा 60-80 किमी में ~4 पर चरम पर होता है। विभिन्न स्थलों पर इन दोलनों की ताकत का अध्ययन देशांतरीय विषमता का आकलन करने के लिए आंचलिक औसत स्पेक्ट्रम के साथ तुलना करके किया जाता है। यह पाया गया है कि देशांतरीय विषमता उत्तरी गोलार्ध में दक्षिणी गोलार्ध की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण है। इसका कारण भूमि में अंतर (उत्तरी गोलार्ध में ऊंची स्थलाकृति) और मुख्य रूप से महासागर (दक्षिणी गोलार्ध में) विषमता हो सकता है जो मध्य

वायुमंडलीय ओजोन को मॉडुलन करने वाली उर्ध्वाधर रूप से प्रसारी ग्रहीय-स्केल तरंगों की ताकत में अंतर के लिए योगदान देता है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1007/s00382-020-05124-6

**(वैदेही जोशी, सोम शर्मा, और कोंडपल्लि निरंजन कुमार)**

### भारतीय निम्न अक्षांश क्षेत्र पर विषम QBO चरणों में मध्य वायुमंडलीय ग्रहीय तरंगे

वर्तमान अध्ययन मुख्य रूप से निम्न-अक्षांश समताप मंडलीय क्षेत्र में एक प्रमुख दोलन अर्ध-द्विवार्षिक दोलन (QBO) के विभिन्न चरणों के दौरान मध्य वायुमंडल में ग्रहीय स्केल तरंगों की विशेषताओं पर केंद्रित था। रैलेह लिडार मापों से पुनः प्राप्त तापमान प्रोफाइल का उपयोग 1998 और 2009 के बीच 11 सर्दियों की अवधि के लिए एक निम्न-अक्षांश स्टेशन, गाडंकी (13.5°N 79.2°E) के लिए किया गया है। तापमान विसंगतियों का वर्णक्रमीय विश्लेषण दो प्रमुख ग्रहीय स्केल मोड, अर्थात्, अर्ध-12 दिन और अर्ध-16 दिन की तरंगों का इंगित देता है। मध्य वायुमंडल में इन तरंगों का अस्तित्व QBO के पच्छमी और पुरवैया चरणों द्वारा दृढ़ता से नियंत्रण किया जाता है। उदाहरण के लिए, 12-दिवसीय तरंग मुख्य रूप से QBO पच्छमी चरण में देखी जाती है, जबकि पच्छमी हवाओं की उपस्थिति में डॉपलर स्थानांतरण के कारण मध्यमंडल में बड़े प्रसार के साथ 30-40 किमी और 60 किमी से ऊपर, 16-दिवसीय तरंग दो ऊंचाइयों पर चरम पर पहुंचती है। QBO पुरवैया चरण 16-दिवसीय तरंग के साथ निम्न तरंग गतिविधि को इंगित करता है जो ऊपरी समताप मंडल और मध्यमंडल में पर्याप्त आयाम का संकेत देता है और कम ऊंचाई में अनुपस्थित है। यह इंगित करता है कि 16-दिवसीय तरंग मध्यमंडलीय क्षेत्र में गुरुत्वाकर्षण खंडन या अस्थिरता के कारण कुछ स्वस्थाने तंत्र के माध्यम से उत्पन्न हो सकती है। इसके अलावा, दो प्रमुख ग्रहीय तरंगों के अपवर्तक सूचकांक निचले क्षोभ मंडल और समताप मंडल में QBO के पच्छमी चरण के सापेक्षी पुरवैया चरण में प्रबल नकारात्मक हैं। यह QBO के पच्छमी चरण में ग्रहीय तरंग ऊर्ध्वाधर प्रसार की उच्च संभावना का इंगित देता है। इसलिए, प्रस्तुत रिपोर्ट निचले-अक्षांशों में ग्रहीय स्केल तरंगों के ऊर्ध्वाधर प्रसार के माध्यम से मध्य वायुमंडलीय गतिशीलता को नियंत्रित करने वाले QBO के महत्व पर फिर से जोर देती है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1016/j.jastp.2019.105068

**(कोंडपल्लि निरंजन कुमार, सोम कुमार शर्मा, और वैदेही जोशी)**

### उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में समताप मंडल-मध्यमंडल में तापमान के ऊर्ध्वाधर तरंगसंख्या वर्णक्रमीय विशेषताएं

उष्णकटिबंधीय स्थान, गाडंकी (13.5°N, 79.2°E) और उपोष्णकटिबंधीय स्थान, माउंट (24.5°N, 72.7° E) आबू पर ऊर्ध्वाधर तरंगसंख्या वर्णक्रम का अध्ययन भू-आधारित रेले लिडार और अंतरिक्ष-वाहित उपग्रह अवलोकनों से तापमान माप का उपयोग करके किया जाता है। 40-50 किमी को छोड़कर जहां यह लगभग समान है और विपरीत प्रकृति दर्शाता हुआ 60-70 किमी को छोड़कर लगभग लगभग सभी ऊंचाईयों पर माउंट आबू की तुलना में गाडंकी पर ढलान मूल्य कम हैं। उपग्रह तापमान में 40-50 किमी की ऊँचाई पर 6.97 (माउंट आबू) और 0.09 (गाडंकी) की असामान्य वर्णक्रमीय ढलान देखा जा सकता है। दोनों स्टेशनों पर होने वाली तरंग दोलनों के लक्षण वर्णित किए गए हैं।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1016/j.jastp.2019.05.017

**(प्रियंका घोष और सोम शर्मा)**

### भारतीय क्षेत्र में आकस्मिक समताप मंडल तापन (SSW) की घटनाओं के दौरान ऊर्ध्वाधर तरंगसंख्या वर्णक्रम की जांच

थर्मोस्फियर आयनोस्फियर मेसोस्फियर एनर्जेटिक्स डायनेमिक्स (TIMED) उपग्रह (20–70 किमी की ऊंचाई सीमा के लिए) पर ब्रॉडबैंड एमिशन रेडियोमेट्री (SABER) और ERA-Interim पुनर्विश्लेषण डेटा (0.1–20 किमी की ऊंचाई के लिए) का उपयोग करते हुए साउंडिंग ऑफ द एटमोस्फियर के तापमान अवलोकन का उपयोग करते हुए पहली बार वर्टिकल वायुमंडल अचानक स्ट्रैटोस्फेरिक वार्मिंग (SSW) की घटनाओं (2003–2016) के दौरान ऊर्ध्वाधर वेनंबर (VWN) विशेषताओं की जांच की गई है। 2013 SSW घटना के दौरान 40 - 50 किमी की ऊँचाई पर -4.82 (at 25° N, 77° E) और -4.41 (at 35° N, 77° E) at 40–50 पर ) का अत्यधिक नकारात्मक VWN वर्णक्रमीय ढलान मूल्य (लगभग) देखी गई है, जो एक प्रकार से किसी अन्य SSW घटनाओं (2003-2016) में नहीं देखी गई है। 2013 SSW के दौरान चरम तापमान ऊंचाई के पास इस तरह के विशिष्ट अवलोकन के लिए तरंगसंख्या 1 और 2 के साथ ग्रहीय तरंगों (PWs) का संयुक्त प्रभाव जिम्मेदार हो सकता है। यह अध्ययन ध्रुवीय भंवर के महत्व को दर्शाता है कि यदि भंवर विभाजित होता है तो ही निचले अक्षांश प्रभावित होते हैं और SSW घटनाओं के दौरान अपनी तरह की पहली VWN विशेषताओं को प्रस्तुत करता है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1080/2150704X.2019.1601274

**(प्रियंका घोष और सोम शर्मा)**

### एक सीलोमीटर से बादल-आधार ऊंचाई के साथ इनसैट -3 डी वायुमंडलीय गति सदिशों की अंतर-तुलना

भूस्थिर के साथ-साथ ध्रुवीय उपग्रहों की अनुवर्ती छवियों में बादल और नमी की विशेषताओं को ट्रैक करके वायुमंडलीय गति वैक्टर (एएमवी) व्युत्पन्न किए गए हैं। ट्रैकिंग के लिए पुनर्प्राप्ति प्रक्रिया के दौरान उपयोग किए जाने वाले एएमवी की ऊंचाई कुछ भी नहीं बल्कि बादल ट्रेसर की ऊंचाई है। यह ऊंचाई विभिन्न जटिल तकनीकों के उपयोग द्वारा निकाली गई है। इस अध्ययन में, भारत के अहमदाबाद (23.03°N, 72.54°E) में स्थापित सीलोमीटर CL31 से भू-आधारित बादल -बेस ऊंचाई (CBH) माप के उपयोग के साथ एक विस्तृत तुलना की गई है, (23.03°N, 72.54°E), और ऊंचाई एएमवी को सौंपी गई है जो इनसैट-3 डी उपग्रह छवियों से पुनर्प्राप्त हैं। सीलोमीटर CL31 से अहमदाबाद से छः महीने के CBH माप को सह-स्थित ऊंचाई की तुलना करने हेतु प्रयोग किया गया है। यद्यपि दोनों भू-आधारित एवं उपग्रह-आधारित तकनीकों की अपनी सीमाएँ हैं, हालाँकि, इस अध्ययन से यह विदित होता है कि इन-सी 3 डी उपग्रह से पुनर्प्राप्त AMV के निम्न एवं मध्य-स्तर के बादलों एवं ऊंचाई-निर्दिष्टीकरण तकनीक का सटीक पता लगाने के लिए सीलोमीटर एक उत्कृष्ट माध्यम है जो इस क्षेत्र पर सभी उच्च-, मध्य एवं निम्न-स्तरीय

बादलों की जानकारी प्रदान करता है। एक उदाहरण के रूप में, यह पाया गया है कि INSAT-3D की AMV की ऊँचाई क्रमशः 26 मई 2014, 7 जुलाई 2014 औरएवं 29 अक्टूबर 2014 को लगभग 867, 750 एवं 465 hPa है, जो सीलोमीटर -मापित क्रमशः लगभग 873, 769 और 507 hPa के CBH के साथ बहुत मेल खाती है। हालांकि, अगर बारिश के दिनों में बहु-स्तरीय बादल मौजूद होते हैं, तो सीलोमीटर से CBH माप इनसैट-3 डी AMV बादल ट्रेसर ऊंचाई से भिन्न होते हैं।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1080/01431161.2019.1698073

**(सोम कुमार शर्मा और एस. लाल)**

**उल्का रडार अवलोकनों का उपयोग करके निम्न अक्षांश MLT में ज्वार की सौर चक्र निर्भरता की जांच**




चित्र सं. 6: सौर प्रवाह और (a) आंचलिक हवा में दैनिक ज्वार), (b) दक्षिणी हवा में दैनिक ज्वार, (c) आंचलिक हवा में अर्धदैनिक ज्वार और ( d) दक्षिणी हवा में अर्धदैनिक ज्वार के बीच सभी मौसमों के लिए सहसंबंध गुणांक के लंबवत प्रोफाइल। ऊर्ध्वाधर ठोस और डैश रेखाएं भुज में क्रमशः ±0.5 और 0 दर्शाती हैं।

दीर्घकालिक उल्का पवन प्रेक्षणों (1999-2018) का उपयोग करके एक दक्षिणी गोलार्ध कम-अक्षांश स्टेशन, कैचोइरा पॉलिस्ता (22.7°S, 45°W) से प्रमुख ज्वार के सौर चक्र पर निर्भरता, अर्थात मध्यमंडल और निचले तापमंडल (MLT) में दैनिक और अर्द्धदैनिक घटको को जांचा गया है। यद्यपि समग्र में ज्वार की लंबी अवधि की विविधताएं सौर गतिविधि के साथ कोई महत्वपूर्ण संबंध नहीं दिखाती हैं, अलग-अलग मौसमी प्रोफाइल विषुव के साथ अच्छे सहसंबंध पतझड़ में अधिकतम और ग्रीष्म में कोई स्पष्ट संबंध नहीं प्रकट करते हैं। दैनिक ज्वार मौसमी प्रोफाइल सौर गतिविधि के साथ नकारात्मक सहसंबंध दिखाते हैं और अर्द्धदैनिक ज्वार नकारात्मक और सकारात्मक दोनों सहसंबंधों को प्रदर्शित करता है जो MLT के भीतर ऊंचाई के साथ भिन्न होते हैं (चित्र 6)। आंचलिक दैनिक ज्वार, सौर मिनिमा में ऊपरी MLT में सौर प्रवाह के साथ सकारात्मक संबंध दिखाता है। हालांकि, दक्षिणी अर्द्धदैनिक ज्वार सौर न्यूनतम में नकारात्मक सहसंबंध को प्रकट करता है। सौर उच्चतम में ज्वार और सौर प्रवाह के बीच कोई स्पष्ट संबंध नहीं पाया गया है।

यह शोध कार्य a) पी.पी. बतिस्ता, नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस रिसर्च, साओ जोस डॉस कैम्पोस, साओ पाउलो, ब्राजील b) वी.एफ. एंड्रीओली, स्टेट की लेबोरेटोरी ऑफ स्पेस वेदर, नेशनल सेपेस साइंस सेंटर, चाइनिज़ एकाडेमी ऑफ साइंसेज़,बीजिंग, चीन के सहयोग से किया गया था।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1016/j.jastp.2019.105083

**(ए. गुहारे)**

**बहिरुष्णकटिबंधीय स्टेशन से MLT में अर्ध-दो-दिवसीय तरंगों के सौर चक्र निर्भरता का अध्ययन**

दक्षिणी गोलार्ध में , बहिरुष्णकटिबंधीय स्टेशन कैचोइरा पॉलिस्ता (22.7°S, 45°W) से लंबी अवधि के उल्का पवन प्रेक्षणों का उपयोग करके MLT में गर्मी के दौरान अर्ध-दो-दिवसीय तरंग (क्यूटीडीडब्ल्यू) और सौर परिवर्तनशीलता के बीच के संबंध का अध्ययन किया जाता है। कुल मिलाकर, QTDW का मौसमी (ग्रीष्म) माध्य और मासिक माध्य आंचलिक आयाम एक नकारात्मक सहसंबंध को दर्शाता है और दक्षिणी आयाम सौर F10.7 प्रवाह के साथ MLT में सकारात्मक सहसंबंध प्रदर्शित करता है। यद्यपि मौसमी माध्य (ग्रीष्म) की तरंग अवधि सौर चक्र के साथ सकारात्मक सहसंबंध को दर्शाती है, वर्तमान स्थान पर कुछ गर्मियों के महीनों में मासिक माध्य अवधि में दोनों सकारात्मक और नकारात्मक सहसंबंध मिलते हैं। इसके अतिरिक्त, QTDW के आयाम और अवधि दोनों मानक विचलन की सीमा के भीतर सौर न्यूनतम में थोड़ा अधिक और सौर अधिकतम में निचले मूल्यों को दर्शाता है जो सौर चक्र (चित्र 7) में कमजोर लेकिन औसत दर्जे की प्रतिक्रिया का संकेत देता है।

यह शोध कार्य a) पी.पी. बतिस्ता, राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान, साओ, जोस डॉस कैम्पोस, साओ पाउलो, ब्राजील b) वी.एफ. एंड्रीओली, स्टेट की लेबोरेटरी ऑफ स्पेस वेदर, नेशनल स्पेस साइंस सेंटर, चाइनिज एकाडेमी ऑफ साइंसेज, बीजिंग, चीन के सहयोग से किया गया था।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1007/s12040-019-1316-1




चित्र सं. 7: (a) आंचलिक, और (b) दक्षिणी घटकों से प्राप्त सौर एक्सट्रीमा में QTDW मौसमी (ग्रीष्म) औसत आयाम के लंबवत प्रोफाइल। क्षैतिज बार मानक विचलन दर्शाते हैं। (c) आंचलिक, और (d) दक्षिणी घटकों से प्राप्त सौर एक्सट्रीमा में तरंग आयाम के घटना दर।

**(ए. गुहारे)**

### सोडियम लिडारग्राम में लंबे समय तक रहने वाले “C-टाइप” संरचनाओं के उत्पादन में दीर्घकालिक केल्विन-हेल्महोल्ट्ज तरंगों की भूमिका

सोडियम (Na) लिडारग्राम में दीर्घकालिक “ सी-टाइप ”संरचना की विशेषताओं को समझने के लिए, अलग-अलग अवलोकन स्थानों से छह मामलों का विश्लेषण किया गया है। निम्न-मध्य, और उच्च-अक्षांश साइटों से एकत्र किए गए Na लिडारग्राम सी-टाइप की संरचनाओं के लंबे जीवनकाल को दिखाती हैं जिसे मध्यमंडल और निम्न तापमंडल (एमएलटी) क्षेत्र में केल्विन-हेल्महोल्ट्ज़ (KH) का आविर्भाव माना जाता है। इन KH तरंगों का लंबा जीवनकाल समझना मुश्किल होता है और विस्तृत जांच का आह्वान करता है। TIMED उपग्रह से Na लिडार और SABER मापन से प्राप्त तापमान प्रोफाइल का उपयोग करके प्राप्त ब्रन्ट-वैसाला आवृत्ति उन क्षेत्रों में सकारात्मक पाया जाता है जहाँ सभी छह मामलों के लिए C- टाइप संरचनाएँ पाई जाती हैं। यह इंगित करता है कि क्षेत्र संवहनी रूप से स्थिर थे। समकालिक हवा के माप के आधार पर, तीन मामलों के लिए रिचर्डसन संख्या और रेनॉल्ड्स संख्याओं की गणना की गई है। इन गणनाओं से पता चलता है कि वे क्षेत्र जहां सी-टाइप संरचना देखे गए, वे गतिशील रूप से स्थिर और अनुपद्रवी थे। यह सुझाव दिया जाता है कि कम तापमान प्रांटल संख्या की परिमाण को बढ़ा सकता है और संवहनी रूप से स्थिर वायुमंडलीय क्षेत्र रेनॉल्ड्स संख्या के परिमाण को कम कर सकता है। नतीजतन, लगभग ”स्थिर” स्थिति में, पहले उत्पन्न हुए KH तरंगों के अवशेष, इस अनुकूल क्षेत्र के माध्यम से पृष्ठभूमि हवा द्वारा किसी अन्य स्थान पर पहुंच सकते हैं। इस परिणाम से पता चलता है कि अनुकूल परिस्थितियों में KH तरंग बढ़ सकता है और इस तरंग का जीवनकाल बहुत अधिक विरूपण के बिना लंबे समय तक बने रह सकते हैं। MLT क्षेत्र में ये लंबे समय तक रहने वाले KH तरंगों में आखिरकार Na लिडारग्राम में लंबे समय तक चलने वाली C- टाइप संरचनाएं आविर्भाव हो सकती हैं।

अति विशेष सापेक्षता (VSR) लोरेंत्ज़ उपसमूह के तहत सहपरिवर्ती Θ-exact अविनिमेय स्टैंडर्ड मॉडल (NCSM) में तटस्थ दायां फ़र्मियन और एबेलियन गेज क्षेत्र का नया गैर-न्यूनतम अन्योन्यक्रिया, रैखिक कोलाइडर पर शीर्ष क्वार्क जोड़ी उत्पादन के अध्ययन के लिए एक अवसर प्रदान करता है। हमने ट्रांसलेशनल T (2) VSR लोरेंत्ज़ उपसमूह के तहत अपरिवर्तनीय $\Theta_{\mu\nu}$ अविनिमेय विरोधी सममित टेन्सर के एक विशिष्ट संरचना का उपयोग करते हुए UV और IR के जटिल मिश्रण का भी अध्ययन किया है।

(यह कार्य पी. दास (बिट्स पिलानी, गोवा परिसर) के सहयोग से किया गया है)

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1007/JHEP06(2019)108

(जे. सेल्वागणपति, पी. कोणार )

**ग्राफीन में गैर संतुलन इलेक्ट्रॉन शिथिलन**

हम ग्राफीन में गैर संतुलन इलेक्ट्रॉन शिथिलन की जांच करने के लिए स्मृति कार्य औपचारिकता का उपयोग करते हैं। दो-तापमान मॉडल (TTM) के सीमा के भीतर, मेमोरी फ़ंक्शन के काल्पनिक भाग के

स्पष्ट भाव या सामान्यीकृत ड्रूड प्रकीर्णन दर प्राप्त होते हैं। DC सीमा में और संतुलन के मामले में जहां इलेक्ट्रॉन तापमान फोनन तापमान के बराबर होता है, हम ज्ञात परिणामों को पुन: उत्पन्न करते हैं (जैसे, जब T ब्लोच-ग्रुनेसेन तापमान से बहुत कम होता है तो T को 4 घातांक तक बढ़ाने पर प्रकीर्णन दर चढ़ते हैं और जब T ब्लोच-ग्रुनेसेन तापमान से बहुत अधिक होता है तो T रैखिक होता है)। हम प्रकीर्णन दर के लिए कई नए परिणामों की रिपोर्ट करते हैं जब इलेक्ट्रॉन तापमान फोनन तापमान के बराबर नहीं होता है और हम इन परिणामों की जांच करने के लिए पंप-जांच स्पेक्ट्रोस्कोपिक प्रयोगों का प्रस्ताव देते हैं।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1142/S0217979219501832

**(लक्ष्मी रानी, पंकज भल्ला, और नविंदर सिंह)**

# परमाणु, आणविक और प्रकाशिक भौतिकी

**व्यावर्तित घोषित एकल फोटॉनों की फोटॉन सांख्यिकी**

हम हैनबरी ब्राउन और ट्विस (HBT) जेसे प्रयोग में कक्षीय कोणीय संवेग (OAM) वाले एकल फोटॉन के सहसंबंध गुणों का अध्ययन करते हैं। हमने एसी ही प्रायोगिक परिस्थितियों, में अलग-अलग OAM वाले लेजर बीम से एक अरैखिक क्रिस्टल को पंप करके प्राप्त किए गए, एकल फोटॉन स्रोतों को चिह्नित कीया है। OAM वाले व्यावर्तित घोषित एकल फोटॉनों के लिए, हम एकल फोटॉन स्रोत की गुणवत्ता को मापने योग्य पैरामीटर, g(2)(0), की गणना करते हैं और एकल फोटॉन के OAM के साथ एक वृद्धि प्रेक्षित करते हैं। घोषित फोटॉनों के एकल फोटॉन व्यवहार को उनके OAM के उच्च क्रमों के साथ कम होते हुए प्रेक्षित किया गया है। फोटॉन सांख्यिकी का OAM- निर्भर परिवर्तन, व्यावर्तित घोषित एकल फोटॉन वाले क्वांटम सूचना प्रयोगों के लिए प्रासंगिक होगा।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1080/09500340.2019.1699180

**(एन. लाल, ए. बनर्जी, ए. बिस्वास, ए. अनवर और आर.पी. सिंह)**

**दोलनदर्शी का उपयोग करते हुए व्यावर्तित एकल फोटॉन के उप-पोइज़ोनियन सांख्यिकी का प्रेक्षण**

घोषित एकल फोटॉन स्रोतों (HSPSs) को व्यापक रूप से एकल फोटॉन स्रोतों के रूप में उपयोग किया जाता है। हम अपनी प्रयोगशाला में एक कक्षीय कोणीय संवेग वाले HSPS के फोटॉन संख्या आँकड़ों का अध्ययन करते हैं और केवल फोटोडिटेक्टर और एक दोलनदर्शी का उपयोग करते हुए उप- पोइज़ोनियन सांख्यिकी का प्रेक्षण करते हैं।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1063/1.5109544

**(एन. लाल, बी. शाजीलाल, ए. अनवर, सी. पेरुमंगट और आर.पी. सिंह)**

**OSL आयु की विश्वसनीयता के लिए प्राकृतिक नमूना संदीप्ति संवेदनशीलता परिवर्तन को ध्यान में रखने का महत्व**

अवसाद नमूनों के लिए पैलियोडोज़ का अनुमान लगाने के लिए एकल विभाज्य पुनरुत्पादन (SAR) प्रोटोकॉल नियमित रूप से उपयोग किया जाता है। हालाँकि, यह देखा गया है कि OSL संवेदनशीलता में महत्वपूर्ण बदलाव प्राकृतिक OSL की गणना के दौरान होते हैं, और SAR प्रोटोकॉल इन परिवर्तनों पर विचार नहीं करता है। यह सुझाव दिया गया कि अगर इसे ठीक नहीं किया गया, तो संवेदनशीलता मे यह परिवर्तन, पारंपरिक SAR प्रोटोकॉल पर आधारित उम्रों में बड़े व्यवस्थित बदलाव कर सकता हैं। संवेदनशीलता परिवर्तन के मुद्दे को सुलझाने के लिए, एक प्राकृतिक सुधार कारक आधारित SAR (NCF-SAR) प्रोटोकॉल और एक सुधार प्रक्रिया का सुझाव, सिंघवी एवं साथी, (2011) द्वारा दिया गया, जिसमें अंतर्निहित लेकिन एक उचित धारणा थी कि, 110°C TL क्वार्ट्ज शिखर की संवेदनशीलता OSL संवेदनशीलता के साथ सहसंबंधित है। इस सुधार के उपयोग के परिणामस्वरूप पैलियोडोज़ के अति-फैलाव में कमी आई, और उन मामलों को हल करने में मदद मिली जहां प्राकृतिक सिग्नल पुनरुत्पादित सिग्नल से बेहतर थे।

इस कार्य के एक तार्किक विस्तार के रूप में, प्राकृतिक OSL गणना के समय और एकल कण आधारित SAR अवस्थाओं की सटीकता और विश्वसनीयता पर उनके असर जानने के दौरान क्वार्ट्ज के एकल कण से OSL में संवेदनशीलता में परिवर्तन की जांच की गई। इस दिशा में विभिन्न प्रतिक्षेपक पर्यावरण के 9 नमूनों मे, प्रत्येक के लिए 200 से अधिक एकल कणों का विश्लेषण किया गया, और प्रत्येक कण के NCF का अनुमान लगाया गया था। NCF 0.7- 20तक बदले, 0.7 से 1.3 की सीमा में $\sim$ 50 % के साथ। इन परिणामों से संकेत मिला कि, i) उज्जवल कण (फोटॉन काउण्ट $>$ 1000 c/s) में NCF 1 के करीब था, हालांकि महत्वपूर्ण बाहरी कारक मौजूद थे, ii) NCF का वितरण एक से अधिक मूल्यों की महत्वपूर्ण मात्रा के साथ धनात्मक रूप से असमान थे, iii) औसतित एकल कण NCF मान और मापित एकल विभाज्य NCF मान अलग-अलग थे, जो यह सुझाव देते हैं कि एकल विभाज्य के मामले में, निष्प्रभ कण का संवेदनशीलता परिवर्तन भी महत्वपूर्ण योगदान देता है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1016/j.quageo.2019.101004

**(एन. चौहान और ए.के. सिंघवी)**

**एक सतत-तरंग प्रकाशिक पैरामीट्रिक दोलक पर आधारित ट्यून करने योग्य पराबैंगनी भंवर स्रोत**

हम एक सतत-तरंग (cw) प्रकाशिक पैरामीट्रिक दोलक (OPO) का विवरन करते हैं जो पराबैंगनी (UV) में प्रकाशिक भंवर उत्पादन करते हैं। MgO:sPPLT पर आधारित अरैखिक क्रिस्टल के रूप में, एकल अनुनादी OPO, cw भंवर बीम द्वारा हरे रंग में पंप किया जाता है, और अक्षीण पंप और $BiB_3O_6$ के क्रिस्टल में गॉऊसी अनुनादी संकेत के बीच अंतर-गुहा योग आवृत्ति उत्पादन (SFG) को लगाकर, 12 mW की अधिकतम शक्ति के साथ UV में 332-344 nm में समायोज्य $l_{uv}$ = 1 और 2 क्रम के प्रकाशिक भंवर उत्पन्न कर सकता है। पैरामीट्रिक प्रक्रिया में कक्षीय कोणीय संवेग संरक्षण के कारण, OPO गाऊसी वितरण में सिग्नल बीम के साथ, पंप भंवर के समान, $l_i$=1 और 2 क्रम के भंवर स्थानिक प्रोफ़ाइल में एक गैर अनुनादी निष्क्रियक आउटपुट बीम उत्पन्न करता है। 1.3 W की अधिकतम उत्पादन शक्ति के साथ निष्क्रियक भंवर 1172-1338 nm पर ट्यूनेबल है।

यह कार्य माजिद इब्राहिम-जादेह और इंस्टीट्यूट ऑफ़ फ़ोटोनिक साइंसेज, बार्सिलोना के समूह के सहयोग से किया गया था।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1364/OL.44.004694

**(वी. शर्मा, आर.पी. सिंह और जी.के. सामंता)**

### एकल-पास ज्यामिति में स्थान-प्रकार ध्रुवीकरण के साथ सदिश भंवर बीम की आवृत्ति-रूपांतरण

अरैखिक आवृत्ति रूपांतरण प्रक्रियाएं, परस्पर-प्रभावित बीमो की ध्रुवीकरण स्थिति पर निर्भर करती हैं। दूसरी ओर, अनुप्रस्थ बीम सतह पर, सदिश भंवर बीम में स्थान- भिन्न ध्रुवीकरण है। इन परिस्थितियों में, क्या एकल-पास ज्यामिति में सदिश भंवर बीम का अरेखीय आवृत्ति रूपांतरण करना और बीम की विशेषताओं को बनाए रखना संभव है? इस प्रश्न का समाधान करने के लिए, यहाँ, हम सदिश भंवर बीम की एकल - पास दूसरी साम्य उत्पादन (SHG) के लिए एक प्रयोगात्मक योजना बताते हैं। एक $\sim$ 17fs पल्स चौड़ाई वाले, अति द्रुत Ti: सैफायर लेजर और ध्रुवीकरण आधारित मैक-ज़ेन्डर इंटरफेरोमीटर (MZI) में, सर्पिल-चरण प्लेटों के एक सेट का उपयोग करके, हमने 860 mW की औसत शक्ति पर, $l_p$=12 तक उच्च क्रम के, सदिश भंवर बीम उत्पन्न किए हैं। ओर्थोगोनल ऑप्टिक अक्ष वाले, दो निकटवर्ती बिस्मथ बोरेट क्रिस्टल का उपयोग करते हुए, हमने निकट -IR सदिश भंवर बीम को, दोगुनी आवृत्ति और, $l_{sh}$=24 तक के उच्च क्रम वाले दृश्यमान सदिश भंवर बीम में बदला है | 2.4% की एकल-पास SHG दक्षता पर, $l_{sh}$=2 क्रम के सदिश भंवर बीम की अधिकतम उत्पाद शक्ति, 20.5 mW जितनी उच्च मापी गयी हैं। MZI में विलम्ब को नियंत्रित करते हुए, हमने पंप और दोगुनी-आवृत्ति बीम, दोनों की सदिश भंवर प्रकृति को संरक्षित रखा है। मोड शुद्धता का मापन, पंप और SHG तरंग दैर्ध्य पर, उच्च गुणवत्ता वाले सदिश भंवर बीम के उत्पादन की पुष्टि करता है। विद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम में सभी समय स्केल पर, सतत-तरंग से अतिद्रुत तक, सदिश भंवर बीम उत्पन्न करने के लिए इस सामान्य योजना का उपयोग किया जा सकता है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1063/1.5111593

**(आर.के. सरीपल्ली, ए. घोष, एन.ए. चैतन्य और जी.के. सामंता)**

### त्रुटि मृदपरत से क्वार्ट्ज के OSL संकेतों का उपयोग करके पिछले भूकंप की घटना के कालनिर्धारण पर प्रायोगिक जांच

एक सक्रिय त्रुटि के पास नवीनतम भूकंपीय फिसलन घटना की एक विश्वसनीय आयु प्राप्त करना भूकंपीय खतरे के मूल्यांकन के लिए महत्वपूर्ण है। यहां, हम कृत्रिम त्रुटि मृदपरत (क्वार्ट्ज कण और Ca-बेंटोनाइट पाउडर का मिश्रण) में घर्षण ताप के कारण क्वार्ट्ज क्रिस्टल के प्रकाशत: प्रेरित संदीप्ति (OSL) सिग्नल में परिवर्तन का प्रेक्षण करते हैं। कमरे के तापमान और नमी पर एक उच्च-वेग रोटरी-अपरूपण तंत्र का उपयोग करके त्रुटि मृदपरत को विरूपित किया गया था। 1.31m·s$^{-1}$ भूकंपीय फिसलन दर पर ($\sim$ 300$\mu$m मोटी) बहुत पतली परत के पास तीव्र फिसलन स्थानीयकरण हुआ। फिसलन-स्थानबद्ध परत (SLL) के अनुमानित तापमान में घर्षण ताप से $\sim$ 475°C की वृद्धि हुई। सबसे ज्यादा स्पष्ट रूप से SLL के लिए, मृदपरत के क्वार्ट्ज OSL सिग्नल पूरी तरह से पुन: नियोजित किए गए थे। इसके विपरीत, उपभूकंपीय फिसलन दरों (0.06-0.001m·s$^{-1}$) पर मामूली फिसलन-स्थानबद्ध थे, जिसके लिए SLL में अनुमानित तापमान वृद्धि $\sim$120°C थी; इसलिए, इस परिस्थिति में क्वार्ट्ज OSL सिग्नल पुन: नियोजित नहीं किये गये थे। परिणाम बताते हैं कि जहां SLL होता है, वहां क्वार्ट्ज OSL कालनिर्धारण का उपयोग प्राकृतिक क्वार्ट्ज-वाही दोष क्षेत्रों में नवीनतम भूकंपीय घटना की आयु को बाधित करने के लिए किया जा सकता है ।

यह कार्य जे.एच. किम, जे.एच. री, कोरिया विश्वविद्यालय, सियोल, दक्षिण कोरिया से; जे.एच. चोई कोरिया बेसिक साइंस इंस्टीट्यूट, दक्षिण कोरिया; टी. हिरोज कोची इंस्टीट्यूट फॉर कोर सैंपल रिसर्च, जापान और एम. कितामुरा, जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ जापान, जापान के सहयोग से किया गया था।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1016/j.tecto.2019.228191

**(एन. चौहान)**

### उच्च क्रम वाले कक्षीय कोणीय गति के सरणी बीम का नियंत्रित उत्पादन और उनकी आवृत्ति-द्विगुणन विशेषताओं का अध्ययन

हम उच्च-शक्ति, अतिद्रुत, उच्च-क्रम भंवर-सरणी बीम उत्पन्न करने के लिए एक सरल और संहत प्रयोगात्मक योजना पर रिपोर्ट करते हैं। केवल एक डाइ-इलेक्ट्रिक माइक्रोलेंस-सरणी (MLA) और एक समोत्तल लेंस का उपयोग करके, हमने इनपुट बीम की स्थानिक गुण युक्त सरणी-बीम तैयार किया है। MLA को 2D ज्यावक्रीय चरण-जालक मानते हुए, हमने प्रयोग के परिणामों के साथ काफी मेल खाते सरणी-बीम की तीव्रता पैटर्न की संख्यात्मक रूप से गणना की है। l=6 जितने उच्च भंवर बीम का उपयोग करके, हमने l = 6 तक के क्रम के अलग-अलग भंवरों के साथ भंवर सरणी-बीम उत्पन्न किया है। हमने सैद्धांतिक रूप से तीव्रता पैटर्न, आकार और सरणी-पिच को नियंत्रित करने वाले पैरामीटरों को प्राप्त किया और प्रयोगात्मक रूप से जांच की है। एक 1.2 मिमी लंबे BiBO क्रिस्टल में 1064nm पर भंवर-सरणी की एकल-पास आवृत्ति-द्विगुणन ने $l_{sh}$=12 क्रम के हरे रंग की भंवर-सरणी का उत्पन्न किया जो, पंप बीम के क्रम से दोगुना है। विभिन्न फोकल लंबाई के लेंस का उपयोग करते हुए, हमने गॉऊसी बीम के समान किरण बिन्दु निर्भर रूपांतरण का पालन करने के लिए सभी क्रम के भंवर-सरणियों का प्रेक्षण किया है। $\sim$ 3.65% की उच्च एकल-पास दक्षता पर, हरे रंग की भंवर-सरणी की अधिकतम शक्ति, 138mW मापी गयी है। इस सामान्य प्रयोगात्मक योजना का उपयोग इनपुट बीम के स्थानिक प्रोफ़ाइल को बदलकर एक विस्तृत तरंग दैर्ध्य रेंज में वांछित स्थानिक तीव्रता प्रोफ़ाइल के सरणी बीम को उत्पन्न करने के लिए किया जा सकता है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1038/s41598-019-47403-1

**(बी.एस. हर्षित और जी.के. सामंता)**

### फेल्डस्पार के कम तापमान तापसंदीप्ति का उपयोग करके सतह पुरातापमिति

पृथ्वी-सतह की चट्टानों के तापमान इतिहास को निकालने के लिए फेल्डस्पार की तापसंदीप्ति (TL) क्षमता की जांच की गई

है। प्रयोगशाला में प्रेक्षित फेल्डस्पार के TL सिग्नल, तापीय स्थिरता की विभिन्न सीमा वाले प्रग्रहीत ऊर्जा के सतत वितरण से पाशित इलेक्ट्रॉनों की रिहाई से उत्पन्न होते हैं। प्रग्रहीत ऊर्जा, या तापीय स्थिरता का वितरण, ऐसा है कि कमरे के तापमान पर पाशित इलेक्ट्रॉनों का जीवनकाल एक वर्ष से कम से लेकर कई अरब वर्षों तक होता है। छोटा जीवनकाल, कम तापमान TL संकेतों या चरम के साथ जुड़ा हुआ है, और दीर्घ जीवनकाल, उच्च तापमान TL संकेतों के साथ जुड़े हुए हैं। यहां हम दिखाते हैं कि छोटे जीवन काल या कम तापमान TL संकेतों (यानी, 200 °C and 250 °C) के साथ जुड़ी प्रग्रहीत ऊर्जा भूवैज्ञानिक समयस्केल पर पृथ्वी की सतह पर होने वाले तापमान में उतार-चढ़ाव के प्रति संवेदनशील हैं। आगे, हम दर्शाते हैं कि प्रग्रहीत ऊर्जा के सतत वितरण का दोहन करके पार्थिव सेटिंग्स में अतीत के सतह तापमान के इतिहास का पुनर्निर्माण संभव है। इस पद्धति की क्षमता को पहले सैद्धांतिक प्रयोगों के माध्यम से जांचा जाता है, जिसमें TL तापमिति की गतिज विशेषताओं को समाहित करने वाले काइनेटिक मॉडल में आवधिक तापमान इतिहास को प्रयुक्त किया गया है। हम इसके बाद चट्टानों के तापमान इतिहास में TL मापों को विपरीत करने के लिए बायेसियन दृष्टिकोण का उपयोग करते हैं, यह मानते हुए कि पिछली तापमान भिन्नताएं प्रेक्षित $\delta^{18}$O विसंगतियों का पालन करती हैं। अंत में, इस दृष्टिकोण का परीक्षण हम, मेर डी ग्लेस (मोंट ब्लांक पर्वत-माला, यूरोपीय आल्प्स) से एकत्र किए गए दो नमूनों पर करते हैं, और दोनों नमूनों के लिए समान तापमान इतिहास का पता लगाते हैं। हमारे परिणाम दर्शाते हैं कि फेल्डस्पार के TL को पुरा-तापमापी के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

यह कार्य डॉ. आर.एच. विश्वास, एफ. हरमन, जी.ई. किंग और बी. लेहमन, यूनिवर्सिटी ऑफ लॉज़ेन, स्विट्जरलैंड के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.5194/cp-2019-173

**(ए.के. सिंघवी)**

### होलोसीन वाडी चैनल भू-अपदारण परत, वाहिबा ड्यून फील्ड, ओमान के लिए वायूढ़ टीला समावेशन स्थान

चतुष्क के दौरान ओमान के वाहिबा ड्यून फील्ड, की भूआकृतिक विकास सीमा परिस्थितियों के एक सेट के भीतर हुआ है जिसमें एक सक्रिय विवर्तनिक बेसिन के भीतर नदीय, वायूढ़ और सुस्थितिक चक्रों का जलवायु बल शामिल है। बेसिन में बेसिन निम्नावलन और अवसाद परिवहन के कारण, भू-आकृति सतह का विकास एक विशिष्ट स्तरिक इतिहास के निर्माण के साथ हुआ है। टिब्बा क्षेत्र के उत्तरपूर्वी हिस्से के युग्मित भू-आकृति और स्तरिक रिकॉर्ड, वाडी-वायूढ़ अन्योन्यक्रिया को दर्शाते हैं, जिसमें बाढ़ के दौरान संभावित प्रारंभ हुए चैनल भू-अपदारण, रैखिक टिब्बा के बीच अंतरटिब्बा मार्ग द्वारा गुजरा है। अंतरटिब्बा उभार (7 मीटर मोटी) में एक कम अंतराल होता है जिसे अल्पकालिक नदीय प्रवाह द्वारा निक्षेपित होने का अनुमान लगाया गया है, लेकिन एक ऊपरी अंतराल में छह परिष्कारी-ऊपरी इकाइयाँ हैं, जिनमें से प्रत्येक द्वारा बाढ़ की घटना दर्शाने का अनुमान लगाया गया है, जो जलावरोधन में परिणामित होने के बाद निर्जलीकरण का सुझाव देता है। संदीप्ति कालनिर्धारण से संकेत मिलता है कि होलोसीन के दौरान 2-3ka तक चैनल खुले थे, लेकिन भू-भेदी रडार इमेजिंग से पता चलता है कि बाढ़ के बीच चैनलों में टिब्बों का गठन हुआ था और सुझाव मिलता है कि टिब्बा बांधन के परिणामस्वरूप अल्पकालिक प्रवाह से जलावरोधन में संक्रमण हुआ। अधिकतम चैनल चौड़ाई और लंबाई अज्ञात है, लेकिन चौड़ाई वर्तमान अंतरटिब्बा क्षेत्र से अधिक थी, और एक संभावित विस्तारित चैनल मार्ग की पहचान की गई है। इसके बाद, अंतरटिब्बा परत और रैखिक टिब्बे, वाडी समानता वाले रेत के एक प्रवाह से बने अर्धचंद्राकार टीलों के नीचे दब गये थे। परिणामी जटिल स्तरिक संरचना अल्पकालिक, अवसादन के केंद्रित पैटर्न के लिए स्थानीय भूआकृतिक समावेशन स्थान प्रदान करने में मौजूदा सतह स्थलाकृति की भूमिका को दर्शाता है। यह कार्य अमेरिका के टेक्सास विश्वविद्यालय से गैरी कोकुरेक; यॉर्कशायर, यूके से रॉबिन वेस्टरमैन; शेल इंटरनेशनल एक्सप्लोरेशन एंड प्रोडक्शन,ह्यूस्टन, यूएसए से कैरोलिन हर्न; डॉमिनिक टाटम, इंस्टीट्यूट फॉर जियोएनर्जी इंजीनियरिंग, एडिनबर्ग, यूके के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1016/j.sedgeo.2020.105612

**(एच.एम. राजापारा और ए.के. सिंघवी)**

### 2360 nm पर उच्च-शक्ति, अतिद्रुत मध्य-IR $Cr^{2+}$:ZnS लेजर का एकल-पास, दूसरा-संनादी उत्पादन

हम निकट-IR तरंग दैर्ध्य रेंज में समस्वरणीय विकिरण उत्पादन करने वाले एक संहत और सरल अतिद्रुत स्रोत पर रिपोर्ट करते हैं। MgO:PPLN क्रिस्टल में 80 मेगाहर्ट्ज के पुनरावृत्ति दर पर 43 fs की पल्स चौड़ाई के साथ 2360 nm पर अतिद्रुत $Cr^{2+}$: ZnS लेज़र के एकल-पास आवृत्ति दोहरीकरण के आधार पर, स्रोत 65% जितना उच्च अधिकतम एकल पास रूपांतरण दक्षता के साथ 1137-1200 nm पर समस्वरणीय $\sim$ 2.43 W का अधिकतम औसत उत्पादन शक्ति उत्पन्न करता है। किसी भी पल्स संहत तकनीक के उपयोग के बिना, स्रोत 0.5 के समय बैंड चौड़ाई गुणन से मेल खाते 1180 nm पर केंद्रित मापी गई पल्स चौड़ाई ~ 60fs और 39 nm वर्णक्रमीय चौड़ाई के साथ गॉऊसी आकार में आउटपुट पल्स उत्पन्न करता है। आउटपुट बीम की, मापित M2 के साथ, प्रोफ़ाइल गॉऊसी स्थानिक है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1364/OL.44.003522

**(ए. घोष, डी. यादव, और जी.के. सामंता)**

### गाऊसी पंप प्रकाशिक पैरामीट्रिक दोलक से भंवर और भंवर द्विध्रुव का नियंत्रित उत्पादन

हम सतत-तरंग (cw), गाऊसी बीम पंप दोगुनी अनुनादी प्रकाशिक पैरामीट्रिक दोलक (DRO) से प्रकाशिक भंवरों के प्रत्यक्ष उत्पादन पर रिपोर्ट करते हैं। गाऊसी स्थानिक प्रोफ़ाइल में एक आवृत्ति-द्विगुणित Yb-फाइबर लेजर द्वारा हरे रंग में प्रेरित, एक 30 मिमी लंबे MgO प्रेरित आवधिक रूप से ध्रुवित लिथियम टैंटलेट (MgO:sPPLT) क्रिस्टल आधारित DRO का उपयोग करके, हमने 970-1178 nm में समस्वरणीय l = 1 क्रम के भंवर मोड में एकल और आइडलर बीम उत्पन्न किए हैं। अनुप्रस्थ तल में प्रेरित बीम के कोण और/या गुहा दर्पण के झुकाव के माध्यम से DRO के अनुनादी संकेत और

आइडलर बीम की मूल गुहा मोड के साथ गाऊसी प्रेरित बीम के बीच ऊपरीशायिता को नियंत्रित करते हुए, हमने भंवर और भंवर द्विध्रुवीय स्थानिक प्रोफाइल में सिग्नल और आइडलर बीम दोनों उत्पन्न किए हैं। दो गाऊसी बीम के अध्यारोपण के माध्यम से भंवर बीम उत्पादन के लिए सैद्धांतिक रीति का उपयोग करते हुए हमने उत्पन्न बीम के स्थानिक प्रोफ़ाइल की संख्यात्मक गणना की है जो हमारे प्रयोग परिणामों के साथ काफी मेल खाते हैं। इस व्यापक प्रयोगात्मक योजना का उपयोग उपयुक्त OPO का इस्तेमाल करके पूरे इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम में और सभी समय स्केल (cw से अतिद्रुत) पर प्रकाशिक भंवर उत्पन्न करने के लिए किया जा सकता है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1364/OE.27.018123

**(वी. शर्मा, ए. आदि और जी.के. सामंता)**

## ट्यूनेबल, सदिश-भंवर बीम प्रकाशिक पैरामीट्रिक दोलक

चरण और ध्रुवीकरण दोनों विलक्षणता वाले, सदिश-भंवर बीम, विभिन्न प्रकार के अनुप्रयोगों के लिए बहुत रोचक हैं। आम तौर पर, इस तरह के बीम को चरण के व्यवस्थित नियंत्रण और लेजर बीम के ध्रुवीकरण के माध्यम से उत्पादित किया जाता है, जो स्रोत के लिए सामान्यतः बाहरी होता है। हालांकि, लेजर स्रोत से सीधे सदिश-भंवर बीम उत्पन्न करने के प्रयास किए गए हैं। असतत तरंगदैर्घ्य पर लेजर के संचालन को देखते हुए, सदिश-भंवरों को सीमित या बिना तरंग दैर्ध्य के साथ उत्पन्न किया गया है। यहाँ, हम सदिश-भंवर बीम की प्रत्यक्ष उत्पादन के लिए एक प्रयोगात्मक योजना की रिपोर्ट करते हैं। कक्षीय कोणीय संवेग संरक्षण और एक प्रकाशिक पैरामीट्रिक दोलक की व्यापक तरंग दैर्ध्य अस्थिरता उपयोग करते हुए, हम उच्च-क्रम पॉइंकेयर क्षेत्र पर चिह्नित आउटपुट अवस्थाओं के 964-990nm में समस्वरणीय सुसंगत सदिश-भंवर बीम उत्पन्न करने के लिए अंतरगुहा क्वार्टर-तरंग प्लेटों की एक जोड़ी का उपयोग करके अनुनादी किरण के ध्रुवीकरण को व्यवस्थित रूप से नियंत्रित करते हैं। यह वर्गीय प्रायोगिक योजना पूरे प्रकाशिक स्पेक्ट्रम के किसी भी तरंग दैर्ध्य रेंज में और सतत तरंग से अतिद्रुत क्षेत्र तक सभी समय-स्केल में संरचित बीम के नए स्रोतों के लिए मार्ग प्रशस्त करती है।

यह कार्य माजिद इब्राहिम-जादेह और इंस्टीट्यूट ऑफ़ फ़ोटोनिक साइंसेज, बार्सिलोना से उनके समूह के सहयोग से किया गया था।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1038/s41598-019-46016-y

**(वी. शर्मा, ए. आदि और जी.के. सामंता)**

## असममित पंप भंवर किरण का उपयोग करके द्वि-फोटोन कक्षीय कोणीय गति आइगेनमोड को नियंत्रित करना

हम केवल पंप भंवर बीम की असममिति को समायोजित करके, स्वतः पैरामैट्रिक निम्नगामी रूपांतरण प्रक्रिया में द्वि-फोटॉन कक्षीय कोणीय संवेग (OAM) आइगेनमोड को नियंत्रित करने का विवरण देते हैं। बीम प्रसार अक्ष के सापेक्ष , $l$, OAMमोड के अनुरूप चरण चक्रण के, सर्पिल चरण प्लेट की प्रकाशिक अक्ष को समायोजित करके, हमने गाऊसी बीम को अलग-अलग भारिता के साथ , l, l-1, l-2...0 OAM मोड वाले असममित भंवर बीम में बदल दिया है। ऐसी असममित भंवरों के साथ अरैखिक क्रिस्टल को पंप करके और उनकी असममिति को नियंत्रित करके, हमने द्वि - फोटोन OAM आइगेनमोड का सर्पिल स्पेक्ट्रम तैयार किया है। द्वि - फोटोन की दिगंशीय श्मिट संख्या की गणना ने OAM आइगेनमोड के सर्पिल बैंडविड्थ में वृद्धि, और इसलिए तंत्र के आयामी-स्वरूप को भी दर्शाया है। यद्यपि हमने अपने अध्ययन को पंप भंवर की असममिति को सहज नियंत्रित करके द्वि -फोटॉन सर्पिल बैंडविड्थ में वृद्धि दिखाने तक सीमित रखा है, पर द्वि-फोटोन अवस्थाओं की विमीयता को पंप आकार और क्रिस्टल लंबाई में तोड़-मरोड़ करके और बढ़ाया जा सकता है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1088/2040-8986/ab1460

**(एम.वी. जाबिर, ए. अनवर, और जी.के. सामंता)**

## असम-नाभिकीय क्षार मंदकों के विद्युत द्विध्रुवीय आघूर्णो और ध्रुवणताओं के निर्धारण में सापेक्षीय प्रभाव

हमने असम-नाभिकीय क्षार मंदकों के आणविक विद्युत द्विध्रुवीय आघूर्णो (PDM) और स्थैतिक विद्युत द्विध्रुवीय ध्रुवणताओं का विश्लेषण उनके बुनियादी अवस्थाओं में युग्मित-क्लस्टर सिद्धांत को नियोजित करके गैर-सापेक्षीय और चार-घटक सापेक्षीय ढांचे, दोनों में किया है। इलेक्ट्रॉन सहसंबंधों की भूमिकाओं के साथ-साथ सापेक्षीय प्रभावों को, सिद्धांत के विभिन्न स्तरों पर अध्ययन करके दर्शाया गया है। हमने अपने परिणामों की तुलना निचले क्रम के सापेक्ष सुधार के साथ पिछले गैर-सापेक्षी गणना और यथोपलब्ध प्रायोगिक मूल्यों के साथ की। हमने पाया कि ध्रुवणता की तुलना में PDM, सापेक्षी प्रभावों के प्रति संवेदनशील हैं। हमने दिखाया कि PDM के सापेक्ष मूल्यों पर विचार करने पर पूर्व में रिपोर्ट किए गए गैर-सापेक्षी परिवर्तनों की तुलना में जांच किए गए क्षार मंदकों के समस्थानिक वान डर वाल्स $C_6$ गुणांकों में काफी सुधार होता है। आणविक मात्रा पर द्विध्रुवीय ध्रुवणताओं की निर्भरता को भी चित्रित किया गया था।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1103/PhysRevA.101.
012511

**(आर. मित्रा, वी.एस. प्रसन्ना और बी.के. साहू)**

## तिगुने आयनित टिन के समस्थानिकों के स्पेक्ट्रोस्कोपी गुणों का सटीक निर्धारण

हमने सापेक्षी युग्मित-क्लस्टर सिद्धांत को प्रयुक्त करके तिगुने आयनित टिन ($Sn^{3+}$) के कई निम्न-स्तरीय अवस्थाओं के ऊर्जा, चुंबकीय द्विध्रुवीय अतिसूक्ष्म संरचना स्थिरांकों ($A_{hyf}$ ) और इलेक्ट्रिक द्विध्रुव (E1) मैट्रिक्स तत्वों की जांच की है। उपरोक्त मात्राओं के निर्धारण में ब्रेइट इंटरैक्शन और लोअर-ऑर्डर क्वांटम इलेक्ट्रोडायनामिक्स (QED) प्रभावों से योगदान भी स्पष्ट रूप से दिया गया था। इन उच्च-क्रम सापेक्षी प्रभावों को ऊर्जाओं के सटीक मूल्यांकन के लिए महत्वपूर्ण पाया गया, जबकि केवल QED योगदानों को $A_{hyf}$ मानों के निर्धारण में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए देखा गया था। ऊर्जा के लिए हमारे सैद्धांतिक परिणाम माप में से एक के साथ मेल खाते थे, लेकिन अन्य माप के साथ कुछ अवस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण अंतर दिखाते हैं। रिपोर्ट की गई $A_{hyf}$, ($Sn^{3+}$)

के स्थिर समस्थानिकों में अतिसूक्ष्म स्तरों के माप को मार्ग दिखाने में उपयोगी होगी। गणना किए गए E1 मैट्रिक्स तत्वों का उपयोग कई अवस्थाओं के दोलक शक्ति, संक्रमण संभावनाओं और द्विध्रुवीय ध्रुवीकरण ($\alpha$) का अनुमान लगाने के लिए किया गया था। कई अवस्थाओं में दोलक शक्ति और संक्रमण संभावनाओं के वर्तमान परिणामों और पूर्व गणनाओं के बीच बड़ी विसंगतियां देखी गईं। $\alpha$ का अनुमानित मान, भविष्य में $Sn^{3+}$ आयन का उपयोग किये प्रयोगों द्वारा, उच्च परिशुद्धता मापन करने के लिए उपयोगी होगा।

यह कार्य एम. कौर, एन. नकरा और बी.अरोड़ा, भौतिकी विभाग, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, पंजाब, भारत, और वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स एंड मैथेमेटिक्स, वुहान, चीन के सी.बी. ली के सहयोग से किया गया था।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1088/1361-6455/ab68b7

**(बी.के. साहू)**

### परमाणु समता उल्लंघन के सटीक माप के लिए प्रकाशिक जालक आधारित विधि

हमने तटस्थ परमाणुओं में समता उल्लंघन को मापने के लिए एक विधि प्रस्तावित की। यह फॉर्टसन [Phys. Rev. Lett. 70, 2383 (1993)] द्वारा प्राथमिक कार्य का रूपांतरण था जो एकल पाशित आयन के एक योजना के प्रस्ताव के सबंध में था। हमारे संस्करण में, संसूचन साइटों की ग्रिड पर ऊपरीशायी प्रकाशिक जालक में तटस्थ परमाणुओं के कई नमूनों को स्थानीयकृत किया जाना चाहिए, जो फ़ोर्टसन कार्य में एकल साइट के रूप में तैयार किए गए हैं। कार्यप्रणाली सामान्य प्रयोज्यता की थी, लेकिन उदाहरण के रूप में, हमने $^{133}$Cs में 6s $^2S_{1/2}$-5d $^2D_{3/2}$ रेखा पर नाभिकीय घूर्णी स्वतंत्र समता उल्लंघन की जांच करते हुए, एक प्रयोग में प्राप्त करने योग्य संकेत का अनुमान लगाया था। अनुमानित परिणाम सापेक्षी युग्मित-क्लस्टर विधि का उपयोग करके यथार्थवादी आयामों और संक्रमण आयामों के प्रारंभिक गणना पर आधारित था। अंतिम परिणाम 108 परमाणुओं के नमूने के लिए 1 हर्ट्ज के क्रम का, समता उल्लंघन का प्रमाण देने वाला पूर्वानुमानित स्पेक्ट्रोस्कोपिक प्रचिह्न था। हमने दिखाया कि, पहले रिपोर्ट किए गए निर्धारणों से कम से कम 5 गुना सुग्राही, 0.1% - क्रम के Cs के दुर्बल आवेश के निर्धारण में मौजूदा सैद्धांतिक डेटा के साथ 30 000 s का कुल प्रश्नक समय सटीकता प्राप्त करने के लिए पर्याप्त है।

यह कार्य ए. कस्तबर्ग, इंस्टीट्यूट डी फिज़िक डे नीस, यूनिवर्सिट सीटी डी'ज़ूर, CNRS, 06108 नीस, फ्रांस, टी. अओकी, इंस्टिट्यूट ऑफ़ फिज़िक्स, ग्रेजुएट स्कूल ऑफ़ आर्ट्स एंड साइंसेज, टोक्यो विश्वविद्यालय, टोक्यो 153-8902, जापान, वाई. सकीमी, सेंटर फॉर न्यूक्लियर स्टडी, टोक्यो विश्वविद्यालय, वाको 113-0033, जापान और बीपी दास, भौतिकी विभाग, टोक्यो इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी 2-12-1 ओकायामा मेगुरो-कू, टोक्यो 152-8550, जापान के सहयोग से किया गया था।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1103/PhysRevA.100.050101

**(बी.के. साहू)**

### विश्लेषणात्मक अनुक्रिया सापेक्षी युग्मित-क्लस्टर सिद्धांत

मौलिक और नाभिकीय संरचना अनुसंधान हेतु, परमाणु प्रणालियों के समस्थानिक विस्थापन की सटीक गणना की बढ़ती मांग का समाधान प्रदान करने के लिए, परमाणु क्षेत्र विस्थापन और द्रव्यमान विस्थापन कारकों को निर्धारित करने के लिए, सापेक्षीय युग्मित-क्लस्टर सिद्धांत संरचना में, एक विश्लेषणात्मक ऊर्जा व्युत्पन्न तरीका प्रस्तुत किया गया था। इस दृष्टिकोण ने हमें परमाणु ऑपरेटरों के अपेक्षित मूल्यों को निर्धारित करने की अनुमति दी, जो कि मौजूदा परमाणु भौतिकी विधियों में वर्तमान मूलभूत समस्याओं का हल पाने के लिए है, अर्थात यह हेलमैन फेनमैन प्रमेय के अनुसार है, किसी भी अनवसानी श्रृंखला को शामिल नहीं करता है, और किसी भी प्रक्षोभी पैरामीटर विकल्प चयन से मुक्त है। हमारे सैद्धांतिक परिणामों का परीक्षण करने के लिए 246.8 nm (5p $^2P_{3/2} \rightarrow$ 9s $^2S_{1/2}$) and 246.0 nm (5p $^2P_{1/2} \rightarrow$ 8s $^2S_{1/2}$) संक्रमण में $^{104-127}$In का उच्च परिशुद्धता समस्थानिक-विस्थापन मापन भी किया गया था। सैद्धांतिक और मापे गए मूल्यों के बीच एक उत्कृष्ट मेल पाया गया था, जिसे बहु-इलेक्ट्रॉन परमाणुओं में चुनौतीपूर्ण माना जाता है। पूर्ण आवेश त्रिज्याओ की आइसोटोन-स्वतंत्र तुलना प्रदान करते हुए, परिकलित परमाणु कारको से, $^{104-127}$In समस्थानिकों के भू और समावयवी अवस्थाओं के नाभिकीय आवेश त्रिज्या का सटीक निर्धारण मिल सका।

यह कार्य सर्न के ISOLDE सुविधा के ए.आर. वर्नन, आर.एफ. गार्सिया रुइज़, सी.एल. बिनर्सली, एम. बिसेल, जे. बिलोवेस, एम.एल. बिस्सेल, टी.ई. कोकोलियोस, जी.जे. फारूक-स्मिथ, के.टी. फ्लैनागन, डब्ल्यू. जिन्स, आर.पी.डी ग्रोटे, ए. कोस्ज़ोरस, जी. नेयन्स, के.एम. लिंच, एफ. परनेफजॉर्ड-गुस्ताफ्सन, सी.एम. रिकेट्स, के.डी.ए. वेंड्ट, एस.जी. विल्किंस और एक्स.एफ. यांग के सहयोग से किया गया था।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1088/1367-2630/ab66dd

**(बी.के. साहू)**

### $^{113}Cd^+$ के निम्न-स्तरीय अवस्थाओं के $g_j$ कारकों के सटीक निर्धारण के लिए इलेक्ट्रॉन सहसंबंध प्रभावों की भूमिका

हमने एकल आयनित कैडमियम ($Cd^+$) आयन के ns $^2S_{1/2}$ (n=5,6,7), np $^2P_{1/2,3/2}$ (n=5,6), 5d $^2D_{3/2,5/2}$, और 4f $^2F_{5/2,7/2}$ अवस्थाओं के gj कारकों के निर्धारण में इलेक्ट्रॉन सहसंबंध प्रभावों की भूमिकाओं की जांच की। हमारी गणना में इलेक्ट्रॉन सहसंबंध प्रभाव को शामिल करने के लिए सापेक्षी युग्मित-क्लस्टर (RCC) सिद्धांत के माध्यम से महत्वपूर्ण संयोजक तिगुनी प्रेरित विन्यास के साथ एकल और द्विगुन प्रेरित विन्यासों को भी गणना के दौरान रखा गया। हमने उच्च सटीकता परिणाम प्राप्त करने के लिए तिगुनी से निम्न S और P अवस्थाओं से महत्वपूर्ण योगदान पाया। ब्रेइट इंटरैक्शन और निर्वात ध्रुवीकरण और नैज–ऊर्जा सुधार जैसे निचले-क्रम क्वांटम इलेक्ट्रोडायनामिक्स प्रभावों के योगदान का भी RCC सिद्धांत का उपयोग करके अनुमान लगाया गया था और स्पष्ट रूप से उद्धृत किया गया है। इसके अलावा, हमने अपनी

गणना से पूर्वोक्त अवस्थाओं की ऊर्जाएं प्रस्तुत कीं और $g_j$ मूल्यों को मान्य करने के लिए प्रयोगात्मक परिणामों के साथ उनकी तुलना की है। प्रारंभिक अवस्थाओं के $g_j$ कारक का उपयोग करके, $^{113}Cd^+$ आयन में $|5s \sim {}^2S_{1/2}$ , F = 0, $m_F$ = 0⟩ ↔ $|5s \sim {}^2S_{1/2}$, F = 1, $m_F$ = 0⟩ संक्रमण की माइक्रोवेव घड़ी आवृत्ति में जीमैन प्रभाव के कारण व्यवस्थित बदलाव का अनुमान लगाया गया था।

यह कार्य जे.जेड. हान, जे.डब्ल्यू. झांग और एल.जे. वैंग, भौतिकी विभाग, तंजुआ विश्वविद्यालय, बीजिंग 100084, चीन, और यान-मेई यू, बीजिंग नेशनल लेबोरेटरी फॉर कन्डेंस्ड मैटर फिजिक्स, इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स, चाइनिज़ अकाडेमी ऑफ साइंसेज, बीजिंग 100190, चीन के सहयोग से किया गया था।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1103/PhysRevA.100.042508

**(बी.के. साहू)**

### $^{129}$Xe के इलेक्ट्रिक द्विध्रुवीय आघूर्ण के अध्ययन द्वारा, मानक मॉडल से परे, नई भौतिकी की जांच-पडताल

हमने $^{129}$Xe के स्व– सुसंगत और सामान्य सापेक्षी युग्मित-क्लस्टर विधियों पर आधारित परमाणु शिफ क्षण (NSM) और इलेक्ट्रॉन-नाभिक टेंसर-छद्मप्रदिश (T-PT) अन्योन्यक्रिया से उत्पन्न होने वाले समय-व्युत्क्रम और समता उल्लंघन करने वाले इलेक्ट्रिक डिपोल मोमेंट (EDM) के हमारे सैद्धांतिक अध्ययनों के परिणामों की रिपोर्ट की थी। महत्वपूर्ण बहु-कण प्रभावों पर प्रकाश डाला गया और उनके योगदान को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया गया था। सह-संबंध और सापेक्ष प्रभावों की गणना में अनिश्चितताओं को क्रमशः त्रिक उत्तेजनाओं और ब्रेइट इंटरैक्शन के योगदान का आकलन करके निर्धारित किया गया था, जो NSM के लिए लगभग 0.7% और T-PT अन्योन्यक्रिया के लिए 0.2% थे। हमारे वर्तमान कार्य के परिणाम के साथ भविष्य में $^{129}$Xe EDM के लिए बेहतर प्रयोगात्मक सीमाएं हैड्रॉनिक CP उल्लंघन मात्राओं की बाधाओं को कस देंगे, और यह प्राथमिक कणों के मानक मॉडल से परे नई भौतिकी में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकता है।

यह कार्य ए.सकुरई और बी.पी. दास, टोक्यो इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, भौतिकी विभाग, 2-12-1 ऊकायामा मेगुरो-कू, टोक्यो 152-8550, जापान, और के. असाही RIKEN निशिना सेंटर, 2-1 हिरोसावा, वाको-शि, सैतामा 351-0198, जापान के सहयोग से किया गया है।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1103/PhysRevA.100.020502

**(बी.के. साहू)**

### परिरुद्ध Ca परमाणुओं से इलेक्ट्रॉनों के प्रत्यास्थ प्रकीर्णन में सापेक्षी युग्मित क्लस्टर सिद्धांत का अनुप्रयोग

हमने एक एंडोहेड्रल फुलर $C_{60}$ क्लस्टर के आकर्षक गोलाकार सममित विभव कूप के अंदर फंसे Ca परमाणु के परमाणु गुणों पर इलेक्ट्रॉन सहसंबंध के प्रभावों की सैद्धांतिक जांच की। सापेक्षी युग्मित-क्लस्टर (RCC) सिद्धांत को इस परमाणु के इलेक्ट्रॉन सहसंबंध ऊर्जा, आयनीकरण क्षमता और द्विध्रुवीय ध्रुवीणता प्राप्त करने के लिए लगाया गया था। हमारे परिणामों की तुलना Phys. Rev. A 93, 022512 (2016) में बहु-विन्यास हार्ट्री-फॉक (MCHF) पद्धति को प्रयुक्त करके रिपोर्ट की गई गणना के साथ की गई थी। हमने पाया कि विभव गहनता की तुलना में सहसंबंध ऊर्जा में नति समान हैं, लेकिन सापेक्षी गणना में परिमाण बहुत बड़े थे। हमने इन गुणों में विभव गहनता की भूमिका का प्रदर्शन करने के लिए स्वतंत्र और सीमित Ca परमाणुओं से इलेक्ट्रॉनों के प्रत्यास्थ प्रकीर्णन के लिए अंतर और कुल अनुप्रस्थ-काट का भी निर्धारण किया।

यह कार्य एस. भारती, एल. शर्मा, पी. मल्कर और आर. श्रीवास्तव के साथ भौतिकी विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की, रुड़की 247667, भारत के सहयोग से किया गया।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1088/1361-6455/ab2b64

**(बी.के. साहू)**

### $Ca^+$ में लोरेंत्ज़-सममिति-उल्लंघनकारी मापदंडों के अति -सटीक निर्धारण

$Ca^+$ में 3d $^2D_{3/2;5/2}$ अवस्थाओं के स्थानीय लोरेंत्ज़ परिवर्तनहीनता (LLI) उल्लंघनकारी मापदंडों के अति-सटीक गणना की रिपोर्ट की गई थी। हमने इन गुणांकों को निर्धारित करने के लिए डिराक-हार्ट्री-फॉक तरंग क्रिया से एकल, दुगुने और तिगुने उत्तेजन निर्धारकों द्वारा धीरे-धीरे इलेक्ट्रॉन सहसंबंध प्रभाव को शामिल करके सापेक्षी युग्मित-क्लस्टर (RCC) सिद्धांत के तीन प्रकारों का उपयोग किया है। LLI उल्लंघन के कारण ऊर्जा स्थानांतरण का सटीक अनुमान गति ऑपरेटर($\langle p^2 \rangle$) और दूसरे स्थान टेंसर ($\langle T_0^{(2)} \rangle$) के वर्गमूल के अपेक्षित मूल्य के सटीक मूल्यांकन पर निर्भर करता है। यह पाया गया था कि $\langle T_0^{(2)} \rangle$ मान, अपेक्षित मान मूल्यांकन दृष्टिकोण में उच्च-क्रम सहसंबंध प्रभाव के व्यवस्थित समावेशन के साथ आसानी से मिलते हैं, हालांकि $\langle p^2 \rangle$ के लिए ऐसा नहीं है। परिमित क्षेत्र दृष्टिकोण में भी इसी तरह के नति देखे गए। इन समस्याओं को सुलझाने के लिए, हमने RCC संरचना में एक विश्लेषणात्मक ढाल दृष्टिकोण को विकसित करके और अनुप्रयोग करके$\langle p^2 \rangle$ का मूल्य निर्धारित किया है। ब्रेइट और क्वांटम इलेक्ट्रोडायनामिक्स अन्योन्यक्रिया के कारण सुधारों का भी अनुमान लगाया गया था। इसके अलावा, सन्निकटन के विभिन्न स्तरों पर उपरोक्त अवस्थाओं के ऊर्जाओं और चतुष्कीय क्षणों का मूल्यांकन करके इन गणनाओं को मान्य किया गया था।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1103/PhysRevA.99.050501

**(बी.के. साहू)**

### LIBS में नैनोकण प्रेरित प्रकाशिक सिग्नल वृद्धि

LIBS तकनीक का उपयोग करके नैनोकण प्रेरित प्रकाशिक संकेत वृद्धि का अध्ययन किया गया है। वृद्धि पर लेजर ऊर्जा निर्भरता की जांच करने के लिए, हमने NELIBS स्पेक्ट्रा को 0.8 mg/ml पर 1000ns के द्वार विलंब, 2000ns की द्वार चौड़ाई में लेजर ऊर्जा के फलन के रूप में दर्ज किया है। विभिन्न लेजर ऊर्जाओं में Cu

I 521.82 nm रेखा प्रोफाइल की, NELIBS और LIBS उत्सर्जन तीव्रताओ की चरम ऊंचाई पर अनुपात का विश्लेषण किया गया है और इसे चित्र में दिखाया गया है। यह प्रवर्ति लेजर ऊर्जा के फलन के साथ बढ़ती जाती है। यह स्पष्ट है कि बढ़ती नति नैनोकणों के कारण है और इस प्रकार एक अद्वितीय तंत्र है जिसके माध्यम से लेजर क्षेत्र से युग्मित नैनोकण सिग्नल वृद्धि में योगदान देते हैं। कई मॉडल प्रस्तावित किए गए हैं लेकिन पूर्ण अध्ययन के लिए अधिक प्रयोगात्मक जांच की आवश्यकता है। इस मामले के अध्ययन में, हमने लेजर ऊर्जा, द्वार विलंब और सांद्रताओं के फलन के रूप में वृद्धि का अवलोकन करने का प्रयास किया।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1007/978-981-15-0202-6_7




चित्र 1: Cu I 521.82 nm तरंग दैर्ध्य पर 0.8 mg/ml Al NPs सांद्रता में लेज़र ऊर्जा के कार्य के रूप में आरेखित NELIBS और LIBS तीव्रता के बीच का अनुपात। अधिग्रहण परिस्थिति: द्वार विलंब 1000 ns, द्वार चौड़ाई 2000 ns

**(ई. नागेश्वर राव, एस. सौम्यश्री, पी. कुमार, पी. चंद्रवंशी, एस.बी. बनर्जी, के.पी. सुब्रमण्यन, आर.के. कुशवाहा)**

**पीआरएल में नई फेमटोसेकंड लेजर प्रयोगशाला**



चित्र 2: फेमटोसेकंड लेजर प्रयोगशाला, AMOPH प्रभाग, पीआरएल

इस वर्ष, नए फेमटोसेकंड लेजर प्रयोगशाला की स्थापना की गई है। यह प्रयोगशाला अतिद्रुत विज्ञान पर शोध करने के उद्देश्य से स्थापित की गई है। परमाणु और आणविक प्रणाली में, नाभिकीय गतिकी पिकोसेकंड ($10^{-12}$s) से फेमटोसेकंड ($10^{-15}$s) समय स्केल पर होता है और इलेक्ट्रॉन गतिकी एटोसोकंड ($10^{-18}$s) समय स्केल में होता है। इन समय स्केलों के विज्ञान को अल्ट्राफास्ट (अतिद्रुत) विज्ञान के रूप में जाना जाता है। जैसा कि इस छोटे समय स्केल पर माप बहुत चुनौतीपूर्ण है, अतः प्रयोगशाला में कंपन शोर अवमंदक, नियंत्रित तापमान और आर्द्रता पर्यावरण और स्वच्छकक्ष होनी चाहिए। सुविधाओं के मामले में यह प्रयोगशाला भारत में अद्वितीय है। कंपन नियंत्रण को "एंटी-वाइब्रेशन फ़्लोर आइसोलेशन" और ऑप्टिकल टेबल्स द्वारा निष्पादित किया गया है। पूरी प्रयोगशाला ISO 7 ग्रेड का स्वच्छकक्ष है। इस प्रयोगशाला में, हमने पंप-जांच सेटअप और वेलोसिटी मैप इमेजिंग स्पेक्ट्रोमीटर विकसित किया है।

**(पी. मधुसूदन, पी. भारद्वाज, आर. दास, एस. सौम्यश्री, पी. चंद्रवंशी, एन. विनीता, पी. कुमार, एस.बी. बनर्जी, के.पी. सुब्रमण्यन, आर.के. कुशवाहा)**

**बेंजीन बर्फ़ के निर्वात पराबैंगनी विकिरण से अवशेष: खगोलभौतिक धूल की भौतिक संरचना में अंतर्दृष्टि**

हमने ठंडे अन्तरतारकीय धूल अनुरूप से 4 K पर बनने वाली बेंजीन बर्फ को कई घंटों से लेकर लगभग एक दिन तक निर्वात पराबैंगनी (9 eV) में विकिरणित किया है जिसके बाद विकिरणित बर्फ को कमरे के तापमान पर गर्म किया गया था। कमरे के तापमान पर छोड़े गए सुगंधित अवशेषों के निर्वात पराबैंगनी प्रकाशिक अवशोषण स्पेक्ट्रा दर्ज किए गए थे और बेंजीन यौगिकों का संश्लेषण देखा गया था। इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप का उपयोग करके अवशेषों का चित्रण किया गया था और विभिन्न आकारों और नापों के क्रिस्टल का पता चला था। हमारे प्रयोगों के परिणाम से पता चलता है कि ऐसे ज्यामितीय आकार के धूल कण अन्तरतारकीय धूल के मूल घटक हो सकते हैं।

यह कार्य वर्ष 2019 में NSRRC बीमटाइम अनुदान का उपयोग करके किया गया था।

डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1016/j.saa.2019.117797




चित्र -3: (a) LiF विंडो के ऊपर, लगभग 9 घंटे तक विकिरण के बाद बचे हुए कण (b) फ्लेक्स, (c & d) घनक्षेत्र, (e) रॉड के आकार के कणों से घिरे घनक्षेत्र, और (f) छोटे कणों से घिरा गोलाकार कण की FE-SEM छवियों को दर्शाता है।

**(के.के. राहुल, एस. कार्तिक, जे.के. मेका, पी. जनार्दन, ए. भारद्वाज, बी. शिवरामन)**

# जर्नलों में प्रकाशन

## खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी


1. आरती, ई., ए. राय, एस. गणेश, एस. वी. वडवाले, 2019, "NICSPol: माउंट आबू इंफ्रारेड वेधशाला में 1.2-m दूरबीन के लिए निकट अवरक्त ध्रुवीकरण", जर्नल ऑफ एस्ट्रोनॉमिकल टेलीस्कोप, इंस्ट्रूमेंट्स एंड सिस्टम्स, v. 5(3), p. 1-11, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1117/1.JATIS.5.3.035006.
2. एंडरसन, एल.डी., जेड. माकाई, एम. लुसी, एम. एंडरसन, डी. रुसेइल, एम. आर. सामल, 2019, "H II क्षेत्र परिसर S235 की ओर [C II] 158 मीटर उत्सर्जन की उत्पत्ति", द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल, v. 882, 11, pp. 1-18, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab1c59.
3. बाग, टी., आर.डी ग्रीज्स, एल.के. देवांगन, जी.जे. हरकसेग, डी.के. ओझा, 2019, "आसपास के स्टार गठन आणविक बादल पर वुल्फ-रेएट तारे के प्रभाव", द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल, v. 885, 68, pp. 1-24, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab46be.
4. बेलोनी, टी.एम., डी. भट्टाचार्य, पी. कैकसी, वी. भालेराव, एस. वडवाले, जे.एस. यादव, 2019, "एस्ट्रोसैट के साथ देखे गए GRS 1915+105 में एक परिवर्तनीय आवृत्ति HFQPO", मंथली नोटिसेस ऑफ द रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी, v. 489, pp. 1037-1043, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1093/mnras/stz2143.
5. चट्टोपाध्याय, टी., एस.वी. वडवाले, ई आरती, एन.पी.एस. मिथुन, वी. चंद, ए. रतीश, आर. बसाक, ए.आर. राव, वी. भालेराव, एस. माटे, बी. अरविंद, वी. शर्मा, डी. भट्टाचार्य, 2019, "एस्ट्रोसैट CZT इमेजर के साथ गामा-रे बर्स्ट्स के तत्काल उत्सर्जन पोलारिमिट्री", द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल, v. 884, 123, pp. 1-20, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab40b7.
6. देवांगन, एल.के., 2019, "क्लस्टर-गठन साइट AFGL 5157: टकराने वाले फिलामेंट्री क्लाउड्स और स्टार गठन", द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल, v. 884, 84, pp. 1-22, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab4189.
7. देवांगन, एल.के., एच. सानो, आर. एनोकिया, के. तचिहारा, वाई. फुकुई, डी.के. ओझा, 2019, "द्विध्रुवी HII क्षेत्र G8.14+0.23 की ओर आणविक बादलों का अनावरण", द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल, v. 878, 26, pp. 1-12, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab1cba.
8. देवांगन, एल.के. के.एल. पीरोगोव, ओ.एल. रायबुखिना, डी.के. ओझा, आई. ज़िनचेंको, 2019, "S242 फिलामेंटरी संरचना में पुच्छ -वर्चस्व पतन के अवलोकनीय प्रचिह्न", द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल, v. 877, 1, pp. 1-15, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab1aa6.
9. देवांगन, एल.के., डी.के. ओझा, टी. बाग, आर. देवराज, 2019, "स्टार-गठन साइट AFGL 5142 में अन्योन्यक्रियाकारी लम्बी तंतुओं के साक्ष्य", द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल, v. 875, 138, pp.1-14, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab10dc.
10. धन्या, जे.एस., एल.के. देवांगन, डी.के. ओझा, एस. मंडल, 2019, "S147/S153 कॉम्प्लेक्स की पोषी विशाल आणविक क्लाउड में नई अंतर्दृष्टि: अंतःक्रियात्मक बादलों के प्रचिह्न", पब्लिकेशन्स ऑफ दी एस्ट्रॉनॉमिकल सोसायटी जापान, 1, pp. 1-13, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1093/pasj/psz137.
11. एडेन, डी.जे., टी. लियू, के. किम, एम. जुवेला, एस.वाई. लियू, के. टेटमात्सु ..., एम.आर. सामल, और साथी।, 2019, "SCOPE: पूर्व प्रोटोस्टेलर इवोल्यूशन 4 - सर्वेक्षण विवरण SCUBA-2 सातत्य प्रेक्षण और कॉम्पैक्ट सोर्स कैटलॉग", मंथली नोटिसेस ऑफ द रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी, v. 485, p. 2895-2908, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1093/mnras/stz574.
12. ईस्वरैया, सी., एस. लाई, वाई. मा, ए.के. पांडे, जे. जोस, जेड. चेन, एम.आर. सामल, 2019, "डार्क ग्लोबुले LDN 1225 की पोलिमेट्रिक और फोटोमेट्रिक जांच: दूरी, विलुप्त सिद्धांत और चुंबकीय क्षेत्र", द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल, v. 875, 64, pp. 1-24, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab0a0c.
13. गेबल, टी.आर., डी पी.के. बनर्जी, ए. इवांस, आर.डी. गेहर्ज़, सी.ई. वुडवर्ड, 2019, "V1047 सेन (नोवा सेंतौरी 2005) में हाल ही में विस्फोट की इन्फ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कोपी", द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स, v. 886, L14, pp. 1-6, doi :https://doi.org/10.3847/2041-8213/ab5310
14. इवांस, ए., या.वी. पावेलेंको, डी.पी.के. बनर्जी, यू. मुनारी, 2019, "आवर्तक नोवा टी कोरोना बोरेलिस के परितारकीय वातावरण मेंगैस चरण SiO", मंथली नोटिसेस ऑफ द रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी, v. 486, p.3498-3505, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1093/mnras/stz1071.
15. गेबल, टी.आर., डी.पी.के. बनर्जी, ए. इवांस, आर.डी. गेहरज़, सी.ई. वुडवर्ड, 2019, "V1047 सेन (नोवा

सेंटौरी 2005) में हाल ही में हुए विस्फोट की इन्फ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कोपी", द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स, v. 886, L14, pp. 1-6, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/2041-8213/ab5310.

16. गुप्ता, एस., एस. नाइक, जी.के. जायसवाल, 2019, "2018 विशाल प्रस्फोट के दौरान Be/X रे बाइनरी पल्सर 2S 1417-624 का NuSTAR दृश्य", मंथली नोटिसेस ऑफ द रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी, v. 490, p. 2458-2466, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1093/mnras/stz2795.

17. इंगले, एम., पी. जनार्दन, एस.के. बिसोई, 2019, "सौर चक्र 24 के न्यून सौर अधिकतम से परे: सौर चुंबकीय क्षेत्रों में कमी और पार्थिव चुंबकमंडल की प्रतिक्रिया", जर्नल ऑफ जियोफिजिकल रिसर्च, v. 124, pp. 6363-6383, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1029/2019JA026616.

18. जायसवाल, जी.के., सी.ए. विल्सन-हॉज, ए.सी. फेबियन, एस. नाइक, डी. चक्रवर्ती, 2019, "पहली गैलेक्टिक अल्ट्राल्यूमिनस एक्स-रे पल्सर स्विफ्ट 0243.6+6124 से एक विस्तृत लौह रेखा की विकास", द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल, v. 885, 18, pp. 1-9, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab4595.

19. लारियोनोव, वी.एम., एस.जी. जोर्डस्टैड, ए.पी. मार्सचर, एम. विल्ता, सी.एम. रेटारी, पी.एस. स्मिथ, 2019, "ब्लाजर 3C 279 का बहु-आयामी व्यवहार: गामा रे से रेडियो तक के दशकदीर्घ अध्ययन", मंथली नोटिसेस ऑफ द रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी, v. 492, p.3829-3848, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1093/mnras/staa082.

20. मुनारी, यू., वी. जोशी, डी.पी.के. बनर्जी, के. कोटर, एस.वाई. शुगारोव, सी.आर. जुरदाना-सिपी, आर. बेलिगोली, ए. बर्गामिनी, एम. ग्रेजियानी, जी.एल. रिगेट्टी, ए. वग्नोज़्ज़ी, पी. वलिसा, 2019, "नए उच्च द्रव्यमान हर्बिग Ae/Be पिंड Gaia-18azl = VES 263 के 2018 का विस्फोट और दीर्घकालिक विकास", मंथली नोटिसेस ऑफ द रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी, v. 488, p.5536-5550, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1093/mnras/stz2078.

21. पांडे, आर., सौरभ शर्मा, एन. पंवार, एल.के. देवांगन, डी.के. ओझा, 2020, "Sh 2-305 HII क्षेत्र में तारकीय कोर", द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल, v. 891, 81, pp. 1-24, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab6dc7.

22. राहुल, के.के., जे.के. मेका, एस. पवित्रा, पी. गोराई, ए. दास, जे.आइ. लो, बी.एन. राजशेखर, बी.एम. चेंग, पी. जनार्दन, ए. भारद्वाज, एन.जे. मेसन, बी. शिवरामन, 2020, "खगोलरसायन प्रॉपार्जिल ईथर बर्फ में प्रेक्षित अनाकार से स्फटिक तक चरण परिवर्तन के कारण अवरक्त क्षीणन", स्पेक्ट्रोकेमिका एक्टा, v. 224, 117393, pp. 1-4, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1016/j.saa.2019.117393.

23. राजा, एस., पी. जनार्दन, एस.के. बिसोई, एम. इंगले, एस. प्रसाद, के. फुजिकी, एम. मैक्सीमोविच, 2019, "पिछले चार सौर चक्रों के दौरान ग्लोबल सोलर मैग्नेटिक फील्ड और इंटरप्लेनेटरी स्किन्टिलेशन", सोलर फिजिक्स, v. 294, p. 123-136, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1007/s11207-019-1514-7.

24. राजपुरोहित, ए.एस., वी. कुमार, एम. के. श्रीवास्तव, एफ. एलार्ड, डी. होमियर, वी. दीक्षित, ए. पटेल, 2020, "MFOSC-P से पहला परिणाम: 100 पारसेक के भीतर M बौनों के नमूने का कम रिज़ॉल्यूशन ऑप्टिकल स्पेक्ट्रोस्कोपी", मंथली नोटिसेस ऑफ द रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी, v. 492, pp.5844-5852, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1093/mnras/staa163.

25. राउत, एस.के., एस. वडावले, एम. मेन्डेज़, 2020, "MAXI J1659-152 में ब्लैक होल का प्रतिगामी स्पिन", द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल, v. 888, L30, pp. 1-6, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/2041-8213/ab629e.

26. शर्मा, वी., एस. अय्यानी, डी. भट्टाचार्य, टी. चट्टोपाध्याय, ए.आर. राव, ई. आरथी, एस.वी. वडवाले, एन. पी.एस. मिथुन, वी.बी. भालेराव, एफ. रायडे, ए. पीयर, 2019, "GRB 160821A से समय भिन्न ध्रुवीयकृत गामा किरणें: क्रमबद्ध चुंबकीय क्षेत्र के लिए साक्ष्य", द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल, v. 882, 10, pp. 1-9, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/2041-8213/ab3a48.

27. शर्मा, वी., एस.आई.डी. भट्टाचार्य, टी. चट्टोपाध्याय, एस.वी. वडवाले, वी.बी. भालेराव, 2020, "GRB 160325A के तात्कालिक उत्सर्जन का स्पेक्ट्रो-पोलारिमिट्रिक विश्लेषण: आंतरिक शॉक के बढ़ते वातावरण के साथ जेट", मंथली नोटिसेस ऑफ द रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी, v. 493, p. 5218-5232, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1093/mnras/staa570.

28. वी. सिंह सहित सीमोर, एन., एम. हुइन्ह, एस.एस. शबाला, जे. रोजर्स और साथी, 2020, "PKS 2250-351: एबेल 3936 में एक विशालकाय रेडियो गैलेक्सी", ऑस्ट्रेलिया के एस्ट्रॉनॉमिकल सोसायटी के प्रकाशन, v. 37, 1, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1017/pasa.2019.49.

29. ए. चक्रवर्ती सहितसबजक, जे., आर. शर्मा, टी.डब्ल्यू. कारमाइकल, एम.सी. जॉनसन और अन्य, 2020, "TOI-503: TESS मिशन से पहला ज्ञात ब्राउन -बौना Am- तारा बाइनरी", एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल, v.159, 151, pp. 1-19, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-3881/ab7245.

30. वेंकटरमनी, के., एस. गणेश, ए. राय, एम. हशरिक, के.एस. बालियान, यू.सी. जोशी, 2019, "विभव रूप से जोखिमी क्षुद्रग्रह 2014 JO25 का समय और चरण विभेदित ऑप्टिकल स्पेक्ट्रा", एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल, v. 157, p 1-8, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-3881/ab0f26.

31. वुडवर्ड, सी.ई., ए. इवांस, एम. रिक्टर, सी.एन. डेविट, ई. मोंटियेल, डी. पी.के. बनर्जी, 2020, "V4334 Sqr में बेंजाइन: SOFIA/EXES के साथ रिंग के लिए खोज", एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल, v. 159, 87, pp.1-4, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-3881/ab67c2.

### सौर भौतिकी

32. जी. डेल ज़न्ना, जी.आर. गुप्ता और एच.ई. मेसन, 2019, "हिनोडे EIS लाइन की चौड़ाई शांत कोरोना में 1.5 $R_O$ तक है", एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स, v. 631, pp. 20, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1051/0004-6361/201834625.

33. जी.आर. गुप्ता, डेल झना और एच.ई. मेसन, 2019, "अल्फा तरंगों को लंबी ऑफ-लिम्ब कोरोनल लूप के साथ खोज, 1.4 $R_O$ तक", एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स, v. 627, pp. 10, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1051/0004-6361/201935357.

34. हर्नांडेज़-पेरेज़, ए.वाई. सु, ए.एम. वेरोनिग, जे. थलमन, पी.जी. ओमीरी और बी. जोशी, 2019, "विस्फोट पूर्व प्रक्रिया: हीटिंग, कण त्वरण, और 2012 अक्टूबर 20 M9.0 लिम्ब फ्लेयर से पहले एक गर्म चैनल का निर्माण", द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल, v. 874, pp. 11, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab09ed.
35. ए. हर्नांडेज़-पेरेज़, वाई. सु, जे. थल्मन, ए.एम. वेरोनिग, ई.सी. डिक्सन, के. डिसौएर, बी. जोशी और आर. चंद्रा, 2019, "एक गर्म कप के आकार का सीमित सौर फ़्लेयर", द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स, v. 887, pp. 8, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/2041-8213/ab5ba1.
36. आर.ई. लुइस, 2019, "नियमित सनस्पॉट के करीब आर्क तंतु प्रणाली में एक बद्ध सी-क्लास फ़्लेयर की जांच", जर्नल ऑफ जियोफिजिकल रिसर्च (स्पेस फिजिक्स), v. 124, p. 8255-8270, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1029/2019JA026673.
37. डब्ल्यू. मिश्रा, एन. श्रीवास्तव, वाई. वांग, जेड. मिर्तोशेव, जे. झांग और आर. लियू, 2019, "सौर चक्र 23 और 24 के दौरान सौर हवा और कोरोनल मास इजेक्शन के माध्यम से द्रव्यमान ह्रास", मंथली नोटिसेस ऑफ रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी, v. 486, p. 4671-4685, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1093/mnras/stz1001.
38. पी.के. मित्रा और बी. जोशी, 2019, "प्रिफ़्लेयर प्रक्रियाओं, फ्लक्स रस्सी सक्रियण, द्रव्यमान विस्फोट, और सक्रिय क्षेत्र NOAA 4675 से संबंधित एक्स-क्लास फ़्लेयर", द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल, v. 884, pp. 16, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab3a96.
39. पी.के. मित्रा, बी. जोशी और ए. प्रसाद, 2020, "सक्रिय क्षेत्र NOAA 12371 में जटिल एम-क्लास फ़्लेयर के साथ बड़े पैमाने पर फ्लक्स रस्सी के विस्फोट में प्री-फ्लेयर प्रक्रियाओं की पहचान और उनकी संभावित भूमिका", सोलर फिजिक्स, v. 295, pp. 28, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1007/s11207-020-1596-2.
40. एस.एस. नायक, आर. भट्टाचार्य, ए. प्रसाद, क्यू. हू, एस. कुमार और बी. जोशी, 2019, "NOAA AR 12615 में ब्लोआउट जेट और सी-क्लास फ़्लेयर की क्रमिक घटनाओं का डेटा-आधारित मैग्नेटोहाइड्रोडायनामिक सिमुलेशन", द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल, v. 875, pp.17, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab0a0b.
41. एस.एस.नायक, आर. भट्टाचार्य, पी.के. स्मोलार्कीविज़, एस. कुमार और ए. प्रसाद, 2020, "तीन आयामी चुंबकीय नल के सहज उत्पादन पर", द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल, v. 892, pp. 10, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab75bb.
42. राजा बय्याना, ए.पी. वेंकटकृष्णन, एस.रेंगस्वामी और एस. के. मैथ्यू, 2020, "उदयपुर सौर वेधशाला में मल्टी-एप्लीकेशन सोलर टेलीस्कोप का उपयोग करके सौर सुविधाओं की फ़िज़ियो मास्क इंटरफेरोमेट्री", सोलर फिजिक्स, v. 295, pp. 13, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1007/s11207-020-1597-1.
43. एम. रंगनाथन, आर. बय्याना, एस. कासिविश्वनाथन और एस. मैथ्यू, 2019, "मल्टीस्लिट स्पेक्ट्रो-पोलारीमीटर: मल्टीएप्लीकेशन सोलर टेलीस्कोप के लिए एक सुविधा यंत्र", जर्नल ऑफ एस्ट्रोनॉमिकल टेलीस्कोप, इंस्ट्रूमेंट्स, एंड सिस्टम्स, v. 5, pp. 12, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.1117/1.JATIS.5.4.048001.
44. आर. सरकार, एन. श्रीवास्तव और ए.एम. वेरोनिग, 2019, "लोरेंट्ज़ बल विकास आवर्तक विस्फोट सौर फ्लेरों के दौरान ऊर्जा निर्माण प्रक्रियाओं को प्रकट करता है", द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स, v. 885, pp. 8, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/2041-8213/ab4da2.
45. आर. सरकार, एन. गोपालस्वामी और एन. श्रीवास्तव, 2020, "1 au में इंटरप्लेनेटरी कोरोनल मास इजेक्शन के चुंबकीय क्षेत्र वैक्टर के पूर्वानुमान के लिए एक पर्यवेक्षी रूप से बाधित विश्लेषणात्मक मॉडल।", द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल, v. 888, pp. 16, डी.ओ.आई.:https://doi.org/10.3847/1538-4357/ab5fd7.
उस दिन सम्मानित अतिथि के रूप में प्रो. दीपांकर बनर्जी, प्रोफेसर, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स बेंगलुरु ने विशेष व्याख्यान दिया, जो कोडाइकनाल डिजिटाइज्ड डेटा का उपयोग करके सूर्य के दीर्घकालिक अध्ययन पर था, और सूर्य पर चुंबकीय क्षेत्र उत्पादन को नियंत्रित करने वाली प्रक्रियाओं को समझने के लिए ऐतिहासिक प्रेक्षणों के महत्व पर बात की गई। इसके बाद आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जर्वेशनल साइंसेज (ARIES) नैनीताल के निदेशक प्रो. वहाब उद्दीन ने एक और व्याख्यान दिया। उनके व्याख्यान ने ARIES में अवलोकन संबंधी सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित किया, जिसमें ऑप्टिकल और निकट-अवरक्त खगोल विज्ञान के लिए हाल ही में कमीशन किए गए 3.6-मीटर देवस्थल ऑप्टिकल टेलीस्कोप शामिल थे। कार्यक्रम का समापन डॉ. रोहन लुइस के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### विश्व अंतरिक्ष सप्ताह समारोह




विश्व अंतरिक्ष सप्ताह समारोह 2019, यु.एस.ओ., उदयपुर

1999 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा घोषणा के अनुसार 4 से 10 अक्टूबर को हर साल अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम विश्व अंतरिक्ष सप्ताह (WSW) के रूप में मनाया जाता है।

यह आयोजन हर साल एक केंद्रीय विषय सहित मानव अवस्था की बेहतरी के लिए अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के योगदान को स्मरण करता है। अपोलो 11 की 50 वीं वर्षगांठ और चंद्रमा पर मानव के पहले पदार्पण के सम्मान के लिए 2019 के लिए द मून: गेटवे टू द स्टार्स को विषय के रूप में चुना गया है। डब्लूएसडब्ल्यू के अवसर पर, यूएसओ ने 10 अक्टूबर 2019 को गवर्नमेंट रेजीडेंसी गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, मधुबन, उदयपुर के लिए कक्षा 9 से 12 तक के 50 मेधावी छात्रों और सरकार के 5 शिक्षकों के लिए एक दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया। यूएसओ ने छात्रों और शिक्षकों के लिए स्थानीय परिवहन भी प्रदान किया। पीआरएल अहमदाबाद के ग्रहीय विज्ञान प्रभाग की डॉ. मेघा भट्ट ने इस साल के डब्ल्यूएसडब्ल्यू के विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. रोहन लुइस द्वारा विश्व अंतरिक्ष सप्ताह और अंतरिक्ष अन्वेषण घटनाओं पर एक परिचय दिया गया था। खगोल विज्ञान के लिए बुनियादी उपकरणों को एस्ट्रो किट का उपयोग करके एक व्यावहारिक प्रदर्शन के साथ समझाया गया था, जिसका नेतृत्व सुश्री सुश्री संगीता नायक और सुश्री अनीषा कुलहरी ने किया था। डॉ. गिरजेश गुप्ता ने द सन एंड सोलर एक्टिविटी पर व्याख्यान दिया।

### भारतीय ग्रहीय विज्ञान सम्मेलन (IPSC-2020), फ़रवरी 2020

भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद ने, अहमदाबाद में 18-20 फरवरी, 2020 के दौरान पहला भारतीय ग्रहीय विज्ञान सम्मेलन (IPSC-2020) आयोजित किया। देश में अपनी तरह का पहला, इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य, देश में ग्रहीय शोधकर्ताओं के लिए अपनी शोध उपलब्धियों को प्रस्तुत करने और चर्चा करने के लिए एक ही मंच प्रदान करना था।



IPSC 2020 के प्रतिनिधि।

IPSC-2020 का उद्देश्य सौर मंडल के पिंडों के वातावरण, सतह और आंतरिक और उनके ग्रहों और विभिन्न ग्रहीय प्रक्रियाओं और प्रारंभिक सौर प्रणाली सहित उनके उपग्रहों से संबंधित हाल के परिणामों को उजागर करना है। विभिन्न ग्रहों और सौर मंडल पिंडों के डेटा विश्लेषण, सैद्धांतिक मॉडल और प्रेक्षणों (ग्राउंड-बेस्ड, प्रयोगशाला-आधारित, रिमोट सेंसिंग और स्पेसक्राफ्ट-आधारित) के परिणामों को पांच व्यापक विषयों के तहत विचार-विमर्श में शामिल किया गया था। दो महत्वपूर्ण सत्र थे - विशेष एक दिवसीय चंद्र विज्ञान बैठक और आधे दिन के विशेष सत्र में भावी ग्रहीय खोज के लिए दूरदृष्टि और अवसरों पर चर्चा करना।

सशक्त प्रतिक्रिया के रूप में 200 से अधिक सार प्रस्तुत किए गए। सम्मेलन के दौरान मौखिक या पोस्टर प्रस्तुतियों के लिए लगभग 150 योगदानों का चयन किया गया, जिसमें चौबीस आमंत्रित वार्ताएं शामिल थीं। सम्मेलन में भाग लेने के लिए देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों के लगभग 200 प्रतिभागियों को पंजीकृत किया गया था। इनमें पीआरएल द्वारा मई-जून 2019 में आयोजित पहले समर ट्रेनिंग स्कूल ऑन प्लेनेटरी साइंस एंड एक्सप्लोरेशन में प्रशिक्षित युवा ग्रह उत्साही शामिल थे। सम्मेलन का उद्घाटन पहले दिन चंद्र विज्ञान बैठक के बाद हुआ, जिसमें विज्ञान अवलोकन के सत्र शामिल थे। चंद्रयान -2 ऑर्बिटर पेलोड से, जिसके बाद चंद्र विज्ञान पर वर्तमान समझ और उत्कृष्ट प्रश्नों थे। अगले दो दिनों में ग्रहीय विज्ञान के विभिन्न विषयों को कवर करने वाले विज्ञान एवं मंगल और शुक्र की खोज, सौर मंडल की प्रक्रियाएं, जोवियन ग्रह, क्षुद्रग्रह और छोटे पिंड, उल्कापिंड और पार्थिव अनुरूपों का अध्ययन सहित आठ मौखिक सत्र शामिल थे। IPSC-2020 के एक अद्वितीय पहलू के रूप में, सभी पोस्टर प्रस्तुतकर्ताओं के लिए एक मिनट की मौखिक प्रस्तुति का अवसर प्रदान किया गया था और पोस्टरों का मूल्यांकन खंडों के तीन श्रेणियों के लिए किया गया था। श्रृंखला की अगली बैठक में व्यापक भागीदारी की प्रत्याशा के साथ एक संतोषजनक रूप से सम्मेलन संपन्न हुआ।

## युविका परिदर्शन

देश भर के स्कूली छात्रों के लिए इसरो के विशेष कार्यक्रम युवा विज्ञानी कार्यक्रम (युविका) के तैंतीस प्रतिभागियों ने 14 मई 2019 को पीआरएल का परिदर्शन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अंतरिक्ष गतिविधियों के उभरते क्षेत्रों में युवा छात्रों की रुचि जगाने के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष विज्ञान और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों पर उनको बुनियादी ज्ञान प्रदान करना है।



पीआरएल में युविका का परिदर्शन

इस परिदर्शन में, एक संस्थान के रूप में पीआरएल के विषय में और विविध गतिविधियों के बारे में व्याख्यान, वार्ता, उसके बाद दूरबीन, अंतरिक्ष और वायुमंडलीय विज्ञान और ग्रहीय विज्ञान पर पीआरएल संकाय सदस्यों और निदेशक द्वारा चर्चा शामिल थे। छात्रों ने पीआरएल मुख्य परिसर में चार और थलतेज परिसर में चार प्रयोगशालाओं का दौरा किया। उनकी भागीदारी अत्यंत सक्रिय और उत्साही थी और छात्र बहुत रोमांचित थे, जो चर्चा के दौरान उनके प्रश्नों से स्पष्ट थे। पीआरएल की आउटरीच टीम द्वारा समन्वित इस यात्रा में, पीआरएल के शैक्षणिक, वैज्ञानिक और तकनीकी के साथ-साथ प्रशासनिक सहयोगियों की सक्रिय भागीदारी और समर्थन देखी गई है।

## मूलभूत विज्ञान के प्रचार पर गतिविधियाँ

### पीआरएल - आईएपीटी डॉ. विक्रम साराभाई व्याख्यान




पीआरएल, अहमदाबाद में दूसरा पीआरएल - आईएपीटी (इंडियन एसोसिएशन फॉर फिजिक्स टीचर्स) डॉ. विक्रम साराभाई व्याख्यान

27 जनवरी 2020 को पीआरएल अहमदाबाद में दूसरा 'पीआरएल - आईएपीटी (इंडियन एसोसिएशन फॉर फिजिक्स टीचर्स) डॉ. विक्रम साराभाई व्याख्यान आयोजित किया गया था। डॉ. आर.डी. देशपांडे, अध्यक्ष, भू-विज्ञान प्रभाग, पीआरएल द्वारा भारत के "जल संसाधन: चुनौतियाँ और समाधान" विषय पर व्याख्यान दिया गया था।

व्याख्यान में संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों, छात्रों, शिक्षकों, आईएपीटी सदस्यों और पीआरएल सदस्यों ने भाग लिया। यह व्याख्यान वार्षिक भौतिकी पत्रिका प्रगामी तरंग 'में प्रकाशित किया गया है, जिसे IAPT क्षेत्रीय परिषद आरसी -7, गुजरात द्वारा पिछले दस वर्षों से नियमित रूप से प्रकाशित किया जा रहा है।

**राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (एनएसडी) समारोह**



पीआरएल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह

भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (एनएसडी) रामन प्रभाव की खोज को चिह्नित करने के लिए प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को मनाया जाता है। एनएसडी उत्सव का प्राथमिक उद्देश्य व्यापक रूप से लोगों के दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व के बारे में संदेश फैलाना है। परिणामस्वरूप, यह कार्यक्रम पूरे देश में स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक, वैज्ञानिक, तकनीकी, चिकित्सा और अनुसंधान संस्थानों में मनाया जाता है। पीआरएल ने 5 जनवरी 2020 को आयोजित एक स्क्रीनिंग टेस्ट के माध्यम से चयनित छात्रों के बीच विभिन्न प्रतिस्पर्धात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करके 29 फरवरी 2020 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। इस साल तीन नए परीक्षा केंद्रों का प्रारंभ किया गया। 1. मेहसाणा, 2. जामनगर, और 3. अमरेली। व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से चयनित पांच छात्रों को अरुणा लाल छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया। NSD-2020 में, कुल 1188 छात्र स्क्रीनिंग टेस्ट में उपस्थित हुए, जिनमें से 1035 और 153 छात्रों ने क्रमशः ऑफ़लाइन और ऑनलाइन परीक्षा का चयन किया। उच्चतम अंक 120 में से 107 हैं। कुल मिलाकर, 137 छात्रों को पीआरएल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए चुना गया था।

इसके अतिरिक्त, बालिका शिक्षा को लोकप्रिय बनाने के लिए, पीआरएल ने पूरे गुजरात के स्कूलों से 104 छात्राओं को पीआरएल देखने के लिए आमंत्रित किया। 18 परीक्षा केंद्रों के केंद्र टॉपरों को भी पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा, पोस्टर / मॉडल प्रतियोगिता के लिए 12 पुरस्कार उन छात्रों को दिए गए जिन्होंने इन विषयों पर अपने मॉडल / पोस्टर प्रस्तुत किए i) गगन्यान के साथ विज्ञान का मेरा विचार, ii) मज़े से विज्ञान सीखना। इस साल शिक्षकों के लिए एक पहली गतिविधि का आयोजन किया गया था, और सात शिक्षकों ने उनके द्वारा विकसित नवीन शिक्षण मॉडल प्रस्तुत किए। इसके अलावा, 1. ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन, और 2. विज्ञान में महिलाएं: चुनौतियां और आगे बढ़ने का मार्ग पर दो व्याख्यान दिए गए। एक विज्ञान वृत्तचित्र, " द क्लाइमेट चैलेंज "की स्क्रीनिंग की गई थी, और पीआरएल के वैज्ञानिकों के साथ भाग लेने वाले छात्रों और शिक्षकों की चर्चा उल्लेखनीय गतिविधि थी।

**विज्ञान एक्सप्रेस**

विज्ञान एक्सप्रेस कार्यक्रम का दूसरा पड़ाव 21-22 दिसंबर 2019 के दौरान एड्डूफेस्ट में हमारी उपस्थिति के साथ शुरू हुआ, जिसका लक्ष्य अहमदाबाद शहर के पूर्वी हिस्से के लोगों को इस कार्यक्रम के द्वारा विज्ञान में उत्साहित करना था। पिछले तीन वर्षों से, लगभग 40 एनजीओ, 100 से अधिक स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों और कुछ उद्योग/कॉर्पोरेट साथी मिलकर, अहमदाबाद के रिवरफ्रंट में एडुफेस्ट कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं, जिसका प्राथमिक उद्देश्य बड़ी संख्या में साधारण लोगों तक पहुंच कर उनमें विज्ञान की भावना को उत्साहित करना, छात्रों को (और माता-पिता को भी) विशेष रूप से विज्ञान प्रवाह की पढ़ाई करने लिए प्रोत्साहित करना है। आयोजकों ने पी.आर.एल. से वैज्ञानिक प्रदर्शनों/प्रयोगों/पोस्टरों आदि के बारे में गहरी रुचि दिखाई है और 4000 वर्ग फीट तक प्रदर्शनी के लिए स्थान प्रदान करने की भी उदारता दिखाई। यहां पी.आर.एल. के 40 से अधिक विज्ञान एक्सप्रेस वालंटियर, मुख्य रूप से पी.एचडी. छात्रों ने, अपने सप्ताहांत को 20 अनोखे प्रयोगों का प्रदर्शन और हजारों छात्रों, बच्चों और साधारण लोगों के साथ बातचीत करते हुए बिताया। इन दो दिनों की गतिविधि से लगभग 3000 छात्र/छात्रा लाभान्वित हुए।

4 जनवरी 2020 को, विज्ञान एक्सप्रेस की टीम, गुजरात में राजकोट के प्रांसला क्षेत्र में राष्ट्र कथा शिविर में गये थे। लगभग 25 वालंटियर

ने एक दिन व्यापी गतिविधि के लिए शिविर में कई प्रत्यक्ष प्रयोगों की व्यवस्था करते हुए लगभग 1500 प्रतिभागियों के साथ चर्चा की।



विज्ञान एक्सप्रेस चरण II की झलक

हमारे तीसरे कार्यक्रम में, साइंस एक्सप्रेस की टीम ने 10-11 जनवरी 2020 के दौरान विवेकानंद कॉलेज, डबोक और संगम विश्वविद्यालय, भीलवाड़ा का दौरा किया। पीआरएल और यूएसओ से कुल 40+ कार्यकर्ता शामिल थे। छात्रों, पोस्ट-डॉक्टरल साथियों, वैज्ञानिक और कुछ संकाय सदस्यों ने उन दो स्थानों पर 20+ प्रत्यक्ष प्रयोगों का प्रदर्शन किया। इन दोनों कार्यक्रमों में क्रमशः 1500 और 1600 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। हमने उन दो स्थानों में एक लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान भी आयोजित किया। यह उल्लेखनीय है कि छात्रों की भारी मांग के कारण, हमें दोनों जगहों पर सार्वजनिक व्याख्यान को तीन बार दोहराना पड़ा।

**उदयपुर सौर वेधशाला, उदयपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह:**

3 मार्च 2020 को, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, समारोह के लिए वर्ष 2020 की "विज्ञान में महिलाएं" विषय के साथ उदयपुर सौर वेधशाला (USO) द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय (JNV), मावली, उदयपुर में एक दिवसीय विज्ञान आउटरीच गतिविधि का आयोजन किया गया। जेएनवी स्कूल, मावली का प्रबंधन मानव संसाधन भारत सरकार, विकास मंत्रालय द्वारा किया जाता है। यह उदयपुर शहर से लगभग 45 किमी दूर एक ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है। कक्षा VI से कक्षा XI तक के लगभग 540 छात्र (छात्रा और छात्र) और JNV स्कूल के 25 शिक्षकों ने इस समारोह में भाग लिया।




यूएसओ आउटरीच गतिविधियों की झलक

कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्रधानाचार्य के स्वागत भाषण और डॉ. ब्रजेश कुमार द्वारा उद्घाटन भाषण से हुई। पूर्वाह्न सत्र में यूएसओ टीम द्वारा निम्नलिखित वार्ता शामिल थी। सुश्री सुश्री संगीता नायक ने NSD को मनाने के महत्व और IDWGS एवं Women In Science पर बात की। यूएसओ में द सन एंड रिसर्च का परिचय डॉ. रोहन लुइस द्वारा दिया गया था। इसके बाद डॉ. गिरजेश गुप्ता द्वारा सौर गतिविधि और अंतरिक्ष मौसम पर एक प्रस्तुति दी गई। सुश्री बैरेड्डी रम्या ने विज्ञान में इंजीनियरिंग की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. ब्रजेश कुमार द्वारा विज्ञान में कैरियर की संभावनाओं पर समापन भाषण दिया गया।

व्याख्यान के बाद 'विज्ञान में महिलाएं' विषय पर एक मौखिक प्रस्तुति प्रतियोगिता हुई जिसमें कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा से जेएनवी स्कूल के 10 छात्रों ने भाग लिया। प्रत्येक कक्षा के सर्वश्रेष्ठ वक्ता को एक विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बाकी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। दोपहर को यूएसओ टीम द्वारा एस्ट्रो-किट का पोस्टर सत्र और प्रदर्शन आयोजित किया गया था, जिसमें कक्षा VIII, कक्षा IX और कक्षा XI के लगभग 250 छात्रों ने उत्सुकता और उत्साह के साथ भाग लिया। द्विभाषी पोस्टरों में निम्नलिखित विषय शामिल थे: यूएसओ में अनुसंधान गतिविधियाँ, और अंतरिक्ष मौसम मल्टी-एप्लीकेशन सोलर टेलीस्कोप, गोंग अवलोकन सुविधा,और ई-कॉलिस्टो रेडियो अवलोकन सुविधा।

एस्ट्रो-किट में सन-डायल, स्टार क्लॉक, स्टार व्हील, क्लिनोमीटर, और सोलर मोशन डिटेक्टर के सरल पेपर कट-आउट शामिल थे। एस्ट्रो-किट बुकलेट्स निर्देशों के साथ छात्रों को उनके गृह कार्य के रूप में वितरित किया गया। जेएनवी स्कूल, मावली के प्रधानाचार्य द्वारा, यूएसओ आउटरीच टीम और यूएसओ / पीआरएल के प्रबंधन का उनके स्कूल में कार्यक्रम के आयोजन के लिए आभार व्यक्त और धन्यवाद प्रस्ताव के साथ यह आयोजन संपन्न हुआ।

**यूएसओ आउटरीच गतिविधियाँ**

**i. द्वीप वेधशाला और GONG उपकरण साइट का दौरा:**

यूएसओ की आउटरीच समिति ने वर्ष 2019-2020 में स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से छात्रों के समूहों की कई यात्राओं का आयोजन किया। इन छात्र समूहों ने फतेहसागर झील में द्वीप पर स्थित मल्टी-एप्लिकेशन सोलर टेलीस्कोप (MAST) का दौरा किया और कार्यालय परिसर में ग्लोबल दोलन नेटवर्क समूह (GONG) उपकरण और ई-कॉलिस्टो सुविधा भी दिखाई गई। यह यात्रा भारत के विभिन्न कॉलेजों से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर आयोजित की गई थी। इस वर्ष यूएसओ ने रवीन्द्र नाथ टैगोर कॉलेज कपासन, पंडित दीनदयाल पेट्रोलियम विश्वविद्यालय गांधीनगर, और विद्या भवन पॉलिटेक्निक कॉलेज, उदयपुर के छात्रों के लिए यात्राओं का आयोजन किया। पिछले वर्षों की तरह, आर्यभट्ट फाउंडेशन, भोपाल द्वारा स्कूली छात्रों के लिए आयोजित एस्ट्रोनॉमी प्रतियोगिता के चयनित विजेताओं को 21 मई 2019 को एक शैक्षिक यात्रा पर यूएसओ भेजा गया। एक स्वैच्छिक खगोलविद संगठन आकाशमित्र मंडल की 6 सदस्यीय टीम ने कल्याण मुंबई से 10 जून 2019 को यूएसओ और इसकी सुविधाओं का दौरा किया। यूएन-सीएसटीएसएपी स्पेस वेदर कोर्स के प्रतिभागियों ने भी 21 नवंबर 2019 को यूएसओ में वेधशाला और अन्य सौर अवलोकन सुविधाओं का दौरा किया। कुल मिलाकर, वर्ष 2019-2020 में यूएसओ टीम लगभग 150 छात्रों/आगंतुकों तक यात्रा के दौरान पहुंच बनाई। वेधशाला में आयोजित यात्राओं के अलावा, आउटरीच टीम ने उदयपुर और उसके आसपास एक व्यापक छात्र समुदाय तक पहुंचने के लिए विभिन्न स्थानों पर यात्राओं की योजना बनाई। इस संदर्भ में यूएसओ आउटरीच टीम द्वारा किए गए निम्न प्रयास उल्लेखनीय है।

**ii. केन्द्रीय विद्यालय एकलिंगगढ़, उदयपुर में आउटरीच गतिविधि:**

विज्ञान प्रसार और केंद्रीय विद्यालय संगठन ने संयुक्त रूप से 6 से 10 अप्रैल, 2019 तक केन्द्रीय विद्यालय एकलिंगगढ़, उदयपुर में एक खगोलीय टेलीस्कोप निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का अभिप्राय कक्षा 10 वीं और 11 वीं के चयनित केंद्रीय विद्यालय (केवी) के छात्रों को खुद के हस्तनिर्मित दूरबीन बनाने के लिए एक प्रशिक्षण मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम में भाग लेने वाले कुल 40 छात्र और केवी के 4-5 शिक्षक थे। इस आयोजन के दौरान, डॉ. रोहन लुइस ने 9 अप्रैल, 2019 को हमारे सूर्य से परिचय नामक एक वार्ता दी। इस व्याख्यान में सोलर फिजिक्स की बुनियादी अवधारणाओं और हमारे निकटतम तारे की व्यापक जांच करने के लिए यूएसओ उपलब्ध सुविधाओं को शामिल किया गया।

**iii. भोपाल से आर्यभट्ट फाउंडेशन के मेधावी छात्रों का यूएसओ दौरा:**

यूएसओ-पीआरएल ने 21 मई 2019 को आर्यभट्ट फाउंडेशन के मेधावी छात्रों की वार्षिक यात्रा करवाई। स्कूल के छात्र दल ने अपने शिक्षक के साथ यूएसओ का दौरा किया। उन्हें पहले वेधशाला और इसकी मौजूदा सुविधाओं के बारे में एक संक्षिप्त परिचय दिया गया था। बाद में, उन्हें प्रत्यक्ष, उच्च-विभेदन, सूर्य की छोटी-छोटी छवियों को 0.5 मीटर की दूरी के साथ-साथ 15 सेमी SPAR टेलीस्कोप से पूर्ण-डिस्क सौर छवियों से दिखाया गया। उन्होंने कार्यालय परिसर में स्थित गोंग सुविधा और ई-कैलिस्टो का भी दौरा किया। उत्साही छात्र टीम ने "जीवन: पृथ्वी और परे" पर एक छोटी प्रस्तुति भी दी। प्रस्तुति के बाद लघु प्रश्नोत्तरी सत्र भी किया गया था। मध्यप्रदेश के आर्यभट्ट फाउंडेशन एम.पी. के अत्यधिक प्रेरित, स्कूली छात्रों के बीच खगोल विज्ञान के लोकप्रियता पर केंद्रित है।

**पीआरएल छात्र अध्याय**

पीआरएल छात्र अध्याय 15 जून 2015 को बनाया गया था। वर्तमान में अध्याय में पीआरएल के विभिन्न प्रभागों से 40 से अधिक पी.एचडी. छात्र सदस्य हैं। यद्यपि पीआरएल छात्र अध्याय ने प्रयोगों के माध्यम से स्कूल और कॉलेज के छात्रों के बीच प्रकाशिकी और फोटोनिक्स को लोकप्रिय बनाने की दृष्टि से शुरू किया था, हालांकि, समय के साथ अध्याय ने विज्ञान की अन्य शाखाओं से प्रयोगों को शामिल करके अपने वैज्ञानिक पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। अब तक पीआरएल छात्र अध्याय ने हमारे दैनिक जीवन में कई घटनाओं को समझाने के लिए 50 से अधिक हाथोंहाथ बुनियादी प्रयोगों को तैयार किया है। 2019-2020 के दौरान छात्र अध्याय के प्रमुख कार्यकर्ता इस प्रकार हैं।

**छात्र सम्मेलन**

पीआरएल छात्र अध्याय ने 24-26 सितंबर 2019 के दौरान पी.एचडी. छात्रों के व्यावसायिक विकास के लिए स्टूडेंट्स कॉन्फ्रेंस इन ऑप्टिक्स एंड फोटोनिक्स (एससीओपी) के रूप में वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया।



SCOP-2019

यह तीन दिनों का सम्मेलन है, जिसे छात्रों द्वारा आयोजित किया जाता है और भारत के विभिन्न हिस्सों से छात्र और पोस्ट-डॉक्टरल फेलो इसमें प्रतिभागिता करते हैं। SCOP-2019 में, हमारे पास 20 अलग-अलग संस्थानों/विश्वविद्यालयों से 60 छात्र और पोस्ट-डॉक्टरल फेलो और 30 इन-हाउस प्रतिभागी थे। प्रतिभागियों के परिप्रेक्ष्य को व्यापक बनाने के लिए, सम्मेलन में भारत और विदेशों के विभिन्न संस्थानों से प्रकाशिकी और फोटोनिक्स, भौतिक रसायन विज्ञान और स्पेक्ट्रोस्कोपी, ग्रह विज्ञान, वायुमंडलीय विज्ञान और जीव विज्ञान सहित विभिन्न क्षेत्रों से पच्चीस आमंत्रित आमंत्रित वक्ता थे। इस वार्षिक सम्मेलन के कारण, भारत के विभिन्न हिस्सों से एम.एससी., पी.एचडी. और पोस्टडॉक्टरल छात्रों को पूरी फंडिंग के साथ पीआरएल का दौरा करने और अपने शोध साझा करने और आपस में नेटवर्किंग बनाने का अवसर मिलता है। दूसरी ओर, यह सम्मेलन हमारे पी.एचडी. छात्रों को नेतृत्व की गुणवत्ता बनाने में भी सक्षम बनाता है। अपने चौथे वर्ष में, सम्मेलन ने भारत और विदेशों में छात्रों, शोधकर्ताओं और संकायों के बीच अपनी प्रतिष्ठा को चिह्नित किया है।

### दूरदराज के स्कूलों का दौरा

भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम ए. साराभाई के जन्म शताब्दी को चिह्नित करने के लिए वर्ष 2018 में शुरू होने वाले एक अलग तरह के विशिष्ट आउटरीच कार्यक्रम की निरंतरता में, पी.आर.एल. की विज्ञान एक्सप्रेस टीम ने स्कूलों/सामुदायिक विज्ञान केंद्रों के सहयोग से गुजरात और राजस्थान के विभिन्न स्थानों पर विज्ञान प्रदर्शनी/प्रयोग प्रदर्शनों का आयोजन किया है। विज्ञान एक्सप्रेस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल और कॉलेज के छात्रों, विशेषतः अल्प सुविधा प्राप्त छात्रों और ग्रामीण इलाकों की छात्राओं और साधारण लोगों तक पहुंच कर विज्ञान के रोचकताओं के बारे में बताना एवं प्रोत्साहन देना है। अतः, छात्र अध्याय के सदस्य (पीआरएल के पी.एचडी. छात्रों में से अधिकांश छात्र अध्याय के सदस्य हैं) ने दिसंबर 2019 से फरवरी 2020 के दौरान गुजरात और राजस्थान में विज्ञान एक्सप्रेस कार्यक्रमों में पूरे दिल से योगदान दिया है। पिछले वर्षों की तरह पीआरएल की एनएसडी और ओपन हाउस प्रयोग प्रदर्शन गतिविधि के दौरान, हमारे छात्र अध्याय के सदस्यों ने 29 फरवरी 2019 को पीआरएल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (एनएसडी) की गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्रों के लिए हाथों-हाथ प्रयोगों का प्रदर्शन किया था।

पीआरएल छात्र अध्याय का अलग चेहरा: पीआरएल छात्र अध्याय का जनादेश समाज में विज्ञान को लोकप्रिय बनाना है। पीआरएल छात्र अध्याय पीआरएल के साइंस एक्सप्रेस के हिस्से के रूप में गुजरात और राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के द्वारा अपने जनादेश का प्रदर्शन कर रहा है। इसके अलावा, पीआरएल छात्र अध्याय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन करता है और अपने साथियों के बीच वैज्ञानिक चर्चा में शामिल होता है।

### स्वच्छता पखवाड़ा समारोह 2020

स्वच्छता से संबंधित जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से, 01-15 फरवरी, 2020 तक पीआरएल में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। पखवाड़ा की शुरुआत को चिह्नित करने के लिए सभी स्टाफ सदस्यों को एक सामूहिक शपथ दिलाया गया। सभी पीआरएल परिसरों और आवासीय कॉलोनियों में पखवाड़ा के दौरान विभिन्न सफाई अभियान चलाए गए। जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए, बच्चों के लिए ड्राइंग और निबंध प्रतियोगिता द्वारा स्वच्छता अभियान का पालन किया गया था।

चूंकि रंगमंच और नाटक का उपयोग करके वर्तमान स्थितियों और समस्याओं को समाज को प्रभावी ढंग से सिखाने के लिए किया जा सकता है, इसलिए दो स्कूलों (के.वी., सैक और ज़ाइडस स्कूल फॉर एक्सिलेंस) को स्वच्छता के महत्व पर प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया था। स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए, पीआरएल के डॉक्टर, डॉ. समीर दाणी और डॉ. शीतल पटेल के नेतृत्व में एक टीम द्वारा शेला गांव में एक चिकित्सा और स्वच्छता शिविर भी आयोजित किया गया था। इस शिविर के एक भाग के रूप में, भाग लेने वाले ग्रामीणों और छात्रों को 200 से अधिक स्वच्छता किट वितरित किए गए। चूंकि बच्चे देश का भविष्य हैं, इसलिए उनके बीच स्वच्छता के संदेश को प्रसारित करने के लिए, दो नगरपालिका स्कूलों में मध्यम वर्ग के छात्रों के लिए एक व्याख्यान सह ड्राइंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी। समग्र सफाई बनाए रखने में सफाई और घर के काम करने वाले कर्मचारियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए, परिवेश को स्वच्छ रखने और स्वच्छता के लाभों के बारे में उनके योगदान के बारे में उन्हें जागरूक किया गया। कचरे के पृथक्करण के संबंध में उनके लिए एक व्याख्यान की भी व्यवस्था की गई थी। स्वच्छता व्यक्तिगत स्तर पर शुरू होती है, इसलिए, इसके बारे में सभी कर्मचारियों को जागरूक करना बहुत महत्वपूर्ण है। इस संदर्भ में, 14 फरवरी, 2020 को स्वच्छता पखवाड़ा के समापन समारोह के दौरान दो आमंत्रित वार्ता आयोजित की गई। एएमसी के श्री परेश व्यास और सीईपीटी से डॉ. मोना अय्यर ने "प्लास्टिक कचरे पर जोर डालते हुए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर जागरूकता" तथा ई-कचरा प्रबंधन पर व्याख्यान दिया। अंत में, 3 आर के सिद्धांत यानी रिड्यूस, रीयूज एंड रीसाइकल, सिद्धांत को मानते हुए पीआरएल को प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाने के लिए कई उपाय किए गए हैं।



स्वच्छता पखवाड़ा समारोह 2020 गतिविधियों की झलक

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2019




सतर्कता जागरूकता व्याख्यान

वर्ष 2019 के लिए 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' 28 अक्टूबर से 2 नवंबर, 2019 तक भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद में मनाया गया और 29 अक्टूबर 2019 को पीआरएल के स्टाफ सदस्यों को सतर्कता जागरूकता शपथ दिलाई गई।

बैनर और विभिन्न पत्र सतर्कता जागरूकता के संबंध में अहमदाबाद के भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला के प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए गए। 30 अक्टूबर, 2019 को "इंटीग्रिटी-ए-वे ऑफ़ लाइफ " के बारे में जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया और व्याख्यान श्री के. नित्यानंदम सेवानिवृत्त आईपीएस, पूर्व डीजीपी, गांधीनगर, गुजरात द्वारा दिया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के भाग के रूप में इस विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता 31 अक्टूबर, 2019 को पीआरएल, अहमदाबाद में भी आयोजित किया गया था।

## आंतरिक शिकायत समिति

पीआरएल लैंगिक समानता, महिला अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध संस्था है। पीआरएल में यौन उत्पीड़न के किसी भी रूप के प्रति एक दृढ़ असहिष्णुता है। पीआरएल का मानना है कि कार्यस्थल पर सुरक्षा की भावना महिलाओं के काम में भागीदारी को बेहतर बनाएगी, जिससे उनका आर्थिक सशक्तिकरण और समावेशी विकास होगा। 2010 में स्थापना के बाद से, पीआरएल आंतरिक शिकायत समिति नियमित अंतराल पर बैठक कर रही है और गतिविधियों की योजना बनाने के साथ-साथ कार्य करने और संवाद करने और यह सुनिश्चित करने के लिए नीति बना रही है कि कार्यस्थल महिलाओं के अनुकूल है।

समिति ने पीआरएल कर्मचारियों के लिए लैंगिक संवेदनशीलता पर कई जागरूकता सेमिनार और वार्ता आयोजित की है। समिति उनकी चिंताओं को समझने के लिए महिला कर्मचारियों के साथ औपचारिक और अनौपचारिक बातचीत सत्र भी आयोजित करती है। हर साल समिति महिला सशक्तीकरण पर व्याख्यान देने के लिए प्रमुख नेतृत्वों को आमंत्रित करके अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाती है और अपनी महिला कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भी वितरित करती है।



पीआरएल और उदयपुर सौर वेधशाला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह 2020

पीआरएल में आंतरिक शिकायत समिति यह सुनिश्चित करती है कि नीति सभी पीआरएल महिला कर्मचारियों को सूचित की जाए और अपने सभी नोटिस बोर्डों पर समर्पित अधिकारियों का विवरण प्रदर्शित किया जाए। पीआरएल वेबसाइट पर आंतरिक शिकायत समिति का एक वेबपेज भी बनाया गया है। आंतरिक शिकायत समिति के सदस्यों को भी समय-समय पर कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर कार्यशालाओं में भाग लेने के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है। 2019-20 के दौरान निम्नलिखित गतिविधियां शुरू की गईं:

- 31 मई 2019 और 25 सितंबर 2019 को, आईसीसी सदस्यों ने आईसीसी ब्रोशर पर चर्चा करने और विचार-विमर्श करने तथा वर्ष के लिए गतिविधियों की योजना बनाने के लिए बैठक की।
- 17 जनवरी 2020 को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के बारे में - नए प्रवेशकों - पुरुषों और महिलाओं दोनों को संवेदनशील बनाने के लिए एक अभिमुखीकरण की व्यवस्था की गई थी। बाहरी आईसीसी सदस्य - श्रीमती इंदु कपूर ने इस क्षेत्र में अपने अनुभव को साझा किया और कार्यस्थल में यौन उत्पीड़न के बारे में सतर्क और जागरूक होने का महत्व दिखाया।
- 8 मार्च 2020 को, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पूरे पीआरएल समुदाय के साथ बड़े उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रो. अनिल भारद्वाज, निदेशक, पीआरएल द्वारा एक स्वागत संभाषण और प्रो. नीहारिका वोरा, IIMA द्वारा एक बहुत ही विचार प्रवण व्याख्यान था।

इनके अलावा, 19-21 सितंबर 2019 के दौरान हैदराबाद में भौतिकी में महिला पर एक कार्यशाला में शामिल होने के लिए श्रीमती प्रज्ञा पांडे को नामित किया गया था। डॉ. शीतल पटेल और डॉ. दिलीप अंगम ने 20-23 जनवरी 2020 के दौरान नई दिल्ली में एनएएचआरडी द्वारा आयोजित कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर एक कार्यशाला में भाग लिया। अप्रैल 2019 से मार्च 2020 की अवधि के लिए, आईसीसी को कोई शिकायत नहीं मिली है।

## आईएएस अधिकारी प्रशिक्षुओं का पीआरएल परिदर्शन

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी से आईएएस के 2019 बैच के अधिकारी प्रशिक्षुओं के शीतकालीन अध्ययन यात्रा का आयोजन स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों (कलेक्टर कार्यालय, अहमदाबाद) के साथ 25/01/2020 के समन्वय में पीआरएल में किया गया था। लगभग 18 उम्मीदवार थे और कलेक्टर कार्यालय अहमदाबाद के कुछ प्रतिनिधियों ने पीआरएल का दौरा किया। कैंपस वॉक के बाद टीम के सदस्यों को निदेशक द्वारा पीआरएल और इसके इतिहास और अतीत के बारे में एक प्रस्तुति दी गई, इसके बाद स्पेस एंड एटमॉस्फेरिक साइंस डिवीजन और प्लैनेटरी साइंस डिवीजन में लैब विजिट की गई। रजिस्ट्रार पीआरएल और डीन पीआरएल और अन्य पीआरएल सदस्य यात्रा के दौरान उपस्थित थे।



आईएएस अधिकारी प्रशिक्षुओं का पीआरएल दौरा

## पीआरएल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, शारीरिक अनुसंधान प्रयोगशाला में एक "योग" सत्र, 21 जून, 2019 को 07:00 बजे पीआरएल मुख्य परिसर, उदयपुर परिसर और माउंट आबू परिसर में आयोजित किया गया था। सत्र में लगभग 100 प्रतिभागी थे और सभी ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया था। योग सत्र के लिए एक प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक को आमंत्रित किया गया था। इस सत्र में रजिस्ट्रार, श्री चावली वी.आर.जी. दीक्षितुलु ने भाग लिया, जिन्होंने हमारे दैनिक जीवन में नियमित रूप से योग में सक्रिय रूप से भाग लेने और अभ्यास करने के लिए सभी स्टाफ सदस्यों और रिसर्च छात्रों को प्रोत्साहित और प्रेरित किया और उनकी उपस्थिति से इस कार्यक्रम को आलोकित किया।



पीआरएल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह, 21 जून 2019

### पीआरएल में अम्बेडकर जयंती समारोह

डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की 128 वीं जयंती 14 अप्रैल, 2019 को भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला में मनाई गई। यह कार्यक्रम बाबासाहेब के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और पुष्प अर्पित करने के साथ शुरू हुआ।

पीआरएल के निदेशक डॉ. अनिल भारद्वाज ने वर्तमान भारत को आकार देने की दिशा में बाबासाहेब के महत्वपूर्ण योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि जब तक हमारे देश के गाँवों और दूर-दराज के हिस्सों में लोगों के जीवन में सुधार नहीं होगा, तब तक हमारे पूर्वजों की दूरदृष्टि वास्तविक नहीं हो सकती है। समानता और शिक्षा के प्रति हमारे सामाजिक परिवर्तन ही भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर के विचारों को वास्तविक श्रद्धांजलि होगी।



अम्बेडकर जयंती समारोह, 14 अप्रैल, 2019

इस आयोजन में श्री चावली वी.आर.जी. दीक्षितुलु, रजिस्ट्रार, पीआरएल और प्रोफेसर डॉ. अंगम दिलीपकुमार सिंह, संपर्क अधिकारी पीआरएल ने भाग लिया। इसके अलावा, पीआरएल के कुछ संकाय सदस्यों और अधिकारियों ने उत्साह से भाग लिया।

### 31/03/2020 को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कार्मिकों की स्थिति

| केंद्र/ यूनिट | कर्मचारियों की कुल संख्या 2019-20 | अनुसूचित जाति कर्मचारियों की संख्या | अनुसूचित जनजाति कर्मचारियों की संख्या | अन्य पिछड़ा वर्ग के कर्मचारियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| पीआरएल | 269 | 12 | 04 | 47 |

### 31/03/2020 को दिव्यांग व्यक्तियों की स्थिति

| केंद्र/ यूनिट | कर्मचारियों की कुल संख्या | दिव्यांग व्यक्तियों की कुल संख्या | दिव्यांग व्यक्तियों का वर्गीकरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मूक एवं बधिर | दृष्टिहीन | आंशिक दृष्टिहीन | ऑर्थोपेडिक रूप से विकलांग |
| पीआरएल | 269 | 5 | 1 | 0 | 0 | 4 |

उपरोक्त कार्यक्रमों के अलावा, पीआरएल नियमित रूप से स्वच्छता पखवाड़ा (फरवरी के पहले पखवाड़े के दौरान), आतंकवाद-विरोधी दिवस (19 मई), सद्भावना दिवस (18 अगस्त) और, राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर) के अवसर पर सामूहिक शपथ ग्रहण (डिजिटल और व्यक्तिशः रूप में) की व्यवस्था करता है। 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर भारत के संविधान की 'उद्देशिका' को पढ़ा जाता है। पीआरएल स्टाफ, उनके परिवार के सदस्यों और सीआईएसएफ की उपस्थिति में स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस का समारोह बड़े हर्ष और देशभक्ति की भावना से मनाया जाता है। 10-15 अप्रैल - अग्नि सेवा सप्ताह के दौरान, अग्नि सुरक्षा के विषय में जागरूकता फैलाने के लिए एक सत्र का आयोजन किया गया था। आग लगने की घटनाओं के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर जागरूकता व्याख्यान और प्रदर्शन का आयोजन किया गया था।

# क्षमता निर्माण कार्यक्रम

## रेस्पॉड कार्यक्रम

भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) रेस्पॉड कार्यक्रम का प्रबंधन करता है, जो अंतरिक्ष विज्ञान, अर्थात खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी, खगोल रसायन, पृथ्वी के वायुमंडल/आयनमंडल के भौतिकी, सौर भौतिकी, अंतरिक्ष मौसम, अंतरिक्ष प्लाज्मा भौतिकी से संबंधित अनुसंधान और विकास गतिविधियों के संचालन के लिए भारत में शिक्षा शिक्षा के लिए धनराशि प्रदान करता है। रेस्पॉड कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए प्रासंगिकता के क्षेत्रों में गुणवत्ता अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है।

पीआरएल में रेस्पॉड कार्यक्रम मुख्य रूप से 3 साल की अवधि की परियोजनाओं के लिए विश्वविद्यालय, कॉलेज और राष्ट्रीय संस्थानों में अंतरिक्ष विज्ञान अनुसंधान का समर्थन करता है। पीआरएल में रेस्पॉड कार्यक्रम के मुख्य निष्पादन योग्य हैं पीएच.डी. शोध, अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय रेफरी पत्रिकाओं में शोध प्रकाशन और जनबल प्रशिक्षण हैं। प्रस्तावकों को कम्प्यूटेशनल सुविधाएं बढ़ाने के लिए अनुदान का अनुरोध करने का अवसर भी मिलता है। कभी-कभी विश्वविद्यालय या मेजबान संस्थान में अनुसंधान के लिए प्रयोगात्मक सुविधा स्थापित करने के लिए रेस्पॉड के माध्यम से धन का उपयोग किया जाता है। पीआरएल के रेस्पॉड कार्यक्रम के तहत चलाए जाने वाले कुछ परियोजनाओं का उद्देश्य अंतरिक्ष भौतिकी, खगोल भौतिकी और पृथ्वी विज्ञान में विभिन्न वैज्ञानिक समस्याओं के लिए सैद्धांतिक मॉडलिंग सहायता प्रदान करना है। डी. चक्रवर्ती, अंतरिक्ष और वायुमंडलीय विज्ञान प्रभाग, इसरो-रेस्पॉड परियोजना के लिए मुख्य बिंदु के रूप में नियुक्त थे।

2019-2020 के दौरान, रेस्पॉड कार्यक्रम के माध्यम से संभावित फंडिंग के लिए लगभग 20 परियोजना प्रस्ताव पीआरएल को प्रस्तुत किए गए थे, जिनमें से 14 मूल्यांकन और अनुशंसा की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में हैं, 3 खारिज कर दिए गए थे और 3 अन्य इसरो केंद्रों पर मूल्यांकन के लिए पुनर्निर्देशित किए गए थे। इसरो-स्पेस टेक्नोलॉजी सेल (एसटीसी) प्रस्ताव के रूप में एक परियोजना को मंजूरी दी गई थी। पहले से स्वीकृत और वर्तमान में चल रहे प्रस्तावों की संख्या 21 है। इनमें विभिन्न विश्वविद्यालयों और राष्ट्रीय संस्थानों दोनों के प्रस्ताव शामिल हैं।

## अंतरिक्ष मौसम पर लघु पाठ्यक्रम

अंतरिक्ष मौसम पृथ्वी पर जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और आधुनिक समाज के लगभग सभी पहलुओं को प्रभावित करता है। अंतरिक्ष मौसम की स्पष्ट समझ आधुनिक सभ्यता के लिए एक आवश्यकता बन गया है। इस दृष्टि से, सेंटर फॉर स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी एजुकेशन इन एशिया एंड पेसिफिक रीजन (CSSTEAP) ने भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) अहमदाबाद में 4 नवंबर, 2019 के दौरान एशिया - प्रशांत क्षेत्र के प्रतिभागियों के लिए " अंतरिक्ष मौसम " पर एक लघु पाठ्यक्रम आयोजित किया। 12 देशों के सत्ताईस सदस्यों ने पाठ्यक्रम में भाग लिया। पीआरएल के विशेषज्ञ संकाय द्वारा अंतरिक्ष मौसम के सौर स्रोतों पर, हेलिओस्फीयर के माध्यम से विद्युत चुम्बकीय और आवेशित कण का प्रसार, अंतरिक्ष मौसम पर पृथ्वी के मैग्नेटोस्फीयर, आयनोस्फीयर और थर्मोस्फीयर का प्रभाव, मध्य वायुमंडलीय प्रक्रियाओं पर सौर प्रतिक्रिया, उदयपुर सौर वेधशाला या यूएसओ में वैश्विक दौलन नेटवर्क समूह (GONG) के इलेक्ट्रॉनिक और संचार प्रणालियों पर अंतरिक्ष मौसम के प्रभाव पर कुल 25 व्याख्यान दिए गए।




अंतरिक्ष मौसम पर लघु पाठ्यक्रम

प्रतिभागियों को GONG उपकरण के काम करने और GONG से डेटा उत्पादों के बारे में जानकारी मिली। यूएसओ की यात्रा फतेहसागर झील में द्वीप पर स्थापित सूरज की फोटोस्फेरिक और क्रोमोस्फेरिक परतों के प्रेक्षण के लिए बहु-अनुप्रयोग सौर टेलीस्कोप MAST को देखते हुए समाप्त हुई। मुख्य टेलीस्कोप और इमेजिंग उपकरणों के कार्य सिद्धांत और डिजाइन को छात्रों को समझाया गया था। अनुकूली प्रकाशिकी प्रणाली, जिसे इन-हाउस विकसित किया गया, वायुमंडलीय अवलोकन की क्षतिपूर्ति के लिए भी दिखाया और समझाया गया। सिद्धांत की बेहतर समझ के लिए,कोरोनल मास इजेक्शन की गति के मापन , सनस्पॉट्स की माप (संख्या, क्षेत्र और रोटेशन),जियोमैग्नेटिक क्षेत्र का मापन, आयनमंडल के रेडियो साउंडिंग, टीईसी और स्फूरण पर व्यावहारिक सत्र थे। जीपीएस का उपयोग करना, और अंतरिक्ष मौसम की घटनाओं के ऑप्टिकल प्रचिह्नों के अध्ययन करने के लिए, उन्होंने यूएसओ में ई-कॉलिस्टो साइट का भी दौरा किया। कैलिस्टो का मतलब कंपाउंड एस्ट्रोनॉमिकल लो फ्रिक्वेंसी लो कॉस्ट इंस्ट्रूमेंट फॉर स्पेक्ट्रोस्कोपी एंड ट्रांसपोर्टेबल ऑब्जरवेटरी है। ई-कैलिस्टो प्रणाली सौर निगरानी के लिए गतिविधि और अंतरिक्ष मौसम अनुसंधान के लिए

एक मूल्यवान नया उपकरण है। ई-कॉलस्टो का उपयोग खगोलीय विज्ञान के लिए सौर रेडियो विस्फोट और रेडियो आवृत्ति हस्तक्षेप की प्रेक्षण के लिए किया जाता है। माउंट आबू ऑब्जर्वेटरी में, छात्रों ने 1.2 मीटर दूरबीन और उसके बैक-एंड इंस्ट्रूमेंटेशन कामकाज के बारे में विस्तार से सीखा। उन्होंने दूरबीन के माध्यम से शनि के वलयों का अवलोकन किया। कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, प्रतिभागियों को छोटे वैज्ञानिक दौरे के लिए उदयपुर और माउंट आबू ले जाया गया था। लघु पाठ्यक्रम 27 नवंबर को रंगारंग समारोह के साथ समाप्त हुआ था।प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया बहुत सकारात्मक थी।

## संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रम

"वैज्ञानिक सैटेलाइट मिशन: पेलोड परिभाषा, विकास और डेटा उपयोग पर इसरो-स्ट्रक्चरल ट्रेनिंग प्रोग्राम (ISRO-STP) -2020" 22-28 जनवरी, 2020 के दौरान आयोजित किया गया था। सैक और पीआरएल द्वारा संयुक्त रूप से एसटीपी का आयोजन किया गया था और पीआरएल के लिए दो दिनों के कार्यक्रम की योजना बनाई गई थी और सफलतापूर्वक पूरा किया गया था। यहां पीआरएल मुख्य परिसर में तीन प्रयोगशालाओं; नेनो-सिम्स प्रयोगशाला, ऑप्टिकल एरोनॉमी प्रयोगशाला और VOC प्रयोगशाला और PRL थलतेज परिसर में चार प्रयोगशालाएँ; SIMPLEX प्रयोगशाला, ग्रहीय रिमोट सेंसिंग प्रयोगशाला, पेलोड प्रयोगशाला और धूल विज्ञान प्रयोगशाला का सफलतापूर्वक दौरा किया गया था। 25-26 जनवरी, 2020 के दौरान सभी एसटीपी प्रतिभागियों के लिए पीआरएल की माउंट आबू वेधशाला के लिए एक वैज्ञानिक यात्रा आयोजित की गई थी। माउंट आबू वेधशाला यात्रा के दौरान प्रतिभागियों को इन सुविधाओं का उपयोग करके प्राप्त अवलोकन संबंधी सुविधाओं और महत्वपूर्ण वैज्ञानिक परिणामों के बारे में जानकारी दी गई। दूरबीन के माध्यम से आकाश अवलोकन पर एक व्यावहारिक सत्र सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था। पीआरएल में एक घंटे का निम्न प्रत्येक व्याख्यान आयोजित किए गए।

1. ग्रहीय विज्ञान मिशन: वर्तमान और भविष्य डॉ. अनिल भारद्वाज,पीआरएल
2. एरोनॉमी मिशन, डॉ. पल्लम राजू, पीआरएल
3. ग्रहीय वातावरण, आयनमंडल और बाह्यमण्डल, डॉ. वरुण शील, पीआरएल
4. ग्रहीय रिमोट सेंसिंग: इमेजिंग और स्पेक्ट्रोस्कोपी, डॉ. नीरज श्रीवास्तव और डॉ. मेघा भट्ट, पीआरएल
5. स्वस्थाने ग्रहीय अन्वेषण: उपकरण और विज्ञान, डॉ. एम. शण्मुगम और डॉ. अमित बासु, पीआरएल
6. भविष्य के सौर मिशन, डॉ. जी. डेल ज़न्ना, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय, यूके
7. भविष्य के खगोल विज्ञान मिशन, डॉ. पी. श्रीकुमार

## इंडक्शन ट्रेनिंग 2020

प्रशिक्षण से तात्पर्य किसी संगठन के सदस्यों के ज्ञान, कौशल, क्षमताओं को प्राप्त करने और उन्हें लागू करने में मदद करने के प्राथमिक उद्देश्य के लिए किए गए सीखने और विकास गतिविधियों से है, और सही दृष्टिकोण विकसित करना है, जिसकी आवश्यकता विभिन्न कार्य को निष्पादित करने में है।



इंडक्शन ट्रेनिंग 2020

पीआरएल प्रशासन समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम की योजना बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस संबंध में, अहमदाबाद के पीआरएल, नैनो सिम्स हॉल में 09/01/2020 को एक अर्द्ध दिवस ओरिएंटेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया था। ओरिएंटेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम श्री रथिन सेनगुप्ता और श्री प्रदीप के. शर्मा द्वारा शुरू किया गया था ताकि प्रतिभागियों को पीआरएल/अं.वि. के कामकाज के नियमों और विनियमों के बारे में जागरूक किया जा सके और उन्हें संस्थान के काम के माहौल के आदी बनाया जा सके। प्रतिभागी नव नियुक्त सहायक, प्रशिक्षु सहायक और कार्यालय प्रशिक्षु थे, जिन्हें पीआरएल के विभिन्न प्रभागों/क्षेत्रों में तैनात किया गया था।

सत्र की शुरुआत सभी सदस्यों के परिचय के साथ हुई। इसमें श्री प्रदीप के. शर्मा द्वारा अं.वि. एवं पीआरएल के परिचय, सरकार की मशीनरी जैसे विषय शामिल थे। कंप्यूटर पर सत्र और श्री गिरीश डी. पडिया और टीम द्वारा COWAA/COINS का परिचय, श्री रथिन सेनगुप्ता द्वारा संचार कौशल और प्रेरणा पर सत्र, श्रीमती नंदिनी आर. राव और श्री सुनील डी. हंसराजानी द्वारा सत्र, श्री सुरेश बाबू द्वारा लेखा पर सत्र और श्री आनंद डी. मेहता द्वारा तनाव प्रबंधन पर समापन सत्र थे। प्रशिक्षण को सभी ने खूब सराहा और चर्चा शुरू हो गए। यह नए नियुक्त को काम पर न केवल उनकी दक्षता और प्रभावशीलता में सुधार करने में मदद करेगा, बल्कि उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद करेगा और सभी को आत्म-प्रबंधन में सहायता करेगा।

## पीआरएल स्टाफ का प्रशिक्षण

क्षमता निर्माण प्रयासों के एक भाग के रूप में, पीआरएल से समय-समय पर विभिन्न प्रशिक्षणों/कार्यशालाओं के लिए स्टाफ सदस्यों (वैज्ञानिक, तकनीकी और प्रशासनिक) को भेजा जाता है। वितीय वर्ष 2019-2020 के लिए विभिन्न प्रशिक्षण/कार्यशालाओं में भाग लेने वाले सदस्यों का सारांश निम्नानुसार है।

## वैज्ञानिक और तकनीकी स्टाफ प्रशिक्षण विवरण

1. दिव्यांग बी. अड्यलकर, फर्स्ट एड ट्रेनिंग, एएमए, अहमदाबाद, 27 अप्रैल, 2019
2. मनीषा डी. पटेल, फर्स्ट एड ट्रेनिंग, एएमए, अहमदाबाद, 27 अप्रैल, 2019
3. लोकेश कुमार साहू, "रिमोट सेंसिंग और जीआईएस एप्लीकेशन में नई प्रवृत्तियां" पर एसटीपी कोर्स, सीएसटीपी इसरो, IIRS, देहरादून, 28-31 मई, 2019
4. राजीव रंजन भारती, रिमोट सेंसिंग और जीआईएस एप्लीकेशन में नई प्रवृत्तियां" पर एसटीपी कोर्स, 28-31 मई, 2019

5. तेजस एन. सरवैय्या, साइबर सिक्योरिटी फ़ॉर डिजिटल इंडिया, ईएससीआई कैंपस, हैदराबाद, 14-15 जून, 2019
6. पड़िया गिरीषकुमार डी., साइबर सिक्योरिटी फॉर डिजिटल इंडिया, 14-15 जून, 2019
7. शशांक उरमलिया, समग्र सामग्री प्रौद्योगिकी और अनुप्रयोग, ISIE/ATIRA, अहमदाबाद, 15 जून, 2019
8. प्रज्ञा पांडे, 1. ग्रंथ सूची और शोध आउटपुट विश्लेषण, इनफ्लिबनेट, गांधीनगर, 22-27 अक्टूबर, 2019
9. ऋषितोष कुमार सिन्हा, रिमोट सेंसिंग और भौगोलिक सूचना प्रणाली के अनुप्रयोग, IIRS, ISRO, देहरादून, 26-30 अगस्त, 2019
10. करणम दुर्गा प्रसाद, मिशन डिजाइन सिमुलेशन एवं ऑपरेशन चुनौतियों पर एसटीपी, ISRO अतिथि गृह, देवनहल्ली, 24-30 अगस्त, 2019
11. प्रज्ञा पांडे, प्रेस फॉर प्रोग्रेस -2019, हैदराबाद विश्वविद्यालय, 19-21 सितंबर, 2019
12. सौरिता साहा, चौथी Isse नेशनल कॉन्फ्रेंस -2019, सैक, अहमदाबाद, 26-27 सितंबर, 2019
13. पार्थ कोणार, DTDI द्वारा पहल की गई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI)/मशीन लर्निंग, ISRO HQ, बैंगलोर, 04-09 नवंबर, 2019
14. आकाश गांगुली, DTDI पहल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) / मशीन लर्निंग, 04-09 नवंबर, 2019
15. बिजया कुमार साहू, ट्रेनिंग टू एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ़ इंडिया, हैदराबाद, ASCI, हैदराबाद, 25 नवंबर - 07 दिसंबर, 2019
16. सृष्टि शर्मा, इंटरनेट ऑन थिंग्स, ईएससीआई, हैदराबाद, 18-22 नवंबर, 2019
17. बैरेड्डी रम्या, इंटरनेट ऑन थिंग्स, ईएससीआई, हैदराबाद, 18-22 नवंबर, 2019
18. भूषित जी. वैष्णव, बौद्धिक संपदा प्रबंधन, RGNIIPM, नागपुर, 25-27 नवंबर, 2019
19. मनन शाह, बौद्धिक संपदा प्रबंधन, RGNIIPM, नागपुर, 25-27 नवंबर, 2019
20. वीरेश सिंह, भारत में भूगर्भीय अनुप्रयोग के लिए बहुत लंबी बेसलाइन इंटरफेरोमेट्री तकनीक, आईआईटी, कानपुर, 03-04 मार्च, 2020
21. अमित बासु सर्बाधिकारी, संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रम, सैक, अहमदाबाद, 22-28 जनवरी, 2020
22. एस विजयन, संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रम, सैक, अहमदाबाद, 22-28 जनवरी, 2020
23. संजय कुमार मिश्रा, संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रम, एसएसी, अहमदाबाद, 22-28 जनवरी, 2020
24. पड़िया गिरीषकुमार डी., डिजिटल प्रौद्योगिकी और नवाचारों पर 25वीं नवाचार सम्मेलन, एएमए, अहमदाबाद, 18 जनवरी, 2020
25. राहुल शर्मा, डिजिटल प्रौद्योगिकी और नवाचारों पर 25वीं नवाचार सम्मेलन, एएमए, अहमदाबाद, 18 जनवरी, 2020
26. सौरिता साहा, वर्कशॉप ऑन जिओपॉर्टल, देवनहल्ली गेस्ट हाउस, बैंगलोर, 18 मार्च, 2020

**प्रशासनिक कर्मचारी प्रशिक्षण विवरण**

1. हितेश चंदूलाल पांचाल, नोटिंग और ड्राफ्टिंग पर तीन दिवसीय कार्यशाला, ISTM, नई दिल्ली, 01-03-अप्रैल, 2019
2. हर्षा परमार, नोटिंग और ड्राफ्टिंग पर तीन दिवसीय कार्यशाला, ISTM, नई दिल्ली, 01-03-अप्रैल, 2019
3. बी. ऐनी मटिल्डा, संविदा प्रबंधन, एएमए, अहमदाबाद, 24 अप्रैल, 2019
4. मंटू मेहर, संविदा प्रबंधन, एएमए, अहमदाबाद, 24 अप्रैल, 2019
5. अमी कार्तिक पटेल, गुड्स एंड सर्विस टैक्स प्रोविजन्स, एएमए, अहमदाबाद, 26 अप्रैल, 2019
6. इशिता पी. शाह, गुड्स एंड सर्विस टैक्स प्रोविजन्स, एएमए, अहमदाबाद, 26 अप्रैल, 2019
7. अंशुप्रिया बत्रा, गुड्स एंड सर्विस टैक्स प्रोविजन्स, एएमए, अहमदाबाद, 26 अप्रैल, 2019
8. इशिता प्रवीणचंद्र शाह, पब्लिक प्रोक्योरमेंट, NIFM, फरीदाबाद, 27 मई - 01 जून, 2019
9. मनीषा मिश्रा, पब्लिक प्रोक्योरमेंट, NIFM, फरीदाबाद, 27 मई - 01 जून, 2019
10. नंदिनी रवि राव, पब्लिक प्रोक्योरमेंट, NIFM, फरीदाबाद, 08-13 जून, 2019
11. पारुल माकिम, पब्लिक प्रोक्योरमेंट, NIFM, फरीदाबाद, 08-13 जून, 2019
12. सुरेश बाबू ए, प्रोक्योरमेंट (प्रक्रिया, निविदाएं, बोलियां) एवं संविदा प्रबंधन, IICA, बैंगलोर, 11-14 जून, 2019
13. प्रभाबेन टी. चौहान, प्रभावी कार्यालय प्रबंधन, एएमए, अहमदाबाद, 24 जून- 12 जुलाई, 2019
14. वुड्डतला नरेश, DDO/HOO के लिए सरकार में वित्तीय प्रबंधन, ISTM, नई दिल्ली, 01-05 जुलाई, 2019
15. दीपक जे. पांचाल, प्रभावी कार्यालय प्रबंधन, एएमए, अहमदाबाद, 24 जून- 12 जुलाई, 2019
16. नंदिनी रवि राव, GeM और GFR 2017, NIFM, फरीदाबाद, 15-16 जुलाई, 2019
17. प्रदीप सिंह चौहान, एमडीपी ऑन एक्सपोर्ट एंड इंपोर्ट मैनेजमेंट, आईआईएफटी, नई दिल्ली, 17-19 जुलाई, 2019
18. सेंथिल बाबू टी.जे., ई-ऑफिस, आईएसटीएम, नई दिल्ली, 05-06 अगस्त, 2019
19. कुंतार भगीरथकुमार के., नोटिंग और ड्राफ्टिंग, ISTM, नई दिल्ली, 05-07 अगस्त, 2019
20. टी.एस. नीतू, पब्लिक प्रोक्योरमेंट, एनआईएफएम, फरीदाबाद, 26-31 अगस्त, 2019
21. मणियार रज़ा अहमद एम., पब्लिक प्रोक्योरमेंट, एनआईएफएम, फरीदाबाद, 26-31 अगस्त, 2019
22. मंटू मेहर, पब्लिक प्रोक्योरमेंट, एनआईएफएम, फरीदाबाद, 26-31 अगस्त, 2019
23. देबी प्रसाद प्रधान, नोटिंग एवं ड्राफ्टिंग, ISTM, नई दिल्ली, 02-04 सितंबर, 2019
24. कार्तिक एम. पटेल, नोटिंग एवं ड्राफ्टिंग, ISTM, नई दिल्ली, 02-04 सितंबर, 2019
25. के.के. शशिकुमार, संसदीय प्रक्रिया, PARI, लाइट्स, नई दिल्ली, 13-14 सितंबर, 2019

26. सुरेश एच. पटेल, वर्कशॉप ऑन इनकम टैक्स, ISTM, नई दिल्ली, 10-11 अक्टूबर, 2019
27. हितेश सी. पांचाल, वर्कशॉप ऑन इनकम टैक्स, ISTM, नई दिल्ली, 10-11 अक्टूबर, 2019
28. दीपक जे. पांचाल, रिकॉर्ड प्रबंधन, ISTM, नई दिल्ली, 16-18 दिसंबर, 2019
29. आशीष जी. सवड़कर, आरटीआई पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, वीएसएससी, तिरुवनंतपुरम, 19-20 दिसंबर, 2019
30. आनंद दिनेश मेहता, अनुशासनात्मक मामलों में मसौदा तैयार करने पर ओरिएंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम, ISTM, नई दिल्ली, 06-07 जनवरी, 2020
31. चावली वी. दीक्षितुलु, वरिष्ठ एक्जीक्यूटिव के लिए 34वीं वार्षिक कार्यक्रम "भारत का वादा- वैश्विक नेता बनने की क्षमता को पूरा करना", NIAS, बेंगलुरु, 06-11 जनवरी, 2020
32. सुरेश बाबू ए., वर्कशॉप ऑन ई-प्रोक्योरमेंट, एचआरडीडी, वीएसएससी, तिरुवनंतपुरम, 21-23 जनवरी, 2020
33. के.के. शशिकुमार, वर्कशॉप ऑन ई-प्रोक्योरमेंट, एचआरडीडी, वीएसएससी, तिरुवनंतपुरम, 21-23 जनवरी, 2020
34. नंदिनी रवि राव, ई-प्रोक्योरमेंट पर कार्यशाला, एचआरडीडी, वीएसएससी, तिरुवनंतपुरम, 21-23 जनवरी, 2020
35. राहुल शर्मा, वर्कशॉप ऑन ई-प्रोक्योरमेंट, एचआरडीडी, वीएसएससी, तिरुवनंतपुरम, 21-23 जनवरी, 2020
36. प्रीति के. पोद्दार, नोटिंग एवं ड्राफ्टिंग, ISTM, नई दिल्ली, 02-04 फरवरी, 2020
37. केयूर पंचासरा, नोटिंग एवं ड्राफ्टिंग, ISTM, नई दिल्ली, 02-04 फरवरी, 2020
38. रुमकी दत्ता, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अंतरिक्ष विभाग/इसरो महिला कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन, इस्ट्रैक, बैंगलोर, 20 मार्च, 2020

**पीआरएल में डिजिटल पहल**

विभाग की नीति के अनुसार पीआरएल ने कार्यालय एवं प्रशासनिक क्षेत्रों का डिजिटलीकरण प्रारंभ कर दिया है। यह कार्य यू.आर.एस.सी. बेंगलुरु के सहयोग से इन-हाउस सॉफ्टवेयर एवं संदेश के विकास से प्रारंभ हुआ है।

कॉइन्स - दिनांक 01.04.2019 से एम.आई.एस. कार्यो के लिए वित्त एवं लेखा मॉड्यूल की शुरूआत।

पी.एफ.एम.एस.-इ.ए.टी मॉड्यूल- भारत सरकार अंतरिक्ष विभाग के निर्देशानुसार भुगतान के लिए यह उपयोग किया जा रहा है।

संदेश- यू.आर.एस.सी. बेंगलुरु द्वारा विकसीत एक डैश बोर्ड एम.आई.एस. उपकरण, जिसे पीआरएल में सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया गया है।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों से संपर्क एवं सूचना प्रसारण के लिए एक पेंशन पोर्टल का विमोचन किया गया है। इस वेब इंटरफेस द्वारा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की भी सुविधा है।

रसिदों के लिए पी.ओ.एस. मशीन। नकद खरीदी/इंप्रेस्ट के लिए दिशानिर्देशों के अनुसार कैश कार्ड कि शुरुआत की गई है।

पीआरएल प्रबंध परिषद ने सराहना की है एवं पीआरएल के पहलों की प्रशंसा की है।

# पी.आर.एल. में राजभाषा का प्रचार

## राजभाषा के प्रचार-प्रसार के लिए गतिविधियाँ

- 5 अप्रैल 2019 को पीआरएल में वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति: प्रो. विक्रम साराभाई की दूरदृष्टि विषय पर हिंदी तकनीकी सेमिनार का आयोजन किया गया था जिसमें लगभग 28 वैज्ञानिक लेख प्रस्तुत किए गए थे। इस वर्ष पहली बार पोस्टर प्रस्तुति भी रखी गई थी जिसमें लगभग 12 पोस्टर प्रस्तुत किए गए थे। उसके लिए विशेष प्रश्नोत्तरी सत्र था जिसमें वैज्ञानिक अपने पोस्टर के विषय में लोगों द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हैं। साथ ही पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से अन्य वैज्ञानिक लेखों को संबंधित लेखकों द्वारा प्रस्तुत किया गया। सभी वैज्ञानिक लेख अंतरिक्ष विभाग से संबंधित विषयों के अंतर्गत पीआरएल में वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति पर आधारित थे। राजभाषा के सत्र में भी एक विशेष आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन किया गया था। इस व्याख्यान का विषय संसदीय राजभाषा समिति एवं उनके अवलोकनों के बारे में था।




हिंदी तकनीकी सेमिनार के दौरान गणमान्य एवं प्रतिभागीगण

- वर्ष 2019-20 डॉ. विक्रम साराभाई जन शताब्दी वर्ष होने के कारण बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस वर्ष की हिंदी पखवाड़ा डॉ. साराभाई को समर्पित है। इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के साथ-साथ डॉ. विक्रम साराभाई का एक संस्मरण सत्र रखा गया था जिसमें, उनके सहयोगियों एवं सहकर्मियों में उनके साथ काम करने का अपना अनुभव साझा किया एवं उनकी जीवनी का भी विमोचन किया गया। इस संस्मरण सत्र के दौरान उनके व्यक्तित्व एवं कार्य पद्धति के विषय में काफी कुछ सूचनापरक तथ्य जानने को मिला। उनके साथियों एवं कर्मियों ने उनके आत्मीय व्यवहार के बारे में विशेष उल्लेख किया।




हिंदी पखवाड़ा के विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियां

पखवाड़े के दौरान निबंध प्रतियोगिता में डॉ. साराभाई की दूरदृष्टि पर निबंध लेखन का विषय रखा गया था जिसमें लगभग 35 सदस्यों ने प्रतिभागिता की। फिर एक और प्रतियोगिता जिसमें डॉ. साराभाई से संबंधित प्रश्नोत्तरी रखा गया था और लगभग 50 लोगों ने प्रतिभागिता की। साथ ही मनोरंजन से भरपूर सामान्य प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी था जिसमें लोगों ने समूह बनाकर भाग लिया इसमें कई सारे चक्र थे एवं एलिमिनेशन राउंड भी था। वैज्ञानिक क्षेत्र के लिए एक विशेष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसका नाम था हमारा कार्य इसमें विभिन्न वैज्ञानिक क्षेत्रों ने अपने प्रभाग में हो रहे कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया, एवं यह विवरण पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से प्रस्तुत किया गया था तो बहुत ही रोचक एवं दर्शनाकर्षक था। चूंकि पी.आर.एल. वैज्ञानिक संस्थान है, अतः वैज्ञानिक कार्यों के प्रचार-प्रसार एवं वर्तमान वैज्ञानिक गतिविधियों की जानकारी प्रदान करने हेतु विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को भी इस कार्यक्रम के दौरान आमंत्रित किया जाता है। पूरे कारयक्रम के दौरान प्रस्तुत किए गए वैज्ञानिक गतिविधियों को ये विद्यार्थी ध्यानपूर्वक देखते हैं एवं प्रश्न पूछते हैं। सर्वश्रेष्ठ पांच प्रश्नों को पुरस्कृत किया जाता है। आशुभाषण की प्रतियोगिता में भी लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं कई सारे समसामयिक विषयों पर लोगों को बोलने दिया गया था एवं उनके तथ्यों के आधार पर विजेताओं का विचार किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता में लोगों ने एक विशेष विषय पर पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार रखे। पखवाड़े के अधिकांश कार्यक्रमों में हिंदी एवं हिंदीतर वर्ग

में पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। कविता पाठ प्रतियोगिता बहुत ही मनोरम कार्यक्रम होता है जिसमें लोग स्वरचित कविता एवं गीत लेकर उपस्थित होते हैं एवं उसे दर्शकों के सामने रखते हैं। इसमें सदस्य अपनी सृजनी एवं कल्पनाशक्ति का अद्भुत मेलबंधन प्रस्तुत करते हैं जो हृदयस्पर्शी होते हैं। निर्णायकों द्वारा सबसे मनमोहक कविता गीत को पुरस्कृत किया जाता है इस कविता पाठ प्रतियोगिता में परिवार के सदस्य भी अपनी कृतियां प्रस्तुत करते हैं।

- हिंदी पत्रिका “विक्रम” जन्मशताब्दी विशेषांक का विमोचन 11 नवंबर 2019 को भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला के स्थापना दिवस के अवसर पर किया गया जिसमें कई वरिष्ठ पीआरएल वैज्ञानिक एवं साराभाई परिवार के सदस्य उपस्थित थे। यह बहुत ही गौरव का क्षण था।



हिंदी पत्रिका “विक्रम” जन्मशताब्दी विशेषांक का विमोचन

- इसके अलावा प्रत्येक तिमाही में हिंदी में काम करने की दृष्टि से उपयोगी विभिन्न विषयों पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों के सदस्यों को बारी बारी से नामांकित किया गया। एक विशेष कार्यशाला वैज्ञानिक लेखन के संबंध में भी आयोजित की गई थी ताकि लोग हिंदी में मौलिक पुस्तक लेखन के विषय में जागरूक एवं पुस्तक लिखने की विधि से भी अवगत हो।

- हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित विभागीय निरीक्षण के लिए एस.सी.एल. के नियंत्रक ने 19.11.2019 को पीआरएल का दौरा किया।

- अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, अहमदाबाद द्वारा 26.11.2019 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन स्तर पर हिंदी स्मरण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें पी.आर.एल. के दो सदस्यों - श्रीमती स्नेहा नायर - प्रोत्साहन पुरस्कार (भाषा वर्ग - ग क्षेत्र) एवं सुश्री अमरजस सेखों - प्रथम पुरस्कार (भाषा वर्ग - ख क्षेत्र) ने पुरस्कार प्राप्त किए।

- 10 जनवरी 2020 को विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर “हिंदी के प्रचार-प्रसार में दूरदर्शन की भूमिका” पर व्याख्यान का आयोजन किया गया था जिसमें श्री कमलेंद्र सरभाई, उपमहानिदेशक, दूरदर्शन ने उक्त विषय पर प्रस्तुति दिया।



विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर आमंत्रित अतिथि वक्ता को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए निदशक, पीआरएल

- पीआरएल में नियमित रूप से प्रत्येक तिमाही में राजभाषा नियमों के अनुसार राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक की जाती है जिसकी अध्यक्षता निदेशक महोदय द्वारा की जाती है। इन सभी बैठकों में हिंदी से संबंधित एवं इसके कार्यान्वयन में उपयोगी नीतिगत निर्णय लिए जाते हैं एवं बारी बारी से पूरे कार्यालय में हिंदी के प्रयोग के विषय में प्रगति का जायजा लिया जाता है।

  प्रत्येक वर्ष नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ओर से विभिन्न प्रोत्साहनलक्षी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इसी श्रृंखला में भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद की ओर से नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति स्तर पर दिनांक 18.06.2019 को हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसका विषय था - ”मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल - उपचार या व्यवसाय”

  अहमदाबाद के विभिन्न केंद्रीय सरकारी कार्यालयों से 51 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं।

  हिंदी निबंध प्रतियोगिता के पुरस्कार विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं-

  1. श्री धर्मेंद्र पासी, केंद्रीय भंडारण निगम, प्रथम पुरस्कार
  2. सुश्री अल्का, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, द्वितीय पुरस्कार
  3. श्री कार्तिक पाटड़िया,केंद्रीय भंडारण निगम, तृतीय पुरस्कार
  4. श्री वैभव दीक्षित, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, प्रोत्साहन पुरस्कार
  5. श्री अपूर्व प्रजापति, अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, प्रोत्साहन पुरस्कार

# सुविधाएं एवं सेवाएं

## कम्प्यूटेशनल सेवा समूह

कम्प्यूटेशनल सर्विसेज ग्रुप (CSG) नेटवर्किंग (इंटरनेट, लोकल एरिया नेटवर्क, Wifi, SPACENET), उच्च निष्पादन कम्प्यूटिंग, ई-मेल, वेब, डीएनएस, प्रॉक्सी, वीपीएन, केंद्रीकृत प्रिंटिंग, डीएचसीपी, वीडियो सम्मेलन, सॉफ्टवेयर विकास और रखरखाव जैसी सेवाएं/सुविधाएं प्रदान करने के लिए उत्तरदायी है।

इसके अलावा, कम्प्यूटेशनल सेवा समूह के सदस्यों ने इसरो/अं.वि. स्तर पर विभिन्न साइबर सुरक्षा भेद्यता मूल्यांकन एवं प्रवेश परीक्षण (VAPT) गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया है।

वर्ष 2019-2020 के दौरान निम्नलिखित सेवाओं/सुविधाओं को जोड़ा गया/उन्नत/प्रदान किया गया है।

### [A] वेब साइट/वेब अनुप्रयोग:

1. **पेपरलेस एसेट्स ट्रैकिंग सिस्टम - eSampatti सॉफ्टवेयर**:
भौतिक परिसंपत्ति सत्यापन किसी भी संगठन का आवश्यक हिस्सा है तथा एवं यह पीआरएल में वार्षिक रूप से सम्पपन कराया जाता है। पीआरएल में संपति के सत्यापन मे मे टीम के एक सदस्य का प्रत्येक मांगकर्ता के पास जाना एवं एवं उसके पास उपलब्ध संपत्तियों की पुष्टि करना सम्मिलित है । सत्यापन का विवरण एक कागज में दर्ज किया जाता है जो बाद में भंडार अनुभाग द्वारा मिलान किया जाता है। सम्पूर्ण प्रक्रिया मैनुअल तथा समय ग्राही है एवं । इस समस्या के निवारण के लिए, कंप्यूटर सेंटर ने एक एप्लिकेशन "eSampatti" (जो डेस्कटॉप एवं एवं मोबाइल फोन मंच के संगत है ) को विकसित किया है। eSampatti में अंतर्निहित बारकोड स्कैनर है जो बारकोड किए हुए सामग्रियों को स्कैन करता है, उन विवरणों को केंद्रीय डेटाबेस (यानी CoWAA/CoINS) से प्राप्त करता है एवं सामग्री के बारे में जानकारी प्रदर्शित करता है जिससे सामग्री को eSampatti में उचित रूप से टैग किया जा सकता है। eSampatti, प्रत्येक सामग्री को सत्यापित करने का ट्रैक रखते हुए एवं विभिन्न रिपोर्ट प्रदान करता है जैसे; संरक्षकवार परिसंपत्ति विवरण, प्रभाग वार परिसंपत्ति विवरण, सत्यापन की स्थिति आदि। सत्यापन समाप्त होने के पश्चात , संरक्षकवार परिसंपत्ति रिपोर्ट को eSampatti के माध्यम से प्रिंट किया जा सकता है एवं एवं उस पर संरक्षक का हस्ताक्षर लिया जा सकता है।

2. **पेंशनभोगियों के लिए नई वेबसाइट - सेवानिवृत्त कर्मचारी पोर्टल**:
कंप्यूटर सेंटर ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए एक नई द्विभाषी वेबसाइट तैयार की है।वेबसाइट को एंगुलर 6 को फ्रंटएंड और PHP को बैकएंड के रूप में विकसित किया गया है ।REST APIs का उपयोग करके क्लाइंट और सर्वर के बीच संचार किया जा रहा है। यह तकनीक हमारे क्लाइंट और सर्वर कोड को एक दूसरे से स्वतंत्र बनाती है, विभिन्न सर्वरों पर रखी जा सकती है। निम्नलिखित वेबसाइट की नई विशेषताएं हैं:
    - वेबसाइट में रिस्पॉंसिव डिज़ाइन है यानी स्मार्टफ़ोन जैसे उपकरणों पर नेविगेट करना आसान है।
    - सभी पंजीकृत पेंशनभोगी वेबसाइट पर पंजीकरण कर सकते हैं और वे अपनी पेंशन पर्ची, आयकर आकलन आदि प्राप्त कर सकते हैं।
    - सभी पेंशनभोगी अपने प्रश्न ऑनलाइन प्रस्तुत करके प्रशासन, लेखा और चिकित्सा अनुभाग से संपर्क कर सकते हैं।
    - सभी पेंशनभोगी कार्यालय आदेश/पेंशनभोगी संबंधित नोटिस प्राप्त कर सकते हैं।
    - चिकित्सा अधिकारियों, पीआरएल कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के संपर्क का विवरण।
    - जीवन प्रमाणपत्र, चिकित्सा प्रमाणपत्र, चिकित्सा प्रतिपूर्ति प्रपत्र जैसे विभिन्न प्रारूप डाउनलोड।




चित्र 1: पेंशन पोर्टल

3. **विक्रम साराभाई इनोवेशन (नवप्रवर्तन) प्रतियोगिता (विजन) - 2019 वेबसाइट**:
Tभारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम ए. साराभाई के जन्मशताब्दी वर्ष समारोह के लिए, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला ने नए और मूल विचारों का समर्थन करने के लिए अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें बी.एससी., इंटीग्रेटेड एम.एससी., एम.एससी., बी.ई./बी.टेक. और अधिमानतः पूर्व-अंतिम वर्ष के छात्र/छात्राओं के लिए नए नवप्रवर्तन की संभावना है।
इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देने के लिए एक वेबसाइट वेब ऐप्लिकेशन विकसित किया गया था। इस वेबसाइट/वेब एप्लिकेशन के उपयोग से छात्रों को संबंधित जानकारी मिलती है: विजन प्रतियोगिता।

4. **अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता - VOICE वेबसाइट** :
भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम ए. साराभाई के जन्म शताब्दी वर्ष समारोह के लिए, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला ने कक्षा 8-10 और कक्षा 11-12 के छात्र/छात्राओं के लिए अखिल भारतीय स्तर की निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देने के लिए एक वेबसाइट वेब ऐप्लिकेशन विकसित किया गया था। इस वेबसाइट/वेब एप्लिकेशन का उपयोग करके VOICE 2019 प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक छात्र, अपने निबंध को आसानी से प्रस्तुत करने में सक्षम थे।

5. **राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के लिए ऑनलाइन परीक्षा सॉफ्टवेयर** :
पीआरएल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के लिए इंटरनेट पर ऑनलाइन परीक्षा के लिए सॉफ़्टवेयर विकसित किया गया है। 25 स्कूल के कुल 153 छात्र/छात्रा 05 जनवरी 2020 को ऑनलाइन परीक्षा मोड के लिए उपस्थित थे। ऑनलाइन परीक्षा के दौरान सहायता प्रदान करने के लिए, स्कूलों के लिए दो हेल्प लाइन नंबर प्रदान किए गए हैं।

6. **विभिन्न अनुभागों से हिंदी कार्य संबंधित तिमाही डेटा देने की आवश्यकता के लिए हिंदी अनुभाग के लिए तिमाही डेटा प्रपत्र सॉफ़्टवेयर** :
हिंदी अनुभाग और विभिन्न अनुभागों के लिए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने हिंदी से संबंधित कार्य इनपुट अपलोड करने के लिए सॉफ़्टवेयर विकसित किया गया है। यह सॉफ्टवेयर भारत सरकार, राजभाषा विभाग की तरह प्रारूप में आवश्यक समेकित रिपोर्ट प्रदान करता है।

7. **ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता सॉफ्टवेयर - हिंदी पखवाड़ा** :
दैनिक क्विज, हिंदी ज्ञान और ऑनलाइन हिंदी टंकण जैसी प्रतियोगिताओं का संचालन करने के लिए सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है।

## [B] डेटा नेटवर्क और सेवाएं:

1. **अनुप्रयोग वर्चुअलाइज़ेशन (AV) इन्फ्रास्ट्रक्चर सेटअप** :
अनुप्रयोग वर्चुअलाइजेशन (AV) पीआरएल में एक वर्चुअल डेस्कटॉप इन्फ्रास्ट्रक्चर (VDI) आधारित कार्यान्वयन है। VDI में, डेस्कटॉप आधारित ऑपरेटिंग सिस्टम केंद्रीय सर्वरों पर स्थापित और प्रबंधित किए जाते हैं। एप्लिकेशन पर डेस्कटॉप छवि अंतिम उपयोगकर्ता के लिए प्रस्तुत की जाती है और यह उपयोगकर्ता के साथ इस तरह से संपर्क करता है जैसे कि यह स्थानीय रूप से उपयोगकर्ता के डिवाइस पर चल रहा है। अंतिम बिंदु डिवाइस या तो विंडोज/लिनक्स/एप्पल मैक ओएस या मोबाइल डिवाइस भी हो सकते हैं।
इसके निम्नलिखित प्रमुख फायदे हैं:

(a) एमएस ऑफिस, सिग्मा प्लॉट, लिनक्स पर इंटरनेट एक्सप्लोरर, मैक जैसे अनुप्रयोगों की प्लेटफॉर्म स्वतंत्र पहुंच

(b) ओएस और अनुप्रयोगों के आसान रखरखाव/उन्नयन।

(c) पीआरएल उपयोगकर्ता आपके डेटा को स्थानीय पीसी/लैपटॉप ड्राइव या यहां तक कि केंद्रीय सर्वर पर 30GB के डिस्क कोटा के साथ संग्रह कर सकते हैं।

(d) दस्तावेज़ों को मुद्रित करने के लिए यह स्थानीय प्रिंटर को समर्थन देता है।

(e) एवी सेटअप इंटरनेट पर सुरक्षित चैनल वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) के माध्यम से सुलभ है।

(f) एंटीवायरस सॉफ़्टवेयर वायरस सुरक्षा के लिए स्थापित किया गया है।

2. **चंद्रयान -2 XSM और APXS पेलोड सर्वर को दृढ़ करना और ISSDC इसरो के साथ सुरक्षित कनेक्टिविटी** :
CSG ने पीआरएल आईटी सुरक्षा नीति के सभी सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करते हुए थलतेज परिसर इंटरनेट गेटवे से XSM और APXS पेलोड डेटा सर्वर और इसरो के ISSDC सर्वरों के बीच समर्पित सार्वजनिक IP आधारित पहुँच प्रदान की है। CSG ने चंद्रयान -2 XSM और APXS पेलोड डेटा सर्वर पर सर्वर के संरक्षक के साथ समन्वय में आवश्यक सर्वर सिक्योरिटी दृढ़ीकरण कार्यों के लिए उचित उपाय किए हैं।

3. **वाईफ़ाई उपकरणों का उन्नयन** :
वायरलेस नेटवर्क कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने और पीआरएल उपयोगकर्ता के डब्ल्यूएलएएन अनुभव को बढ़ाने के लिए पीआरएल मुख्य परिसर और थलतेज परिसर के महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात मौजूदा वाईफाई एक्सेस पॉइंट्स को नए ड्यूल बैंड Ruckus AP R720 से बदल दिया गया है, जो आईईईई वाई-फाई स्टैंडर्ड 802/11 a/b/g/n/ac Wave 2, और यह 2.4 गीगाहर्ट्ज़ के लिए पीक PHY निष्पादन दरें 600 एमबीपीएस है और 5GHz के लिए 1733 एमबीपीएस है जो कि मौजूदा एपी की तुलना में बेहतर हुआ है।:

(a) कुल मौजूदा 28 ZF7372 वाईफ़ाई उपकरणों को Ruckus R720 (पीआरएल नवरंगपुरा परिसर बहुमंजिला बिल्डिंग में 12 एवं थलतेज परिसर में 16 जिनमें छात्रावास, मुख्य बिल्डिंग एवं नया बिल्डिंग जैसे क्षेत्र शामिल हैं) में अपडेट किया गया है।

(b) पेटेंटेड बीमफ्लेक्स के साथ विस्तारित कवरेज + बहु-दिशात्मक एंटीना पैटर्न का उपयोग

(c) ChannelFly के साथ थ्रूपुट में सुधार जो गतिशील रूप से उपयोग करने के लिए कम घने वाई-फाई चैनलों को ढूंढता है।

4. **नेटवर्क उपकरण नवीनीकरण** :
अं.वि./इसरो एवं पीआरएल आईटी सुरक्षा दिशा-निर्देशों एवं उद्योग मानक सर्वोत्तम अभ्यास के अनुसार हम सभी नेटवर्क स्विचेस, वाईफाई एक्सेस प्वाइंट्स एवं कंट्रोलर्स के फर्मवेयर अपग्रेड को तुरंत अपडेट करते हैं।

5. **लॉग सह-संबंध के लिए केंद्रीकृत लॉग-सर्वर** :
निकट समय में हमने पीआरएल के केंद्रीकृत लॉग सर्वर को कई महत्वपूर्ण सर्वरों से ओपन-सोर्स टूल एवं प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके पीआरएल की कई महत्वपूर्ण सर्वरों/आईटी-सेवाओं से भंडार/संग्रह लॉग करने के लिए स्थापित किया था। चूंकि लॉग केंद्रीय स्थान पर संग्रहीत किए जाते हैं, यह पीआरएल की आईटी सेवाओं जैसे प्रॉक्सी, मेल, डीएचसीपी, वीपीएन, वेबसर्वर आदि के लिए किसी भी साइबर सुरक्षा की घटनाओं के समय लॉग सहसंबंध गतिविधि के दौरान उपयोगी होगा। यह सभी इसरो/ अं.वि. आइटी सुरक्षा नीति के अनुसार IIIP प्रोग्राम के तहत सभी इसरो/ अं.वि. केन्द्रों/इकाइयों को सुझाए गए कार्य मद के अनुपालन में है।

6. **इसरो/ अं.वि. नेटवर्क - स्पेसनेट** :
   स्पेसनेट इसरो/ अं.वि. केंद्रों/इकाइयों का एक बंद उपयोगकर्ता समूह (CUG) नेटवर्क है। इस नेटवर्क का उपयोग अन्य इसरो/ अं.वि. केंद्रों/इकाइयों के इंट्रानेट तक पहुँचने के लिए किया जाता है। स्पेसनेट नेटवर्क की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए, IPTABLES आधारित फ़ायरवॉल एवं SQUID प्रॉक्सी सर्वर स्पेसनेट नेटवर्क को सुरक्षित करने के लिए गेटवे स्तर पर पहले से ही कार्यरत है। अं.वि./इसरो/भारत सरकार के मानदंड/नीति के अनुपालन में प्रवेश द्वार के स्तर पर सुरक्षा को एवं मजबूत करने के लिए, SSL पर स्क्वीड प्रमाणीकरण जो SSL पर LDAP का उपयोग करता है, पीआरएल स्पेसनेट नेटवर्क के लिए लागू किया गया है।
7. **सॉफ़्टवेयर अपग्रेड** :
   कम्प्यूटेशनल सेवा समूह ने Matlab, IDL एवं Eset Anitvirus जैसे सॉफ्टवेयर को अपडेट किया है।
8. **बालगृह (क्रेश) के लिए क्लोज्ड सर्किट वीडियो निगरानी (CCTV) सेटअप**:
   कम्प्यूटेशनल सेवा समूह ने गेस्ट हाउस के पास नए बालगृह (क्रेश) में एक क्लोज्ड सर्किट वीडियो निगरानी सिस्टम सेटअप किया है।

### [C] विक्रम 100 - उच्च निष्पादन कम्प्यूटिंग क्लस्टर:

विक्रम 100 - पीआरएल वैज्ञानिक एवं तकनीकी समुदाय द्वारा 100TF उच्च प्रदर्शन कम्प्यूटिंग (एचपीसी) सुविधा का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। 01 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2020 के दौरान 10 वैज्ञानिक लेखों को प्रतिष्ठित वैज्ञानिक जर्नलों में प्रकाशित किया गया है जहां विक्रम 100 की सुविधा को स्वीकार किया गया है। जून 2015 से कुल मिलाकर 61 वैज्ञानिक लेख प्रकाशित हुए हैं।

## पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान

पुस्तकालय एवं सूचना सेवाएं पीआरएल के शोधकर्ताओं एवं कर्मचारियों की जानकारी की जरूरतों को सम्पूर्ण करने हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं|ये सूचना सेवाएं पीआरएल के सभी परिसरों में प्रदान की जा रही हैं। दस्तावेज (किताबें, पत्रिकाएं, सीडी) प्रदत्त सेवाएं, संस्थागत भंडार के लिए ऑनलाइन एक्सेस (इंट्रानेट एवं रिमोट एक्सेस के माध्यम से), ई-जर्नल, थीसिस, ई-पुस्तकें, अभिलेखागार, तकनीकी रिपोर्ट आदि भी पुस्तकालय के द्वारा प्रदान किए जाते है। अन्तर पुस्तकालय लोन की सुविधा, आथेनटिकेट उपकरण के माध्यम से साहित्यिक चोरी की जांच की सुविधा, रिप्रोग्राफिक सुविधा, डिजिटल नोटिस बोर्ड के माध्यम से सूचना प्रदर्शन एवं शोधकर्ताओं के लिए उनके शैक्षणिक भत्ते का उपयोग करते हुए पुस्तकों की खरीद कुछ महत्वपूर्ण सेवाएं हैं। वर्ष 2019-2020 के दौरान पुस्तकालय के अद्यतन एवं परिवर्धन नीचे दिए गए हैं:

### सांख्यिकी

वर्ष 2019-20 में, मुख्य, थलतेज एवं यूएसओ परिसरों में तीनों पुस्तकालयों के संग्रह में 242 वैज्ञानिक, 61 सामान्य , 93 हिंदी पुस्तकों एवं 13 सीडी/डीवीडी का समावेश हुआ है। वर्ष के दौरान 4247 अभ्यागतों ने पुस्तकालय का दौरा किया है। पुस्तकालय अपने उपयोगकर्ताओं एवं अन्य संस्थानों के लिए इंटर लाइब्रेरी लोन (ILL) सेवा प्रदान करती है एवं साथ ही 89 ILL अनुरोध, पीआरएल द्वारा पूरे किए गए एवं अन्य संस्थानों से 24 लेखो का आग्रह किया गया है । पुस्तकालय उपयोगकर्ताओं ने पुस्तकालय के माध्यम से पुस्तक अनुदान पुस्तक खरीद सुविधा का लाभ प्राप्त किया एवं इस वर्ष 45 पुस्तक अनुदान अनुरोधो की पूर्ति की गई है । पुस्तकालय की रिप्रोग्राफिक सेवा सर्वाधिक उपयोग की गई जहां पुस्तकालय में बाहरी एजेंसी से 34066 प्रतिलिपियों के साथ-साथ 45359 प्रतिलिपियों की सुविधा प्रदान की है। पुस्तकालय उपयोगकर्ताओं के लिए 346 ई-पुस्तकें एवं 194 जर्नल उपलब्ध हैं।

### पुस्तकालय ऑनलाइन संसाधन

पीआरएल पुस्तकालय में एजीयू डिजिटल लाइब्रेरी, जीएसए आर्काइव, प्रोला, साइंस आर्काइव, प्रोक्वेस्ट शोध प्रबंध एवं शोध (पीक्यूडीटी) जैसे पूर्ण-पाठ डेटाबेस उपलब्ध है। 2019 में, पुस्तकालय को एसपीआईई (SPIE) एवं आईईईई (IEEE) डिजिटल पुस्तकालय के अतिरिक्त इंजीनियरिंग में Nature एवं स्प्रिंगर ई-बुक्स के एक्सेस मिले, जो कि इसरो लाइब्रेरी कंसोर्टियम है। जनवरी 2020 से सभी इसरो पुस्तकालय 603 स्प्रिंगर ई-पत्रिकाओं को एक्सेस करने में सक्षम हैं। पुस्तकालय का मुखपृष्ठ इस डिजिटल सामग्री तक एक्सेस प्रदान करता है। पीआरएल पुस्तकालय 'डिस्कवरी टूल' की भी सदस्यता लेती है जो एक विषय को सभी पत्रिकाओं में एक साथ पूर्ण पाठ फिल्टर एवं विद्वत् समीक्षा जैसे फिल्टर के साथ खोजती है।

### साहित्यिक चोरी की जांच की सुविधा

लाइब्रेरी Ithenticate टूल का उपयोग करते हुए छात्रों के लिए थीसिस समानता की जांच करने के लिए उत्तरदायी है। थीसिस प्रस्तुत करने से पहले वे इस सुविधा का लाभ उठाते हैं; उपयोगकर्ता विभिन्न पत्रिकाओं में प्रस्तुत शोध पत्रों की मौलिकता के लिए अपनी सामग्री की जाँच करवाते हैं।

### डिजिटल सूचना बोर्ड

पीआरएल की गतिविधियों के संदर्भ में जानकारी प्रसारित करने के लिए पुस्तकालय द्वारा एरिया सेमिनार, व्याख्यान, सार्वजनिक व्याख्यान, गणतंत्र दिवस समारोह, महिला दिवस समारोह आदि जैसे कार्यक्रमों की छवियां प्रदर्शित की जाती है। इसके अलावा, पीआरएल वैज्ञानिकों के हाल के प्रकाशनों की सूची, पुस्तकालय संग्रह में जोड़ी गईं नई किताबों की सूची आदि लैन के माध्यम से एक साथ तीनों परिसरों में भी प्रदर्शित किए जाते हैं। माउंट आबू परिसर को जल्द ही जोड़ा जाएगा।

### संस्थागत संग्रह

पुस्तकालय द्वारा बनाए गए संस्थागत संग्रह में पीआरएल लेखकों द्वारा 1990 से वर्तमान तक प्रकाशित होने वाले जर्नल लेख शामिल हैं एवं यह पुस्तकालय मुखपृष्ठ के माध्यम से भी जुड़ा हुआ है। पीआरएल लेखकों द्वारा लगभग 4300 लेख अब इस संग्रह का हिस्सा हैं। 1952 के बाद (430) से सभी पीआरएल शोध अब पीआरएल उपयोगकर्ताओं के लिए पूर्ण पाठ उपलब्ध हैं। 1977 के बाद से पीआरएल द्वारा प्रकाशित सभी तकनीकी नोट्स डिजिटलीकृत (114) कर दिए गए हैं एवं पीआरएल उपयोगकर्ताओं के लिए पूर्ण पाठ उपलब्ध हैं। वर्तमान में, पुस्तकालय फोटोग्राफ संग्रह के डिजिटलीकरण पर काम कर रही है। 250 एल्बमों की तस्वीरों की स्कैनिंग पूरी हो गई है। डिजिटल पुस्तकालय सॉफ़्टवेयर - ग्रीनस्टोन डिजिटल लाइब्रेरी (जीएसडीएल)

का उपयोग करके आसान पुनर्प्राप्ति के लिए प्रत्येक तस्वीर के लिए कैप्शन एवं मेटाडेटा देने की प्रक्रिया जारी है।

## पुस्तकालय आउटरीच

पीआरएल पुस्तकालय ने 14 सितंबर 2019 को विक्रम साराभाई जन्मशताब्दी समारोह के भाग के रूप में वार्षिक ADINET संगोष्ठी की मेजबानी की। संगोष्ठी में पूरे गुजरात से 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया एवं वीएसएससी एवं एलपीएससी जैसे कुछ अन्य इसरो केंद्रों से प्रतिनिधि आए।




चित्र संख्या 1: ADINET संगोष्ठी का ग्रुप फोटो।



चित्र संख्या 2: गणमान्य व्यक्तियों द्वारा ADINET निर्देशिका का विमोचन।

## कार्यशाला

पीआरएल की यांत्रिक कार्यशाला पीआरएल के सभी शैक्षणिक प्रभागों के अनुसंधान और विकास (अनुसंधान एवं विकास) गतिविधियों में सहायता प्रदान करती रही है। कार्यशाला की सुविधाएं नवरंगपुरा और थलतेज परिसर में स्थित हैं। यह यांत्रिक भागों के निर्माण के लिए वर्टिकल मशिनिंग सेंटर (VMC 640), वायर-कट इलेक्ट्रिकल डिस्चार्ज मशीन (EDM), सीएनसी टर्निंग सेंटर (DX 200), आदि जैसे अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित है। कार्यशाला में कई सीएडी सॉफ्टवेयर (जैसे, AUTOCAD, SOLIDWORKS, आदि) का उपयोग किया जाता है जिससे डिजाइन के विभिन्न पहलुओं के लिए सहायता प्राप्त किया जा सकता है। शैक्षणिक वर्ष 2019-2020 में, कार्यशाला ने फेमटोसेकंड लेजर प्रयोगशाला, आगामी आदित्य-L1 मिशन पर ASPEX पेलोड, कई प्रस्तावित प्रयोगों के प्रयोगशाला मॉडल विकास, अनुसंधान अनुप्रयोगों के लिए कई प्रणालियों के विकास और पीआरएल में कई अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं की नियमित आवश्यकताओं को सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पीआरएल में विभिन्न सेट-अप और उपकरणों के रखरखाव और मरम्मत गतिविधियों के लिए भी कार्यशाला द्वारा सहायता प्रदान की गई है। इस वर्ष में कार्यशाला द्वारा किए गए कुछ प्रमुख परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है

### 1. फेमटोसेकंड लेजर प्रयोगशाला के विकास से संबंधित गतिविधियां

पीआरएल मुख्य परिसर में नव-निर्मित फेमटोसेकंड लेजर प्रयोगशाला देश में अपनी तरह का एक ही है। इस प्रयोगशाला की बनावट में कठोर और सटीक आवश्यकताओं को ध्यान में रखा गया है, जिसमें इस प्रयोगशाला में रखे अत्यधिक संवेदनशील उपकरणों के इष्टतम प्रचालन के लिए एंटी-वाइब्रेशन फ्लोर आइसोलेशन, क्लीनरूम और तापमान और आर्द्रता-नियंत्रित वातावरण शामिल हैं। कार्यशाला ने इसके विभिन्न घटकों और संयोजनों के विकास में सक्रिय रूप से सहायता प्रदान किया है। विशेष रूप से, एक 'कोल्ड टारगेट रिकॉइल आयन मोमेंटम स्पेक्ट्रोमीटर' को संयोग गति इमेजिंग के लिए विकसित किया गया है, जिसका उपयोग अल्ट्राफास्ट साइंस करने के लिए फेमटोसेकंड लेजर के साथ किया जाना है। स्पेक्ट्रोमीटर का संयोजन को चित्र-1, पैनल (a) में दिखाया गया है। पीआरएल कार्यशाला ने प्रणाली के विभिन्न घटकों जैसे ड्रिफ्ट ट्यूब, एल्यूमीनियम मेश होल्डर, सिरेमिक स्पेसर्स, स्टेनलेस स्टील (एसएस) और एल्यूमीनियम फ्लैंजेस, आदि का निर्माण किया है। इन भागों में से प्रत्येक को अलग-अलग मात्रा में उत्पादित किया गया था और इसमें 2 मिमी जितने छोटे से लेकर 140 मिमी तक के बड़े आयाम हैं।




चित्र संख्या 1: पैनल (a) कोल्ड टारगेट रिकॉइल आयन मोमेंटम स्पेक्ट्रोमीटर के यांत्रिक संयोजन को दर्शाता है। प्रणाली के विभिन्न यांत्रिक घटकों को कार्यशाला के भीतर निर्मित किया गया था। पैनल (b) वेलोसिटी मैप इमेजिंग स्पेक्ट्रोमीटर का एक हिस्सा दिखाता है।

तीव्र फेम्टोसेकंड लेजर स्पंदों के साथ अध्ययन के तहत परमाणु और आणविक प्रणालियों के अन्योन्यक्रिया से उत्पन्न होने वाले आयनों और इलेक्ट्रॉनों के वेग को मापने के लिए यह प्रयोगशाला एक

'वेलोसिटी मैप इमेजिंग स्पेक्ट्रोमीटर' भी संचालित करती है। कार्यशाला ने उपकरण की स्थिरता आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने के लिए इसके लिए महत्वपूर्ण समर्थन ढांचा का उत्पादन किया था। इसमें इसके सीसीडी कैमरे के लिए वैक्यूम चैंबर, पीजो पल्स वाल्व आदि समर्थन संरचनाएं शामिल हैं (जैसा कि चित्र -1 पैनल (b) में दिखाया गया है। एक बहुत ही विशिष्ट स्किमर माउंट को डिजाइन किया गया था और वेलोसिटी मैप इमेजिंग स्पेक्ट्रोमीटर की आवश्यकताओं के अनुसार निर्मित किया गया था।। आणविक बीम के संरेखण के लिए स्किमर माउंट बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसे स्किमर के संकीर्ण छिद्र (व्यास में $\sim$200 माइक्रोन ) से गुजरना पड़ता है। स्किमर का आकार केवल 1.01 मिमी है। स्कीमर माउंट के निर्माण में मशीनिंग और अभिविन्यास में एक उच्च परिशुद्धता की आवश्यकता होती है। चित्र-2 स्कीमर माउंट के आयाम और आरेखों को दर्शाता है।




चित्र संख्या 2: स्कीमर माउंट का डिज़ाइन वेलोसिटी मैप इमेजिंग इमेजिंग स्पेक्ट्रोमीटर के लिए है।



चित्र संख्या 3: फेमटोसेकंड लेजर प्रयोगशाला का एक सेट-अप

कार्यशाला ने अन्य आवश्यक साजो-सामान जैसे फेम्टोसेकंड लेजर के लिए सुरक्षात्मक बाड़े, इंस्ट्रूमेंट रैक, वैक्यूम चैंबर्स को माउंट करने का भी कार्य किया था। पूरे प्रयास के दौरान, कार्यशाला ने सीएडी मॉडल विकसित करने से लेकर प्रयोगशाला की स्थापना में अपना समर्थन प्रदान किया था जैसा कि चित्र -3 में दिखाया गया है।

## 2. स्पेस इंस्ट्रूमेंटेशन और पेलोड विकास से संबंधित गतिविधियाँ

कार्यशाला विभिन्न अंतरिक्ष अभियानों के लिए कई सुनियोजित और प्रस्तावित उपकरणों की विकास गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल है। प्रायोगिक प्रोटोटाइप के लिए, परीक्षण सेटिंग्स के लिए और इन पेलोड के उड़ान (फ्लाइट) मॉडल के लिए विभिन्न घटकों का निर्माण किया गया है। आदित्य सौर पवन कण प्रयोग (ASPEX) इसरो के आगामी आदित्य-L1 मिशन पर एक पेलोड है। ASPEX के उड़ान मॉडल के लिए यांत्रिक घटकों के साथ-साथ इसके परीक्षण/अंशांकन के लिए आवश्यक भागों को कार्यशाला में निर्मित किया गया था। मल्टीचैनल प्लेट (MCP) डिटेक्टरों (पेलोड में उपयोग किए जाने वाले) की स्क्रीनिंग के लिए एक परीक्षण सेट-अप डिज़ाइन और निर्मित किया गया है। इस सेट-अप में विद्युत अलगाव के लिए कई डेल्रिन स्पेसर्स के साथ एक माउंटिंग असेम्ब्ली, एक एल्यूमीनियम मास्क, स्टेनलेस स्टील एनोड आदि शामिल हैं। इस तरह के स्क्रीनिंग परीक्षणों के लिए एक साथ इस्तेमाल किए जाने के लिए चार असेम्ब्लियां विकसित की गई थी। चित्र-4 कार्यशाला में विकसित ASPEX के MCP डिटेक्टर और परीक्षण सेट-अप के कुछ घटकों को दिखाता है।




चित्र संख्या 4: ASPEX पेलोड के लिए विकसित किए गए विभिन्न घटक और परीक्षण असेंबलियाँ। पैनल (a) MCP अंशांकन के लिए सतत एनोड दिखाता है; पैनल (b) रेसिस्टिव एनोड एनकोडर के परीक्षण के लिए विकसित 0.7 मिमी व्यास छिद्र वाले MCP मास्क को दर्शाता है; पैनल (c) और (d) MCP डिटेक्टर स्क्रीनिंग और योग्यता परीक्षणों के लिए माउंटिंग असेंबली को दिखाते हैं।

कार्यशाला में कई अन्य प्रस्तावित उपकरणों के प्रोटोटाइप और प्रयोगशाला मॉडल भी विकसित किए गए थे। एक धूल डिटेक्टर के लिए प्रयोगशाला प्रोटोटाइप की यांत्रिक उप-प्रणालियां, CUBE SSD आधारित एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर, लैंगमुइर जांच और इलेक्ट्रिकल फील्ड एक्सपेरिमेंट (LPEX), आदि भी कार्यशाला में विकसित किए गए हैं।

## 3. पीआरएल के विभिन्न प्रभागों के लिए अन्य विकासात्मक गतिविधियाँ

पीआरएल के अनुसंधान प्रयोगशालाओं के लिए कार्यशाला सक्रिय रूप से कई उपकरणों के विकास और विभिन्न सेट-अप निर्माण में लगी

हुई है। माउंट आबू में 2.5 मीटर टेलीस्कोप के लिए निकट-अवरक्त स्पेक्ट्रोमीटर और पोलारिमीटर (NISP) एक क्रायोजेनिक शीतित उपकरण है और निर्माणाधीन है। कार्यशाला ने इसके कई वैक्यूम संगत यांत्रिक घटकों, जैसे, एल्यूमीनियम टेस्ट चैम्बर, कॉपर प्लेट एडाप्टर, एल्यूमीनियम कोल्ड-प्लेट, FR4 सपोर्ट, टाइटेनियम ब्रैकेट, डिटेक्टर माउंट, थर्मल शील्ड आदि के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। चित्र -5 कार्यशाला में निर्मित इन घटकों में से कुछ को दर्शाता है।




चित्र संख्या 5: (a.) चैम्बर में विकिरण ढाल के साथ NISP डिटेक्टर-माउंट (b.) NISP डिटेक्टर माउंट

पीआरएल रेडियल वेलोसिटी आबू स्काई सर्च-2 (PARAS-2) स्पेक्ट्रोग्राफ एक और उपकरण है जो वर्तमान में विकसित किया जा रहा है। स्पेक्ट्रोग्राफ को प्रकाशिक बेंच को सटीक प्रकाशिक घटकों का परीक्षण करने के लिए अत्यधिक स्थिर ढांचे की आवश्यकता होती है। इन हल्के स्टील समर्थन संरचनाओं को कार्यशाला में विकसित किया गया है। इन संरचनाओं को 600 से 700 किलोग्राम का भार लेने के लिए डिज़ाइन किया गया है। PARAS-2 प्रकाशिकी परीक्षण के लिए एक आधार प्रदान करने के लिए समर्थन संरचनाओं का उपयोग ग्रेनाइट स्लैब और स्टील ब्रेड-बोर्ड के साथ किया जाना है।



चित्र संख्या 6: ड्यूल-एक्सिस हाइब्रिड सन ट्रैकिंग प्रणाली।

अनुकूली प्रकाशिकी प्रणाली के विकास के लिए वायुमंडलीय प्रक्षोभ का अनुरूपण करने के लिए एक टर्ब्युलेंस जनरेटर की आवश्यकता थी है। यह एक प्रतिबंधित कक्ष के भीतर परिवेशी वायु और तापमान नियंत्रित गर्म हवा के नियंत्रित वायु प्रवाह के मिश्रण पर आधारित है। ऐसी ही एक गर्म हवा आधारित ऑप्टिकल टर्बुलेंस जेनरेटर (OTG) को वर्कशॉप में डिजाइन किया गया है। यह ओटीजी वांछित विशेषताओं के साथ एक हीटर, दो पंखे और वायु-प्रवाह उत्पन्न करने के लिए कई सेंसर से लैस है। वर्तमान में सेट-अप का उपयोग प्रयोगशाला में प्रक्षोभ के आवश्यक गुणों का अनुकरण करने के लिए किया जा रहा है।

वायुमंडलीय एरोसोल अध्ययन और दिन समय वायुचमक प्रेक्षणों के लिए सूरज की गति पर नज़र रखने के लिए विभिन्न प्रकार के उपकरण कार्यशाला के समर्थन से पीआरएल के सहयोगियों द्वारा डिजाइन और विकसित किए गए हैं। इनमें ड्यूल-ऐक्सिस हाइब्रिड सन ट्रैकिंग सिस्टम, स्काई इमेजर सिस्टम, सीसीडी आधारित मल्टी-वेवलेंथ एयरोग्लो फोटोमीटर (CMAP) आदि हैं। CMAP को 2019 में पीआरएल के थलतेज परिसर में ऑप्टिकल एरोनॉमी वेधशाला में लगाया गया है। ड्यूल-एक्सिस हाइब्रिड सन ट्रैकिंग सिस्टम (चित्र-6) को सूर्य की वास्तविक समय की ट्रैकिंग की आवश्यकता होती है, जिसके लिए सटीक गति नियंत्रण तंत्र की आवश्यकता होती है। यह वर्म गियर मैकेनिज्म के साथ दो ड्राइव मोटर्स के साथ फीडबैक तंत्र का उपयोग करके सटीक ऊंचाई और दिगंश ट्रैकिंग के लिए विकसित किया गया है। इस प्रणाली के भीतर कंट्रोलर और ड्राइवर इलेक्ट्रॉनिक्स भी लगे हुए हैं।

कार्यशाला ने एक मौजूदा एयरोसोल नमूना प्रणाली को भी संशोधित और निर्मित किया है जिसका उपयोग विभिन्न वायुमंडलीय एयरोसोल गुणों पर सापेक्ष आर्द्रता (RH) के प्रभाव को निर्धारित करने के लिए किया जाता है। सतत संचालन के लिए प्रणाली को ऑटोमेटिक रीजेनरेटिंग एड्सोर्पशन ड्रायर में संशोधित किया गया है। इसमें एल्यूमीनियम सिलेंडर के दो सेट (लंबाई 6 फीट और व्यास 6 इंच), इसमें स्टेनलेस स्टील वायर मेष 11 डक्ट (व्यास 10 मिमी) , इनलेट और आउटलेट कोन हैं, और सिलिका बीड से भरा है।



चित्र संख्या 7: एरोसोल नमूनन प्रणाली।

कोन में तापमान और RH सेंसर लगे हुए हैं ताकि सापेक्ष आर्द्रता में परिवर्तन की निगरानी की जा सके। वास्तविक समय के संचालन के दौरान, जब एक सिलेंडर के माध्यम से परिवेशी वायु का नमूना लिया जाता है, तो दूसरा सिलेंडर स्वतः सूख जाता है। कार्यशाला टीम द्वारा एरोसोल मॉनिटरिंग प्रयोगशाला में इस प्रणाली (जैसा कि चित्र -7 में दिखाया गया है) को स्थापित किया गया है।

कार्यशाला ने विभिन्न अन्य प्रणालियों को भी डिजाइन और निर्मित किया है, जैसे (a.) एक उच्च वोल्टेज प्रयोग के लिए अलगाव प्रदान करने के लिए एक आसोलेशन केज प्रणाली। केज सभी ओर से जमीन पर स्थित है और इसमें एक तैरता हुआ मंच है जिसे 20kV तक बायस किया जा सकता है; (b.) रेडियोकार्बन डेटिंग प्रयोगशाला में ग्रेफाइट की तैयारी के लिए एक कॉम्पैक्ट कम लागत वाली हीटर असेम्बली; (c) उल्कापिंड के नमूनों के रासायनिक उपचार के लिए इस्तेमाल की जाने वाली कार्बनिक रसायन विज्ञान प्रयोगशाला के लिए एक ग्लोव बॉक्स (पृथक कक्ष और इनपुट-आउटपुट वाल्व के साथ)।

## 4. अन्य समर्थन गतिविधियाँ

पीआरएल कार्यशाला पीआरएल के विभिन्न अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं के नियमित कामकाज के लिए कई समर्थन गतिविधियों में भी लगी है। उनमें से कुछ नीचे उल्लिखित हैं:

a.) कठोर एक्स-रे ऑप्टिक्स फोइल्स के लिए स्टेनलेस स्टील होल्डरों और एक भंडारण कंटेनर का विनिर्माण।

b.) ग्रहीय पर्यावरण सिमुलेशन के लिए एक निर्वात चैम्बर क्लोज़र तंत्र के लिए रैखिक गाइडों की स्थापना।

c.) परमाणु द्रव्यमान स्पेक्ट्रोमीटर (AMS) प्रयोगशाला के लिए ग्रेफाइट प्रेसिंग यूनिटों का विनिर्माण।

d.) MFOSC-P उपकरण के लिए एक मोशन कंट्रोल सिस्टम का यांत्रिक एनक्लोजर विकास, समर्थन ढांचा और एक सीसीडी कैमरा के लिए स्टैंड, फिल्टर व्हील के लिए टेफ्लॉन हाउसिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए एनक्लोजर बॉक्स आदि।

e.) नैनो-सिम्स प्रयोगशाला, आदि के लिए एक वैक्यूम पंप की मरम्मत

# मानद फेलो एवं संकाय

## मानद फेलो

ए. हेविश

जे.ई. ब्लामोंट [दिवंगत]

के. कस्तूरीरंगन

पी.जे. क्रूटजन

## मानद संकाय

ए.के. सिंघवी
एफएनए, एफएएससी, एफएनएएससी, एफटीडब्ल्यूएएस
DST-SERB- विज्ञान वर्ष के चेयर प्रोफेसर

जे.एन. गोस्वामी
एफएनए, एफएएससी, एफएनएएससी, एफटीडब्ल्यूएएस
जे.सी. बोस फेलो

एस.ए.हैदर
मानद वैज्ञानिक - ए

एम.एम. सरीन
एफएनए, एफएएससी, एफएनएएससी
DST-SERB- विशिष्ट फेलोशिप

श्याम लाल
एफएनए, एफएएससी, एफएनएएससी
जे.सी. बोस फेलो और इनसा वरिष्ठ वैज्ञानिक

एस.डी. रिंडाणी
एफएनएएससी और जे.सी. बोस फेलो

डी.पी.के. बनर्जी
सीएसआईआर एमेरिटस वैज्ञानिक

# पी.आर.एल. संकाय

| क्रमांक | नाम | पदनाम | विशेषज्ञता | शैक्षणिक योग्यता | प्रभाग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारद्वाज ए. (FNA, FASc, FNASc) | निदेशक | प्लैनेटरी और स्पेस साइंस | पीएच.डी.(1992) | एडीएमडीआइआर |
| 2 | आचार्य के. | रीडर | एस्ट्रोकेमिस्ट्री | पीएच.डी.(2008) | पीएसडीएन |
| 3 | अदलजा एच.एल. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसडी | मैकेनिकल इंजीनियरिंग | एम.टेक.(2009) | ए एंड ए |
| 4 | अध्यारु पी.आर. | इंजीनियर एस.एफ. | इलेक्ट्रॉनिक का विकास स्पेक्ट्रोमेट्री के लिए सब-सिस्टम | बी.ई.(1991) | जीएसडीएन |
| 5 | अग्रवाल आर.एल. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस.डी. | मैकेनिकल इंजीनियरिंग | बी.टेक.(2013) | सीएमडीवी |
| 6 | बनर्जी डी. | प्रोफ़ेसर | थर्मोलूमिनिसेंस एवं ग्रहीय भौतिकी | पीएच.डी.(1997) | पीएसडीएन |
| 7 | बनर्जी एस.बी. | वैज्ञानिक-एसएफ | प्रायोगिक आणविक भौतिकी | पीएच.डी.(2012) | एएमओपीएच |
| 8 | बासु सर्बाधिकारी ए. | एसोसिएट प्रोफेसर | प्लैनेटरी जियोकेमिस्ट्री | पीएच.डी.(2007) | पीएसडीएन |
| 9 | बायन्ना ए.आर. | वैज्ञानिक-एसई | ऑप्टिकल इंस्ट्रूमेंटेशन सौर भौतिकी | पीएच.डी.(2015) | यूएसओ |
| 10 | भारती आर.आर. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसडी | कंप्यूटर विज्ञान | एम.एससी.(2003) | पीएसडीएन |
| 11 | भट्ट जे.आर. | प्रोफेसर | खगोल भौतिकी | पीएच.डी.(1992) | टीएचईपीएच |
| 12 | भट्ट एम.यू. | वैज्ञानिक-एसडी | प्लेनेटरी रिमोट सेंसिंग | पीएच.डी.(2012) | पीएसडीएन |
| 13 | भट्टाचार्य आर. | एसोसिएट प्रोफेसर | प्लाज्मा भौतिकी | पीएच.डी.(2006) | यूएसओ |
| 14 | भावसर के.जे. | इंजीनियर-एसई | इलेक्ट्रिकल सिस्टम्स | बी.ई.(1995) | सीएमडीवी |
| 15 | भूषण आर. | वैज्ञानिक-एसजी | समुद्र विज्ञान और पुराजलवायु | पीएच.डी.(2009) | जीएसडीएन |
| 16 | बैरेड्डी आर. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसडी | अंत: स्थापित प्रणाली | एम. टेक.(2019) | यूएसओ |
| 17 | चक्रवर्ती ए. | प्रोफेसर एवं प्रभाग अध्यक्ष, ए एंड ए | अतिरिक्त-सौर ग्रह, तारा गठन एवं इंस्ट्रुमेंटेशन | पीएच.डी.(1999) | ए एंड ए |
| 18 | चक्रवर्ती डी. | एसोसिएट प्रोफेसर | अंतरिक्ष मौसम | पीएच.डी.(2008) | एसपीएएससी |
| 19 | चौहान एन. | रीडर | लूमिनिसेंस चमक डेटिंग और लूमिनिसेंस डोजिनेट्री | पीएच.डी.(2012) | एएमओपीएच |
| 20 | दाणी एस.वी. | चिकित्सा अधिकारी-एसएफ | औषधि | एमबीबीएस(1993) | डीआइएसएसआर |
| 21 | देशपांडे आर.डी. | वैज्ञानिक-एसजी एवं प्रभाग अध्यक्ष, जीएसडीएन | जलविज्ञान में पर्यावरणीय ट्रेसर का अनुप्रयोग | पीएच.डी.(2007) | जीएसडीएन |
| 22 | देवांगन एल.के. | रीडर | खगोल भौतिकी | पीएच.डी.(2011) | ए एंड ए |
| 23 | दीक्षित वी. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसडी | वैज्ञानिक कम्प्यूटिंग | एम. टेक.(2017) | ए एंड ए |
| 24 | दोशी एस.एच. | तकनीकी अधिकारी-डी | इलेक्ट्रानिक्स | इलेक्ट्रॉनिक्स एवं रेडियो इंजीनियरिंग में डिप्लोमा(1982) | ए एंड ए |
| 25 | दुर्गा प्रसाद करणम् | रीडर | ग्रहीय सतह विज्ञान एवं इंस्ट्रुमेंटेशन | पीएच.डी.(2018) | पीएसडीएन |
| 26 | गढ़वी एच.एस. | एसोसिएट प्रोफेसर | वायुमंडलीय भौतिकी | पीएच.डी.(2006) | एसपीएएससी |
| 27 | गणेश एस. | वैज्ञानिक-एसएफ | मिल्की वे, धूमकेतु,एजीएन खगोलीय ध्रुवीयता | पीएच.डी.(2010) | ए एंड ए |
| 28 | गोस्वामी एस. (FNA, FASc, FNASc) | वरिष्ठ प्रोफेसर | उच्च ऊर्जा भौतिकी | पीएच.डी.(1998) | टीएचईपीएच |
| 29 | गोस्वामी वी. | रीडर | स्थानिक और लौकिक | पीएच.डी. (2012) | जीएसडीएन |
| 30 | गोयल एस.के. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसई | इलेक्ट्रानिक्स एवं संचार | एम. टेक.(2019) | पीएसडीएन |
| 31 | गुहारे ए. | रीडर | वायुमंडलीय भौतिकी | पीएच.डी.(2010) | एसपीएएससी |

| क्रमांक | नाम | पदनाम | विशेषज्ञता | शैक्षणिक योग्यता | प्रभाग |
|---|---|---|---|---|---|
| 32 | गुप्ता जी.आर. | रीडर | सौर खगोल भौतिकी क्षेत्र और कोरोना, एमएचडी तरंग, छोटे स्केल क्षणिक, सौर स्पेक्ट्रोस्कोपी | पीएच.डी.(2011) | यूएसओ |
| 33 | जैन एन. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसडी | इलेक्ट्रानिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग (2002) | ए.एम.आई.आई. संस्था इंजीनियर्स | यूएसओ |
| 34 | जनार्दन पी. | वरिष्ठ प्रोफेसर एच ग्रेड डीन (फ़रवरी 2020 तक) | सौर रेडियो खगोल विज्ञान एवं अंतरिक्ष मौसम | पीएच.डी.(1991) | ए एंड ए |
| 35 | जानी आर.ए. | वैज्ञानिक-एसई (तकनीकी) | पुराजलवायु और जल विज्ञान में स्थिर समस्थानिकों का अनुप्रयोग | एम.एससी.(1988) | जीएसडीएन |
| 36 | जोशी बी. | एसोसिएट प्रोफेसर | सौर भौतिकी, खगोल विज्ञान | पीएच.डी.(2007) | यूएसओ |
| 37 | जोशी वी. | वैज्ञानिक-एसडी | अवलोकनीय खगोल विज्ञान | पीएच.डी.(2014) | ए एंड ए |
| 38 | कोनार पी. | एसोसिएट प्रोफेसर | कण भौतिकी | पीएच.डी.(2005) | टीएचईपीएच |
| 39 | कुमार बी. | एसोसिएट प्रोफेसर | सौर भौतिकी | पीएच.डी.(2007) | यूएसओ |
| 40 | कुमार पी. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसई | लेजर मैटर इंटरैक्शन स्पेक्ट्रोस्कोपी एवं पेलोड विकास | बी. टेक.(2011) | एएमओपीएच |
| 41 | कुमार एस. | एसोसिएट प्रोफेसर | जलीय और पार्थिव जैवभूरसायन | पीएच.डी.(2004) | जीएसडीएन |
| 42 | कुमार वी. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसडी | भौतिक विज्ञान | बी. टेक.(2013) | एएमओपीएच |
| 43 | कुशवाहा आर.के. | रीडर | परमाणु भौतिकी | पीएच.डी.(2009) | एएमओपीएच |
| 44 | लष्कर ए.एच. | रीडर | स्थिर और रेडियोधर्मी | पीएच.डी. (2012) | जीएसडीएन |
| 45 | लुईस आर.ई. | रीडर | सनस्पॉट फाइन स्ट्रक्चर, फोटोस्फेरिक-क्रोमोस्फेरिक युग्मन, विस्फोटी घटना, पोस्टफोकस इंस्ट्रुमेंटेशन | पीएच.डी.(2011) | यूएसओ |
| 46 | महाजन एन. | प्रोफेसर | कण भौतिकी | पीएच.डी.(2004) | टीएचईपीएच |
| 47 | महाजन आर.आर. | वैज्ञानिक-एसएफ(तकनीकी) | नोबल गैस आइसोटोप, उल्कापिंड | एम.टेक.(1997) | पीएसडीएन |
| 48 | महिराले वी.के. | इंजीनियर-एसजी | सिविल इंजीनियरिंग | बी.ई. (1982) | सीएमडीवी |
| 49 | मानके ए.ए. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसडी | कंप्यूटर विज्ञान | एम.टेक.(2013) | एसपीएएससी |
| 50 | मरहस के.के. | एसोसिएट प्रोफेसर | सौर प्रणाली अध्ययन | पीएच.डी.(2001) | पीएसडीएन |
| 51 | मैथ्यू एस.के. | प्रोफेसर एवं उप.प्रधान (तकनीकी) | सौर चुंबकीय क्षेत्र एवं वेग | पीएच.डी.(1999) | यूएसओ |
| 52 | माथुर एस.एन. | तकनीकी अधिकारी-ई | मैकेनिकल इंजीनियरिंग | मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा (1982) | ए एंड ए |
| 53 | मेहता डी. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसडी | वेब अनुप्रयोग विकास एवं साइबर सुरक्षा | एम.टेक.(2013) | एडीएमडीएन |
| 54 | मिश्रा एच. | वरिष्ठ प्रोफेसर एवं प्रभाग अध्यक्ष, टीएचईपीएच | स्ट्रॉग इंटरेक्शन भौतिकी एवं परमाणु खगोल भौतिकी | पीएच.डी.(1994) | टीएचईपीएच |
| 55 | मिश्रा एच.डी. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसडी | कंप्यूटर विज्ञान और अनुप्रयोग | एम.सी.ए. (2003) | सीओएमएसआर |
| 56 | मिश्रा एस.के. | रीडर | कॉम्प्लेक्स (डस्टी) प्लाज्मा किनेटिक्स | पीएच.डी.(2009) | पीएसडीएन |
| 57 | मिथुन नीलकंदन पी.एस. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसडी | भौतिक विज्ञान | बी. टेक.(2014) | ए एंड ए |
| 58 | मोहंती एस. | वरिष्ठ प्रोफेसर एच ग्रेड | एस्ट्रोपार्टिकल फिजिक्स | पीएच.डी.(1989) | टीएचईपीएच |
| 59 | नायक एस. | प्रोफेसर | उच्च ऊर्जा खगोल भौतिकी, एक्स-रे बायनेरिज़ | पीएच.डी.(2003) | ए एंड ए |
| 60 | निष्ठा ए. | लाइब्रेरियन-एसएफ | पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान | पीएच.डी.(2012) | एलआइबीएसआर |
| 61 | ओझा एन. | वैज्ञानिक-एसडी | ट्रोपोस्फेरिक रसायन और जलवायु परिवर्तन | पीएच.डी.(2014) | एसपीएएससी |

| क्रमांक | नाम | पदनाम | विशेषज्ञता | शैक्षणिक योग्यता | प्रभाग |
|---|---|---|---|---|---|
| 62 | पाबारी जे.पी. | इंजीनियर-एसएफ | ग्रहीय और अंतरग्रहीय धूल | पीएच.डी.(2011) | पीएसडीएन |
| 63 | पध्या वी.के. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसडी | कंप्यूटर विज्ञान | एम.टेक.(2013) | जीएसडीएन |
| 64 | पल्लमराजू डी. | वरिष्ठ प्रोफेसर एवं प्रभाग अध्यक्ष, एसपीएएससी, डीन (मार्च 2020 से) | अंतरिक्ष मौसम और वायुमंडलीय युग्मन प्रक्रियाएं | पीएच.डी.(1997) | एसपीएएससी |
| 65 | पांडा डी.के. | वैज्ञानिक-एसई (तकनीकी) | परमाणु इंस्ट्रूमेंटेशन और सुदूर संवेदन | पीएच.डी.(2019) | पीएसडीएन |
| 66 | परमार वी.एम. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसई | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | बी.ई.(2002) | सीएमडीवी |
| 67 | पटेल ए.आर. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसडी | Fpga, पेलोड हार्डवेयर डिजाइन और परीक्षण | एम.ई.(2010) | पीएसडीएन |
| 68 | पटेल के. | रीडर | मानक से परे भौतिकी मॉडल | पीएच.डी.(2012) | टीएचईपीएच |
| 69 | पटेल एस.एच. | चिकित्सा अधिकारी-एसएफ | औषधि | एम.डी. (1999) | डीआइएसएसआर |
| 70 | राजेश टी.ए. | वैज्ञानिक-एसएफ (तकनीकी) | एरोसोल विशेषता और इंस्ट्रूमेंटेशन | पीएच.डी.(2019) | एसपीएएससी |
| 71 | राजपुरोहित ए.एस. | वैज्ञानिक-एसडी | खगोल एवं खगोल भौतिकी | पीएच.डी.(2013) | ए एंड ए |
| 72 | रामचंद्रन एस. | वरिष्ठ प्रोफेसर | एरोसोल, विकिरण एवं रसायन विज्ञान- जलवायु परस्परक्रिया | पीएच.डी.(1996) | एसपीएएससी |
| 73 | रस्तोगी एन. | एसोसिएट प्रोफेसर | वायुमंडलीय एवं ऐरोसोल रसायन | पीएच.डी.(2005) | जीएसडीएन |
| 74 | रावल जे. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसएफ | आईटी/साइबर सुरक्षा, लिनक्स सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन, नेटवर्क एडमिनिस्ट्रेशन | एम.टेक.(2006) | सीओएमएसआर |
| 75 | रे डी. | वैज्ञानिक-एसडी | समुद्री भूविज्ञान एवं आग्नेय शैलविज्ञान | पीएच.डी.(2009) | पीएसडीएन |
| 76 | रे जे.एस. | वरिष्ठ प्रोफेसर | आइसोटोप जियोकेमिस्ट्री | पीएच.डी.(1998) | जीएसडीएन |
| 77 | साहू बी.के. | प्रोफेसर | परमाणु भौतिकी | पीएच.डी.(2006) | एएमओपीएच |
| 78 | साहू एल.के. | एसोसिएट प्रोफेसर | वायुमंडलीय विज्ञान, ट्रेस गैस | पीएच.डी.(2005) | एसपीएएससी |
| 79 | सामल एम.आर. | रीडर | विशाल तारा और युवा क्लस्टर: गठन, विकास, प्रतिक्रिया प्रभाव, और एसोसिएटेड इंटरस्टेलर माध्यम | पीएच.डी.(2011) | ए एंड ए |
| 80 | सामंत जी.के. | एसोसिएट प्रोफेसर | लेजर और नॉनलीनियर ऑप्टिक्स | पीएच.डी.(2009) | एएमओपीएच |
| 81 | सरकार ए. | रीडर | Mhd सिमुलेशन एवं सौर भौतिकी | पीएच.डी.(2005) | ए एंड ए |
| 82 | सरवैया टी.एन. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसई | आईटी सुरक्षा वर्चुअलाइजेशन एडीएम एवं नेटवर्किंग | एम.एस.(2014) | सीओएमएसआर |
| 83 | सेठ एस. | रीडर | क्यूसीडी, सटीक गणना | पीएच.डी.(2014) | टीएचईपीएच |
| 84 | शाह ए.बी. | इंजीनियर-एसजी | स्वचालन, रोबोटिक्स, पेलोड विकास एवं एफपीजीए | बी.ई. (1984) | ए एंड ए |
| 85 | शाह एम. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसई | स्वचालन, रोबोटिक्स, पेलोड विकास एवं एफपीजीए | एम.एससी.(2015) | जीएसडीएन |
| 86 | शाह आर.आर. | इंजीनियर-एसजी | इंस्ट्रुमेंटेशन एवं नियंत्रण, डाटा अधिग्रहण, टेलीस्कोप | बी.ई., एम.बी.ए.(1997) | ए एंड ए |
| 87 | शाह वी.एम. | तकनीकी अधिकारी-ई | इलेक्ट्रानिक्स | इलेक्ट्रॉनिक्स में डिप्लोमा एवं इंजीनियरिंग(1982) | ए एंड ए |
| 88 | षणमुगम एम. | इंजीनियर-एसएफ | स्पेस इंस्ट्रूमेंटेशन और सेमीकंडक्टर का अध्ययन डिवाइस /एसिक्स | पीएच.डी.(2017) | पीएसडीएन |
| 89 | शर्मा एस.के. | एसोसिएट प्रोफेसर | मध्य वायुमंडल एवं लंबी अवधि वायुमंडलीय परिवर्तन | पीएच.डी.(2010) | एसपीएएससी |

| क्रमांक | नाम | पदनाम | विशेषज्ञता | शैक्षणिक योग्यता | प्रभाग |
|---|---|---|---|---|---|
| 90 | शील वी. | प्रोफेसर एवं प्रभाग अध्यक्ष, पीएसडीएन | निचले वायुमंडल की मॉडलिंग | पीएच.डी.(1996) | पीएसडीएन |
| 91 | श्रीवास्तव ए. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसडी | साइबर सुरक्षा, कंप्यूटर नेटवर्किंग और सिस्टम प्रशासन | एम.एससी.(1998) | सीओएमएसआर |
| 92 | शुक्ला ए.डी. | वैज्ञानिक-एसएफ | भू-रसायन शास्त्र एवं ब्रह्मांडरसायन | पीएच.डी.(2012) | जीएसडीएन |
| 93 | सिंह ए. | रीडर | महासागरीय जैव-रसायन | पीएच.डी.(2011) | जीएसडीएन |
| 94 | सिंह ए.डी. | प्रोफेसर | परमाणु भौतिकी | पीएच.डी.(1998) | टीएचईपीएच |
| 95 | सिंह एन. | एसोसिएट प्रोफेसर | सैद्धांतिक संघनित पदार्थ और सांख्यिकीय भौतिकी | पीएच.डी.(2006) | टीएचईपीएच |
| 96 | सिंह आर.पी. | वरिष्ठ प्रोफेसर एवं प्रभाग अध्यक्ष, एएमओपीएच | लेजर भौतिकी | पीएच.डी.(1994) | एएमओपीएच |
| 97 | सिंह आर.पी. | वैज्ञानिक-एसएफ | मेसोस्फीयर और लोअर बाह्य वायुमंडल | पीएच.डी.(2018) | एसपीएएससी |
| 98 | सिंह एस.के. | प्रोफेसर | आइसोटोप जियोकेमिस्ट्री | पीएच.डी.(1999) | जीएसडीएन |
| 99 | सिंह वी. | रीडर | सक्रिय आकाशगांगेय नाभिक और आकाशगंगाओं का विकास | पीएच.डी.(2011) | ए एंड ए |
| 100 | सिन्हा आर.के. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसडी | प्लेनेटरी रिमोट सैंसिंग, ग्लेसिओलॉजी प्रभाव क्रेटरिंग | एम.टेक.(2011) | पीएसडीएन |
| 101 | शिवरामन बी. | एसोसिएट प्रोफेसर | कम तापमान एस्ट्रोकेमिस्ट्री | पीएच.डी.(2008) | एएमओपीएच |
| 102 | श्रीवास्तव एम. | रीडर | खगोलीय इंस्ड्रुमेंटेशन | पीएच.डी.(2012) | ए एंड ए |
| 103 | श्रीवास्तव एन. | वरिष्ठ प्रोफेसर एवं उप.प्रधान (प्रशासन) | सौर भौतिकी | पीएच.डी.(1994) | यूएसओ |
| 104 | श्रीवास्तव नीरज | वैज्ञानिक-एसई | प्लेनेटरी रिमोट सैंसिंग | पीएच.डी.(2014) | पीएसडीएन |
| 105 | सुधीर ए.के. | वैज्ञानिक-एसएफ | रसायन विज्ञान | पीएच.डी.(2018) | जीएसडीएन |
| 106 | उपाध्याय एन.के. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसई | मैकेनिकल इंजीनियरिंग | एम. टेक.(2008) | पीएसडीएन |
| 107 | वडवाले एस.वी. | प्रोफेसर | उच्च ऊर्जा खगोल भौतिकी और एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोपी | पीएच.डी.(2003) | ए एंड ए |
| 108 | वाघेला एच.आर. | इंजीनियर-एसएफ | मैकेनिकल इंजीनियरिंग और वित्त | बी.ई. (1996), एम.बी.ए.(2002) | डब्ल्यूआरएसएच |
| 109 | वैष्णव बी.जी. | वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसई | परमाणु एवं आणविक भौतिकी | पीएच.डी.(2008) | एडीएमडीएन |
| 110 | वेंकटरमनी एस. | वैज्ञानिक-एसजी(तकनीकी) | वायुमंडलीय भौतिकी | एम.एससी.(1986) | एसपीएएससी |
| 111 | विजयन एस. | रीडर | प्लेनेटरी रिमोट सैंसिंग | पीएच.डी.(2013) | पीएसडीएन |
| 112 | वैरागडे एस.एस. | इंजीनियर-एस एफ | सिविल इंजीनियरिंग | बी.ई.(1993) | सीएमडीवी |
| 113 | यादव एम.जी. | वैज्ञानिक-एसजी | पुरापाषाण, रेडियोकार्बन डेटिंग और स्थिर आइसोटोप | पीएच.डी.(2003) | जीएसडीएन |












# पी.आर.एल. में गतिविधियां
# Events at PRL































# पी.आर.एल. में गतिविधियां
# Events at PRL










# पी.आर.एल. में गतिविधियां
# Events at PRL









डॉ. विक्रम साराभाई जन्म शताब्दी

पी.आर.एल.

1919 - 2019

P.R.L.

Dr. Vikram Sarabhai Birth Centenary

*“The strength of an organization can be judged by how well it can rid calamities. “*

*-Dr. Vikram A. Sarabhai*